स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी
लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ, शुक्रवार
18 सितंबर, 2026
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष 7
सं. 2083 वि.
वर्ष 80, अंक - 31, पृष्ठ 16
संस्करण : नगर
मूल्य : 4 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net



वैभव सूर्यवंशी को नहीं मिला टी-20 सीरीज में एक भी मौका

# भारत को सेमीकंडक्टर हब बनाने की तैयारी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार भारत को सेमीकंडक्टर हब बनाने की तैयारी में है। मोदी ने गुरुवार को दिल्ली के

- मोदी बोले- भारतीय चिप की दुनियाभर में सप्लाई शुरू
- इसकी कमी से फोन-कार महंगे

यशोभूमि में सेमीकॉन इंडिया 2026 के पांचवें एडिशन का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने कहा कि एक तरफ भारत की इकोनॉमी बढ़ रही है, दूसरी तरफ दुनिया का भारत पर भरोसा भी बढ़ रहा है। भारत के प्लांट्स से निकलने वाली सेमीकंडक्टर चिप्स अब देश और दुनिया के बाजारों तक पहुंचने लगी हैं।
उन्होंने कहा, सेमीकंडक्टर सेक्टर ऐसा नहीं है कि फैक्ट्री लगाई और काम पूरा हो गया। इसमें टेक्नोलॉजिकल



कैपेबिलिटी बनाने में दशकों लगते हैं। लेकिन भारत ने चिप डिजाइन, मैन्युफैक्चरिंग, इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग, टेस्टिंग कैपेबिलिटी पर एकसाथ काम किया और सफलता हासिल की है। दरअसल, इस साल सेमीकंडक्टर चिप्स की कमी और बढ़ती कीमतों का सीधा असर इलेक्ट्रॉनिक्स की कीमतों पर दिखा है। एपल ने सितंबर 2026 में भारत में कुछ आईफोन मॉडल की कीमतें 41% तक बढ़ाई। इसके साथ ही कार और ऑटोमोबाइल में भी सेमीकंडक्टर चिप की लगातार कमी बनी रही है। पीएम मोदी ने कहा, भारत ने सेमीकंडक्टर मिशन का दूसरा फेज लॉन्च किया है। पहले फेज की वैल्यू करीब 70,400 करोड़ रुपए थी।
दूसरे फेज के लिए 1.18 लाख करोड़ रुपए का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा एआई के लिए नई टेक्नोलॉजी पर जोरः कंपाउंड सेमीकंडक्टर के मैन्युफैक्चरिंग से लेकर सिलिकॉन फोटोनिक्स को इकोसिस्टम में शामिल करना जरूरी है। ये सभी चीजें एआई को सक्षम बनाने वाले इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए जरूरी हैं। पीएम ने कहा, भारत सप्लाई चेन को मजबूत करने पर जोर दे रहा है और इसके लिए कई रिफॉर्म किए गए हैं।

## पीएम मोदी के जन्मदिन पर काशी विश्वनाथ धाम में विशेष पूजा

# मां गंगा का दुग्धाभिषेक, 76 मीटर चुनरी अर्पित

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर उनकी लंबी आयु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। इस विशेष अवसर पर कई

- सीएम योगी, रक्षामंत्री ने काटा केक

प्रमुख हस्तियां वाराणसी पहुंचीं। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान समेत दिग्गजों ने श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में विधि-विधान से पूजन किए। पूजन कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी भी उपस्थित रहे। सभी नेताओं ने मिलकर प्रधानमंत्री के दीर्घायु जीवन के लिए प्रार्थना की। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में आयोजित यह कार्यक्रम भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। इसके अतिरिक्त, उपस्थित सभी दिग्गजों ने श्रद्धालुओं और आम जनता के बीच केक काटा और लोगों में वितरित भी किया। यह आयोजन प्रधानमंत्री के प्रति सम्मान और जनसेवा के भाव को दर्शाता है।
इस दौरान डमरू वादन भी किया गया। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में



पूजन का विशेष महत्व रहा। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा संपन्न हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री के स्वस्थ और सफल जीवन की कामना की। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भी इस अवसर पर अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान और प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने भी पूजन में भाग लिया। इस दौरान धाम परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज हम सभी के लिए गौरव और सौभाग्य का दिन है। भारत के प्रधानमंत्री और काशी के सांसद नरेंद्र मोदी का जन्मदिन है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर काशी में पूजा-अर्चना की गई। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के आजीवन स्वस्थ रहने की कामना की, ताकि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर बाबा विश्वनाथ धाम में पूजन कर उनके स्वस्थ रहने की कामना की गई। यहां के पुरोहितों और आचार्यों का सम्मान किया गया।

# मणिपुर के राहत शिविरों में मौतों पर अदालत सख्त

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर के राहत शिविरों में हुई 30 से अधिक मौतों, खासकर अप्राकृतिक

- पूछा- सिर्फ 20 पोस्टमार्टम क्यों?

मौतों को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। अदालत ने मुख्य सचिव से हलफनामा मांगा है और सभी अप्राकृतिक मौतों में एफआईआर, तेज जांच तथा राहत शिविरों में रह रहे विस्थापितों की सुरक्षा और गरिमा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। अदालत ने मुआवजे की राशि और



पोस्टमार्टम से जुड़े मामलों पर भी राज्य से जवाब मांगा है। इसके साथ ही वहां रह रहे लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी अदालत को दें। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना भी शामिल हैं, ने राज्य के शीर्ष अधिकारी से पूछा कि राहत शिविरों में हुई मौतों के संबंध में जस्टिस गीता मित्तल समिति की ओर से दी गई जानकारी के बावजूद कोई ठोस कदम क्यों नहीं उठाया गया। पीठ ने अपने आदेश में कहा,'हम मणिपुर के मुख्य सचिव को राहत शिविरों में हुई मौतों, खासकर अप्राकृतिक मौतों के संबंध में हलफनामा दाखिल करने का निर्देश देते हैं।' अदालत ने यह भी सवाल किया कि 34 मौतों में से केवल 20 मामलों में ही पोस्टमार्टम क्यों कराया गया। पीठ ने कहा कि राज्य सरकार को यह भी स्पष्ट करना होगा कि राहत शिविरों में रह रहे आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों की अप्राकृतिक मौत होने पर केवल 20,000 से 30,000 रुपये का मुआवजा क्यों दिया गया। अदालत ने इस मामले में मणिपुर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (एमएसएलएसए) को भी अलग से स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया।

# अभिषेक सबसे तेज टी-20 शतक लगाने वाले भारतीय

**नई दिल्ली।** अभिषेक शर्मा सबसे तेज टी-20 शतक लगाने वाले भारतीय बन गए हैं। उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ 30 बॉल में सेंचुरी जमा दी। अभिषेक ने रोहित शर्मा का रिकॉर्ड तोड़ा। रोहित ने 2017 में श्रीलंका के खिलाफ इंदौर में 35 बॉल में शतक लगाया था। अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे टी-20 में भारत ने 12.4

**सिर्फ 30 बॉल पर सेंचुरी**



ओवर में 2 विकेट पर 162 रन बना लिए हैं। संजू सैमसन और श्रेयस अय्यर पिच पर हैं। संजू सैमसन फिफ्टी लगाकर खेल रहे हैं। उन्होंने दूसरे टी-20 में भी 57 रन बनाए थे।
अभिषेक ने 34 गेंद पर 108 रन बनाए। उन्होंने 9 चौके और 11 छक्के लगाए। अभिषेक को राशिद खान ने आउट किया। राशिद ने ही तिलक वर्मा को भी रनआउट किया। भारत ने इससे पहले पावरप्ले में बिना विकेट गंवाए 100 रन बनाकर अपना सबसे बड़ा पावरप्ले स्कोर बनाया था। शतक पूरा करने के बाद अभिषेक ने हेलमेट उतारकर मैदान पर बैठकर ध्यान की मुद्रा में जश्न मनाया। इस शतक के साथ अभिषेक टेस्ट खेलने वाले देशों के किसी बल्लेबाज का सबसे तेज टी-20 शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए।

# पीसीएस मुख्य परीक्षा 2025 का परिणाम घोषित

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने सम्मिलित राज्य / प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा-2025 की मुख्य (लिखित) परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। मुख्य परीक्षा में शामिल 10,284 अभ्यर्थियों में से 2,297 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए सफल घोषित किया गया है। चयन प्रक्रिया में कुल 814 पदों पर भर्ती होनी है। लोक सेवा आयोग के सचिव गिरिजेश त्यागी के अनुसार मुख्य परीक्षा का आयोजन 29 मार्च से एक अप्रैल 2026 तक प्रयागराज और लखनऊ के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर कराया गया था। कुल 28 प्रकार के पदों के लिए 814 रिक्तियां घोषित की गई थीं। इनमें से एक प्रकार के पद की दो रिक्तियों पर चयन केवल लिखित परीक्षा के आधार पर होना है। इन दो पदों का परिणाम अंतिम चयन परिणाम के साथ घोषित किया जाएगा। शेष 812 पदों पर लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर चयन किया जाना है। आयोग ने इन 812 पदों के सापेक्ष 2,297 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए सफल घोषित किया है।

# सिंगापुर सरकार किताब पढ़ने के बदले पैसे देगी

**सिंगापुर।** सिंगापुर सरकार अब लोगों को किताब पढ़ने के लिए पैसे देगी। इसके लिए रोज कम से कम 15 मिनट किताब या लंबे लेख पढ़ने होंगे। पढ़ने का समय सरकारी वेबसाइट पर दर्ज करना होगा। इसके बदले रिवॉर्ड




- रोजाना कम से कम 15 मिनट पढ़ना होगा
- स्मार्ट फोन और रील्स की लत छुड़ाना मकसद

पॉइंट्स मिलेंगे, जिन्हें बाद में नकद इनाम में बदला जा सकेगा। सरकार का यह 5 साल का नेशनल रीडिंग मिशन लोगों को स्मार्टफोन, रील्स और छोटे वीडियो से कुछ समय दूर करके दोबारा पढ़ने की आदत डालने की कोशिश है। सरकार की चिंता लोगों के बढ़ते स्क्रीन टाइम को लेकर है। एनएकबी की प्रमुख मेलिसा टैम के मुताबिक, छोटे वीडियो से जानकारी तेजी से मिलती है, लेकिन लगातार बहुत सारी सूचनाएं देखने से दिमाग थक सकता है। इसके मुकाबले किताब या लंबा लेख पढ़ने में ज्यादा एकाग्रता की जरूरत होती है। इससे ध्यान लगाने, सोचने और कल्पना करने की क्षमता विकसित करने में मदद मिल सकती है। इसी वजह से सरकार ने शुरुआत के लिए रोज सिर्फ 15 मिनट का लक्ष्य रखा है। योजना के तहत हर दिन 15 मिनट पढ़ने पर 20 वर्चुअल कॉइन्स मिलेंगे। एक दिन में सिर्फ एक बार रीडिंग टाइम दर्ज किया जा सकेगा। 50 दिन तक रोज 15 मिनट पढ़ने पर 1,000 कॉइन्स पूरे होंगे।

# लखनऊ में आंधी-बारिश, पहाड़ों में नदियां उफान पर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** यूपी में मानसूनी बारिश का सिलसिला जारी है। गुरुवार सुबह से बरेली, मेरठ, संभल, मुरादाबाद और कानपुर समेत 10 शहरों में रुक-रुक कर तेज बारिश हो रही है। दोपहर एक बजे लखनऊ में अचानक मौसम बदल गया। दिन में अंधेरा छा गया। तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। बरेली में तूफानी बारिश हुई। किला पुल पर विशाल पेड़ टूटकर गिर गया। सड़क पर लंबा जाम लग गया। हाईटेंशन लाइन टूट गई। पूरे शहर की बिजली गुल हो गई। कच्ची दीवार गिरने से एक महिला की मौत हो गई। दूसरी घटना में दीवार के नीचे दबकर 5 लोग घायल हो गए। कानपुर में भी 40 किमी की रफ्तार से हवा चली। फिर तेज बारिश शुरू हो गई। संभल में इतनी बारिश हुई कि सड़कें

- बरेली में तूफान, पेड़ गिरे, खंभे उखड़े, महिला की मौत

तालाब बन गईं। पानी लोगों के घरों में घुस गया। मौसम विभाग (आईएमडी) ने आज 66 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है। इधर, पहाड़ों पर हो रही बारिश से नदियां उफान पर हैं। 26 जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। 4 लाख की आबादी प्रभावित है। लखीमपुर खीरी में गोमती नदी का जलस्तर बढ़ने लगा है। सैकड़ों एकड़ गन्ने की फसल जलमग्न हो गई है। अमरी घाट स्थित मंदिर में पानी घुस गया है। सीढ़ियां डूब गई हैं। पीलीभीत में तेंदुए जंगलों से बाहर निकल आए हैं। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया-अगले 24 घंटे में प्रदेश के कई हिस्सों में बादल छाए रहने और बारिश की संभावना है। खासकर पूर्वी यूपी में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

# दवाओं की बिक्री पर स्वास्थ्य मंत्रालय सख्त

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने दवाओं की बिक्री पर सख्त निगरानी के लिए बड़ा कदम उठाया है। मंत्रालय ने शेड्यूल एच,

- बिना डॉक्टर की पर्ची के नहीं मिलेंगी ये सभी दवाएं

एच1 और एक्स दवाओं की रेगुलेटरी निगरानी को मजबूत करने के लिए ड्रग्स रूल्स, 1945 में बदलाव का प्रस्ताव दिया है।
इस बदलाव के तहत देश भर के मेडिकल स्टोर्स पर सीसीटीवी निगरानी अनिवार्य करने की योजना है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने इस संबंध में 8 सितंबर 2026 को ड्राफ्ट गजट नोटिफिकेशन जारी किया है। प्रस्ताव का मुख्य उद्देश्य बिना डॉक्टर के पर्चे के प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री पर रोक लगाना और फार्मास्युटिकल सप्लाई चेन में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ाना है। मंत्रालय के मुताबिक, शेड्यूल एच, एच1 और एक्स श्रेणी की दवाएं बेहद संवेदनशील हैं।

## लश्कर कमांडर के खिलाफ गैर जमानती वारंट

**जम्मू।** जम्मू की विशेष राष्ट्रीय जांच एजेंसी अदालत ने पाकिस्तान में मौजूद लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर सैफुल्ला के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है। अधिकारियों के मुताबिक, सैफुल्ला का नाम अप्रैल 2025 में हुए पहलगाम आतंकी हमले समेत कई बड़ी आतंकी वारदातों से जुड़ा है। सैफुल्ला पाकिस्तान के कसूर जिले के चंगा मांगा गांव का रहने वाला बताया गया है। आतंकी संगठन में उसे साजिद जट्ट, अली भाई, हबीबुल्लाह मलिक, लंगड़ा, नूमी, नुमान, उस्मान हबीब और शानी जैसे नामों से भी जाना जाता है। अधिकारियों के अनुसार, वह पिछले दो दशकों से अधिक समय से आतंकी गतिविधियों में सक्रिय है और लश्कर-ए-तैयबा के संचालन में अहम भूमिका निभाता रहा है।

## हरियाणा के पूर्व मंत्री गोपाल कांडा के घर छापा

**गुरुग्राम।** प्रवर्तन निदेशालय ने आज हरियाणा के पूर्व मंत्री गोपाल कांडा के गुरुग्राम स्थित आवास और फार्महाउस पर छापेमारी की। यह कार्रवाई एक कथित रियल एस्टेट धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले की जांच का हिस्सा है। अधिकारियों ने बताया कि यह जांच रियल एस्टेट कंपनी वाटिका लिमिटेड के खिलाफ चल रहे एक मामले से संबंधित है। वाटिका लिमिटेड पर निवेशकों को वाणिज्यिक परियोजनाओं में लुभाने का आरोप है। कंपनी ने समय पर कब्जा, सुनिश्चित रिटर्न और लीज रेंटल का आश्वासन दिया था। साथ ही, बिक्री विलेख निष्पादित करने का वादा भी किया था। ईडी के एक अधिकारी ने बताया कि जांच के दायरे में चार परियोजनाएं हैं।

## 'हिंदी को लेकर सोच बदले तमिलनाडु सरकार'

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को तमिलनाडु सरकार से कहा कि हिंदी को लेकर आपको अपनी सोच बदलने की जरूरत है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने कहा कि ऐसा नहीं हो सकता कि तमिलनाडु की धरती पर हिंदी नहीं पढ़ाई जाएगी। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान चेन्नई और दिल्ली को एक-दूसरे से अलग-थलग करने की सोच पर भी सवाल उठाया। कोर्ट ने कहा कि चेन्नई में बैठे लोगों को दिल्ली में बैठे लोगों से अलग नहीं होना चाहिए और न ही दिल्ली को चेन्नई से। पूरा मामला तमिलनाडु में नवोदय विद्यालय खोलने को लेकर है। ये केंद्र सरकार की मदद से चलने वाले स्कूल हैं।

**अजजी**




**चिंतनीय** — बैन के बावजूद रोज डेढ़ करोड़ लोग दांव लगा रहे, 854 इन्फ्लुएंसर प्रचार कर रहे

# भारत में ऑनलाइन सट्टे का 10 लाख करोड़ का बाजार


**नई दिल्ली।** ऑनलाइन सट्टेबाजी पर कानून सख्त होने के बावजूद इसका बाजार खत्म नहीं हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, देश में इसका अवैध बाजार करीब 10 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। कानून से बचने के लिए प्लेटफॉर्म विदेश शिफ्ट किए गए हैं। सट्टेबाजी चलाने के लिए म्यूल बैंक खाते, टेलीग्राम समूह, नए डोमेन और विदेशी सर्वर का इस्तेमाल किया जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 15 अवैध ऑनलाइन सट्टा प्लेटफॉर्म पर 540 करोड़ से ज्यादा विजिट दर्ज हुईं। यानी औसतन हर दिन करीब 1.48 करोड़ बार इन मंचों तक पहुंच बनाई गई। वहीं, 854 इन्फ्लुएंसर भी सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म के प्रचार में शामिल मिले। संसद ने 2025 में ऑनलाइन मनी गेम पर रोक लगाने वाला कानून पारित किया। यह 1 मई 2026 से प्रभावी है। कानून लक या कौशल, दोनों तरह की अ ा ॅ न ल ा इ न सट्टेबाजी, उनके




प्रचार और भुगतान सुविधा पर रोक लगाता है। इसके बावजूद निजी मैसेजिंग समूह, सरोगेट विज्ञापन, इन्फ्लुएंसर और एजेंट विदेश से चलने वाले सट्टेबाजी मंचों तक यूजर्स को पहुंचा रहे हैं। साइबर व डेटा प्राइवेसी एक्सपर्ट ने कहा- इंटरनेट सीमाहीन है। सट्टेबाजी वेबसाइट या ऐप को ब्लॉक करना स्थायी समाधान नहीं है। कंपनी नया डोमेन, ऐप या एपीके फाइल बनाकर फिर लौट जाती है। नेटवर्क तोड़े बिना सिर्फ प्रतिबंध से इसे खत्म नहीं किया जा सकता। सभी देशों को मिलकर साझा नियम बनाने होंगे। संबंधित एजेंसियों के बीच सूचनाओं का आदान-प्रदान और लगातार निगरानी जरूरी है।ऑनलाइन सट्टा मनी लॉन्ड्रिंग और वित्तीय सुरक्षा से भी जुड़ा है। अवैध रकम को क्रिप्टो में बदलकर दूसरे देशों तक पहुंचाया जा सकता है। इसलिए तकनीकी निगरानी, प्लेटफॉर्म की जिम्मेदारी और अंतरराष्ट्रीय समन्वय, तीनों जरूरी हैं।

## दुनियाभर में 8 करोड़ वयस्कों को सट्टे की लत

रिपोर्ट के मुताबिक, दुनियाभर में 8 करोड़ वयस्क सट्टे की लत से जूझ रहे हैं। इसका असर सिर्फ सट्टा खेलने वाले व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता। हर यूजर से औसतन 6 लोग प्रभावित होते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 60% यूजर पैसे हारते हैं। इससे इलाज और पढ़ाई प्रभावित हो सकती है और इसका असर पीढ़ियों तक रह सकता है। ऑनलाइन गेमिंग में पैसे वाले खेलों के दौरान भ्रामक डिजाइन, लत बढ़ाने वाले एल्गोरिदम, बॉट और एजेंट का इस्तेमाल किया जाता है। जीत मिलने पर यूजर को इनाम का अहसास होता है। हारने के बाद रकम वापस पाने के चक्कर में अगला और बड़ा दांव लगाने की कोशिश होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, लत के तीन संकेत हैं–नियंत्रण खोना, सट्टे को प्राथमिकता देना और नुकसान के बावजूद खेलते रहना।



स्वतंत्र भारत

# टीबी उन्मूलन समाज की सामूहिक जिम्मेदारी

## समाज के साथ और हमारे समेकित प्रयासों से भारत से टीबी का उन्मूलन होना तय

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** टीबी उन्मूलन के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता आवश्यक है। निःक्षय मित्र के रूप में टीबी मरीजों को पोषण सहयोग देना मानवता और सामाजिक उत्तरदायित्व का महत्वपूर्ण उदाहरण है। लखनऊ विश्वविद्यालय अपनी पुरातन सामाजिक सहयोग की संस्कृति के अनुरूप आज फिर समाज के साथ है और हमारे समेकित प्रयासों से भारत से टीबी का उन्मूलन तय है। यह विचार बृहस्पतिवार को विश्वविद्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 76वें जन्मदिवस पर कुलपति प्रो जय प्रकाश सैनी ने कहा कि विगत वर्षों की भांति लखनऊ विश्वविद्यालय टीबी मरीजों के उपचार के साथ-साथ उनके पोषण और सामाजिक सहयोग के लिए निरंतर प्रयास करता रहेगा। इस दौरान लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा 54 टीबी मरीजों को गोद लेकर विश्वविद्यालय के शिक्षकों द्वारा निःक्षय मित्र के रूप में गोद लेने की पहल के तहत पोषण पोटली का वितरण किया गया। विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने इन मरीजों के अगले छह माह के पोषण की जिम्मेदारी ली है। इस पहल का उद्देश्य उपचाराधीन टीबी मरीजों को नियमित पोषण सहयोग उपलब्ध कराकर उनके स्वास्थ्य लाभ में सहायता करना है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय इन मरीजों को स्वास्थ्य सम्बन्धी परामर्श भी उपलब्ध करवा रहा है। इस अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा टीबी जागरूकता और उन्मूलन के लिए एक पोस्टर का विमोचन भी किया गया. जिसका उद्देश्य लोगों को टीबी उन्मूलन के लिए जागरूक करना है. पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ के माध्यम से विश्वविद्यालय के छात्र विभिन्न विभागों और महाविद्यालयों सहित गोद लिए गए गाँव में जाकर पोस्टर और विशेषज्ञों के द्वारा इस अभियान को जन अभियान बनाने का काम करेंगे। लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा टीबी जागरूकता, मरीजों को गोद लेने तथा पोषण सहयोग के क्षेत्र में निरंतर गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। निःक्षय मित्र पहल के माध्यम से विश्वविद्यालय के शिक्षक टीबी मरीजों के साथ सीधे जुड़कर उनके उपचार की अवधि में पोषण संबंधी सहयोग प्रदान करेंगे। यह पहल टीबी उन्मूलन अभियान में शैक्षणिक संस्थानों और समाज की भागीदारी को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में कला संकाय के अध्यक्ष प्रो अरविंद मोहन, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो अमिता कन्नौजिया, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ के निदेशक प्रो राकेश द्विवेदी व कुलसचिव डॉ भावना मिश्रा मौजूद थे।

## एकेटीयू : राष्ट्रीय फार्मा को विजिलेंस सप्ताह का शुभारंभ

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) के फैकल्टी ऑफ फार्मेसी में 17 से 23 सितंबर 2026 तक छठे राष्ट्रीय फार्मा कोविजिलेंस सप्ताह का शुभारंभ किया गया। इस वर्ष राष्ट्रीय फार्मा कोविजिलेंस सप्ताह की थीम फार्माकोविजिलेंस के माध्यम से दवाओं के विवेकपूर्ण उपयोग को बढ़ावा देनाः सुरक्षित स्वास्थ्य सेवा की ओर एक कदम है। सप्ताहभर चलने वाले कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को फार्मा कोविजिलेंस, एडवर्स ड्रग रिएक्शन तथा फार्माकोविजिलेंस प्रोग्राम ऑफ इंडिया के प्रति जागरूक करना तथा सुरक्षित एवं तर्कसंगत औषधि उपयोग के महत्व को समझाना है। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रो. आकाश वेद के साथ संकाय सदस्य डॉ. विकास चौधरी, डॉ जयबीर सिंह, सुश्री प्रिया आर्या, सुश्री अंजलि सिंह, जूही बरतारिया, डॉ शादाब आलम, सुश्री हर्षिता वर्मा, उत्कर्ष शर्मा, सुश्री नीतू और लक्ष्मी नारायण तिवारी उपस्थित थे।



स्वतंत्र भारत कार्यालय में भगवान विश्वकर्मा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की गई

# गणेश उत्सव में भक्ति की बही बयार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** गणेश उत्सव के आयोजनों में गुरुवार को भक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। बीबीडी शैक्षणिक परिसर से लेकर झूलेलाल घाट और अलीगंज तक आयोजित कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। खराब मौसम के बावजूद पंडालों में भक्तों की भीड़ रही और भजन, लोकगीत, नृत्य नाटिका व फूलों की होली आकर्षण का केंद्र रहे।

**मालिनी अवस्थी ने बांधा समां** बीबीडी शैक्षणिक परिसर में चार दिवसीय

### ■ नृत्य नाटिका व फूलों की होली आकर्षण का केंद्र

श्री गणेश महोत्सव के चौथे दिन पद्मश्री मालिनी अवस्थी ने लोक संगीत और भजनों की प्रस्तुति दी। गणेश वंदना से शुरुआत के बाद उन्होंने 'मेरे घर में पधारो गजानन जी', 'गणपति बप्पा मोरया', 'जय गणेश जय गणेश देवा', 'अच्युतम केशवं' सहित कई भजन प्रस्तुत किए। 'होली खेले मसाने में' और 'मंगल भवन अमंगल हारी' की प्रस्तुति ने भी माहौल भक्तिमय कर दिया। कजरी और लोकगीतों की प्रस्तुति में 'रुन-धुन खोला न केवरिया', 'हरे रामा भोला चले ससुरारी', 'सइयां मिले लड़कइयां मैं का करूं' और 'रेलिया बैरन पिया के लिए जाए रे' जैसे गीतों पर दर्शक झूम उठे। पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। सायंकालीन महाआरती में बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन एवं बीबीडीयू की चांसलर अलका दास गुप्ता, प्रो चांसलर विराज सागर दास, वाइस प्रेसिडेंट देवांशी दास एवं सोनाक्षी दास ने भगवान गणेश की आरती की। महोत्सव में बीबीडी के छात्र-छात्राओं के साथ आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।

**मनौतियों के राजा के दरबार में उमड़ी भीड़** झूलेलाल घाट पर चल रहे मनौतियों के राजा गणेश उत्सव में खराब मौसम के बावजूद श्रद्धालुओं की भीड़ रही। कोलकाता के भजन गायक नीरज भारद्वाज ने 'गजानन आन पधारो लाडवा लाई मैं भारो' और 'सुन ले गजानन अर्जी हमारी' समेत कई भजनों की प्रस्तुति दी। इसके बाद 'तूने मुझे बुलाया शेरावालिए' और 'डमरू वाले बाबा तुमको आना होगा' पर पूरा पंडाल जयकारों से गूंज उठा।

**नृत्य नाटिका में दिखीं कृष्ण-लीला** भजन संध्या के बाद कोलकाता के कलाकार संजय शर्मा और उनकी टीम ने नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। राधा-कृष्ण की नोंक-झोंक, ब्रज की लीला, भगवान गणेश के विभिन्न रूपों की स्तुति और भगवान विष्णु के वराह अवतार की कथा का मंचन किया गया। प्रस्तुति में हिरण्याक्ष द्वारा पृथ्वी को रसातल में ले जाने और भगवान विष्णु द्वारा वराह अवतार लेकर पृथ्वी का उद्धार करने की कथा दिखाई गई। इस मौके पर संरक्षक भारत भूषण गुप्ता, अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, पार्षद रंजीत सिंह, जय करन सिंह, अखिलेश बंसल, संजय सिंह गांधी, गोपाल अग्रवाल, सुधांशु बाथम, अजय अग्रवाल, योगेश बंसल, शरद अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, रामशंकर वर्मा, देशराज अग्रवाल, संजय अग्रवाल, आशीष अग्रवाल और विजेंद्र अग्रवाल बिज्जू समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

**मन्नत की चिट्ठियों के लिए पहुंच रहे भक्त** समिति के संरक्षक भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि मनौतियों के राजा के दरबार में मन्नत की चिट्ठी लिखने के लिए रोज बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। चिट्ठी लिखने का समय सुबह 10 से शाम 6 बजे तक है। श्रद्धालु सुबह 9 से रात 11 बजे तक दर्शन कर सकेंगे। सुबह 9 बजे और शाम 6 बजे आरती होगी। 18 सितंबर को दोपहर 12 बजे दूर्वाभिषेक होगा। परिसर में बच्चों के झूले, फास्ट फूड, आइसक्रीम, चाट और मीना बाजार के स्टॉल लगाए गए हैं।

**आगे होंगे कई धार्मिक आयोजन** 18 सितंबर को दूर्वाभिषेक, 19 सितंबर को छप्पन भोग, 20 सितंबर को सिंदूराभिषेक, 23 सितंबर को पाशांकुश पूजन और 24 सितंबर को महाभिषेक तथा महामोदक का आयोजन होगा।

**अलीगंज में फूलों की होली** अलीगंज में चल रहे गणेश उत्सव में बनारस की भजन गायिका पायल अग्रवाल की भजन संध्या में फूलों की होली आकर्षण का केंद्र रही। 'आज गजानंद अर्जी ये स्वीकार करो', 'आज ब्रज में होरी रे रसिया' और 'ओ होरी खेल रहे बांके बिहारी' समेत कई भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे।

### विघ्नहर्ता की प्राण प्रतिष्ठा



**लखनऊ।** श्री गणेश महोत्सव समिति न्यू आजाद नगर नियर अमौसी एयरपोर्ट के द्वारा 18वां गणेश उत्सव मनाया जा रहा है आज गणपति बप्पा की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा एवं आरती पूजन श्री गणेश महोत्सव समिति के अध्यक्ष राम बदन सचान, शिवबोधन वकील, अमरनाथ यादव, संतोष श्रीवास्तव, धनेश मिश्रा,अतुल मिश्रा एवं समस्त न्यू आजाद नगर के निवासी गणों ने किया

# धूमधाम से मनाई गई विश्वकर्मा जयंती भजनों से भक्तिमय हुआ माहौल

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** राजधानी में गुरुवार को भगवान विश्वकर्मा की जयंती श्रद्धा, उत्साह और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाई गई। शहर के विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों, कारखानों, तकनीकी संस्थानों, कार्यशालाओं और अन्य कार्यस्थलों पर भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की गई। कारीगरों, श्रमिकों और तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों ने मशीनों, औजारों और उपकरणों की विधिवत पूजा कर कार्य में सफलता, उन्नति और समृद्धि की कामना की। कई स्थानों पर पूजा के बाद प्रसाद वितरण और धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित विश्वकर्मा स्वरोजगार एवं स्वदेशी मेले में भी जयंती का विशेष आयोजन किया गया। मेले में स्वरोजगार, स्वदेशी उत्पादों और स्थानीय हुनर को मंच मिला। विभिन्न क्षेत्रों से आए कारीगरों और कलाकारों ने अपने उत्पादों और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जौनपुर के कलाकार अमर कुमार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तस्वीर बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। उनकी बनाई तस्वीर मेले में लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। मेले में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में गायक दुर्गेश सक्सेना और अर्चना पांडे ने भजनों की प्रस्तुति दी। कलाकारों ने धार्मिक गीतों और भजनों के माध्यम से माहौल को भक्तिमय बना दिया। दर्शकों ने तालियों के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन किया और प्रस्तुतियों का आनंद लिया। मेले में पहुंचे लोगों ने कला, संस्कृति और स्वदेशी उत्पादों से जुड़े विभिन्न स्टॉलों का भी अवलोकन किया। भगवान विश्वकर्मा को शिल्प, निर्माण, वास्तु और तकनीकी कौशल से जुड़ा प्रमुख देवता माना जाता है। इसी कारण विश्वकर्मा जयंती विशेष रूप से कारीगरों, इंजीनियरों, तकनीकी कर्मचारियों, निर्माण क्षेत्र से जुड़े लोगों और औद्योगिक प्रतिष्ठानों में महत्वपूर्ण मानी जाती है। जयंती के अवसर पर कार्यस्थलों पर औजारों और मशीनों की पूजा के साथ उनके रखरखाव और सुरक्षित उपयोग पर भी ध्यान दिया गया। लखनऊ में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में स्थानीय कारीगरों और श्रमिकों की भूमिका को रेखांकित किया गया।



सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में परम्परागत ढंग से मनाई गई विश्वकर्मा जयंती

## खबर एक नजर

### सिविल अस्पताल में मरीजों को फल-बिस्कुट वितरित



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सिविल अस्पताल, हजरतगंज में मरीजों और तीमारदारों को चाय, फल व बिस्कुट वितरित किए गए। कार्यक्रम सेवा संकल्प अभियान के तहत महेश चंद्र राठौर, सलाहकार समिति सदस्य, भारत सरकार दूरसंचार समिति एवं नगर मीडिया प्रभारी, भाजपा नगर लखनऊ की ओर से आयोजित किया गया। इस दौरान नीरज सिंह, विराज सागर दास और आनंद द्विवेदी का उल्लेख किया गया। कार्यक्रम में अतुल शुक्ला, पवन श्रीवास्तव, सोमीना वर्मा, सुरेश द्विवेदी, शिवम राठौर, आयुष राठौर, सूर्यांश, देवांश, प्रकाश, मदन पाल, दिवाकर पांडे और पवन शर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे। मरीजों और तीमारदारों ने प्रधानमंत्री को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री का जन्मदिन 17 सितंबर को मनाया जाता है और 2026 में वे 76 वर्ष के हुए।

### एकेटीयू: टीबी मरीजों में बांटी पोषण की पोटली

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्म दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत क्षय रोगियों में पोषण की पोटली का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान कुलपति प्रो जेपी पाण्डेय ने मरीजों को पोषण की पोटली बांटा। कुलपति प्रो जेपी पाण्डेय ने कहा कि विश्वविद्यालय हर संभव मदद एवं सहयोग करेगा। इस मौके पर प्रतिकुलपति प्रो राजीव कुमार, वित्त अधिकारी केशव सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो ओपी सिंह, उप परीक्षा नियंत्रक नेहा श्रीवास्तव, सहा कुलसचिव सहा कुलसचिव रंजीत सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### बीएससी जेडबीसी में प्रथम रहीं सौम्या सम्मानित

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** नेशनल पीजी कॉलेज में आयोजित मेधा सम्मान समारोह-2026 में बीएससी जेडबीसी की छात्रा सौम्या सिंह को उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने करीब 150 विद्यार्थियों के बीच सत्र 2025-26 के द्वितीय एवं तृतीय सेमेस्टर में प्रथम स्थान प्राप्त कर कक्षा में शीर्ष स्थान हासिल किया। समारोह में मुख्य अतिथि उच्च न्यायालय प्रयागराज के न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी, मोतीलाल मेमोरियल फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं सांसद उज्ज्वल रमन सिंह तथा कॉलेज प्रबंधक और प्राचार्य डॉ देवेंद्र कुमार सिंह ने सौम्या को 10 हजार की नगद राशि, मेडल और प्रमाण-पत्र प्रदान किया। पिता अरुण प्रताप सिंह ने बेटी की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की।

### प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर मरीजों को फल वितरण

**स्वतंत्र भारत मलिहाबाद।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में को पी. एच. सी. रहीमाबाद के प्रभारी डॉ दानिश व ग्राम प्रधान सतीश के नेतृत्व व समस्त कर्मचारियों व फार्मासिस्ट बृजेश सिंह, एल ए सतेन्द्र सिंह एल. टी. अमित कुमार, वॉर्डबॉय अमित कुमार के द्वारा मरीजों को फल वितरण किया गया।

# गांधी प्रतिमा से गूंजा स्वच्छता का संकल्प

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर निगम लखनऊ ने गुरुवार को शहर के सभी आठ जोन के 110 वार्डों में वृहद सफाई अभियान चलाया। हजरतगंज चौराहे पर महात्मा गांधी की प्रतिमा से अभियान का शुभारंभ वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर सुषमा खर्कवाल ने की। अभियान की शुरुआत गांधी प्रतिमा के आसपास विशेष सफाई से हुई। मंत्री सुरेश खन्ना, महापौर सुषमा खर्कवाल, नगर आयुक्त गौरव कुमार और पार्षदों ने सफाई कार्य में सहभागिता की। इसके बाद डॉ. बीआर आंबेडकर, सरदार वल्लभभाई पटेल और वीरांगना अवंतीबाई लोधी की प्रतिमाओं के आसपास भी सफाई कराई गई। नगर निगम के सभी 110 वार्डों में सुबह छह बजे से सफाई, कूड़ा उठान और सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता का विशेष अभियान चलाया गया। प्रत्येक वार्ड में एक अधिकारी को नामित किया गया है, जो सफाई व्यवस्था की निगरानी कर रहा है। अभियान का संचालन अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव, अभिनव रंजन श्रीवास्तव, अरुण कुमार गुप्त और डॉ. अरविंद कुमार राव के निर्देशन में किया जा रहा है। इस मौके पर मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकार या नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने लखनऊवासियों से स्वच्छता अभियान में भागीदारी करने और सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी न फैलाने की अपील की। महापौर ने कहा कि सेवा और स्वच्छता को समर्पित यह अभियान जनभागीदारी के माध्यम से स्वच्छ भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने का प्रयास है। उन्होंने शहरवासियों से स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ लखनऊ के निर्माण में सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश पाल, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, चौधरी लक्ष्मण सिंह समेत नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी और पार्षद मौजूद रहे।



### 110 वार्डों में चला सफाई अभियान

# हिंदी को कार्यालयीन कार्य-व्यवहार का हिस्सा बनाएं



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** भारतीय स्टेट बैंक के स्थानीय प्रधान कार्यालय में राजभाषा पखवाड़ा-2026 के तहत राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक मुख्य महाप्रबंधक दिपेश राज की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने कहा कि हिंदी को केवल राजभाषा पखवाड़े तक सीमित न रखकर दैनिक कार्यालयीन कार्य-व्यवहार का सहज हिस्सा बनाया जाना चाहिए। उन्होंने विभागाध्यक्षों से हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने और कर्मचारियों से प्रतियोगिताओं में अधिकाधिक सहभागिता की अपील की। इस अवसर पर 'वातायन' पत्रिका के नवीन अंक और 'राजभाषा ज्ञान पुस्तिका' के सप्तम संस्करण का विमोचन किया गया। वित्त वर्ष 2025-26 में राजभाषा शील्ड में द्वितीय पुरस्कार और 'वातायन' को गृह पत्रिका शील्ड में प्रथम पुरस्कार मिलने पर राजभाषा विभाग को बधाई दी गई। परिसर एवं संपदा विभाग को विजेता तथा जांच एवं निगरानी विभाग को उपविजेता विभागीय राजभाषा शील्ड प्रदान की गई। बैठक में कौशलेंद्र कुमार, विमल किशोर, राजीव कुमार, धीरेन्द्र महे और दिवाकर मणि सहित अधिकारी मौजूद रहे।

# ओजोन दिवस पर यज्ञ और भजन



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में विश्व ओजोन दिवस पर यज्ञ, भजन एवं प्रवचन का आयोजन किया गया। यज्ञ का ब्रह्मत्व वेदाचार्य डॉ. निष्ठा विद्यालंकार ने किया। उन्होंने ओजोन परत को पृथ्वी का सुरक्षा कवच बताते हुए इसके संरक्षण की आवश्यकता पर विचार रखे। मुख्य यज्ञमान का दायित्व सपत्नीक रामेन्द्र देव वर्मा ने निभाया। आचार्य विमल आर्य ने कहा कि ओजोन परत सूर्य की हानिकारक पराबैंगनी किरणों से जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की रक्षा करती है। कार्यक्रम में सृष्टि वसु आर्य, उर्मिला आर्या और डॉ. अन्जू आर्या ने भजन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर कुसुम वर्मा, रमेश चन्द्र आर्य, आचार्य अग्निव्रत, डोरी लाल, डॉ. वीना आर्या, वीरेन्द्र सक्सेना, बी.सी. पाठक, एस.के. सक्सेना, रन सिंह, कृष्णानंद यादव और आर्य समाज रकाबगंज के अजय श्रीवास्तव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे इंटर्न डॉक्टर

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** गोमतीनगर स्थित राजकीय नेशनल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर गुरुवार को इंटर्न डॉक्टरों ने फिर प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में इंटर्न डॉक्टर सुबह कॉलेज के मुख्य गेट पर पहुंच गए और गेट पर ताला लगाकर धरने पर बैठ गए। प्रदर्शन के चलते कॉलेज में मरीजों और तीमारदारों का प्रवेश प्रभावित हुआ और ओपीडी सेवाएं भी ठप रहीं। इंटर्न डॉक्टरों ने स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर नारेबाजी की। देखते ही देखते प्रदर्शन में बड़ी संख्या में इंटर्न शामिल हो गए। कॉलेज के मुख्य गेट पर प्रदर्शन होने के कारण आसपास के क्षेत्र में भी आवागमन प्रभावित हुआ। हैनिमैन चौराहे की ओर जाने वाले मार्ग पर यातायात व्यवस्था भी कुछ समय के लिए प्रभावित रही। सूचना मिलने पर पुलिस बल कॉलेज पहुंचा और प्रदर्शन कर रहे इंटर्न डॉक्टरों को मुख्य गेट से हटाने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस और इंटर्न डॉक्टरों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। काफी देर तक दोनों पक्षों के बीच तनातनी की स्थिति बनी रही। बाद में कॉलेज प्रशासन और पुलिस अधिकारियों ने इंटर्न डॉक्टरों से बातचीत कर उन्हें परिसर के अंदर प्रदर्शन करने के लिए समझाया। करीब 11 बजे इंटर्न डॉक्टर मुख्य गेट से हटकर कॉलेज परिसर के अंदर दाखिल हुए। इसके बाद उन्होंने ओपीडी भवन के सामने धरना शुरू कर दिया। दोपहर तीन बजे तक इंटर्न डॉक्टरों का प्रदर्शन जारी रहा। इस दौरान उन्होंने अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की और स्टाइपेंड में बढ़ोतरी किए जाने की मांग दोहराई।

### ओपीडी रही प्रभावित

**इलाज के लिए पहुंचे मरीजों को हुई परेशानी** इंटर्न डॉक्टरों के प्रदर्शन का असर ओपीडी में इलाज कराने पहुंचे मरीजों पर पड़ा। सुबह से ही मरीज और तीमारदार उपचार के लिए कॉलेज पहुंचने लगे थे, लेकिन प्रदर्शन के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ा। कई मरीजों को इलाज कराए बिना ही वापस लौटना पड़ा। मरीजों का कहना था कि दूर-दराज से आने के बाद भी उन्हें उपचार नहीं मिल सका। इंटर्न डॉक्टरों के आंदोलन के चलते इस सप्ताह सोमवार के बाद से ओपीडी सेवाएं लगातार प्रभावित हो रही हैं। इससे होम्योपैथिक उपचार के लिए कॉलेज पहुंचने वाले मरीजों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। प्रदर्शनकारी इंटर्न डॉक्टर स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं और इसी को लेकर गुरुवार को दोबारा धरना-प्रदर्शन किया गया।








# विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना से कामगारों को नई उड़ान

## 25 साल से सैलून चला रहे मुश्ताक को मिली दो लाख की आर्थिक सहायता

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित विश्वकर्मा स्वरोजगार एवं स्वदेशी मेला 2026 तथा टूलकिट एवं ऋण वितरण कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लाभार्थियों को स्वरोजगार के लिए चेक और विभिन्न जिलों के कामगारों को टूलकिट वितरित किए। मुख्यमंत्री के हाथों आर्थिक सहायता और कामकाज के उपकरण पाकर लाभार्थियों के चेहरे खिल उठे। कामगारों ने योगी सरकार की योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि इनसे उन्हें अपना काम आगे बढ़ाने और परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने में मदद मिल रही है। लखनऊ के आलमबाग निवासी मोहम्मद मुश्ताक को सैलून के काम के लिए दो लाख रुपये का चेक मिला। वह पिछले 25 वर्षों से सैलून का काम कर परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं। मुश्ताक ने कहा कि पिछली सरकारों में उन्हें कभी इस तरह की टूलकिट नहीं मिली थी।




आज मुख्यमंत्री के हाथों सहायता पाकर उन्हें बेहद खुशी हो रही है। कानपुर निवासी अवधेश को सुनार की टूलकिट मिली। करीब 20 वर्षों से सोने के आभूषण बनाने का काम कर रहे अवधेश ने मुख्यमंत्री से टूलकिट पाकर प्रसन्नता जताई। उन्होंने कहा कि वह खुद को धन्य मानते हैं।

**महिलाओं को मिला आत्मनिर्भरता का सहारा** बाराबंकी की वंदना और रमा जायसवाल को सिलाई मशीन मिली। सिलाई का कोर्स कर चुकीं वंदना ने बताया कि वह सिलाई के जरिए अपने परिवार की आर्थिक मदद कर रही हैं। मुख्यमंत्री से मिलकर उन्हें बहुत प्रसन्नता हुई। वहीं रमा जायसवाल ने बताया कि उन्होंने टूलकिट के लिए आवेदन किया था। सिलाई का काम करने के साथ वह घर की जिम्मेदारियां भी संभालती हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि योगी सरकार बहुत अच्छा काम कर रही है। पिछली सरकार और वर्तमान सरकार में काफी अंतर है।

# वीआईपी ड्यूटी से गायब मिले नौ दरोगा और 40 पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** प्रयागराज के हाईकोर्ट में सोमवार को आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान वीआईपी ड्यूटी से गायब मिले नौ दरोगा समेत 44 पुलिसकर्मियों को पुलिस आयुक्त पीयूष मोर्डिया ने लाइन हाजिर कर दिया। ड्यूटी के लिए बनाई गई बी टीम में शामिल पुलिसकर्मी मौके पर नहीं मिलने की जांच कर रहे अपर पुलिस आयुक्त विजय ढुल ने रिपोर्ट पुलिस आयुक्त को सौंपी थी। वीआईपी कार्यक्रम को लेकर जिले के अलग-अलग थानों से पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी। इनमें पुलिसकर्मियों को बी टीम में रखा गया था और इस टीम को स्टैंडबाई में रखा गया था। अपर पुलिस उपायुक्त ने बताया कि आमद दर्ज कराने के बाद बी टीम में शामिल कई पुलिसकर्मी निर्धारित स्थान पर मौजूद नहीं थे। कार्यक्रम के दौरान जब स्टैंडबाई टीम की जरूरत पड़ी तो अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों की तलाश कराई उस दौरान यह पुलिसकर्मी मौके पर नहीं मिले थे। पुलिस उपायुक्त प्रोटोकॉल ने मंगलवार को इस संबंध में रिपोर्ट दी गई। इन थानों के पुलिसकर्मियों को स्टैंड बाई ड्यूटी में शिवकुटी, जॉर्जटाउन, पूरामुफ्ती, कौंधियारा, कोरांव, अतरसुइया, कर्नलगंज, मेजा, खुल्दाबाद, समन सेल और औद्योगिक क्षेत्र थाने में तैनात पुलिसकर्मी शामिल हैं। इनमें अलग-अलग पदों पर तैनात दरोगा, मुख्य आरक्षी और आरक्षी शामिल बताए जा रहे हैं।

**स्टैंडबाई टीम की जिम्मेदारी भी अहम** वीआईपी ड्यूटी में तैनात हर पुलिसकर्मी के लिए निर्धारित अवधि तक ड्यूटी स्थल पर मौजूद रहना जरूरी होता है। स्टैंडबाई टीम की जिम्मेदारी भी महत्वपूर्ण होती है क्योंकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में इसी टीम को तत्काल तैनात किया जाता है। अधिकारियों का कहना है कि भविष्य में ऐसी लापरवाही न हो और पुलिसकर्मी ड्यूटी के प्रति गंभीर रहें, इसी उद्देश्य से 44 पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर किया गया है।

# लखनऊ में प्लाट खरीदने का सुनहरा मौका नवरात्रि में

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ के लोगों को नवरात्रि में एक साथ तीन बड़ी आवासीय योजनाओं में प्लाट लेने का मौका मिलने जा रहा है। आवास विकास परिषद की सौमित्र विहार योजना और लखनऊ विकास प्राधिकरण की बरुण विहार व

### एक साथ तीन योजनाओं में खुलेगा रजिस्ट्रेशन

नैमिषनगर योजना में बड़े पैमाने पर भूखंडों का पंजीकरण खोला जाएगा। इससे लंबे समय से भूखंड की तलाश कर रहे लोगों को तीन योजनाओं में विकल्प मिल सकेंगे। तीनों में करीब आठ हजार भूखण्डों के रजिस्ट्रेशन खुलेगा। आवास विकास परिषद की सौमित्र विहार योजना नई जेल रोड पर गोसाईंगंज के आगे स्थित है। योजना में करीब 2000 भूखंडों के लिए पंजीकरण खोले जाने की संभावना है। योजना के पंजीकरण के लिए यूपी रेरा में आवेदन किया गया था। वहां से सहमति मिलने के बाद अब प्रमाणपत्र मिलने की औपचारिकता बाकी है। परिषद के सचिव डॉ. नीरज शुक्ला ने बताया कि योजना का शुभारंभ नवरात्रि में किया जाएगा। यहां भूखंड की कीमत लगभग ढाई से तीन हजार रुपये प्रति वर्गफुट के बीच होने की संभावना है।सुशांत गोल्फ सिटी परियोजना में 2747 भूखण्डों की रजिस्ट्री निरस्त होगी वहीं अंसल एपीआई की सुशांत गोल्फ सिटी परियोजना में कथित फर्जीवाड़े को लेकर लखनऊ विकास प्राधिकरण अब बड़ा कदम उठाने की तैयारी में है। एलडीए ने आवास विभाग के माध्यम से शासन को भेजे प्रस्ताव में उन 2747 भूखंडों की रजिस्ट्री निरस्त कराने की बात कही है. जिन्हें प्राधिकरण के पास बंधक रखा गया था। इसके बावजूद अंसल बिल्डर ने इन्हें बेच डाला। उनकी रजिस्ट्री कर दी। इनमें से 440 भूखण्डों पर बड़े बड़े बगले खड़े हो गये हैं। जबकि 81 बड़े भूखण्डों पर आंशिक निर्माण हुआ है। शासन की रिपोर्ट के अनुसार अंसल बिल्डर ने एलडीए में कुल 3489 भूखंडों को बंधक रखा था। बंधक होने की बजह से इनकी रजिस्ट्री नहीं की जा सकती थी। लेकिन बिल्डर ने फर्जीवाड़ा कर इन्हें बेच डाला। मौजूदा समय में केवल 742 भूखंड ही ऐसे मिले हैं, जिन्हें बिल्डर नहीं बेच पाया। शेष अधिकांश भूखंडों की बिक्री कर दी गई और 2747 भूखंडों की बाकायदा रजिस्ट्री भी करा दी गई। प्राधिकरण का कहना है कि बंधक रखो गई जमीन की बिकी या रजिस्ट्री नहीं हो सकती थी। यह प्राधिकरण की सम्पत्ति थी। इसके बावजूद बिल्डर ने बेचा।

### वरुण विहार और नैमिषनगर में छह हजार भूखंड

उधर एलडीए भी इसी महीने अपनी दो बड़ी योजनाएं शुरू करने की तैयारी में है। वरुण विहार और नैमिषनगर योजना में करीब छह हजार भूखंडों के लिए पंजीकरण खोला जाएगा। वरुण बिहार में भूखंड की कीमत 2.800 रुपये और नैमिषनगर में 3,800 रुपये प्रति वर्गफुट निर्धारित की गई है। एलडीए ने दोनों योजनाओं के शुभारंभ के लिए मुख्यमंत्री से 21 सितंबर का समय मांगा है। मुख्यमंत्री के शुभारंभ के बाद पंजीकरण शुरू होने की उम्मीद है। वहीं नवरात्रि में सौमित्र विहार भी शुरू होने से लोगों को एक साथ तीन योजनाओं में भूखंड लेने का अवसर मिलेगा।

# केजीएमयू में फटे ब्रेन एन्यूरिज्म का सफल इलाज

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में डॉक्टरों ने ब्रेन एन्यूरिज्म फटने से हुए गंभीर ब्रेन हैमरेज से पीड़ित 45 वर्षीय महिला का एंडोवास्कुलर तकनीक से सफल उपचार किया। महिला के दिमाग की दाहिनी पिकॉम आर्टरी में एन्यूरिज्म फट गया था, जिसके कारण उसे ब्रेन हैमरेज हो गया। मरीज को तेज सिरदर्द, उल्टी और अत्यधिक कमजोरी की शिकायत थी। चिकित्सकों के अनुसार, समय पर उपचार नहीं मिलने पर स्थिति जानलेवा हो सकती थी। जांच के बाद मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी विभाग के चिकित्सकों ने बिना खुली सर्जरी के एंडोवास्कुलर तकनीक से इलाज करने का निर्णय लिया। मरीज की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण इलाज में आने वाले महंगे उपकरणों की व्यवस्था प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के सहयोग से की गई। रेडियोलॉजी और एनेस्थीसिया विभाग के सहयोग से रेडियोलॉजी विभाग के डॉ. मनोज कुमार और डॉ. सौरभ कुमार ने बैलून की सहायता से एन्यूरिज्म का उपचार सफलतापूर्वक पूरा किया। उपचार के बाद मरीज की स्थिति में लगातार सुधार हुआ। 17 सितंबर 2026 को मरीज को सफलतापूर्वक एक्सटुबेट किया गया और वह पूरी तरह स्वस्थ बताई गई। स्वस्थ होने के बाद मरीज ने केजीएमयू के चिकित्सकों और पूरी टीम का आभार जताया। मरीज ने कहा कि आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के बावजूद प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के माध्यम से इलाज में आवश्यक सामग्री की व्यवस्था हो सकी, जिससे उसका उपचार संभव हुआ। उसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की बधाई देते हुए आयुष्मान योजना के लिए आभार व्यक्त किया।

# एसजीपीजीआई में 50 टीबी मरीजों को लिया गोद

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार को संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में जनस्वास्थ्य जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान संस्थान के चिकित्सकों, रेजिडेंट, नर्सिंग स्टाफ टेक्नोलॉजिस्ट और कर्मचारियों ने 50 टीबी मरीजों

### 76 लड़कियों का एचपीवी टीकाकरण

को इलाज और पोषण की निगरानी के लिए गोद लिया। मरीजों को गुड़, चना, सत्तू, मूंगफली और हॉर्लिक्स से युक्त पोषण पोटली भी दी गई। कार्यक्रम में एसजीपीजीआई के कॉलेज ऑफ नर्सिंग और कॉलेज ऑफ मेडिकल टेक्नोलॉजी के छात्रों की ओर से




करीब 200 पोस्टर प्रदर्शित किए गए। पोस्टर प्रतियोगिता में टीबी जागरूकता एवं टीबी मुक्त भारत, एचपीवी टीकाकरण और गैर-नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के संरक्षण जैसे विषयों पर छात्रों ने संदेश दिए। निदेशक पद्मश्री प्रो. आरके धीमान ने छात्रों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए कहा कि कला के माध्यम से स्वास्थ्य और पर्यावरण से जुड़े महत्वपूर्ण संदेश समाज तक पहुंचाए जा सकते हैं। टीबी मरीजों के लिए आयोजित कार्यक्रम में माइक्रोबायोलॉजी विभाग की प्रो. ऋचा मिश्रा ने इलाज में पोषण और सामुदायिक सहयोग के महत्व पर जोर दिया। पल्मोनरी मेडिसिन विभाग के प्रमुख प्रो. आलोक नाथ ने टीबी मरीजों की व्यापक देखभाल के प्रति विभाग की प्रतिबद्धता जताई। चीफ मेडिकल सुपरिटेंडेंट प्रो. देवेंद्र गुप्ता ने टीबी की जांच और उपचार को बेहतर बनाने के लिए संस्थान के प्रयासों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान 76 योग्य लड़कियों को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। प्रो. धीमान ने कहा कि समय पर एचपीवी टीकाकरण से भविष्य में सर्वाइकल कैंसर के खतरे को कम करने में मदद मिलती है। उन्होंने महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रथम पुरस्कार के रूप में 10 हजार, द्वितीय सात हजार और तृतीय पुरस्कार के रूप में पांच हजार रुपये दिए गए। प्रत्येक थीम में तीन प्रतिभागियों को तीन-तीन हजार रुपये के सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए गए।

# एच1एन1 के सात नए मरीज मिले

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** राजधानी में इन्फ्लुएंजा-ए एच1एन1 संक्रमण के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। गुरुवार को सात नए मरीज मिले। इनमें एक मरीज को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि छह मरीजों को होम आइसोलेशन में रखा गया है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार अब तक जिले में 32 मरीज अस्पताल में भर्ती हो चुके हैं, जिनमें से 31 स्वस्थ होने के बाद डिस्चार्ज किए जा चुके हैं। वर्तमान में सक्रिय मरीजों की संख्या 46 है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनबी सिंह ने बताया कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय की गाइडलाइन के अनुसार तेज बुखार के साथ सीने में दर्द, बेहोशी, रक्तचाप कम होना, सांस फूलना, नाखून नीले पड़ना या बलगम में खून आने जैसे लक्षण गंभीर श्रेणी में माने जाएंगे। ऐसे मरीजों की रियल टाइम आरटी-पीसीआर जांच कराते हुए आवश्यकता पड़ने पर तत्काल अस्पताल में भर्ती कर उपचार किया जाना चाहिए। सीएमओ ने कहा कि होम आइसोलेशन में रहने वाले मरीज पर्याप्त आराम और तरल पदार्थ लें तथा संक्रमण फैलने से बचने के लिए परिवार के सदस्यों से दूरी बनाए रखें। बच्चों, गर्भवती महिलाओं, 65 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों और गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों के संपर्क में आने से विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से मास्क पहनने, भीड़भाड़ से बचने और खांसते-छींकते समय मुंह-नाक ढकने की अपील की है। साथ ही डॉक्टर की सलाह के बिना एंटीबायोटिक या अन्य दवाएं न लेने और अस्वस्थ होने पर दूसरों के साथ बैठकर भोजन करने से बचने को कहा गया है।

# बारिश में भीगते हुए पोषण पोटली लेने पहुंचे टीबी मरीज

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार को किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान

### 519 मरीजों को बांटी गई पोषण पोटली

संविधान स्थल का लोकार्पण और 100 फीट ऊंचे तिरंगे का ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में टीबी मरीजों को पोषण सहायता उपलब्ध कराने के लिए 519 मरीजों को पोषण पोटली वितरित की गई। वहीं एमबीबीएस अंतिम वर्ष की 125 छात्राओं को एचपीवी वैक्सीन की तीसरी खुराक भी निःशुल्क लगाई गई।

**बारिश के बीच मरीजों को भेजा गया बाहर** पोषण पोटली वितरण के दौरान व्यवस्था को लेकर लापरवाही का मामला भी सामने आया। बारिश



के बीच बड़ी संख्या में टीबी मरीजों को पोटली लेने के लिए बाहर भेज दिया गया। कई मरीज बारिश में भीगते हुए पोटली लेने पहुंचे। पोटली के डिब्बे लेने के दौरान भीड़ बढ़ने से अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। मरीजों का आरोप था कि बारिश होने के बावजूद गार्डों ने उन्हें बाहर जाने के लिए कहा। कई मरीजों को काफी देर तक बारिश के बीच खड़ा रहना पड़ा। टीबी मरीज पहले से ही बीमारी से जूझ रहे हैं। केजीएमयू की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने बताया कि टीबी के इलाज में पोषण की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसी को ध्यान में रखते हुए मरीजों को पोषण सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। पोषण पोटली में मूंगफली, भुना चना, गुड़, सत्तू और तिल की गजक जैसी पौष्टिक सामग्री शामिल की गई। इन पोटलियों को स्टेट रूरल लाइवलीहुड मिशन से जुड़े स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने तैयार किया है। कुलपति ने बताया कि वर्ष 2023 में प्रकाशित एक अध्ययन में पोषण सहायता प्राप्त करने वाले टीबी मरीजों में उपचार की सफलता दर 94 प्रतिशत तक पाई गई थी। अध्ययन में पोषण सहायता से मरीजों में मृत्यु के जोखिम में कमी और उनके संपर्क में रहने वाले लोगों में संक्रमण के खतरे में भी कमी की बात सामने आई थी।

**दवा के साथ साफ-सफाई और पोषण पर जोर** उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि टीबी मरीजों के लिए नियमित दवा के साथ पौष्टिक भोजन भी आवश्यक है। उन्होंने मरीजों से अपील की कि जिस कमरे में वे रहते और सोते हैं, वहां साफ-सफाई रखें। कमरे में पर्याप्त धूप और हवा आने की व्यवस्था होनी चाहिए तथा सीलन से बचना चाहिए।

**संविधान स्थल का लोकार्पण, 100 फीट तिरंगे का ध्वजारोहण** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर केजीएमयू परिसर में संविधान स्थल का लोकार्पण भी किया गया। इसके साथ ही 100 फीट ऊंचे तिरंगे का ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह सहित केजीएमयू के अधिकारी और चिकित्सक मौजूद रहे।

**17 अक्टूबर तक चलेगा सेवा संकल्प अभियान** उपमुख्यमंत्री ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान 17 अक्टूबर तक चलेगा। अभियान के तहत प्रदेशभर में रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, मरीजों को फल वितरण और अन्य जनसेवा से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों से स्वास्थ्य शिविरों में पहुंचकर अपनी जांच कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान किसी गंभीर बीमारी का पता चलने पर मरीज को नजदीकी अस्पताल में उपचार उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाएगी।

# 45 स्कूली वाहनों की जांच, नौ के चालान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** स्कूली बच्चों की सुरक्षित परिवहन व्यवस्था को लेकर परिवहन विभाग ने गुरुवार को राजाजीपुरम स्थित दो प्रमुख विद्यालयों में सघन जांच अभियान चलाया। परिवहन विभाग की प्रवर्तन टीम ने लखनऊ पब्लिक स्कूल और सिटी मोंटेसरी स्कूल में उपलब्ध एवं संचालित 45 स्कूली वाहनों की जांच की। इस दौरान वाहनों के प्रपत्रों में कमियां मिलने पर नौ वाहनों के चालान किए गए। उप परिवहन आयुक्त लखनऊ परिक्षेत्र राधेश्याम के नेतृत्व में आरटीओ प्रवर्तन प्रभात पाण्डेय, एआरटीओ प्रवर्तन प्रदीप कुमार सिंह, हिमांशु जैन और आलोक कुमार यादव की टीम ने दोनों विद्यालयों में पहुंचकर वाहनों की जांच की। टीम ने फिटनेस, परमिट, बीमा समेत आवश्यक अभिलेखों की वैधता और सुरक्षा प्रावधानों को परखा।

**विद्यालय प्रबंधन को दिए सख्त निर्देश** जांच के बाद परिवहन अधिकारियों ने दोनों विद्यालयों के प्रधानाचार्य और संबंधित स्टाफ के साथ बैठक कर स्कूली वाहनों के सुरक्षित संचालन के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि प्रत्येक वाहन के



जरूरी दस्तावेज वैध होने चाहिए। बच्चों को ले जाने वाले वाहनों में महिला अटेंडेंट की मौजूदगी सुनिश्चित करने के साथ चालकों का पुलिस विभाग के माध्यम से चरित्र सत्यापन कराने के निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा विद्यालयों को उत्तर प्रदेश मोटरयान नियमावली, 1998 के नियम 222(छ) के तहत स्कूल ट्रांसपोर्ट सेफ्टी कमेटी गठित करने और उसकी नियमित बैठकें आयोजित कर विद्यार्थियों की सुरक्षा की समीक्षा करने को कहा गया। उप परिवहन आयुक्त राधेश्याम ने स्पष्ट किया कि स्कूली वाहनों के सुरक्षा मानकों के पालन में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। अभियान आगे भी जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन मिलने पर नियमानुसार प्रवर्तन कार्रवाई की जाएगी।

# फैजुल्लागंज में 70 घरों का स्वास्थ्य सर्वे

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** मौसमी एवं वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से गुरुवार को फैजुल्लागंज क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी, लखनऊ के निर्देश पर नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र

### 66 लोगों को मोबाइल मेडिकल यूनिट ने दी चिकित्सा सुविधा

फैजुल्लागंज की प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. आसमा के नेतृत्व में आशा और एएनएम की टीम ने हनुमन्तपुरम, मामा कॉलोनी और दाऊदनगर क्षेत्र के 70 घरों का स्वास्थ्य सर्वेक्षण किया। इस दौरान लोगों को आवश्यक दवाएं, क्लोरीन की गोलियां और ओआरएस के पैकेट वितरित किए गए। टीम ने लोगों को साफ-सफाई रखने और मच्छरों की ब्रीडिंग रोकने के लिए घर व आसपास पानी जमा न होने देने की सलाह दी। वहीं, मोबाइल



मेडिकल यूनिट ने पवन विहार कॉलोनी में 66 लोगों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लोगों को बताया कि कूलर, पानी की टंकी, बाल्टी, फूलदान, पुराने टायर, नारियल के खोल और अन्य अनुपयोगी कंटेनरों में पानी जमा न होने दें। कूलर का पानी प्रत्येक सप्ताह खाली कर उसकी सफाई करने के बाद ही दोबारा इस्तेमाल करें। बर्ड बाथ और फूलदान का पानी भी नियमित रूप से बदलते रहें। अधिकारियों ने लोगों से मच्छरों से बचाव के लिए सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करने, पूरी बांह के कपड़े पहनने और मच्छररोधी क्रीम का इस्तेमाल करने की अपील की। साथ ही बुखार आने पर स्वयं दवा लेने के बजाय चिकित्सक की सलाह से उपचार कराने को कहा गया। मौसमी बीमारियों से संबंधित जानकारी या सहायता के लिए सीएमओ कार्यालय के कंट्रोल रूम नंबर 0522-2622080 पर संपर्क किया जा सकता है।

## दीपों से जगमगाया लखनऊ

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा लखनऊ महानगर द्वारा गुरुवार को सेवा एवं समर्पण की भावना के साथ महानगर के सभी बूथों और निर्धारित स्थलों पर भव्य दीप प्रज्वलन कार्यक्रम आयोजित किए गए। जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में लाखों दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई। झूलेलाल वाटिका में प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह, संजय राय, राहुल वाल्मीकि, धनश्याम दास अग्रवाल की उपस्थिति में एक हजार से अधिक दीप प्रज्वलित किए गए। आलमनगर पुल के नीचे कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र चौधरी ने दीप प्रज्वलित किया वही सेंट्रल पार्क, समर विहार में भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन कार्यक्रम हुआ। फूलवाली पार्क, राजाजीपुरम वार्ड में विधान परिषद सदस्य रामचंद्र प्रधान तथा जस्टिस ऋतुराज अवस्थी के आवास के समीप निर्धारित स्थल पर सांसद संजय सेठ की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित किए गए। कुड़ियाघाट में विधायक डॉ. नीरज बोरा, लक्ष्मण मेला मैदान स्थित छठ घाट पर विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा की मौजूदगी में दीप प्रज्वलन हुआ।

# नए भारत के शिल्पी हैं मोदी, यूपी की जनता उनके साथ

## प्रेरणा स्थल पर जले आशीर्वाद के दीये, सीएम योगी ने शुरू किया सेवा संकल्प अभियान


**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ स्थित प्रेरणा स्थल पर आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सेवा संकल्प अभियान

### पीएम मोदी के 76वें जन्मदिवस पर प्रतिमाओं पर दीप जलाकर की अभियान की शुरुआत

के तहत आयोजित कार्यक्रम में सीएम योगी ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पूर्व प्रधानमंत्रीभारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमाओं पर दीप जलाकर अभियान की शुरुआत की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रेरणा स्थल पर मौजूद छात्रों से संवाद किया। उन्होंने मोबाइल से वीडियो बनाया और वहां मौजूद छात्रों को चॉकलेट भी दी। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को



जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की और विश्वकर्मा पूजन की भी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व और मार्गदर्शन में देश को विकसित भारत की संकल्पना की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। पीएम के जन्मदिन पर देशभर में करोड़ों दीप सकारात्मक भाव और ऊर्जा के साथ प्रज्वलित हो रहे हैं। राष्ट्र प्रेरणा स्थल समेत प्रदेश के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों और लोक कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों के घरों में भी दीप जलाए जा रहे हैं। उन्होंने अभियान से जुड़े कर्मयोगी कार्यकर्ताओं, लाभार्थियों और नागरिकों का अभिनंदन किया। सीएम योगी ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा की पावन जयंती भी है। भगवान विश्वकर्मा को सृष्टि का शिल्पी बताते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नए भारत का शिल्पी बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश ने अपनी नई पहचान बनाई है और नए भारत का दर्शन हो रहा है। हर क्षेत्र के व्यक्ति को इस बदलाव पर गौरव की अनुभूति हो सकती है। भारत आज नई पहचान, नए इंफ्रास्ट्रक्चर और आधुनिक तकनीक में नेतृत्व देने वाले देश के रूप में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने पीएम को देश की विकास यात्रा का नेतृत्व करने वाला बताते हुए कहा कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत की संकल्पना के साथ उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता उनके साथ खड़ी है। इस दौरान डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, राज्यसभा सांसद बृजलाल, विधान परिषद सदस्य डॉ. लाल जी निर्मल, विधान परिषद सदस्य डॉ. अविनाश सिंह, विधायक डॉक्टर नीरज बोरा, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी आदि मौजूद रहे।



# लखनऊ एयरपोर्ट पर चेकिंग के दौरान महिला के बैग से 2 जिंदा कारतूस बरामद, मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** चौधरी चरण सिंह अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट (अमौसी) पर बुधवार शाम उस वक्त हड़कंप मच गया, जब इंडिगो की फ्लाइट से चंडीगढ़ जा रही एक महिला यात्री के चेक-इन बैग से प्रतिबंधित बोर के दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। सुरक्षाकर्मियों की मुस्तैदी से पकड़े जाने के बाद महिला को कारतूसों समेत सरोजनीनगर थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एयरपोर्ट पर तैनात जूनियर ऑफिसर सौरभ कुमार साहनी के अनुसार, 16 सितंबर की शाम करीब 6 बजे लखनऊ से चंडीगढ़ जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट (6ई 6552) के यात्रियों के सामान की चेकिंग चल रही थी। स्क्रीनिंग के दौरान एक बैग में संदिग्ध वस्तु दिखाई दी। बैग को गहराई से जांच के लिए लेवल-4 पर भेजा गया, जहाँ तैनात जूनियर ऑफिसर दिव्यांशी गुप्ता ने तलाशी ली। जांच में बैग से दो जिंदा कारतूस बरामद हुए, जिन पर 9 एमएम 2एल 68 केएफ और डब्ल्यूआरए सीओ 401 7.6 अंकित था। हिरासत में ली गई महिला यात्री ने अपना नाम लछमीर कौर, निवासी फाजिल्का (पंजाब) बताया। उसके पास सीट नंबर 18 एफ का बोर्डिंग पास मौजूद था। जब सुरक्षा टीम ने कारतूसों के लाइसेंस और वैध दस्तावेजों के बारे में पूछताछ की, तो वह कोई स्पष्ट या संतोषजनक जवाब नहीं दे सकी। मामले की गंभीरता को देखते हुए सुरक्षा टीम ने तुरंत सरोजनीनगर पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कारतूसों को सीज कर महिला को हिरासत में ले लिया है। सरोजनीनगर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि महिला के पास यह प्रतिबंधित कारतूस कहां से आए।

## मोदी के जन्मदिन पर सेवा कार्यक्रम

**स्वतंत्र भारत, काकोरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिवस पर लखनऊ जिला भाजपा की ओर से 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत जिलेभर में सेवा कार्यक्रम आयोजित किए गए। चारों विधानसभा क्षेत्रों के साथ मंडल, सेक्टर और बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं ने विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लिया। अस्पतालों में रक्तदान शिविर लगाए गए, जबकि मंदिरों और प्रमुख स्थलों पर 'एक दिया आशीर्वाद' अभियान के तहत दीप प्रज्वलित किए गए। कल्याण सिंह कैंसर अस्पताल में प्रदेश मंत्री अंकुर शर्मा, इंटीग्रल अस्पताल में क्षेत्रीय महामंत्री डॉ. विमल सिंह और मोहनलालगंज में जिला महामंत्री धीरेंद्र पांडेय 'धीरू' के नेतृत्व में रक्तदान हुआ। काकोरी के शीतला माता मंदिर में नितिन मित्तल, विजय मौर्य, रोहित साहू और रविराज लोधी की मौजूदगी में दीप प्रज्ज्वलन हुआ। चंद्रिका देवी मंदिर में विधायक योगेश शुक्ला तथा इटौंजा में विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता के नेतृत्व में कार्यक्रम हुए।

## प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाया



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** सनातन गोरखा कल्याण समिति, उत्तर प्रदेश की ओर से कैसरबाग स्थित सीएससी बिल्डिंग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया गया। समिति अध्यक्ष गौरव सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में अधिवक्ताओं और समिति के पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। इस दौरान देश में चल रहे विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा हुई। वक्ताओं ने समाज और राष्ट्रहित में नागरिकों की जिम्मेदारियों पर भी विचार रखे। कार्यक्रम में एडवोकेट श्याम सिंह चौहान, एडवोकेट अरविंद कुमार, एडवोकेट गोविंद कृष्ण श्रीवास्तव, एडवोकेट पूर्णिमा श्रीवास्तव, एडवोकेट गौरव जैन, एडवोकेट जितेंद्र यादव जीतू, एडवोकेट आरती पांडेय, रोहित द्विवेदी, शानू मल और अंजू चौधरी समेत अन्य लोग मौजूद रहे। समिति के प्रवक्ता विमल सिंह राणा ने बताया कि समिति सामाजिक एवं जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## कारीगरों को मिलेगा बाजार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** आशियाना स्थित मान्यवर कांशीराम जी सांस्कृतिक स्थल स्मृति उपवन में 25 नवंबर से 30 दिसंबर तक हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव आयोजित होगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह और गुंजन वर्मा ने बताया कि महोत्सव में देश के करीब 25 राज्यों के हस्तशिल्पकार और छोटे उद्यमी अपने उत्पाद प्रदर्शित करेंगे। निम्न आय वर्ग के करीब 50 कारीगरों को निशुल्क स्टॉल दिए जाएंगे। सांस्कृतिक मंच पर रोज शाम चार से रात 10 बजे तक लोक कला, नृत्य, गायन और साहित्य से जुड़े कार्यक्रम होंगे। भोजपुरी गायक पवन सिंह, भजन गायक कन्हैया मित्तल, अभिनेत्री भाग्यश्री और अभिनेता विनोद सत्य समेत अन्य कलाकारों को आमंत्रित करने पर बातचीत चल रही है। अंतिम पुष्टि के बाद नामों की घोषणा होगी। आयोजन में सुरक्षा के लिए करीब 350 सीसीटीवी कैमरे और 100 से अधिक निजी सुरक्षा गार्ड तैनात किए जाएंगे।

## निवेशकों को किया जागरूक

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** म्यूचुअल फंड निवेशकों के लिए इन्वेस्टर सर्विस सेंटर और ऑफिशियल पॉइंट ऑफ एक्सेप्टेंस की सेवाएं हज़रतगंज स्थित काज़मी चैंबर्स में मिलेंगी। पीपीएफएएस म्यूचुअल फंड का उद्घाटन बिजनेस हेड-नॉर्थ जितेंद्र चावला ने सहयोगियों के साथ किया। चेयरमैन एवं सीईओ नील पराग पारिख ने कहा कि परिसर निवेशकों व साझेदारों को बेहतर सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में कदम है। कामकाज शुरू हो चुका है, जहां निवेशक अपनी योजनाओं से जुड़े लेन-देन और कागज़ी प्रक्रिया आसानी से पूरी कर सकेंगे।

## स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** कमजोर हड्डियों वाले मरीजों में रोटेटर कफ रिपेयर को लेकर स्वदेशी चिकित्सा तकनीक विकसित की गई है। भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय ने सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल, बेंगलुरु एडिशनल डायरेक्टर-ऑर्थोपेडिक्स डॉ. बनर्जी बी.एच. के विकसित किए उपकरण को भारतीय पेटेंट प्रदान किया है। यह उपकरण पारंपरिक स्यूचर एंकर के बजाय हड्डी में बनाए गए टनल के माध्यम से टेंडन को जोड़ने में मदद करता है। इसका उपयोग खासतौर पर बुजुर्गों और ऑस्टियोपोरोसिस से प्रभावित मरीजों में विकल्प के तौर पर किया जा सकता है।

## ओबीसी की जातिवार गणना की मांग

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** जनगणना में जातिवार आंकड़ों को स्पष्ट, व्यापक और पारदर्शी तरीके से दर्ज किया जाना चाहिए। यह बात पेरियार ईवी रामासामी की 147वीं जयंती पर प्रेस क्लब में ओबीसी महासभा के राष्ट्रीय महासचिव एवं कार्यक्रम संचालक डॉ अनूप पटेल ने बृहस्पतिवार को पत्रकारों से कही। उन्होंने जनगणना के प्रश्न संख्या दस में एससी-एसटी के साथ ओबीसी वर्ग को भी शामिल करने की मांग की।

प्रो राजेंद्र वर्मा ने कहा कि राज्यवार जातियों की सूची उपलब्ध होने से सामाजिक न्याय, शिक्षा, रोजगार और प्रतिनिधित्व से जुड़ी नीतियां अधिक तथ्य आधारित बन सकेंगी। उन्होंने कहा कि जातिवार आंकड़ों से विभिन्न वर्गों की वास्तविक भागीदारी और आरक्षण के लाभ की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

जस्टिस बीडी नकवी ने कहा कि जनगणना में ओबीसी वर्ग से संबंधित आंकड़ों में पारदर्शिता जरूरी है, ताकि संसाधनों और अवसरों में विभिन्न वर्गों की भागीदारी का वास्तविक आकलन हो सके। अर्जक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव कुमार भारती ने जनगणना-2027 में ओबीसी जातियों को स्पष्ट रूप से दर्ज करने की मांग की। एक्टिविस्ट मुरली मनोहर और महेंद्र मंडल ने भी जाति-जनगणना को लेकर अभियान चलाने की बात कही।

---

**स्वतंत्र भारत वर्गीकृत**

### सूचना
मैंने अपने पुत्र मोहद कैफ के गलत आचरण के कारण उसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। इनके किसी भी कृत्य के वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। मो. उमर पुत्र स्व. महमूद अली, नि.-ग्रा.- अरब्बा, थाना-इटौंजा प.-महोना, तहसील-बख्शी का तालाब लखनऊ।
सी.आर.- 1311/L-40

### सूचना
मैं अपने पुत्र बृजभान सिंह व पौत्र उपेन्द्र यादव पुत्र बृजभान सिंह के अनैतिक कृत्यों से परेशान हो कर समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा इनसे कोई सम्बंध नहीं रहा,ये दोनों अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। छोटेलाल पुत्र शिवराम निवासी ग्राम तिलसुवा , थाना व परगना व तहसील मलिहाबाद ,लखनऊ।
सी.आर.- 1310/L-43

### सूचना
सूचित हो कि मैं अजीत सिंह सीनियर सिटिजन पुत्र स्व. मोहन सिंह निवासी 279/83/1 पानदरीबा, चारबाग, लखनऊ का निवासी हूँ, मैंने अपने पुत्र सुखमन सिंह को उसके कृत्यों व अपराधिक कार्यकलापों से परेशान होकर उससे अपने सभी संबंधों को समाप्त करके अपनी व परिवार की सुरक्षा कारणों से बेदखल करता हूँ। उनके किसी भी प्रकार के लेनदेन की मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
सी.आर.- 1301/L-47

### NAME CHANGE
I NASRUDDIN S/o Babu R/O 110 Bawan Paschim Hardoi Uttar Pradesh -241001 have changed my name and shall hereafter be known as NURUDDEEN.
सी.आर.- 1307/D-25

### सूचना
मैं अब्दुल कुददूस खान पुत्र जब्बार खान निवासी महरथा परगना तहसील नानपारा बहराइच मेरे इंडियन बैंक शाखा मटेरा एकाउंट न 50179233643 में मेरा नाम युसुफ खान गलती से दर्ज हो गया। समस्त कागजात में मेरा सही नाम अब्दुल कुददूस खान है। अब्दुल कुददूस खान व युसुफ खान दोनों एक ही व्यक्ति हैं।
सी.आर.- 1305/D-42

### सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम GHULAM ASKARI था जो अब बदलकर SYED GHULAM ASKARI ZAIDI हो गया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। SYED GHULAM ASKARI ZAIDI, S/o SYED SAFDAR ABBAS ZAIDI -427/776 KAMAL KHAN KA TEKRA DARIYABAD PRAYAGRAJ. 211003
सी.आर.- 1302/D-38

### सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम RAM KESHARWANI था जो अब बदलकर RAMBABU KESHARWANI हो गया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। RAMBABU KESHARWANI S/o CHIRAOJI LAL KESHARWANI -442 RAJAPUR PRAYAGRAJ. 211001
सी.आर.- 1302/D-29

### सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम AYUSH KUMAR KESHARWANI था जो अब बदलकर AYUSH KUMAR KESARWANI हो गया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए । AYUSH KUMAR KESARWANI S/o- RAMBABU KESHARWANI- 442 RAJAPUR PRAYAGRAJ. 211001
सी.आर.- 1302/D-31

### सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम Mohammad Asim था जो अब बदलकर Mohd. Asim हो गया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए । Mohd. Asim S/o Mohd. Saleem 19 A /2B आजाद नगर करामत की चौकी करैली प्रयागराज -211016
सी.आर.- 1302/D-32

### सूचना
मेरी पोलिसी संख्या-216159536 में त्रुटिवश मेरा नाम मुस्कान वर्मा दर्ज हो गया था, जबकि मेरा वास्तविक नाम आस्था पटेल है। जो मेरे आधार कार्ड सहित समस्त दस्तावेजों में भी दर्ज है। कृपया LIC में सुधार कर मान्य किया जाये। आस्था पटेल पुत्री स्व. अरविंद कुमार निवासी ग्राम- मवईया, पोस्ट-पिण्डोली, जिला- रायबरेली।
सी.आर.- 1308/D-43

### सूचना
मेरी पोलिसी संख्या-226702840 में त्रुटिवश मेरा नाम अरुणेश कुमार दर्ज हो गया था, जबकि मेरा वास्तविक नाम अरुण कुमार है। जो मेरे आधार कार्ड सहित समस्त दस्तावेजों में भी दर्ज है। कृपया LIC में सुधार कर मान्य किया जाये। अरुण कुमार पुत्र स्व. हरिसरन वर्मा, निवासी ग्राम- शहजादे पुर, पोस्ट-हसनापुर, गोसाईगंज, लखनऊ।
सी.आर.- 1309/L-44

### बेदखली सूचना
मेरा बड़ा बेटा तीरथ लाल व उसकी पत्नी संजू देवी के गलत आचरण, झगड़ालू प्रवृत्ति के कारण समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया हूं, वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। भाई लाल पुत्र राजपाल नि. पूरेअलीनकी न.पं. मानिकपुर, कुंडा, प्रतापगढ़।
सी.आर.- 1306/D-37

### सूचना/गजट
सोनपाल के स्थान पर आधारकार्ड में मेरा नाम सोनू त्रुटिवश लिख गया वास्तव में मेरा नाम सोनपाल (SONPAL) पुत्र रामपाल है इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। मो. सरदारनगर जलालाबाद शाहजहांपुर।
सी.आर.- 1304/D-25

### संबंध विच्छेद
मैने पुत्र हिमांशु गुप्ता को दुर्व्यवहार के कारण समस्तसंपत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद कर लिये। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। लल्ली पत्नी स्व.पप्पू गुप्ता नि.मो. सरायकाईया, आरसीमिशन, शाहजहांपुर।
सी.आर.- 1304/D-26

अदालती सूचना ता.पेशी 26.10.2026 इश्तहार मुजरिया न्यायालय सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर उत्तराधिकार वाद सं. 668 वर्ष 2026 आशुतोष शुक्ला बनाम श्रीमती बविता आदि बनामः-1-श्रीमती बविता पत्नी स्व.अंशुमान शुक्ला निवासी मोहल्ला रामनगर हरदयाल कूंचा कस्बा व तह.पुवायां जिला शाहजहांपुर 2-पावनी पुत्री स्व.अंशुमान शुक्ला 3-अक्षत शुक्ला पुत्र स्व.अंशुमान शुक्ला सर्वनिवासी मोहल्ला रामनगर हरदयाल कूंचा कस्बा व तह.पुवायां जिला शाहजहांपुर....प्रतिवादीगण। अंतर्गत धारा भा.उ.द.अधि. सन 1925ई. दरख्वास्त मुसम्मी आशुतोष शुक्ला वादी उक्त ने वास्ते हुसुल सर्टीफिकेट वसूल कर्जा किफलत हाय मुसम्मी स्व. श्रीमती निर्मल विमल सुन्दरी पत्नी स्व.रमाकान्त शुक्ला निवासी मोहल्ला रामनगर हरदयाल कूंचा पर.व तह. पुवायां जिला शाहजहांपुर मुतवफी भारतीय हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम सन 1925ई. हरगाह मुसम्मी आशुतोष शुक्ला वादी उक्त ने वास्ते हुमुल सर्टीफिकेट वतारीख 26.10.2026 वास्ते समाअत दरख्वास्त हाजा के मुकर्रर हुई है। लिहाजा इश्तहार जारी किया जाता है कि जिस किसी को दरख्वास्त हाजा की उजर हो तो स्वंय या वकील व तारीख 26.10.2026 को पेश होकर दरख्वास्त हाजा की उजर पेश करें। दरसूरत इन्काजे तारीख मुकर्रर कोई उजर सुना नहीं जायेगा और मुनासिव हुक्म सादिर होगा। आज वतारीख 17-09-2026 का मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया। न्यायालय के आदेशानसार मुंसरिम सिविल जज सी. डि. शाहजहांपुर।
सी.आर.- 1304/D-CN

**किसान सहकारी चीनी मिल्स लि० पुवायाँ (शाहजहाँपुर) उ० प्र०**
Email : powayan.sugar@gmail.com
पत्रांक: 209/GM/2026-27 दिनांक: 17.09.2026
**निविदा सूचना**
पेराई सत्र 2026-27 में इस मिल समिति में ई.टी.पी. अपग्रेडेशन, प्रेसमड विक्रय के साथ ही अन्य सिविल कार्य, सामग्री आपूर्ति एवं जॉब वर्क हेतु ई-निविदा एवं जेम बिड आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा को ई-टेण्डर एवं संघ की बेबसाइट www.etender.up.nic.in / www.upsugarfed.org एवं जेम बिड को जेम पोर्टल पर देखा एवं अपलोड किया जा सकता है।
प्रधान प्रबन्धक
सी.आर.- 1303/L

**ग्राम्याँचल विधि महाविद्यालय, हैदरगढ़-बाराबंकी**
(सम्बद्ध डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय)
(बार कौन्सिल ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त)
सहायक आचार्य के निम्नलिखित पाठ्यक्रमों में योग्य एवं अर्हित उम्मीदवारों के आवेदन वांछित है।
एल.एल.बी. त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम- 06 पद (विषय-विधि)
बी.ए. एलएल.बी. पंचवर्षीय पाठ्यक्रम-06 पद (विषय-विधि) एवं 01 पद (विषय-अंग्रेजी)
**योग्यताः** मास्टर डिग्री के साथ नेट/पी.एच.डी.।
**वेतनमान :-** यू.जी.सी. एवं बार कॉउन्सिल ऑफ इंडिया परिनियमावली के अनुरूप
इच्छुक अभ्यर्थी अपना शैक्षणिक बायोडाटा विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर Email Id-office.gvm@gmail.com पर प्रेषित करें।
**दूरभाष : 9792999068, 9415459629**
सी.आर.- 1295/D

**पूर्वोत्तर रेलवे**
**ई–ऑक्शन नोटिस**
**सं0–LJN-PRKG-33-26**
मण्डल रेल प्रबन्धक (वा०), पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु आईआरईपीएस के ई–ऑक्शनिंग के माध्यम से ई–ऑक्शन आमंत्रित की जाती है– **क्र०सं:– 1, लॉट सं०:– PARKING-LJN-BST-TW-163-26-1 (Parking-Two Wheeler), कार्य का विवरण:–** बस्ती स्टेशन के मेनगेट साईड दो पहिया पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, स्कूटर) का ठेका 03 वर्ष हेतु • निविदाकार प्रकाशित सूचना के अनुसार ई–ऑक्शन में भाग ले सकते हैं। ireps पोर्टल पर दिये गये तिथि/समय के अनुसार सभी लॉट की ई–ऑक्शन प्रारम्भ एवं बंद होंगी। • सभी लॉट के लिये ई–ऑक्शन दि०– 30.09.2026, 11:00 बजेप्रारंभ होकर 30.09.2026, 11:30 बजे बंद होगी। • इस ऑक्शन के लिये मैनुअल माध्यम से कोई ऑफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। यदि मैनुअल माध्यम से कोई ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। • अर्नेस्ट मनी की राशि (10%) का भुगतान केवल IREPS पॉर्टल पर ठेकेदार द्वारा लिंक किये गये बैंक खाते से किया जायेगा। मैनुअल विधि जैसे–डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर्स चौक, एफडीआर, जमा रसीद आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं होगी। • विज्ञप्ति सूचना एंव निविदा प्रपत्र प्रारूप तथा, नियम व शर्तों की सम्पूर्ण जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** (E-Auction module) पर उपलब्ध है।
**सहायक वाणिज्य प्रबन्धक**
मुजाधि/वाणिज्य–141 लखनऊ
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**अदालती नोटिस**
माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद में योजित प्रथम अपील सं० 606/2026
राम चन्द्र चन्द
बनाम
गीता चन्द्र
में पारित आदेश दिनांक 13–08–2026 के अनुपालन में गीता चन्द्र पत्नी रामचन्द्र चन्द निवासिनी ग्राम – चिलवा, थाना– गोला, जनपद गोरखपुर वर्तमान निवास–दाउदपुर (समाजघर), पोस्ट न्यू० शिवपुरी कालोनी, जिला–गोरखपुर 273016, मो० नं०. 8136041651 को सूचित किया जाता है कि उक्त वाद में आपको विपक्षी की तरफ से मा० उच्च न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने के लिये दिनांक 24.09.2026 तिथि मा० उच्च न्यायालय में नियत की गयी है।
बदस्त दिनांक 25.08.2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर न्यायालय द्वारा जारी।
ह० डिप्टी रजिस्ट्रार
उच्च न्यायालय इलाहाबाद
सी.आर.- 1312/D-CN

**उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड**
पत्रांक :– 615/वि0पारे0ख0(लखी0)/ दिनांक : 17.09.2026
अधिकृत एवं अनुभवी ठेकेदारों/फर्मों से निम्न कार्य हेतु खुली ई0–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा शुल्क सीधे अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड, लखीमपुर के खाता संख्या : 105405012212, आई0एफ0एस0सी0 कोड–ICIC0001054, बैंक का नाम–आई0सी0आई0सी0आई बैंक, शाखा लखीमपुर–खीरी, में जमा करना अनिवार्य है।
निविदा प्रपत्र etender.up.nic.in पर 12:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है तथा उसी दिन समय 14:00 बजे खोले जायेंगे। खुलने की तिथि को अवकाश की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। सम्पूर्ण निविदा या निविदा के किसी भाग को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।
**अति अल्पकालिन खुली ई–निविदा सूचना सं0–05/वि0पारे0ख0 (लखी0)/2026–27 दिनांक–24/09/2026 को निविदा खोली जायेगी।**
विद्युत पारेषण खण्ड, लखीमपुर के अन्तर्गत The fabrication, supply and installation of Bird Guards at R & Y phases disc insulator strings of all the 85 No. of suspention towers of 132 KV Nighasan- Khambarkhera D/C Transmission Line संबन्धी कार्य। धरोहर धनराशि रु0–2000.00/– मात्र निविदा शुल्क (रू0)–590.00/– मात्र।
**अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड, उ0प्र0 पावर ट्रान्स0 कारपो0 लि0 132 के0वी0 उपकेन्द्र (छाउछ) लखीमपुर–खीरी–262701**
"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

**उत्तर रेलवे**
**ई–निविदा सूचना**
उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण–II, उत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफॉर्मा पर **खुली ई–निविदाएँ एक पैकेट** में आमंत्रित की जाती हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में "जौनपुर–जफराबाद दोहरीकरण" के संबंध में जफराबाद यार्ड का री–मॉडलिंग, B.G. ट्रैक एवं टर्नआउट को जोड़ना, ग्लूड जॉइंट एवं SEJ का प्रावधान, बैलास्ट की हैंडलिंग, लिफ्टिंग, लोडिंग, अनलोडिंग एवं फैलाव, P-way सामग्री को पहुँचाना, Cess में बैलास्ट की सप्लाई तथा अन्य संबंधित कार्य।" |
| 2 | कार्य पूरा करने की अवधि | 08 (आठ) माह |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 959.40 लाख |
| | घटक 'ए'–पी. वे कार्य+लीडिंग कार्य (बैलास्ट को छोड़कर) (कोई भी ट्रैक कार्य) | रु. 567.29 लाख |
| | घटक 'बी'–बैलास्ट की आपूर्ति (रेलवे/सड़क कार्य हेतु मशीन से क्रश किए गए पत्थर के बैलेस्ट/एग्रीगेट की आपूर्ति) | रु. 392.11 लाख |
| 4 | धरोहर राशि | रु. 19,18,800/– मात्र |
| 5 | ई निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख | निविदाएँ दिनाँक **09.10.2026** को 15.00 बजे तक आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड की जा सकती है तथा दिनाँक **09.10.2026** को समय 15.00 बजे खोली जाएगी। |
| 6 | विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनाँक **18.09.2026** से आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध रहेंगें व दिनाँक **25.09.2026** से **09.10.2026** तक ई–निविदा अपलोड की जा सकती है। |

संख्या–16–टेण्डर/उपमुइंजी/नि0–II/वाराणसी दिनांकः 17.09.2026 3210/26
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**कार्यालय ग्राम पंचायत मालूपुर विकास खण्ड जलालाबाद जिला शाहजहाँपुर**
**निविदा आमन्त्रण सूचना (ग्राम पं./मेमो/2026-27)**
**6वां राज्य वित्त आयोग/16वां केन्द्रीय वित्त आयोग के अन्तर्गत**
आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता कि ग्राम पंचायत मालूपुर में वर्ष 2026-27 की कार्य योजनानुसार निर्माण कार्य हेतु निर्धारित दरों पर सील बन्द निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं इच्छुक फर्म मालिक दिनांक 18/09/2026 से 24/09/2026 को समय दोपहर 2 बजे तक निविदायें प्राप्त करा सकते हैं उसी दिन 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदायें खोली जायेंगी। सामग्री आपूर्ति का विवरण- विद्यालय में कायाकल्प, बाउन्ड्रीवाल, हरीशंकरी ट्री-गार्ड, रास्ता व जल भराव, वि. शौचालय, पंचायत घर/सामुदायिक शौचालय मरम्मत, आंगनवाड़ी कायाकल्प हेतु ईंट खड़ंजा, रोड़ा, ईंट प्रथम श्रेणी, रेता महीन, मोरंग-बजरी, सरिया, सीमेन्ट, स्टेषनरी, हैन्डपम्प मरम्मत/रिबोर, इण्टरलॉक ईंट, फर्नीचर, ह्यूम पाइप, टायल्स, सफाईकर्मी किट, वॉल पेन्टिंग, सैनेटाइजर, ठेली, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना/मरम्मत, समरसेविल, विधुत फिटिंग, बाल मैत्रिक मूत्रालय, दिव्यांग षौचालय, मिट्टी कार्य, प्रसार बोर्ड, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, हार्डवेयर/प्लंबिंग सम्बन्धी मॉल, सेनिट्रीवेयर, ठोस एवं तरल अवषिष्ट प्रवन्धन हेतु कराये जाने वाले कार्यों में प्रयोगार्थ प्रत्येक वस्तु, समस्त क्रय का भुगतान सामग्री आपूर्ति के बाद किया जायेगा, अग्रिम नहीं। नोट- विस्तृत जानकारी ग्रा. पं. कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
**प्रशासक** **सचिव**

**कार्यालय ग्राम पंचायत ढका ता. उजेरा विकास खण्ड जलालाबाद जिला शाहजहाँपुर**
**निविदा आमन्त्रण सूचना (ग्राम पं./मेमो/2026-27)**
**6वां राज्य वित्त आयोग/16वां केन्द्रीय वित्त आयोग के अन्तर्गत**
आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता कि ग्राम पंचायत ढका ता. उजेरा में वर्ष 2026-27 की कार्य योजनानुसार निर्माण कार्य हेतु निर्धारित दरों पर सील बन्द निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं इच्छुक फर्म मालिक दिनांक 18/09/2026 से 24/09/2026 को समय दोपहर 2 बजे तक निविदायें प्राप्त करा सकते हैं उसी दिन 4 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदायें खोली जायेंगी। सामग्री आपूर्ति का विवरण- विद्यालय में कायाकल्प, बाउन्ड्रीवाल, हरीशंकरी ट्री-गार्ड, रास्ता व जल भराव, वि. शौचालय, पंचायत घर/सामुदायिक शौचालय मरम्मत, आंगनवाड़ी कायाकल्प हेतु ईंट खड़ंजा, रोड़ा, ईंट प्रथम श्रेणी, रेता महीन, मोरंग-बजरी, सरिया, सीमेन्ट, स्टेषनरी, हैन्डपम्प मरम्मत/रिबोर, इण्टरलॉक ईंट, फर्नीचर, ह्यूम पाइप, टायल्स, सफाईकर्मी किट, वॉल पेन्टिंग, सैनेटाइजर, ठेली, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना/मरम्मत, समरसेविल, विधुत फिटिंग, बाल मैत्रिक मूत्रालय, दिव्यांग षौचालय, मिट्टी कार्य, प्रसार बोर्ड, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, हार्डवेयर/प्लंबिंग सम्बन्धी मॉल, सेनिट्रीवेयर, ठोस एवं तरल अवषिष्ट प्रवन्धन हेतु कराये जाने वाले कार्यों में प्रयोगार्थ प्रत्येक वस्तु, समस्त क्रय का भुगतान सामग्री आपूर्ति के बाद किया जायेगा, अग्रिम नहीं। नोट- विस्तृत जानकारी ग्रा. पं. कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
**प्रशासक** **सचिव**

**कार्यालय ग्राम पंचायत रुस्तमपुर चक विकास खण्ड जलालाबाद जिला शाहजहाँपुर**
**निविदा आमन्त्रण सूचना (ग्राम पं./मेमो/2026-27)**
**6वां राज्य वित्त आयोग/16वां केन्द्रीय वित्त आयोग के अन्तर्गत**
आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता कि ग्राम पंचायत रुस्तमपुर चक में वर्ष 2026-27 की कार्य योजनानुसार निर्माण कार्य हेतु निर्धारित दरों पर सील बन्द निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं इच्छुक फर्म मालिक दिनांक 18/09/2026 से 23/09/2026 को समय दोपहर 2 बजे तक निविदायें प्राप्त करा सकते हैं उसी दिन 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदायें खोली जायेंगी। सामग्री आपूर्ति का विवरण- विद्यालय में कायाकल्प, बाउन्ड्रीवाल, हरीशंकरी ट्री-गार्ड, रास्ता व जल भराव, वि. शौचालय, पंचायत घर/सामुदायिक शौचालय मरम्मत, आंगनवाड़ी कायाकल्प हेतु ईंट खड़ंजा, रोड़ा, ईंट प्रथम श्रेणी, रेता महीन, मोरंग-बजरी, सरिया, सीमेन्ट, स्टेषनरी, हैन्डपम्प मरम्मत/रिबोर, इण्टरलॉक ईंट, फर्नीचर, ह्यूम पाइप, टायल्स, सफाईकर्मी किट, वॉल पेन्टिंग, सैनेटाइजर, ठेली, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना/मरम्मत, समरसेविल, विधुत फिटिंग, बाल मैत्रिक मूत्रालय, दिव्यांग षौचालय, मिट्टी कार्य, प्रसार बोर्ड, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, हार्डवेयर/प्लंबिंग सम्बन्धी मॉल, सेनिट्रीवेयर, ठोस एवं तरल अवषिष्ट प्रवन्धन हेतु कराये जाने वाले कार्यों में प्रयोगार्थ प्रत्येक वस्तु, समस्त क्रय का भुगतान सामग्री आपूर्ति के बाद किया जायेगा, अग्रिम नहीं। नोट- विस्तृत जानकारी ग्रा. पं. कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
**प्रशासक** **सचिव**

**उत्तर रेलवे**
**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **12.10.2026** को **15.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| 1 | **निविदा सूचना संख्या :** 00932026 dated 17.09.2026 |
| 2 | **निविदा संख्या :** 11-Sr.DEN-II/LKO/2026-27, 12-Sr.DEN-II/LKO/2026-27 and 13-Sr.DEN-II/LKO/2026-27 |
| 3 | **कार्य का नाम : For S.no.1 :** ADEN/MBDP के अधीन SSE/W/MBDP के अनुभाग में Sr.DEN-II/LKO के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर ठेकेदार की स्वयं की मिट्टी का उपयोग करते हुए सैस की मरम्मत एवं तटबंध को सुदृढ़ करने का कार्य प्रस्तावित हैं। **For S.no.2 :** Sr.DEN-II/LKO के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत ADEN/RBL के अधीन SSE/W/RBL के अनुभाग में विभिन्न स्थानों पर ठेकेदार की स्वयं की मिट्टी का उपयोग करते हुए सैस की मरम्मत एवं तटबंध को सुदृढ़ करने का कार्य प्रस्तावित हैं। **For S.no.3 :** Sr.DEN-II/LKO के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत ADEN/RBL के अनुभाग में RBL एवं AME में कॉलोनी की सड़कों का उन्नयन एवं सुधार कार्य प्रस्तावित हैं। |
| 4 | **अनुमानित लागत : For S.no.1 :** Rs. 4,65,07,184.33, **For S.no.2 :** Rs. 2,73,89,668.40, **For S.no.3 :** Rs. 1,69,10,203.00 |
| 5 | **धरोहर राशि : For S.no.1 :** Rs. 9,30,200.00, **For S.no.2 :** Rs. 5,47,800.00, **For S.no.3 :** Rs. 3,38,200.00 |
| 6 | **कार्य की समापन अवधि : For S.no.1, 2 and 3 :** स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 08 माह |
| 7 | **निविदा डालने का प्रारंभ :** 28.09.2026 |
| 8 | **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 12.10.2026 |
| 9 | **बेबसाईट : www.ireps.gov.in** |

नोटः- निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 3225/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
**ई– ऑक्शन सुचना**
वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| नीलामी सूचि स० | **Catering-11-26** |
| कार्य का विवरण | Allotment of Catering Stall at Various stations of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09-09-2026 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि ( समस्त लाट ) | 24-09-2026 at 11:00 hrs |
| नीलामी बंद करने की तिथि व समय | 24-09-2026 at 11:40 hrs |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of **www.ireps.gov.in** |

**Details of catering stalls to be auctioned are as under:-**

| SN | Station | Lot No. | Stall ID | Close Date/Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UGRASENPUR | Catg-LKO-URPR-GMU-80-24-2 | URPR/PF-1/100/ADDL | 24.09.2026 at 11:30 hrs | GMU | Women |
| 2 | GAURIGANJ | Catg-LKO-GNG-GMU-71-24-1 | GNG/PF-1/18/ADDL | 24.09.2026 at 11:40 hrs | GMU | WOMEN |

No: C-285-Letter of award /E-auction/2024/JSM Dt:-16-09-2026 3224/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अदालती सूचना**
**इत्तिला नाम बनाम रेस्पाडेन्ट मुशहर इत्तिला तारीख (बाबत आवाम फरोख्त के लिये)**
**के जो समाउत अपील के लिए मुकर्रर की जाय।**
**बअदालत न्यायालय जनपद न्यायाधीश मीरजापुर।**
**अपील संख्या 11 सन् 2026**
**राजेन्द्र प्रसाद दूबे व अन्य बनाम कैलाश नाथ दूबे व अन्य**
श्रीमती वृजावती देवी उम्र लगभग 85 वर्ष पत्नी विजय शंकर द्विवेदी, राकेश कुमार द्विवेदी उम्र लगभग 58 वर्ष पुत्र विजय शंकर द्विवेदी, सुरेश कुमार द्विवेदी उम्र लगभग 50 वर्ष पुत्र विजय शंकर द्विवेदी समस्त निवासीगण ग्राम बैसुखिया, तप्पा 84 परगना कंतित, तहसील सदर, जिला-मीरजापुर हाल मुकाम पाण्डेयपुर षहर पो0-सदर तहसील सदर जिला-मीरजापुर। श्रीमती रेखा देवी उम्र लगभग 55 वर्ष पत्नी देवव्रत तिवारी पुत्री विजय शंकर द्विवेदी ग्राम व पो0-कछवॉ तहसील सदर जिला -मीरजापुर हाल मुकाम पक्के पोखरा शहर पो0-सदर जिला-मीरजापुर सुनीता देवी उम्र 32 वर्ष पत्नी श्याम मुरारी दूबे पुत्री रूद्र प्रसाद ग्राम सहसेपुर पो0-औराई जिला-संतरविदास नगर भदोही मुत्तिला अपील हो अपील बनाराजी डिग्री राजेन्द्र प्रसाद दूबे व अन्य बनाम कैलाश नाथ दूबे व अन्य मुकदमा मुन्दराजावाल मे मुसम्मी ने पेश किया और इस न्यायालय मे दर्ज हुआ। अदालत से तारीख 25.09.2026 वास्ते समाअत इस अपील के मुकर्रर की है अगर खुद आप या आपका वकील या कोई और शख्स जो कानूनन आपकी तरफ से हाजा मे सवाल जवाब करने का मजाज हो हाजिर न आवेगा जो उसकी समाअत और तजबीज आपकी गैर हाजीर मे की जायेगी।
तारीख 02.09.2026 ई0 मेरे दस्तखत और मोहर व अदालत के जारी किया गया।
**तारीख पेशी 25.09.2026**
**न्यायालय जनपद न्यायाधीश**
सी.आर.- 1313/D-CN

अदालती सूचना ता.पेशी 18.09.2026 सम्मन तनकीह तलब आर्डर 5 कायदा 1 व 5 न्यायालय उपजिलाधिकारी पुवायां शाहजहांपुर। वाद सं. टी202512610212705 धर्मेन्द्र सिंह बनाम हरजीत सिंह आदि बनामः-1-प्रभदीप सिंह 2-गुरशरन सिंह पुत्रगण स्व.इकबाल सिंह 3-श्रीमती हरजिन्दर कौर पत्नी स्व.इकबाल सिंह सर्वनिवासी ग्राम मैनिया मु.मैना पर.खुटार तह.पुवायां जिला शाहजहांपुर। तह0सदर जिला शाहजहांपुर...प्रतिवादी सं. 4, 5 व 6 हरगाह धर्मेन्द्र सिंह वादी उक्त ने आपके नाम एक नालिश अंतर्गत धारा 116 उ.प्र.राजस्व संहिता भूमि स्थित ग्राम मैनिया मु.मैना पर.खुटार तह.पुवायां जिला शाहजहांपुर के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि वतारीख 18 माह 09 सन 2026ई. ववक्त दस बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील जो मुकदमें की कार्रवाई से वाकिफ किया गया हो हाजिर हो जवाबदेही दावा की करे। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपने जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हों आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आपके मुसामत और फैसला होगा। मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से 16 माह 09 के सन 2026ई.में जारी किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार पेशकार/अहलमद माल उपजिलाधिकारी पुवायां शाहजहांपुर।
सी.आर.- 1304/D-CN

# बीबीडी में बेखौफ बदमाशों का तांडव, ताबड़तोड़ 6 राउंड फायरिंग

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के

**– बीच-बचाव में आए युवक को लगी गोली**

**– रंगदारी और समझौते के दबाव में वारदात**

बीबीडी (बाबू बनारसी दास) थाना क्षेत्र अंतर्गत तिवारीगंज स्थित पार्श्वनाथ सिटी के पास गुरुवार देर रात बदमाशों ने दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देते हुए ताबड़तोड़ 5 से 6 राउंड गोलियां बरसाईं। फायरिंग के दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे नितिन यादव नाम के युवक के हाथ में गोली लग गई। वारदात को अंजाम



देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रंगदारी, जानलेवा हमले और साजिश का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पार्श्वनाथ सिटी निवासी सुधांशु तिवारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 17 सितंबर की रात करीब 1:30 बजे 7-8 हथियारबंद बदमाश उनके फ्लैट के आसपास रेकी कर रहे थे और उनके व उनके साथी शिवचन के बारे में पूछताछ कर रहे थे। संदिग्धों को देखकर सुधांशु ने डायल-112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम जब सोसाइटी के अंदर पूछताछ के लिए गई, तभी सुधांशु अपने साथियों के साथ सीएमएस स्कूल व लखनऊ मार्बल्स के पास पहुंचे। वहां पहले से घात लगाकर बैठे बदमाशों ने उन्हें देखते ही जान से मारने की नीयत से ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। इसी दौरान नितिन यादव बीच-बचाव करने लगा, जिसके हाथ में गोली लग गई। सुधांशु का आरोप है कि हमलावरों ने भागते समय ललकारते हुए कहा, 'ऋषभ राय भाई से उलझने का मतलब समझ लो।' यही नहीं, एक हमलावर ने मौके से भागते समय किसी को फोन मिलाकर कहा, 'ऋषभ भैया, गोली मार दी है, काम हो गया है।' पीड़ित के मुताबिक, आरोपी ऋषभ राय इलाके का हिस्ट्रीशीटर है और कई आपराधिक मुकदमों में वांछित है। इससे पूर्व भी ऋषभ गैंग ने उनके साथी शिवचन सिंह पर गोली चलाई थी। उस पुराने मुकदमे में समझौते और रंगदारी को लेकर शिवचन व उनके साथियों पर लगातार दबाव बनाया जा रहा था।

घटना की पूरी वारदात पास में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। बीबीडी थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर हिस्ट्रीशीटर ऋषभ राय और उसके अज्ञात साथियों के खिलाफरंगदारी, जानलेवा हमला व साजिश की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की शिनाख्त की जा रही है और गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

# जनेश्वर मिश्र पार्क केस : हिंदू नाम बताकर दोस्ती करने वाला शाहनवाज गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के गोमती नगर विस्तार स्थित जनेश्वर

**– जान से मारने की नीयत से युवती पर चढ़ा दी थी कार**

**– कार सीज, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा**

मिश्र पार्क के गेट नंबर-4 पर युवती के ऊपर गाड़ी चढ़ाकर कुचलने के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल की गई हुंडाई वर्ना कार (यूपी32 केएच 8090) को भी सीज कर दिया है। थाना गोमती नगर विस्तार पुलिस टीम ने घटना की सूचना मिलते ही जांच शुरू की। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालने तथा अपनी जाचं के आधार पर पुलिस ने 16 सितंबर को ही



जनेश्वर मिश्र पार्क के गेट नंबर-2 के पास से नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया था। गिरफ्तार अभियुक्त शाहनवाज अहमद (उम्र करीब 27 वर्ष) पुत्र नूर अली निवासी नया महिपतमऊ, अंधे की चौकी के पास, थाना दुबग्गा का रहने वाला है। पीड़िता की तहरीर और साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने थाना गोमती नगर विस्तार पर मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस की ओर से घटना में प्रयुक्त कार को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 एमवी एक्ट के तहत सीज कर दिया गया है। अभियुक्त शाहनवाज अहमद को विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

### क्या था पूरा मामला?

उल्लेखनीय है कि 16 सितंबर की सुबह लगभग 06 बजे जनेश्वर मिश्र पार्क के गेट नंबर-4 के पास आरोपी शाहनवाज ने अपनी प्रेमिका (पीड़िता) के साथ विवाद होने के बाद जान से मारने की नीयत से उस पर अपनी तेज रफ्तार वर्ना कार चढ़ा दी थी। पीड़िता ने आरोपी पर पहचान छिपाकर (खुद को यश ठाकुर बताकर) अफेयर चलाने और दूसरी युवती के साथ पकड़े जाने पर विवाद के बाद गाड़ी चढ़ाने का आरोप लगाया था।

इस महत्वपूर्ण सफलता में उप-निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह (विवेचक), उप-निरीक्षक सतेन्द्र कुमार सिंह, उप-निरीक्षक सत्यम गुप्ता, उप-निरीक्षक आयुष यादव तथा हेड कांस्टेबल रामू यादव (थाना गोमती नगर विस्तार, लखनऊ) शामिल रहे।

## खबर एक नज़र

### चोरों ने निर्माणाधीन मकान को बनाया निशाना

**स्वतंत्र भारत, पीजीआई।** पीजीआई थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने एक निर्माणाधीन मकान को निशाना बनाकर करीब दो लाख रुपये कीमत का सामान चोरी कर लिया। चोर बाथरूम और किचन की महंगी फिटिंग, पेंट, प्राइमर, करीब 360 मीटर वायर, चार इलेक्ट्रिक बोर्ड समेत अन्य सामान उठा ले गए। चोरों ने जनरेटर का कॉयल निकालने का भी प्रयास किया। वहीं पीड़ित ने थाने अज्ञात चोरों के खिलफथाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। जानकारी के मुताबिक राजेश कुमार चौधरी पुत्र लाल बहादुर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कामाख्या एन्क्लेव, रायबरेली रोड-किसान पथ के पास उनका निर्माणाधीन मकान है। बीते 2 सितंबर को अज्ञात चोर मकान में घुसे और सामान चोरी कर ले गए। सुबह घटना की जानकारी होने पर पीड़ित ने तत्काल 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पीड़ित के मुताबिक चोरी हुए सामान में बाथरूम और किचन की फिटिंग के अलावा 20 लीटर प्राइमर की बाल्टी, 20 लीटर पेंट, करीब 360 मीटर वायर और चार इलेक्ट्रिक बोर्ड समेत अन्य सामान शामिल है। चोरी गए सामान की अनुमानित कीमत करीब दो लाख रुपये बताई गई है। घटना के संबंध में पीड़ित ने 16 सितंबर को पीजीआई थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफतहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### ला मार्टिनियर बॉयज कॉलेज के बाहर छात्रों के दो गुटों में खूनी संघर्ष

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के प्रतिष्ठित ला मार्टिनियर बॉयज कॉलेज के बाहर गुरुवार को छात्रों के दो गुटों के बीच जमकर मारपीट और खूनी संघर्ष हो गया। घटना कॉलेज के गेट नंबर-4 के पास की है, जहां पुरानी रंजिश को लेकर 12वीं कक्षा के छात्रों ने एक साथी छात्र पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हिंसक झड़प में मानवेश नाम का छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि कई अन्य छात्रों को भी चोटें आई हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस आधा दर्जन छात्रों को हिरासत में लेकर गौतमपल्ली थाने ले आई। गौतमपल्ली थाना प्रभारी के मुताबिक, करीब दो सप्ताह पूर्व छात्रों के बीच आपस में हंसी-मजाक के दौरान कहासुनी हो गई थी। उसी बात को लेकर छात्रों के मन में रंजिश चल रही थी। गुरुवार को जैसे ही छात्र गेट नंबर-4 के बाहर निकले, पहले से घात लगाकर मौजूद गुट ने दूसरे पर हमला बोल दिया, जिससे मौके पर भगदड़ मच गई। घटना में गंभीर रूप से घायल छात्र मानवेश के पिता ने मामले की गंभीरता को देखते हुए गौतमपल्ली थाने में लिखित तहरीर दी। पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने 12वीं कक्षा के 7 नामजद छात्रों के खिलाफसंबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। गौतमपल्ली पुलिस का कहना है कि मामले में नामजद सभी आरोपी छात्र नाबालिग हैं। घटना के बाद छात्रों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाल रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### माल में दंपति से छिनौती

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** माल थाना क्षेत्र में एक दंपति के साथ छिनौती की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। सालेह नगर के पास बाइक सवार बदमाश ने दंपति को निशाना बनाते हुए महिला का पर्स, मोबाइल फोन, पांच हजार रुपये नगद और सोने का मंगलसूत्र छीन लिया। पीड़ित का आरोप है कि माल पुलिस ने मामले में ढिलाई बरतते हुए घटना के 24 घंटे बाद एफआईआर दर्ज की और गंभीर धाराएं हटाने के लिए लूट की जगह केवल छिनौती का मुकदमा दर्ज किया। पीड़ित दंपति के अनुसार, वारदात के तुरंत बाद उन्होंने हिम्मत दिखाते हुए बाइक सवार बदमाश का पीछा भी किया, लेकिन आरोपी तेज रफ्तार में चकमा देकर मौके से भागने में सफल रहा। पीड़ित का कहना है कि घटना की तत्काल सूचना पुलिस को दी गई थी, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाने के बजाय मामले को टालने का प्रयास किया। पीड़ित परिवार ने माल थाना पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि पुलिस अपराध का ग्राफकम दिखाने के लिए लूट जैसी गंभीर घटना को छिनौती में बदलकर दर्ज कर रही है।

# विवेक हत्याकांड : पूर्व सिपाही प्रशांत गैर-इरादतन हत्या का दोषी, सह-आरोपी संदीप बरी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में 8 वर्ष पूर्व हुए चर्चित एप्पल के एरिया

**– पत्नी कल्पना तिवारी ने जताई नाराजगी**

**– फैसले के खिलाफ जाएंगी हाईकोर्ट**



सेल्स मैनेजर विवेक तिवारी हत्याकांड में जिला एवं सत्र अदालत ने अपना फैसला सुना दिया है। अदालत ने मुख्य आरोपी पूर्व सिपाही प्रशांत चौधरी को गैर-इरादतन हत्या का दोषी ठहराया है, जबकि मामले में आरोपी दूसरे सिपाही संदीप कुमार को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया है।

**2018 में चेकिंग के दौरान सिपाही ने मारी थी गोली**

उल्लेखनीय है कि 29 सितंबर 2018 की देर रात एप्पल के मैनेजर विवेक तिवारी अपनी सहकर्मी सना खान के साथ कार से घर लौट रहे थे। गोमती नगर विस्तार स्थित मकदूमपुर पुलिस चौकी के पास गश्त कर रहे सिपाही प्रशांत चौधरी और संदीप कुमार ने कार रोकने का इशारा किया था। पुलिस के अनुसार, कार न रुकने और साइड से टक्कर लगने की स्थिति बनने पर प्रशांत चौधरी ने सीधे विवेक तिवारी पर गोली चला दी थी, जिससे अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई थी।

घटना के बाद विवेक की सहकर्मी सना खान की तहरीर पर गोमती नगर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। शासन के निर्देश पर गठित विशेष जांच दल ने गहन जांच के बाद कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। मामले में लंबी सुनवाई, गवाहों के बयान और साक्ष्यों के अवलोकन के बाद अदालत ने प्रशांत चौधरी को दोषी पाया। अदालत के इस फैसले पर विवेक तिवारी की पत्नी कल्पना तिवारी ने गहरा असंतोष और नाराजगी व्यक्त की है। अपने भाई विष्णु के साथ कोर्ट पहुंचीं कल्पना तिवारी ने भावुक होते हुए फैसले को अन्यायपूर्ण बताया। कल्पना तिवारी ने सवाल उठाते हुए कहा, प्रशांत चौधरी एक ट्रेंड सिपाही था, ऐसे में उससे गलती से गोली चलने की बात गले नहीं उतरती। मेरे पति की सीधी गोली मारकर हत्या की गई थी। कम से कम फांसी या आजीवन कारावास की सजा होनी चाहिए थी। उन्होंने दूसरे सिपाही संदीप कुमार को बरी किए जाने पर भी सवाल उठाए और कहा कि दोनों सिपाहियों की बराबर की भूमिका थी। पीड़ित परिवार ने इस फैसले के खिलाफहाईकोर्ट में अपील करने का ऐलान किया है।

# महिला की गला काटकर हत्या, नहर किनारे मिला शव

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के काकोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत

**– दूसरे पति ने पहले पति पर लगाया हत्या का आरोप**

गोहरामऊ गांव में एक महिला की गला काटकर निर्मम हत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है।

गुरुवार सुबह महिला का शव गांव के पास नहर किनारे मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। मृतका की पहचान प्रेमावती उर्फपरी (35) के रूप में हुई है, जो वर्तमान में प्रदीप यादव की पत्नी के रूप में रह रही थी।

घटना की सूचना मिलते ही एसीपी शकील अहमद पुलिस बल, फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड के साथ मौके पर पहुंचे और साक्ष्य जुटाकर शव को कब्जे में लिया। पुलिस जांच में सामने आया है कि प्रेमावती की पहली शादी करीब 18 साल पहले सेमरामऊ निवासी राजू यादव से हुई थी, जिससे उसका 16 साल का एक बेटा भी है जो अपने पिता के साथ रहता है। पहले पति की शराब पीने की आदत से परेशान होकर प्रेमावती ने करीब 7 महीने पहले उससे तलाक ले लिया था। इसके बाद उसने काकोरी के गोहरामऊ निवासी मजदूरी करने वाले प्रदीप यादव से कोर्ट मैरिज कर ली थी, जिनके बीच पिछले 3 वर्षों से संबंध थे। पति प्रदीप यादव ने पुलिस को बताया कि बुधवार रात करीब 10 बजे प्रेमावती ने उसके साथ खाना खाया और दोनों सो गए।

रात लगभग 12 बजे जब उसकी आंख खुली तो प्रेमावती बिस्तर पर नहीं थी। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा। गुरुवार सुबह करीब 7:30 बजे ग्रामीणों ने नहर किनारे प्रेमावती का खून से लथपथ शव देखा और पुलिस व प्रदीप को इसकी सूचना दी। घटनास्थल पर संघर्ष के निशान मिले हैं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि महिला ने हत्या से पहले खुद को बचाने का प्रयास किया था। मृतका के चाचा ससुर के अनुसार, प्रेमावती अपने पहले पति राजू से बातचीत करती रहती थी। पति प्रदीप ने काकोरी थाने में पहले पति राजू यादव पर हत्या का आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत दी है। पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर मामले की गहन जांच में जुटी है। मौके पर पहुंचे एसीपी शकील अहमद ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड की मदद से घटनास्थल से अहम साक्ष्य एकत्र किए गए हैं। तहरीर और शुरुआती जांच के आधार पर पुलिस अग्रिम कानूनी कार्रवाई कर रही है।

# सरकारी सामान की चोरी करने वाले दो शातिर गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** राजधानी के अति-सुरक्षित इलाके में स्थित शक्ति भवन के अंदर से बिजली के उपकरण

**– भारी मात्रा में केबल ग्लैंड बरामद**

**– बेचने की फिराक में चढ़े पुलिस के हत्थे**

चुराने वाले दो शातिर चोरों को हजरतगंज पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से चोरी किए गए 103 अदद बिजली के केबल जोड़ने वाले मेटल सॉकेट (ग्लैंड) बरामद किए हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। मामला 16 सितंबर का है, जब शक्ति भवन के अंदर कार्यरत निजी कंपनी के प्रतिनिधि अर्पित श्रीवास्तव (निवासी कल्याणपुर, लखनऊ) ने हजरतगंज थाने में तहरीर दी। उन्होंने बताया कि शक्ति भवन के अंदर स्थित साइट व स्टोर से बिजली की मोटी केबलों को जोड़ने में इस्तेमाल होने वाले कीमती मेटल सॉकेट (ग्लैंड) चोरी हो गए हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच महिला उप-निरीक्षक सुधा दीक्षित को सौंपी। घटनास्थल और शक्ति भवन परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालने तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय करने के बाद हजरतगंज पुलिस को बड़ी सफलता मिली। 16 सितंबर की रात करीब 9:30 बजे पुलिस टीम ने न्यू लक्ष्मण मेला मैदान के अंदर से दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में अरविन्द (32 वर्ष) पुत्र राजेश, निवासी असोहना (सतरीक, बाराबंकी), हाल पता मटियारी, चिनहट, लखनऊ व सूरज (25 वर्ष) पुत्र रूपनरायण, निवासी रतौली (लालगांव, सीतापुर), हाल पता डूडा कालोनी, हरदासी खेड़ा, चिनहट, लखनऊ शामिल हैं। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे मजदूरी की आड़ में चोरी करते हैं। उन्होंने 14 सितंबर की शाम करीब 4:30 बजे शक्ति भवन के स्टोर से यह सामान चुराया था। वारदात के दौरान अरविंद बाहर से रेकी करता था और सूरज अंदर चोरी को अंजाम देता था। चोरी के बाद उन्होंने माल को लक्ष्मण मेला मैदान की झाड़ियों में छिपा दिया था और उसे बेचने की फिराक में थे।

पुलिस ने आरोपी अरविंद के कब्जे से 65 अदद और सूरज के कब्जे से 38 अदद (कुल 103 छोटे-बड़े साइज के केबल ग्लैंड/सॉकेट) बरामद किए हैं। पुलिस मामले में तीसरे वांछित आरोपी (सत्यम) की तलाश और अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटा रही है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में महिला उप-निरीक्षक सुधा दीक्षित, उप-निरीक्षक राजशेखर, कांस्टेबल रोशन एवं कांस्टेबल संतोष कुमार (थाना हजरतगंज, लखनऊ) शामिल रहे।

# फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चुराते थे बाइक

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ की सरोजनीनगर थाना पुलिस टीम ने अंतरजनपदीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए गैंग के सरगना

**– वाहन चोर गिरोह का सरगना समेत दो शातिर गिरफ्तार**

**– १ नाबालिग पकड़ा गया, ८ बाइकें बरामद**

समेत दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक नाबालिग को पुलिस संरक्षण में लिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई 8 मोटरसाइकिलें (अनुमानित कीमत लगभग 7 लाख रुपये) और फर्जी नंबर प्लेट्स बरामद की हैं।

थाना सरोजनीनगर क्षेत्र के गौरी बाजार और स्कूटर इंडिया चौराहे से बाइक चोरी के संबंध में पीड़ितों द्वारा दर्ज मुकदमों के बाद पुलिस उपायुक्त दक्षिणी मो. मुश्ताक के निर्देशन में 4 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। पुलिस टीम ने 120 से अधिक सीसीटीवी फुटेज, टेक्निकल व मैनुअल साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से 17 सितंबर को घेराबंदी कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार अभियुक्तों में योगेंद्र कुमार उर्फ योगेंद्र सिंह उर्फ विक्की (42 वर्ष) निवासी ढरसवा (असोहा, उन्नाव), हाल पता दरोगाखेड़ा (सरोजनीनगर, लखनऊ), बासुदेव (35 वर्ष) निवासी भटपुरा (अजगैन, उन्नाव), हाल पता विजयनगर (कृष्णानगर, लखनऊ), व एक नाबालिग अपचारी शामिल हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे सभी मूल रूप से जनपद उन्नाव के रहने वाले हैं और आपस में दोस्त हैं। शौक पूरे करने और पैसे कमाने के लिए वे भीड़भाड़ वाली जगहों से बाइक चोरी करते थे। चोरी के बाद वे वाहनों की नंबर प्लेट हटा देते थे या फर्जी नंबर प्लेट लगाकर उन्हीं मोटरसाइकिलों से लखनऊ के अलग-अलग इलाकों में जाकर अगली बाइक चुराते थे। जब काफी संख्या में वाहन इकट्ठा हो जाते, तो उन्हें बेच देते थे। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार गिरफ्तार सरगना योगेंद्र कुमार के खिलाफ उन्नाव और लखनऊ के विभिन्न थानों (बंथरा, सरोजनीनगर, अजगैन, सोहरामऊ) में चोरी और यूपी गैंगस्टर एक्ट सहित 6 मुकदमे दर्ज हैं। वहीं आरोपी बासुदेव के खिलाफभी पारा थाने में चोरी का मामला दर्ज है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से 8 मोटरसाइकिलें (जिनमें स्प्लेंडर और सुपर स्प्लेंडर शामिल हैं) बरामद की हैं, जिन पर फर्जी नंबर प्लेट लगी हुई थीं। सरोजनीनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित कानूनी धाराओं में कार्रवाई करते हुए उन्हें अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया है।

# चिनहट के होटल में हरदोई के युवक ने की आत्महत्या

**स्वतंत्र भारत, चिनहट।** राजधानी के चिनहट थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित जश्न होटल के एक कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक द्वारा

**– बंद कमरे में मिला शव**

आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। होटल स्टाफकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा खुलवाकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया है। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान विवेक पांडे (32 वर्ष), पुत्र राम प्रताप पांडे, निवासी जनपद हरदोई के रूप में हुई है। विवेक पांडे ने बुधवार (16 सितंबर) दोपहर करीब 02:40 बजे चिनहट स्थित जश्न होटल के कमरा नंबर 115 में चेक-इन किया था। चेक-इन करने के बाद जब युवक काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं निकला, तो होटल स्टाफको अनहोनी की आशंका हुई। कर्मचारियों ने कमरे का दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद होटल मैनेजर ने तत्काल स्थानीय चिनहट थाना पुलिस को मामले की जानकारी दी। सूचना मिलते ही चिनहट पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने होटल कर्मचारियों की मौजूदगी में जब कमरे का दरवाजा खुलवाया, तो अंदर विवेक पांडे मृत अवस्था में पड़े मिले। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कानूनी कागजी कार्रवाई पूरी की और शव को एंबुलेंस के जरिए पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। चिनहट पुलिस का कहना है कि परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। युवक ने यह आत्मघाती कदम क्यों उठाया, इसकी वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई कर रही है।

# मोबाइल की किस्त न चुकाने पर युवक को बंधक बनाकर पीटने वाला गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** पिछले दिनों राजधानी लखनऊ के निगोहां थाना क्षेत्र में एक बेहद ही खौफनाक और सनसनीखेज मामला सामने आया था। जिसमें मोबाइल फोन की किस्त न चुका पाने

**– जबरन खून भी निकालकर बेचा**



पर फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों ने एक युवक को अगवा कर लिया था। आरोप है कि आरोपियों ने युवक को 4 दिनों तक बंधक बनाकर रखा, बेरहमी से मारपीट की, जबरन उसका 1 यूनिट खून निकालकर बेच दिया और उससे अपने घर में मजदूरी भी कराई। इस गंभीर प्रकरण पर कार्रवाई करते हुए निगोहां पुलिस टीम ने त्वरित एक्शन लिया और घटना में शामिल दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामला निगोहां के ग्राम राजारामखेड़ा (मजरा पुरहिया) का है। पीड़िता जदुराई (पत्नी स्व. शिवलाल) ने 14 सितंबर को पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया कि उनके बेटे नेवल कुमार ने किस्त पर एक मोबाइल खरीदा था। 8 सितंबर को फाइनेंस कंपनी से जुड़े शुभम सिंह और उसके साथी घर पहुंचे और नेवल को मोबाइल दुकान ले जाने के बहाने अगवा कर ले गए। आरोपियों ने नेवल को 4 दिनों तक बंधक बनाए रखा। इस दौरान उससे जबरन छत का प्लास्टर तुड़वाने की मजदूरी कराई गई, मारपीट की गई और ऑनलाइन माध्यम से 2799 रुपये किस्त के नाम पर भी वसूल लिए गए। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए आरोपी सुशांत शर्मा (निवासी राजाजीपुरम, थाना तालकटोरा) ने स्वीकार किया कि वह टीवीएस क्रेडिट सर्विसेज लिमिटेड (विभूतिखंड, गोमती नगर) में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। उसने बताया कि कंपनी के दबाव और अपने पेट्रोल के खर्च की भरपाई करने के लिए उन्होंने नेवल को उसके गांव के बाहर से उठाया। इसके बाद आरोपी उसे अपनी जान-पहचान वाले समाधान चैरिटेबल ब्लड सेंटर ले गए, जहां उसकी मर्जी के खिलाफ जबरन 1 यूनिट खून निकालकर बेच दिया गया। खून बेचने के बाद उसे आरोपी शुभम के घर बंधक बनाकर रखा गया और काम कराया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपायुक्त दक्षिणी मो. मुश्ताक व अपर पुलिस उपायुक्त रल्लापल्ली वसंत कुमार के निर्देश पर 3 पुलिस टीमों का गठन किया गया। सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस की मदद से पुलिस ने 17 सितंबर को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में अनिकेत सिंह उर्फ काका (26 वर्ष) निवासी उदयगंज, थाना हुसैनगंज, सुशांत शर्मा (31 वर्ष) निवासी राजाजीपुरम, थाना तालकटोरा, (मैनेजर, टीवीएस क्रेडिट) शामिल हैं। थाना निगोहां पर आरोपियों के खिलाफकेस दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

# छात्रा का फंदे से लटका मिला शव

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित कर्नलगंज थाना क्षेत्र के महिला आईटीआई के छात्रावास के कमरे में गुरुवार को छात्रा का शव फंदे से लटका पाया गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की। पुलिस उपायुक्त नगर सागर जैन ने बताया कि बिहार के सहरसा जनपद के बैजनारापुर गांव निवासी रूपाली कुमारी (19) पुत्री शरद कुमार प्रयागराज कटरा स्थित महिला आईटीआई की छात्रा थी और वहीं छात्रावास में रहती थी। गुरुवार सुबह छात्रावास के कमरे में फंदे से लटका उसका शव पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की और इस संबंध में छात्रा के परिजनों को सूचना दे दी गई है। आगे की कार्रवाई परिवार के आने के बाद की जाएगी।

# वृद्धा की पीटकर हत्या, पति घायल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मीरजापुर जनपद में जिगना थाना क्षेत्र के खैरा गांव में गुरुवार को एक युवक ने लाठी से हमला कर वृद्धा की जान ले ली। हमले में मृतक वृद्धा के पति भी घायल हैं। घटना की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव पोस्टमार्टम भेजकर नामजद आरोपित की तलाश शुरू कर दी है। मृतका के बेटे रमाकांत पाल ने पुलिस को बताया कि हमारे ही गांव के रहने वाले अंकित दुबे पुत्र अखिलेश दुबे ने घर से करीब पांच सौ मीटर दूर डेरे पर पहुंचकर 65 वर्षीय तेरसू पुत्र सहदेव के साथ लाठी से मारपीट के दौरान चीख-पुकार सुनकर उसकी पत्नी निअदरा देवी बचाव के लिए पहुंचीं तो आरोपितों ने उनकी भी पिटाई कर दिया है। परिजन आनन-फानन में घायल दम्पति को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां प्रभारी चिकित्सक पुनीत अग्रवाल ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। निअदरा देवी सात बेटों और दो बेटियों की मां थीं। थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। एक नामजद आरोपित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम भेजी गई है।



# सितंबर में बिजली संकट ने खोली प्रबंधन की पोल

## गांवों को बनाया जा रहा कटौती का निशाना

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सितंबर महीने में पैदा हुए बिजली संकट को लेकर उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने बिजली प्रबंधन पर तीखा हमला बोला है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष एवं राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि पिछले वर्षों के बिजली मांग के आंकड़े सामने होने के बावजूद सितंबर की संभावित मांग को देखते हुए पर्याप्त तैयारी नहीं की गई, जिसका खामियाजा अब ग्रामीण उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है।सितंबर 2023 में प्रदेश में अधिकतम 27,389 मेगावाट, सितंबर 2024 में 29,347 मेगावाट और सितंबर 2025 में 30,255 मेगावाट की अधिकतम मांग पूरी की गई थी। अगस्त 2026 में यह आंकड़ा बढ़कर 31,296 मेगावाट पहुंच गया, लेकिन सितंबर 2026 में 1 से 16 सितंबर के बीच अधिकतम मांग की पूर्ति केवल 27,407 मेगावाट रही।यूपीएसएलडीसी की दैनिक प्रणाली रिपोर्ट के अनुसार 13 सितंबर को 3,650 मेगावाट, 14 सितंबर को 1,980 मेगावाट, 15 सितंबर को 2,340 मेगावाट तथा 16 और 17 सितंबर को 3,375 मेगावाट आपात कटौती दर्ज हुई। इसका सीधा असर ग्रामीण क्षेत्रों की आपूर्ति पर पड़ा। 17 सितंबर को ग्रामीण क्षेत्रों को औसतन केवल 14 घंटे 15 मिनट बिजली मिल सकी। नगर पंचायत, तहसील और बुंदेलखंड क्षेत्रों में भी कटौती की स्थिति बनी हुई है।वर्मा ने कहा कि जब अगस्त में 31,296 मेगावाट की मांग पूरी की जा सकती है तो सितंबर की संभावित जरूरत के लिए बिजली प्रबंधन ने पहले से पर्याप्त व्यवस्था क्यों नहीं की? यह सवाल बिजली प्रबंधन की तैयारियों पर गंभीर प्रश्न खड़ा करता है।उन्होंने कहा कि 18 घंटे के निर्धारित ग्रामीण रोस्टर पर भी बिजली नहीं मिल पा रही है, जबकि भारत सरकार की गाइड लाइन, 2020 में उपभोक्ताओं के विद्युत आपूर्ति संबंधी अधिकार निर्धारित किए गए हैं। धारा 10 के अनुसार, विद्युत वितरण कंपनियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उपभोक्ताओं को बिना किसी बाधा के पूरे दिन (24 घंटे) बिजली उपलब्ध हो।वर्मा ने कहा कि अगर वास्तव में बिजली की कमी है तो कटौती का भार सिर्फ गांवों पर क्यों? बिजली संकट है तो शहर, कस्बे और गांव सभी को उसका सामना समान रूप से करना चाहिए। ग्रामीण उपभोक्ताओं को ही बार-बार कटौती का निशाना बनाना दोहरे मापदंड को दर्शाता है। उन्होंने बिजली प्रबंधन से तत्काल मांग की कि आपात कटौती की समीक्षा कर ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धारित रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा आने वाले दिनों की संभावित मांग को देखते हुए तत्काल अतिरिक्त बिजली की व्यवस्था की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि ग्रामीण उपभोक्ताओं के साथ बिजली आपूर्ति में किसी भी प्रकार का भेदभाव स्वीकार नहीं किया जाएगा और उपभोक्ता परिषद इस मुद्दे को नियामक स्तर पर मजबूती से उठाएगा।

# गोमती रिवर फ्रंट पर भगवान विश्वकर्मा के मंदिर का होगा निर्माण : अखिलेश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में गुरूवार को भगवान विश्वकर्मा की जयंती मनायी गयी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर अखिलेश यादव ने कहा कि आज पूरा देश भगवान विश्वकर्मा को उनकी जयंती पर याद कर रहा है। भगवान विश्वकर्मा ने सृष्टि का निर्माण किया। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की राजधानी द्वारिकापुरी और भगवान इन्द्र की राजधानी इन्द्रपुरी भी बनायी थी। देवताओं के अस्त्र शस्त्रों का निर्माण किया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर पहले की तरह अवकाश घोषित किया जाएगा और राजधानी लखनऊ में गोमती रिवर फ्रंट पर भगवान विश्वकर्मा के भव्य मंदिर का निर्माण किया जाएगा। जिस तरह से भगवान खाटू श्याम का मंदिर रिवर पर बना है। उसी तरह से नियमों को अपनाकर भगवान विश्वकर्मा का भी आधुनिक और भव्य मंदिर बनाया जाएगा।अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार में विश्वकर्मा समाज के सभी शिल्पकारों और कारीगरों को बाजार उपलब्ध कराया जाएगा। उन्हें हर तरह से मदद देकर आगे बढ़ाया जाएगा और उन्हें सम्मान दिया जाएगा।इस अवसर पर पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को भगवान विश्वकर्मा का चित्र भेंट किया और शाल ओढ़ाकर स्वागत किया।कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी नेता प्रतिपक्ष विधान परिषद लाल बिहारी यादव, सांसद रामपुर मोहिबुल्ला नदवी, सांसद एसपी सिंह पटेल, पूर्व मंत्री आसरे विश्वकर्मा, पूर्व मंत्री डॉ. राम आसरे कुशवाहा, पूर्व राज्यसभा सदस्य अरविन्द कुमार सिंह समेत पार्टी के बड़ी संख्या में नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शिक्षामित्रों को विशेष टीईटी में शामिल करने की मांग

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने प्रदेश के बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में कार्यरत लाखों शिक्षामित्रों के भविष्य और पद सम्मान को ध्यान में रखते हुए उन्हें आगामी विशेष टीईटी परीक्षा में सम्मिलित करने की पुरजोर मांग उठाई है। इस संबंध में संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय ने मुख्यमंत्री को एक पत्र भेजकर शासन स्तर से उचित दिशा-निर्देश जारी करने का अनुरोध किया है।उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय ने कहा कि शिक्षामित्रों ने कठिन और प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद लंबे समय से राज्य के ग्रामीण व दूरस्थ क्षेत्रों में प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था और विद्यालयों के सुचारू संचालन में अपनी अहम भूमिका निभाई है। वर्तमान समय में उनके सेवा सम्मान, भविष्य और पद की सुरक्षा को बनाए रखना बेहद आवश्यक है। संघ के अध्यक्ष ने पत्र में कहा कि शिक्षामित्रों के समक्ष उत्पन्न वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए उन्हें विशेष टीईटी परीक्षा में बैठने का एक समुचित अवसर मिलना चाहिए। इस अवसर के माध्यम से शिक्षामित्रों को अपना पद और सम्मान बचाने का न्यायपूर्ण मौका प्राप्त हो सकेगा। शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि वे इस संवेदनशील विषय पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए बेसिक शिक्षा विभाग एवं शासन के उच्च अधिकारियों को शिक्षामित्रों के हित में आवश्यक कदम उठाने और प्रक्रिया शुरू करने हेतु निर्देशित करें।

# विश्वकर्मा जयंती पर जवाहर भवन-इंदिरा भवन में पूजन



**स्वतंत्र भारत, लखनऊ, ।** जवाहर भवन-इंदिरा भवन कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष सतीश कुमार पांडेय और कार्यकारी महामंत्री सुशील कुमार बच्चा ने विश्वकर्मा जयंती पर कर्मचारियों को बधाई दी। इस अवसर पर जवाहर भवन-इंदिरा भवन विद्युत अनुरक्षण-1, लोक निर्माण विभाग और बाल विकास विभाग में भगवान विश्वकर्मा का विधिवत पूजन-अर्चन, हवन और प्रसाद वितरण किया गया।कार्यक्रम में लोक निर्माण विभाग के अभियंता बिहारीलाल, कुंदन सिंह पटेल तथा कर्मचारी नेता रामकुमार धानुक, अमित कुमार शुक्ला, चंद्रिका गुप्त, अनुराग भदौरिया, आशीष त्रिपाठी, सर्वेश मिश्रा, सुरेश यादव, सूरज बाबू, उमंग निगम, अभिनव त्रिपाठी, अजय धानुक, अकील सईद, बबलू सहित बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# सूबे के घरों की छतों पर लगे अब तक 8,24,492 सोलर पैनल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रधानमंत्री सूर्य घर यानी मुफ्त बिजली योजना उत्तर प्रदेश में रूफटॉप सोलर को नई रफ्तार दे रही है। प्रदेश में अब तक 8,24,492 घरों की छतों पर सोलर पैनल लग चुके हैं। इससे कुल 2,769.59 मेगावाट सौर क्षमता स्थापित हुई है और प्रतिदिन करीब 1.25 करोड़ यूनिट स्वच्छ बिजली का उत्पादन हो रहा है।योजना से उपभोक्ताओं को हर साल करीब 2,956 करोड़ रुपये का आर्थिक लाभ होने का अनुमान है। जून 2026 में 1,25,262 परिवारों का बिजली बिल शून्य या क्रेडिट में रहा। केंद्र और राज्य सरकार की ओर से योजना के तहत 7,300 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता दी गई है।घटा कार्बन उत्सर्जनरूफटॉप सोलर से करीब 10,617 एकड़ भूमि बचने और हर साल 36.6 लाख मीट्रिक टन कार्बन उत्सर्जन में कमी का दावा किया गया है। योजना से अभियंताओं और तकनीशियनों समेत 85 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। वहीं, 7,750 पंजीकृत वेंडर्स का नेटवर्क सक्रिय है। योजना की अंतिम तिथि 31 मार्च 2027 है। सरकार ने उपभोक्ताओं से जल्द आवेदन कर सब्सिडी का लाभ लेने की अपील की है।

# सीएमएस कैम्ब्रिज प्रदेश का नंबर-1 इंटरनेशनल डे स्कूल

**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** सिटी मॉन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस के कैम्ब्रिज सेक्शन को एजुकेशनवर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग्स में उत्तर प्रदेश का नंबर-1 इंटरनेशनल डे स्कूल घोषित किया गया है।कैम्ब्रिज इंटरनेशनल एजुकेशन का पाठ्यक्रम 160 से अधिक देशों के 10 हजार से अधिक स्कूलों में संचालित है। इसमें वैचारिक समझ, स्वतंत्र चिंतन, शोध, समस्या समाधान और ज्ञान के व्यावहारिक प्रयोग पर जोर दिया जाता है। इस उपलब्धि पर सीएमएस की एमडी प्रो. गीता गांधी किंगडन और संस्थापिका-निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने शिक्षकों व अकादमिक टीम के प्रयासों की सराहना की।

# सत्ताधारी दल का यह जश्न संवेदनहीनता और दिवालियापन :डा. राय

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उ.प्र. कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के चेयरमैन डा. सीपी राय ने गुरूवार को जारी एक बयान में कहा है कि उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी वही कहावत चरितार्थ कर रही है कि -''रोम जल रहा और नीरो बंशी बजा रहा था।'' देश के कई राज्यों में बाढ़ का कहर है। लाखों लोग बेघर हो गये हैं। प्रदेश के गोरखपुर, अमरोहा, गाजीपुर, गोण्डा, बलिया, लखीमपुर, वाराणसी, प्रयागराज, मिर्जापुर, रामपुर, मुरादाबाद सहित कई जनपदों में बाढ़ से आम जनता का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, लोगों को सुरक्षित स्थानों के लिए पलायन करना पड़ा। वहीं आम जनता कमरतोड़ महंगाई से व्यथित और परेशान है, चहुंओर हाहाकार मचा हुआ है। आखिर केन्द्र की मोदी सरकार ने पिछले 12 वर्षों में ऐसी कौन सी उपलब्धि हासिल की है, जिसके लिए स्कूल, कालेजों में दिये जलाने का आदेश जारी कर भारतीय जनता पार्टी इतने बड़े पैमाने पर सत्ता का दुरूपयोग करते हुए जश्न मना रही है। डा. राय ने कहा कि भाजपा आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर देशभर में कई दिनों तक चलने वाला जश्न शुरू कर रही है। दिल्ली से लेकर तमाम राज्यों में मोमबत्तियां, दीपोत्सव, बाइक रैलियां और 'सेवा दिवस' के नाम पर कार्यक्रम चल रहे हैं। उसी समय मणिपुर में जातीय हिंसा जारी है। हत्याएं हो रही हैं, महिलाएं असुरक्षित हैं, हजारों लोग राहत शिविरों में हैं। इतना ही नहीं देश के कई हिस्से बाढ़ से तबाह हैं। मध्य प्रदेश में जहरीली शराब से मौतें हुई हैं। महंगाई आम आदमी की कमर तोड़ रही है। जनता त्रस्त है। ऐसे में सत्ताधारी दल का यह भव्य जश्न संवेदनहीनता और दिमागी दिवालियेपन के सिवा और कुछ नहीं कहा जा सकता।उन्होंने कहा कि जब राज्य जल रहा हो, जब बाढ़ पीड़ित बेघर हों, जब जहरीली शराब से परिवार उजड़ रहे हों, तब नेता के जन्मदिन पर दीये जलाना शासन नहीं, विज्ञापन है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का मानना है कि सत्ता का पहला धर्म जनता की सुरक्षा, राहत और न्याय है, जन्मदिन समारोह नहीं। भाजपा सरकार मणिपुर में शांति बहाल करे, बाढ़ पीड़ितों को राहत पहुंचाए, जहरीली शराब के माफिया पर कार्रवाई करे और महंगाई पर अंकुश लगाए। जश्न बाद में भी हो सकता है।डा. राय ने कहा कि मोदी सरकार ने डिजिटल क्रान्ति को लेकर जोर-शोर से अभियान चलाया और अब उसी डिजिटल क्रान्ति को लूट का माध्यम बना दिया। जबकि बार-बार वादा किया था कि यूपीआई पर कोई टैक्स या चार्ज नहीं लगेगा। वित्त मंत्री ने संसद में भी यही कहा था।

# शक्ति भवन में 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत रक्तदान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर गुरूवार को उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) के मुख्यालय शक्ति भवन परिसर में 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ सेवा, समर्पण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करना रहा।यूपीपीसीएल के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर में उपलब्ध स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सकीय परामर्श की सुविधाओं की जानकारी ली तथा निर्देश दिया कि विद्युत विभाग में कार्यरत चालकों का नेत्र परीक्षण विशेष रूप से कराया जाए। उन्होंने चालकों के स्वास्थ्य और दृष्टि की नियमित जांच को आवश्यक बताते




हुए इस दिशा में विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।शिविर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ईसीजी, रक्त शर्करा, हीमोग्लोबिन जांच तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य संबंधी परामर्श की सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।रक्तदान शिविर के माध्यम से स्वैच्छिक रक्तदान को मानवता की सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया। जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने तथा जीवन रक्षा में योगदान देने का संदेश दिया गया।भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चनाविश्वकर्मा जयंती के अवसर पर शक्ति भवन परिसर में भगवान विश्वकर्मा की विधिवत पूजा-अर्चना भी की गई। यूपीपीसीएल के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने विधि-विधानपूर्वक भगवान विश्वकर्मा का पूजन कर प्रदेश में ऊर्जा व्यवस्था की निरंतर प्रगति, संस्थान की उन्नति तथा प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की।

# अखिलेश ने अपने हाथों में ली लोहिया ट्रस्ट की कमान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव अब लोहिया ट्रस्ट की कमान भी संभालेंगे। अब तक ट्रस्ट की जिम्मेदारी उनके चाचा और पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल सिंह यादव के पास थी। शिवपाल से ट्रस्ट की जिम्मेदारी लिए जाने के फैसले पर भाजपा और सहयोगी दलों के नेताओं ने अखिलेश यादव पर निशाना साधा है। योगी सरकार के कैबिनेट मंत्री ओपी राजभर और राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने इसे लेकर अखिलेश की राजनीतिक शैली पर सवाल उठाए हैं।

ओपी राजभर ने कहा कि अखिलेश यादव को शिवपाल यादव पर भरोसा नहीं है। उन्होंने कहा कि शिवपाल पहले अखिलेश से अलग होकर अपनी पार्टी बना चुके हैं और उस दौरान सपा नेतृत्व पर तीखी टिप्पणियां भी की थीं। राजभर के मुताबिक, पुराने राजनीतिक घटनाक्रम को देखते हुए अखिलेश का शिवपाल पर भरोसा करना मुश्किल है। इसी वजह से लोहिया ट्रस्ट की जिम्मेदारी अब उन्होंने खुद संभाली है।परिवार तक सीमित है जिम्मेदारीपिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने कहा कि ट्रस्ट की जिम्मेदारी शिवपाल से अखिलेश के पास जाना अपने आप में बड़ा बदलाव नहीं है, क्योंकि इसकी कमान अब भी परिवार के भीतर ही है। उन्होंने कहा कि किसी संस्था की जिम्मेदारी परिवार के सदस्यों तक सीमित रहना लोकतांत्रिक प्रक्रिया नहीं कहा जा सकता।नरेंद्र कश्यप ने यह भी कहा कि संभव है अखिलेश यादव को आशंका रही हो कि भविष्य में शिवपाल अपनी शर्तों या अपने तरीके से ट्रस्ट चलाएं। इसलिए उन्होंने खुद इसकी जिम्मेदारी संभाल ली।

# स्वच्छता केवल एक अभियान तक सीमित न रहकर हमारे दैनिक व्यवहार का हिस्सा बने

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ** ।उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल में गुरुवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान-2026 के अंतर्गत मंडल कार्यालय में स्वच्छता शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक, लखनऊ ने मंडल कार्यालय में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपने कार्यस्थल, रेलवे परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने तथा स्वच्छता के प्रति अन्य लोगों को भी जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान तक सीमित न रहकर हमारे दैनिक व्यवहार एवं कार्यसंस्कृति का अभिन्न हिस्सा बननी चाहिए। सामूहिक सहभागिता से ही स्वच्छ एवं सुंदर रेलवे परिसर का निर्माण संभव है।स्वच्छता ही सेवा अभियान-2026 के अंतर्गत लखनऊ मंडल में विभिन्न स्वच्छता एवं जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। अभियान के तहत 'स्वच्छ पाठशाला-युवा फॉर स्वच्छता' कार्यक्रम, स्वच्छता विषयक कला, वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी एवं स्लोगन प्रतियोगिताएं तथा प्रमुख स्टेशनों पर नुक्कड़ नाटक आयोजित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्करण के लिए अलग-अलग डस्टबिन की व्यवस्था, प्लेटफॉर्म को प्लास्टिक मुक्त रखने, ट्रेनों के शौचालय, कोच, लिनेन एवं पैंट्री कार की स्वच्छता के निरीक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। अभियान के दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को कम करने, बोतल क्रशर एवं जीरो-वेस्ट गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा की दिशा में भी कार्य किया जाएगा। साथ ही रेलवे परिसरों में कचरे के उचित निस्तारण एवं गीले-सूखे कचरे के पृथक्करण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। मंडल में स्वच्छता ही सेवा अभियान के माध्यम से स्वच्छ, सुंदर एवं पर्यावरण अनुकूल रेलवे परिसर के निर्माण के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

# दीप प्रज्वलित कर मध्यांचल डिस्काम ने मनाया सेवा संकल्प



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रधानमंत्री के जन्म दिवस के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरूवार को मध्यांचल विद्युत वितरण डिस्काम के मुख्यालय परिसर मे स्वच्छता का कार्य संपादित किया गया। साथ ही अन्य समस्त कार्यालयों मे भी इस कार्य के लिए समस्त उच्च अधिकारियों को प्रेरित भी किया गया । इस क्रम मे आज शाम 7 बजे मुख्यालय परिसर में दीप प्रज्वलित करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया।आगामी 5 अक्टूबर को परिसर कैम्प मे रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाना निर्धारित है । इस क्रम मे आज से अनुरक्षण माह का भी आरंभ हो रहा है, जिसके तहत समस्त विधुयत वितरण क्षेत्रों मे सभी अनुरक्षण कार्य किए जाएंगे। ग्राहकों के प्रति सेवा भाव बनाए रखना ही इस सेवा संकल्प अभियान का मूल उदेश्य है।


## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, गोण्डा वृत्त, लो0नि0वि0, गोण्डा

पत्रांक:– 4221/2काम(बी)–गो0वृ0/26–27 दिनांक 15.09.2026

**ई–निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में मार्ग हेतु पंजीकृत निविदादाताओ से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आंमत्रित की जाती है ।

| क0 सं0 | जनपद/खण्ड/विधान साभ का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (जीएसटी रहित) (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्ष ऋतु सहित) | ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| राज्य सड़क निधि योजनान्तर्गत मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण (विधानसभा–गैसड़ी) | | | | | | | |
| 1 | बलरामपुर/प्रान्तीय खण्ड | उतरौला–पचपेड़वा–चन्दनपुर मार्ग के अवशेष भाग किमी0 17.700 से 38.850 तक का चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य (05 वर्षीय अनुरक्षण सहित) | 6000.00 | 60.00 | 11800.00 | 15 माह | ए |

बिड डाक्यूमेन्ट बेबसाईट– http://etender.up.nic.in पर दिनांक 22.09.2026 से 05.10.2026 तक दोपहर 12.00 बजे तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 05.10.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते है। निविदाओ की तकनीकी बिड दिनांक 05.10.2026 को दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से संबंधित नियम/शर्ते तथा विवरण बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीकृत निविदादाता द्वारा जो विवरण ई–टेण्डरिंग, एन0आई0सी0 की साइट पर अपलोड किया जाना है, वह लोक निर्माण विभाग की बेवसाईट www.uppwd.gov.in के प्रहरी सॉफ्टवेयर में भी अपलोड करना होगा। निविदा की अन्तिम तिथि दिनांक 05.10.2026 के दोपहर 12.00 बजे तक शुद्धिपत्र यदि कोई हो, तो उसे ई–पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा ।

(कुमार शैलेन्द्र)
अधिशासी अभियन्ता
प्रा0खं0, लो0नि0वि0, बलरामपुर

(योगेन्द्र सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
गोण्डा वृत्त, लो0नि0वि0, गोण्डा

उ0प्र0 256462 दिनांक- 17.09.2026 Website: www.upgov.nic.in



## मत्स्य विभाग, उत्तर प्रदेश

पत्रांक - 250 /जलाशय निविदा /2026-27 दिनांक: 15-09-2026

**जलाशय की निविदा सूचना (श्रेणी-5 के जलाशय हेतु)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से मत्स्य विभाग उ0प्र0 के प्रबन्धान्तर्गत जनपद बलरामपुर के निम्नलिखित विभागीय जलाशय में मत्स्य पालन/मत्स्याखेट हेतु "जहां है जैसे है" की स्थिति में निविदाएं दस मत्स्य वर्षों हेतु शासनादेश संख्या: 28/2023/756/सत्रह-म-17-1099/63/2022 दिनांक: 25.09.2023 एवं ततसंबंधी शुद्धिपत्र संख्या: 13/1499 सत्रह-म-17-1099/63/2022 दिनांक: 19.10.2023 एवं शासनादेश संख्या: 4/2025/132/सत्रह-म – 2025-17-1099/63/2022 दिनांक: 29-01-2025 में निर्धारित शर्तों के अनुरूप एवं शासनादेश द्वारा गठित निविदा समिति के समक्ष निम्नलिखित विवरण के अनुसार आमंत्रित की जाती हैं:-

| क्र0 सं0 | जलाशय का नाम | क्षेत्रफल (हे0 में) | मत्स्य पालन/ मत्स्याखेट अवधि | प्रथम वर्ष 2024-25 हेतु आरक्षित मूल्य (रू0) | निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समय | तकनीकी एवं वित्तीय निविदा खुलने की तिथियाँ एवं समय | बयाने की धनराशि (रू0) | निविदा का स्थल | निविदा प्रपत्र शुल्क (रू0) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | तिलहर | 30.922 | दस वर्षीय दिनांक 30.06.2036 तक | 410000.00 | 30.09.2026 अपरान्ह 2.00 बजे तक | 30.09.2026 अपरान्ह 4.00 बजे | 41000.00 | विकास भवन सभागार बलरामपुर | रु० 100.00 |
| 2 | मधुपुर | 9.883 | दस वर्षीय दिनांक 30.06.2036 तक | 19000.00 | 30.09.2026 अपरान्ह 2.00 बजे तक | 30.09.2026 अपरान्ह 4.00 बजे | 1900.00 | | रु० 100.00 |
| 3 | चितरपारा ननखुरवा | 8.041 | दस वर्षीय दिनांक 30.06.2036 तक | 12700.00 | 30.09.2026 अपरान्ह 2.00 बजे तक | 30.09.2026 अपरान्ह 4.00 बजे | 1270.00 | | रु० 100.00 |
| 4 | गिधराहिया | 0.680 | दस वर्षीय दिनांक 30.06.2036 तक | 8100.00 | 30.09.2026 अपरान्ह 2.00 बजे तक | 30.09.2026 अपरान्ह 4.00 बजे | 810.00 | | रु० 100.00 |

मत्स्य वर्ष से तात्पर्य ग्रिगेरियन कैलेण्डर वर्ष की 01 जुलाई से अगले वर्ष के ग्रिगेरियन कैलेण्डर की 30 जून तक है।

निविदा प्रपत्र कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य बलरामपुर से दिनांक 20-09-2026 से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते हैं|

1- सर्वप्रथम निविदा समिति के समक्ष तकनीकी बिड खोली जाएगी। तदोपरान्त तकनीकी बिड में सफल निविदादाताओं की वित्तीय बिड खोली जाएगी।
2- निविदा का तकनीकी मूल्यांकन हेतु शासनादेश संख्या/28/2023/756 ;सत्रह-म 1099/63/2022-17-दिनांक 25.09.2023 एवं ततसंबंधी शुद्धिपत्र संख्या1499 /13 : सत्रह-म 1099/63/2022-17-दिनांक- 19.10.2023 एवं शासनादेश संख्या: 4/2025/132/सत्रह-म – 2025-17-1099/63/2022 दिनांक: 29-01-2025 में निर्धारित बिन्दुओ के पर किया जाएगा, जिसे तकनीकी निविदा प्रपत्र के साथ हस्ताक्षर कर संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3- निविदा की विस्तृत शर्तें तथा अन्य जानकारियां विभागीय वेबसाइट https://fisheries.up.gov.in तथा कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य बलरामपुर से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती हैं।

(दीपांसू)
सहायक निदेशक मत्स्य
बलरामपुर

उ0प्र0 256441 दिनांक- 17.09.2026
Website: www.upgov.nic.in

epaper : epaper.swatantrabharat.net web portal : epaper.swatantrabharat.net

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन राष्ट्रसेवा : केशव प्रसाद

## भाजपा प्रदेश मुख्यालय, लखनऊ में 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ** ।भारतीय जनता पार्टी की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर गुरुवार से प्रदेशभर में प्रारंभ किए गए 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत भाजपा प्रदेश मुख्यालय, लखनऊ में 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य,उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में दीप जलाकर प्रधानमंत्री के प्रति अपनी शुभकामनाएं और सम्मान व्यक्त किया। महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रदेश मुख्यालय में आकर्षक रंगोली बनाकर कार्यक्रम को विशेष स्वरूप प्रदान किया। प्रदेशभर में प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस पर विभिन्न सेवा गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। 'सेवा संकल्प अभियान' 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलाया जाएगा।उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन राष्ट्रसेवा, गरीब कल्याण और जनहित के प्रति समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने सार्वजनिक जीवन में रहते हुए देश की राजनीति और देश के विकास को नई गति देने का कार्य किया है। उनके जन्मदिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा दीप जलाना केवल जन्मदिन का उत्सव नहीं, बल्कि उनके सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के लिए समर्पण के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है।मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के जीवन का मूल मंत्र 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' है। उनके नेतृत्व में देश ने गरीब, किसान, युवा, महिला और वंचित वर्गों के कल्याण के लिए अनेक योजनाओं को व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाया है। प्रधानमंत्री जी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित 'सेवा संकल्प अभियान' भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए सेवा और जनसमर्पण को और मजबूत करने का अवसर है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस को सेवा, सहयोग और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के संकल्प के रूप में मनाएं। उन्होंने प्रधानमंत्री जी के स्वस्थ, दीर्घ एवं यशस्वी जीवन की कामना की।उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस देशभर में सेवा के संकल्प के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने सार्वजनिक जीवन में निरंतर देश और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के जीवन में परिवर्तन लाने का प्रयास किया है। उनके नेतृत्व में जनकल्याण को शासन की प्राथमिकताओं के केंद्र में रखा गया है।पाठक ने कहा कि 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम प्रधानमंत्री के प्रति करोड़ों देशवासियों और भाजपा कार्यकर्ताओं की आत्मीय भावनाओं का प्रतीक है।

## गंगा में पांच बच्चे डूबे किशोरी की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के जनपद कौशांबी के कोखराज थाना क्षेत्र के तरसौरा गंगा घाट पर नहाने के दौरान पांच बच्चे गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। घाट पर मौजूद मछुआरों ने तत्काल नदी में छलांग लगाकर चार बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जबकि 10 वर्षीय किशोरी की डूबने से मौत हो गई। काफी मशक्कत के बाद मछुआरों ने उसका शव गंगा से बरामद किया।

कौशांबी जिले के बाबू का पुरवा गांव के रहने वाले बच्चे विश्वकर्मा पूजा के मौके पर गंगा स्नान करने तरसौरा घाट पहुंचे थे। नहाने के दौरान पांच बच्चे अचानक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। बच्चों को डूबता देख घाट पर मौजूद लोगों में चीख-पुकार मच गई।इसी दौरान घाट पर मौजूद मछुआरों ने तत्परता दिखाते हुए नदी में छलांग लगा दी।

# ड्यूटी छोड़ नृत्य देखने वाले दो सिपाही लाइन हाजिर



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले के कड़ाधाम थाना क्षेत्र की हब्बूनगर चौकी के पुलिसकर्मियों को ड्यूटी छोड़कर का डांस देखना मंहगा पड़ गया। इस मामले में क्षेत्राधिकारी ने बताया कि विभाग ने कार्रवाई करते हुए दोनों सिपाहियों राघवेंद्र सिंह व गोविंद कुमार को लाइन हाजिर किया गया है। क्षेत्राधिकारी सत्येंद्र तिवारी ने बताया कि बुधवार को हब्बूनगर में मेले का आयोजन किया गया था। जिसमें दिन में दंगल हुआ, ओर रात में डांस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी कार्यक्रम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वीडियो में वर्दी पहने एक दरोगा और दो पुलिसकर्मी मंच के पास बैठे दिखाई दे रहे हैं। मंच पर डांस चल रहा है और अश्लील गानों पर प्रस्तुति दिए जाने का दावा किया जा रहा है। इस वीडियो को संज्ञान में लेकर पुलिस अधीक्षक ने यह कार्रवाई की है। किसी व्यक्ति ने पुलिसकर्मियों का वीडियो बना कर कौशांबी पुलिस के आधिकारिक एक्स हैंडल पर भी साझा किया।

> वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस अधिकारियों ने वीडियो का संज्ञान लेते हुए जांच की जिम्मेदारी मझे दी गई जांच में दोनों पुलिसकर्मियों का होना पाया गया जिनकी डयूटी मेले में लगाई गई थी पूरे प्रकरण की विभागीय जांच की जा रही है।
> **सत्येंद्र तिवारी, क्षेत्राधिकारी**

## नाबालिग अपहरण मामले में मुख्य आरोपित महाराष्ट्र से गिरफ्तार

क्उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में गुरुवार को दो माह पूर्व थाना किशनपुर क्षेत्र अंतर्गत एक गांव से लापता 17 वर्षीय नाबालिगलड़की को पुलिस ने महाराष्ट्र से बरामद कर लिया है। पुलिस ने मुख्य आरोपित अनूप सिंह निवासी ब्योटी, थाना किशनपुर को भी गिरफ्तार किया है।

थानाध्यक्ष मनीष सिंह ने बताया कि आरोपित अनूप सिंह नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर पहले गुजरात और बाद में महाराष्ट्र ले गया था। मामले में नाबालिग के परिजनों की तहरीर पर अनूप सिंह समेत उसके दो अन्य साथियों के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद से पुलिस आरोपितों की तलाश में जुटी थी। पुलिस टीम ने महाराष्ट्र पहुंचकर नाबालिग लड़की को बरामद कर लिया। वहीं मुख्य आरोपित अनूप सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग का शिकंजा



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।**आगामी त्योहारों के मद्देनजर राजधानी में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री और परिवहन पर रोक लगाने के लिए आबकारी विभाग ने गुरुवार को व्यापक प्रवर्तन अभियान चलाया। अभियान के दौरान मलिहाबाद क्षेत्र में संयुक्त टीम ने छापेमारी कर 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की, जबकि करीब 50 किलोग्राम लहन मौके पर नष्ट कराया गया। मामले में आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया गया है।आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 मलिहाबाद अखिलेश चौधरी ने आबकारी स्टाफ और थाना रहीमाबाद पुलिस के साथ ग्राम औलियाखेड़ा तथा आसपास के संदिग्ध स्थलों और बागों में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान अवैध कच्ची शराब बरामद होने के साथ ही शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाला लहन नष्ट कराया गया।वहीं, आबकारी निरीक्षक सेक्टर-10 नेहा कुमारी ने किशोरगंज स्थित देशी शराब दुकान, न्यू पारा रोड, लक्ष्मणविहार पारा रोड स्थित देशी शराब दुकान और पारा रोड की कंपोजिट शॉप का आकस्मिक निरीक्षण किया। दुकानों पर अभिलेखों और बिक्री व्यवस्था की जांच की गई।आबकारी निरीक्षक सेक्टर-4 अरविन्द पाल बघेल ने विभिन्न बार अनुज्ञापनों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इसके अलावा आबकारी निरीक्षक सेक्टर-11 राहुल सिंह और आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 राम श्याम त्रिपाठी की टीम स्टाफ के साथ पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर रात्रिकालीन रोड चेकिंग में जुटी रही। यह कार्रवाई अपर मुख्य सचिव आबकारी, आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश, पुलिस कमिश्नर लखनऊ तरुण गाबा और जिलाधिकारी लखनऊ विशाख जी के निर्देशों के क्रम में की गई। अभियान संयुक्त आबकारी आयुक्त लखनऊ जोन सुभाष चंद्र सोनकर और उप आबकारी आयुक्त लखनऊ प्रभार प्रदीप दुबे के निर्देशन तथा जिला आबकारी अधिकारी करुणेन्द्र सिंह सचान के पर्यवेक्षण में संचालित किया गया।

## डीजी जेल ने की समीक्षा बैठक

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** महानिदेशक कारागार उत्तर प्रदेश पी.सी.मीना की अध्यक्षता में गुरुवार को कारागार मुख्यालय के सभागार लखनऊ में परिक्षेत्रीय उप महानिरीक्षक कारागार के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। महानिदेशक कारागार ने बैठक के दौरान बीते दिनों दिए गए निर्देशों के अनुपालन स्थिति की समीक्षा की गई। जिसमें उत्तर प्रदेश के कारागारों में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने, तकनीक के प्रभावी उपयोग, सीसीटीवी एवं अन्य संसाधनों के बेहतर संचालन के लिए कारागार प्रशासन से जुड़े विभिन्न विषयों पर नवीन दिशा-निर्देश भी जारी किए गए। उन्होंने निर्धारित कार्यों को समयबद्ध तरीके से अनुपालन को सुनिश्चित करते हुए कारागारों की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाये जाने के निर्देश दिये। बैठक में एआईजी प्रशासन धर्मेन्द्र सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक कारागार प्रदीप गुप्ता, सुभाष चन्द्र शाक्य, कुन्तल किशोर, राजेश श्रीवास्तव, उप महानिरीक्षक कारागार शैलेन्द्र मैत्रेय, डॉ. रामधनी एवं पी.एन.पाण्डेय उपस्थित रहे।

# मां-बेटी की हत्या, साक्ष्य मिटाने का प्रयास

## पुलिस अधीक्षक घटनास्थल पहुंचे, जांच के आदेश



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के रसड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत गुरुवार सुबह मां-बेटी की हत्या से सनसनी फैल गई। दोनों के शव घर के पास ही अलग-अलग स्थानों पर मिले हैं। दोहरे हत्याकांड की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने डॉग स्क्वायड, एफएसएल, स्वॉट और सर्विलांस की टीमें भी मौके पर पहुंचीं और साक्ष्यों को जुटाते हुए हत्यारों की तलाश तेज कर दी गई है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि रसड़ा थाना क्षेत्र के सराय भारती (मुस्तफाबाद) गांव के चौकीदार ने सुबह करीब साढ़े आठ बजे स्थानीय पुलिस को सूचना दी कि गांव में करीब 65 वर्षीय मानती गुप्ता और उनकी लगभग 22 वर्षीय दिव्यांग बेटी गौरी के शव पड़े हैं। प्रारंभिक जांच में दोनों के सिर पर किसी भारी वस्तु से प्रहार किए जाने की आशंका जताई गई है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में ड्डपता मृतक के परिवार में तीन सदस्य हैं। मृतका मालती गुप्ता और उनकी दिव्यांग बेटी के अलावा 70 वर्षीय पति रामचीज गुप्ता हैं मृतका के चार बेटे बाहर रहते हैं। हत्यारों ने मां-बेटी की हत्या के बाद घर में खून के निशान को धोकर साक्ष्य मिटाने का प्रयास किया गया है। जांच में मृतक युवती गौरी का शव घर के पीछे स्थित धान के खेत में मिला, जबकि घर से करीब 25-30 मीटर दूर खेत किनारे मां का शव मिला है। पुलिस को प्रथम दृष्टया आशंका है कि घटना घर के अंदर हुई और बाद में शव को बाहर ले जाकर खेत में डाला गया।

> पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने और पुलिस टीमे जांच पड़ताल कर रही है और मृतका के पति रामचीज को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है और परिजनों ने किसी रंजिश या विवाद से इनकार किया है साक्ष्यों के आधार पर हत्यारों की गिरफ्तार किया जाएगा।
> **ओमवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक**

# सिख समाज के हित में सरकार के कार्यों की दिल्ली के उपराज्यपाल को दी जानकारी

## वरिष्ठ सदस्य सरदार परविंदर सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने की शिष्टाचार भेंट



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ ।** दिल्ली के उपराज्यपाल सरदार तरनजीत सिंह संधू के लखनऊ आगमन पर उत्तर प्रदेश राज्य अल्पसंख्यक आयोग के वरिष्ठ सदस्य एवं उत्तर प्रदेश सिख गुरुद्वारा कोऑर्डिनेशन कमेटी के अध्यक्ष सरदार परविंदर सिंह के नेतृत्व में छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने उनसे शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सिख समाज के हित में किए जा रहे कार्यों और सरकार द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों की जानकारी उपराज्यपाल को दी।वीर बाल दिवस की पहल से लेकर पाठ्यक्रम में सिख गुरुओं का इतिहास शामिल करने तक की जानकारीसरदार परविंदर सिंह ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2017 में मुख्यमंत्री के समक्ष चारों साहिबजादों की महान शहादत की स्मृति में वीर बाल दिवस (साहिबजादा दिवस) मनाए जाने की पहल रखी थी। वर्ष 2018 में उन्होंने पुनः इस संबंध में आग्रह किया। उनके अनुसार मुख्यमंत्री ने इस प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए लखनऊ से शासकीय स्तर पर इसके आयोजन की शुरुआत कराई। मुख्यमंत्री आवास पर पहली बार गुरु ग्रंथ साहिब जी का प्रकाश तथा कीर्तन-गुरबाणी का आयोजन भी कराया गया।उन्होंने बताया कि प्रदेश के कक्षा 8, 9 एवं 10 के पाठ्यक्रम में श्री गुरु नानक देव जी, श्री गुरु तेग बहादुर जी, श्री गुरु गोबिंद सिंह जी तथा चारों साहिबजादों के इतिहास को शामिल किया गया है। वीर बाल दिवस के अवसर पर प्रदेश के विद्यार्थियों के बीच भाषण, निबंध, चित्रकला और प्रश्नोत्तरी जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं।खालसा चौक और गुरुद्वारों के विकास का भी किया उल्लेखप्रतिनिधिमंडल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले वर्षों में सिख धर्म के गुरुओं के प्रकाश उत्सव, शहीदी पर्व और अन्य महत्वपूर्ण अवसरों पर करीब 100 कार्यक्रमों में सहभागिता की है। सरदार परविंदर सिंह के अनुसार, उनके अनुरोध पर लखनऊ में खालसा चौक का निर्माण कराया गया। इसके साथ ही प्रदेश के विभिन्न गुरुद्वारों के जीर्णोद्धार और विकास के लिए भी सरकार की ओर से धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। प्रतिनिधिमंडल में सरदार तरनजीत सिंह, सरदार हरप्रीत सिंह, सरदार चरणजीत सिंह होरा, सरदार कवलजीत सिंह एवं सरदार त्रिलोचन सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सरदार परविंदर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश का सिख समाज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सिख समाज के हित में किए जा रहे कार्यों के लिए आभार व्यक्त करता है।

# मनोकामनाएं साझा करने का मंच

**स्वतंत्र भारत संवाददाता,लखनऊ।** गणेश चतुर्थी के अवसर पर लोगों को अपनी मनोकामनाएं और भविष्य से जुड़ी आकांक्षाएं साझा करने का डिजिटल मंच उपलब्ध कराया गया है। 'ब्लेस मी गणेशा' अभियान के तहत 20 अक्टूबर तक लोग ऑनलाइन अपनी प्रार्थनाएं दर्ज करा सकेंगे। इसके अलावा विभिन्न फाइनेंशियल प्रोस्पेरिटी सेंटर्स पर 'विघ्नहर्ता सेशन' आयोजित होंगे, जहां लोगों की जरूरतों और भविष्य की योजनाओं को समझने पर चर्चा की जाएगी। संजीव बजाज, जॉइंट चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर बजाज कैपिटल ने कहा कि पहल का उद्देश्य आस्था, उम्मीद और बेहतर भविष्य की आकांक्षाओं से जुड़ना है। बाद में अभियान से जुड़े ब्रांड का नाम जोड़ा जा सकता है।

# पेरियार की जयंती पर विचार गोष्ठी



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** पेरियार ई.वी. रामासामी की जयंती के अवसर पर मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र के सांसद आर.के. चौधरी के आवास पर विचार गोष्ठी एवं जयंती समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पेरियार के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर हुई। सांसद आर.के. चौधरी ने उनके सामाजिक न्याय और आत्मसम्मान आंदोलन से जुड़े विचारों का उल्लेख किया। सांसद सलाहकार एवं मलिहाबाद विधानसभा से तैयारी कर रहे सत्येंद्र रावत ने शिक्षा, समानता और तर्कवाद से जुड़े पेरियार के विचारों पर चर्चा की। कार्यक्रम में तरुण रावत, समाजसेवी विवेक यादव, अंकित लोधी समेत कार्यकर्ता, सामाजिक लोग और क्षेत्रवासी मौजूद रहे। इस दौरान सामाजिक एकता और भाईचारे को मजबूत करने पर जोर दिया गया।

# सेवा और समर्पण के साथ भाजपा लखनऊ महानगर ने अस्पतालों में बांटे फल



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ** ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा लखनऊ महानगर की ओर से गुरुवार को 'सेवा और समर्पण' की भावना के साथ शहर के विभिन्न अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों में फल वितरण तथा रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया। पार्टी पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने अस्पतालों में पहुंचकर मरीजों और तीमारदारों का हाल जाना और उन्हें फल वितरित किए। वहीं रक्तदान शिविरों में रक्तदान करने वालों को सम्मानित कर इस मानवीय कार्य के लिए प्रोत्साहित किया गया।डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी चिकित्सालय, हजरतगंज में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने मरीजों का हाल जाना और फल वितरित किए। इसके बाद रक्तदान शिविर में पहुंचकर रक्तदानियों को सम्मानित किया।लखनऊ विश्वविद्यालय के पुराने परिसर स्थित आरोग्य भवन में आयोजित रक्तदान शिविर में मंत्री भूपेन्द्र चौधरी, विधायक डॉ. नीरज बोरा, नटवर गोयल एवं उपाध्यक्ष सौरभ वाल्मीकि ने सहभागिता कर रक्तदान जैसे पुनीत एवं मानवीय कार्य को प्रोत्साहित किया।रानी लक्ष्मीबाई संयुक्त चिकित्सालय में भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रेशु भाटिया एवं अंजनी श्रीवास्तव ने मरीजों को फल बांटे।टीबी चिकित्सालय,संयुक्त चिकित्सालय, ठाकुरगंज में उत्तर विधानसभा विधायक डॉ. नीरज बोरा एवं प्रदेश उपाध्यक्ष अर्पणा यादव ने मरीजों से मुलाकात कर फल वितरित किए। वहीं लोकबंधु राज नारायण संयुक्त चिकित्सालय, कानपुर रोड में विधायक राजेश्वर सिंह एवं मंत्री राजेश चौधरी ने मरीजों और तीमारदारों को फल बांटे। बलरामपुर चिकित्सालय में महामंत्री टिंकू सोनकर एवं अर्चना साहू ने मरीजों को फल वितरित किए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सी-ब्लॉक इंदिरा नगर एवं भाऊराव देवरस सिविल अस्पताल, महानगर में पूर्व विधायक ओपी श्रीवास्तव ने भर्ती मरीजों के बीच फल वितरित किए और उनके शीघ्र स्वस्थ होने एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। अभियान में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता की। अस्पतालों में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने मरीजों और तीमारदारों से संवाद कर उनका कुशलक्षेम जाना। विभिन्न सेवा गतिविधियों के माध्यम से मानव सेवा, संवेदना और समर्पण का संदेश दिया गया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत सिंघापुरपनई विकास खण्ड बंडा जिला शाहजहांपुर**
**निविदा आमंत्रण सूचना (ग्राम पं/मेमो/ 2026- 27)**

6 वां राज्य वित्त आयोग/ 16 वां केंद्रीय वित्त आयोग के अंतर्गत आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है। कि ग्राम पंचायत सिंघापुरपनई में वितीय वर्ष 2026-27 की कार्य योजनानुसार निर्माण कार्य हेतु निर्धारित दरों पर सील बंद निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक फर्म मालिक 18/09/2026 से 21/09/26 समय दोपहर 2 बजे तक निविदाएं प्राप्त कर सकते है। उसी दिन 3 बजे ग्राम पंचायत पर निविदाएं खोली जाएगी सामिग्री आपूर्ति का विवरण विद्यायल में कायाकल्प बाउंड्री, हरिशंकरी,ट्री गार्ड रास्ता जल भराव विकास शौचालय, पंचायत घर,सामुदायिक शौचालय आंगनबाड़ी कायाकल्प हेतु खण्डजा रोड़ा ईंटे प्रथम श्रेणी रेता महीन, मौरंग बजरी सरिया सीमेंट स्टेशनरी हैंडपंप मरम्मत/ रिबोर इंटरलॉक ईंटे फर्नीचर ह्यूम, पाइप, सफाई किट बाल पेंटिंग सेनेटाइजर, टेली स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट स्थापना/ मरम्मत समरसेविल विधुत फिटिंग बाल पेंटिंग मूत्रालय दिव्यांग शौचालय मिट्टी कर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम हार्डवेयर बिल्डिंग संबंधी माल। तरल अवशिष्ट प्रबन्धन हेतु कराए जाने बाले कार्यो में प्रयोगार्थ प्रत्येक वस्तु समर क्रय का भुगतान सामग्री आपूर्ति के बाद किया जाएगा अग्रिम नहीं। नोट- विस्तृत ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**सचिव** **प्रधान/प्रशासक**

**कार्यालय ग्राम पंचायत विकास खण्ड बंडा जिला शाहजहांपुर**
**निविदा आमंत्रण सूचना (ग्राम पं/मेमो/ 2026- 27)**
**जनपद की विकास खंड बंडा, शाहजहांपुर की ग्राम पंचायत-**

1. मुड़िया कुर्मियात 2. मुड़गिवाँ 3. सबलापुर
4. ठुकरी बुजुर्ग 5. मानपुर पिपरिया 6. बिराहिमपुर
7. बिलंदापुर सुंदरपुर 8. मरेना 9. इंदलपुर
10. ददिउरी 11. तिहारएजनपुर

में 6 वां राज्य वित्त आयोग/ 16 वां केंद्रीय वित्त आयोग के अंतर्गत आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है। कि उपरोक्त ग्राम पंचायतो में वितीय वर्ष 2026-27 की कार्य योजनानुसार निर्माण कार्य हेतु निर्धारित दरों पर सील बंद निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक फर्म मालिक 18/09/2026 से 21/09/26 समय दोपहर 2 बजे तक निविदाएं प्राप्त कर सकते है। 21.09.2026 को ही दिन 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालयों पर निविदाएं खोली जाएगी सामिग्री आपूर्ति का विवरण विद्यायल में कायाकल्प बाउंड्री, हरिशंकरी,ट्री गार्ड रास्ता जल भराव विकास शौचालय, पंचायत घर,सामुदायिक शौचालय आंगनबाडी कायाकल्प हेतु खण्डजा रोडा ईंटे प्रथम श्रेणी रेता महीन, मौरंग बजरी सरिया सीमेंट स्टेशनरी हैंडपंप मरम्मत/ रिबोर इंटरलॉक ईंटे फर्नीचर ह्यूम, पाइप, सफाई किट बाल पेंटिंग सेनेटाइजर, टेली स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट स्थापना/ मरम्मत समरसेविल विधुत फिटिंग बाल पेंटिंग मूत्रालय दिव्यांग शौचालय मिट्टी कर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम हार्डवेयर बिल्डिंग संबंधी माल। तरल अवशिष्ट प्रबन्धन हेतु कराए जाने बाले कार्यो में प्रयोगार्थ प्रत्येक वस्तु समर क्रय का भुगतान सामग्री आपूर्ति के बाद किया जाएगा अग्रिम नहीं। नोट-विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**सचिव** **समस्त प्रधान/प्रशासक**

**कार्यालय ग्राम पंचायत मोहिद्दीनपुर विकास खण्ड बंडा जिला शाहजहांपुर**
**निविदा आमंत्रण सूचना (ग्राम पं/मेमो/ 2026- 27)**

6 वां राज्य वित्त आयोग/ 16 वां केंद्रीय वित्त आयोग के अंतर्गत आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है। कि ग्राम पंचायत मोहिद्दीनपुर में वितीय वर्ष 2026-27 की कार्य योजनानुसार निर्माण कार्य हेतु निर्धारित दरों पर सील बंद निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक फर्म मालिक 18/09/2026 से 21/09/26 समय दोपहर 2 बजे तक निविदाएं प्राप्त कर सकते है। उसी दिन 3 बजे ग्राम पंचायत पर निविदाएं खोली जाएगी सामिग्री आपूर्ति का विवरण विद्यायल में कायाकल्प बाउंड्री, हरिशंकरी,ट्री गार्ड रास्ता जल भराव विकास शौचालय, पंचायत घर,सामुदायिक शौचालय आंगनबाडी कायाकल्प हेतु खण्डजा रोडा ईंटे प्रथम श्रेणी रेता महीन, मौरंग बजरी सरिया सीमेंट स्टेशनरी हैंडपंप मरम्मत/ रिबोर इंटरलॉक ईंटे फर्नीचर ह्यूम, पाइप, सफाई किट बाल पेंटिंग सेनेटाइजर, टेली स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट स्थापना/ मरम्मत समरसेविल विधुत फिटिंग बाल पेंटिंग मूत्रालय दिव्यांग शौचालय मिट्टी कर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम हार्डवेयर बिल्डिंग संबंधी माल। तरल अवशिष्ट प्रबन्धन हेतु कराए जाने बाले कार्यो में प्रयोगार्थ प्रत्येक वस्तु समर क्रय का भुगतान सामग्री आपूर्ति के बाद किया जाएगा अग्रिम नहीं। नोट-- विस्तृत ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है

**सचिव** **प्रधान/प्रशासक**

**कार्यालय ग्राम पंचायत हेतमनगला विकास खण्ड बंडा जिला शाहजहांपुर**
**निविदा आमंत्रण सूचना (ग्राम पं/मेमो/ 2026- 27)**

6 वां राज्य वित्त आयोग/ 16 वां केंद्रीय वित्त आयोग के अंतर्गत आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है। कि ग्राम पंचायत हेतमनगला में वितीय वर्ष 2026-27 की कार्य योजनानुसार निर्माण कार्य हेतु निर्धारित दरों पर सील बंद निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक फर्म मालिक 18/09/2026 से 21/09/26 समय दोपहर 2 बजे तक निविदाएं प्राप्त कर सकते है। उसी दिन 3 बजे ग्राम पंचायत पर निविदाएं खोली जाएगी सामिग्री आपूर्ति का विवरण विद्यायल में कायाकल्प बाउंड्री, हरिशंकरी,ट्री गार्ड रास्ता जल भराव विकास शौचालय, पंचायत घर,सामुदायिक शौचालय आंगनबाडी कायाकल्प हेतु खण्डजा रोड़ा ईंटे प्रथम श्रेणी रेता महीन, मौरंग बजरी सरिया सीमेंट स्टेशनरी हैंडपंप मरम्मत/ रिबोर इंटरलॉक ईंटे फर्नीचर ह्यूम, पाइप, सफाई किट बाल पेंटिंग सेनेटाइजर, टेली स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट स्थापना/ मरम्मत समरसेविल विधुत फिटिंग बाल पेंटिंग मूत्रालय दिव्यांग शौचालय मिट्टी कर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम हार्डवेयर बिल्डिंग संबंधी माल। तरल अवशिष्ट प्रबन्धन हेतु कराए जाने बाले कार्यो में प्रयोगार्थ प्रत्येक वस्तु समर क्रय का भुगतान सामग्री आपूर्ति के बाद किया जाएगा अग्रिम नहीं। नोट-विस्तृत ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**सचिव** **प्रधान/प्रशासक**

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## फिर हिंसा

करीब तीन साल से अधिक समय से जातीय हिंसा और उससे उपजे सामाजिक तनाव से घिरा मणिपुर एक बार फिर समस्या ग्रस्त हो रहा है। यह सही है कि स्थितियों में कई बार सुधार के संकेत नजर आए लेकिन यह भी साफ है कि तनाव अभी पूरी तरह खत्म नहीं हो सका है। आज भी हिंसक घटनाओं का राज्य के सामान्य जनजीवन पर प्रभाव पड़ रहा है। राज्य के तामेंगलॉन्ग जिले के एक गांव में मंगलवार को संदिग्ध उग्रवादियों ने दो महिलाओं की गोली मारकर हत्या कर दी और कुछ फार्म हाउसों को जला दिया। इसके कुछ ही देर बाद दूसरे गांव पर रात करीब 10:30 बजे हुए हमले में गोलीबारी शुरू हुई जो बुधवार तड़के तक चलती रही। इससे पहले रविवार को भी दो जिलों में हुए उग्रवादी हमले में चार लोग मारे गए थे। इस पर सरकार का औपचारिक संदेश एक बार फिर सामने आया कि राज्य में हिंसा बर्दाश्त नहीं होगी और दोषियों को कड़ी सजा मिलेगी लेकिन सवाल यह है कि अगर ऐसा सख्त रुख है तो उसका असर क्यों नहीं दिखाई दे रहा है। समस्या की तह में जाएं तो साफ होता है कि राज्य की समस्या केवल जाति संघर्ष तक सीमित नहीं है। इसके पीछे प्रशासनिक व्यवस्था, रोजगार, राजनीतिक प्रतिनिधित्व और संसाधनों को लेकर समुदायों के बीच लंबे समय से चले आ रहे अविश्वास जैसे उलझाऊ कारण भी हैं। सामान्य स्थिति लाने के लिए इन कारणों को समझना भी जरूरी है जिनसे तनाव की पुनरावृत्ति होती रहती है। इसके अलावा राज्य में विस्थापन भी एक आम समस्या है। हिंसा के कारण बड़ी संख्या में लोग अपने घर छोड़कर लंबे समय से राहत शिविरों में रह रहे हैं। इनका लौटना सुरक्षा का भरोसा आजीविका के साधन और संपत्ति तथा पुनर्वास को लेकर ठोस उपायों पर निर्भर करेगा। इसके लिए जरूरी है कि आम लोगों की सुरक्षा का पुख्ता बंदोबस्त हो। हिंसा की आशंका वाले क्षेत्रों में पर्याप्त सुरक्षा और संवेदनशील इलाकों में मजबूत प्रशासनिक पकड़ भी होनी जरूरी है। यह भी आवश्यक है कि हिंसा या उकसावे की घटनाओं पर निष्पक्ष और सख्त कदम उठाए जाएं। इन तात्कालिक समस्याओं को हल करना ही होगा, दीर्घकालिक समाधान के लिए प्रयास भी किए जाने चाहिए। यह तो बहुत सीधी बात है कि जिन लोगों ने हिंसा और बेघर होने का सामना किया है, उनके भीतर भय और असुरक्षा गहरे तक घर कर गई है और ऐसे लोगों की संख्या बहुत ज्यादा है। इसलिए सबसे बड़ी जरूरत राज्य सरकार, उसके प्रशासन तथा आम लोगों के बीच भरोसा बहाली की है। संदेह और वैमनस्य इसी से खत्म होगा जिसके बाद ही स्थिति के पूरी तरह समान होने की उम्मीद की जा सकती है। राज्य सरकार के साथ केंद्र को भी दिशा में प्रयास बढ़ाने होंगे तथा यह धारणा बनने से रोकना होगा कि मणिपुर को उसके हाल पर छोड़ दिया गया है।

## स्वागतयोग्य निर्णय

अदालतों पर मुकदमों का बोझ इस समय एक बड़ी समस्या है। इसकी वजह से बड़ी संख्या में अपराधों, विवादों तथा अन्य मामलों पर निर्णय नहीं हो पा रहा है। त्वरित न्याय के उद्देश्य की प्राप्ति में यह बहुत बड़ी बाधा है। इसका एक बड़ा कारण न्यायालय तथा न्यायिक अधिकारियों की कमी है जिसके कारण न्याय की अवधारणा पूरी तरह साकार नहीं हो पा रही है। एक आकलन के अनुसार प्रदेश के न्यायालयों में इस समय एक करोड़ बीस लाख छात्र हजार एक सौ पांच बाद लंबित हैं। कुछ वर्ष पहले इलाहाबाद उच्च न्यायालय में प्रदेश भर में कुल 9149 में न्यायालय के गठन का मामला आया था। इसके बाद राज्य सरकार ने 2024 में पहले चरण में नौ सौ अदालतों के गठन को सिद्धांत रूप में स्वीकृति दी थी। अब प्रदेश सरकार ने इस दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए राज्य के सभी जिलों में नौ सौ नई अदालतों के गठन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। नया कार्यक्रम के साथ न्यायिक एवं अंश संपर्कों के कुल 6656 नए पदों पर भारती का रास्ता भी साफ हो गया है। निश्चित रूप से पदार्थ की संख्या बढ़ने से मुकदमा की सुनवाई और विस्तरों की क्षमता बढ़ेगी। इसके शुरुआती चरण के लिए बजट भी आवंटित कर दिया गया है। यह बात ध्यान देने योग्य है कि नई अदलतों के गठन के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने भी विशेष रूचि ली थी। इस तरह से प्रदेश में प्रदेश में त्वरित न्याय की प्रक्रिया को साकार करने की दिशा में बड़ा कदम उठा लिया गया है। इससे बड़ी संख्या में छोटे वादकारियों और महिलाओं को बार-बार अदालतों के चक्कर लगाते हुए न्याय के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। साथ यह प्रवृत्ति भी नियंत्रण में आएगी जिसमें दबंग और पहुंच वाले लोग न्यायालय में मामला लटके ने रहने के कारण सजा से लंबे समय तक बचे रहते थे। नई अदालतों के गठन से वास्तव में प्रदेश की न्याय व्यवस्था और गतिशील होगी तथा न्याय में विलंब की नौबत ही नहीं आएगी। प्रदेश सरकार का यह निर्णय जन कल्याणकारी और इसीलिए स्वागत योग्य है। इससे लोगों में न्याय व्यवस्था के प्रति विश्वास में भी बढ़ोतरी होगी।

## काँव-काँव

♦♦♦

**यूपीआई शुल्क पर घमासान**
फ्री का चस्का छूटता नहीं, घमासान होगा ही!

**प्रदेश में बिजली संकट गहराया**
अंधेरों से उजालों का संघर्ष होता रहता है!

**हमारे विरुद्ध डिजिटल अभियान चला रही भाजपा : अखिलेश**
फिजिकल अभियान नहीं चला रही यही शुक्र कीजिए!

**केजीएमयू में अल्ट्रासाउंड के लिए 45 दिन इंतजार**
इतने दिनों में तो मरीज को भगवान का अपॉइंटमेंट मिल जाएगा!

**ऑनलाइन गेम में रकम गंवाने पर महिला ने फांसी लगाई**
जुआ जीवन का शत्रु है,महाभारत का कारण यही था!

**एआई से उत्पादकता और नौकरी जाने का खतरा बढ़ा**
श्रमजीवियों की सौत की तरह होती है मशीनी तरक्की!

♦♦♦

# यूपीआई की यात्रा का बदलता पड़ाव

**यूपीआई पर शुल्क शून्य रखने के पीछे सोच साफ थी–डिजिटल भुगतान अपनाने में कीमत बाधा न बने। ग्राहक और व्यापारी नकदी से डिजिटल भुगतान की ओर आए, बैंकिंग व्यवस्था से जुड़ाव बढ़ा और छोटे से छोटे भुगतान के लिए भी नकदी पर निर्भरता कम हुई। अब जब यूपीआई रोजमर्रा के भुगतान का हिस्सा बन चुका है, उसके कुछ व्यापारी भुगतानों पर शुल्क लगाने का फैसला एक सीधा सवाल खड़ा करता है–जिस व्यवस्था को फैलाने के लिए लागत की बाधा हटाई गई थी, उसके व्यापक हो जाने के बाद वही बाधा फिर क्यों लाई जा रही है? नई व्यवस्था में व्यक्ति से व्यक्ति के भुगतान, रु. 2,000 तक के व्यापारी भुगतान और क्यूआर के जरिए प्रति माह रु.1 लाख तक प्राप्त करने वाले पात्र छोटे व्यापारियों के भुगतान शून्य एमडीआर के दायरे में रहेंगे। सरकार के अनुसार करीब 96 प्रतिशत व्यापारी लेन-देन भी इससे अप्रभावित रहेंगे। रु. 2,000 से अधिक के निर्धारित व्यापारी भुगतानों पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर लगेगा। दायरा सीमित है और दर भी छोटी है। लेकिन रकम छोटी होने से उसका असर भी छोटा हो, यह जरूरी नहीं। अगर 0.4 प्रतिशत से व्यापारी के व्यवहार पर कोई असर नहीं पड़ना है, तो उससे मिलने वाली राशि कितनी निर्णायक है? और अगर असर पड़ सकता है, तो इसे मामूली कहकर आगे बढ़ जाना भी ठीक नहीं।**

यूपीआई पर शुल्क शून्य रखने के पीछे सोच साफ थी–डिजिटल भुगतान अपनाने में कीमत बाधा न बने। ग्राहक और व्यापारी नकदी से डिजिटल भुगतान की ओर आए, बैंकिंग व्यवस्था से जुड़ाव बढ़ा और छोटे से छोटे भुगतान के लिए भी नकदी पर निर्भरता कम हुई। अब जब



– डॉ. शिवम भारद्वाज

यूपीआई रोजमर्रा के भुगतान का हिस्सा बन चुका है, उसके कुछ व्यापारी भुगतानों पर शुल्क लगाने का फैसला एक सीधा सवाल खड़ा करता है–जिस व्यवस्था को फैलाने के लिए लागत की बाधा हटाई गई थी, उसके व्यापक हो जाने के बाद वही बाधा फिर क्यों लाई जा रही है? नई व्यवस्था में व्यक्ति से व्यक्ति के भुगतान, रु. 2,000 तक के व्यापारी भुगतान और क्यूआर के जरिए प्रति माह रु.1 लाख तक प्राप्त करने वाले पात्र छोटे व्यापारियों के भुगतान शून्य एमडीआर के दायरे में रहेंगे। सरकार के अनुसार करीब 96 प्रतिशत व्यापारी लेन-देन भी इससे अप्रभावित रहेंगे। रु. 2,000 से अधिक के निर्धारित व्यापारी भुगतानों पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर लगेगा। दायरा सीमित है और दर भी छोटी है। लेकिन रकम छोटी होने से उसका असर भी छोटा हो, यह जरूरी नहीं। अगर 0.4 प्रतिशत से व्यापारी के व्यवहार पर कोई असर नहीं पड़ना है, तो उससे मिलने वाली राशि कितनी निर्णायक है? और अगर असर पड़ सकता है, तो इसे मामूली कहकर आगे बढ़ जाना भी ठीक नहीं। यूपीआई के संचालन और विस्तार में खर्च होता है। तकनीक, सुरक्षा, रखरखाव और क्षमता बढ़ाने के लिए संसाधन चाहिए। सरकार भी इसे यूपीआई की दीर्घकालिक स्थिरता से जोड़ती है। लेकिन किसी व्यवस्था की लागत होना और उसके उपयोग पर शुल्क लगाना एक ही बात नहीं है। हर भुगतान व्यवस्था की अपनी लागत होती है। नकदी को देखें तो नोट छापने, उनकी सुरक्षा, ढुलाई, भंडारण, वितरण, गिनती और खराब नोटों को वापस लेने तक पूरा तंत्र काम करता है। इसलिए केवल डिजिटल भुगतान के ढांचे की लागत का हवाला शुल्क लगाने का पूरा आधार नहीं बन सकता बल्कि यूपीआई ने भुगतान व्यवस्था के दूसरे हिस्सों का बोझ भी घटाया है। रकम सीधे खाते में पहुंचती है, लेन-देन का रिकॉर्ड बनता है और नकदी रखने, गिनने तथा जमा कराने की जरूरत कम होती है। व्यापारी के लिए इसका अर्थ केवल सुविधा नहीं, बल्कि भुगतान से जुड़े समय और श्रम में कमी भी है। यानी जिस व्यवस्था की अपनी लागत है, उसने दूसरी ओर व्यवस्था पर पड़ने वाला कुछ खर्च भी कम किया है। इस बचत को नजरअंदाज करके केवल नई लागत देखना अधूरी तस्वीर होगी। नई लागत का असर व्यापारी तक ही रुक जाएगा, यह मान लेना भी कठिन है। वह लाभ में उसका असर समायोजित कर सकता है, कीमत में जोड़ सकता है या ग्राहक को दूसरे भुगतान माध्यम की ओर मोड़ सकता है। ऐसे में सवाल केवल यह नहीं रहेगा कि शुल्क कौन देगा; सवाल यह भी होगा कि भुगतान का तरीका कौन बदलेगा।

यूपीआई की बड़ी उपलब्धि लेन-देन की संख्या से आगे की है। उसने डिजिटल भुगतान को असाधारण से सामान्य बना दिया है। छोटी खरीदारी के लिए नकदी निकालने की जरूरत न रहना अब रोजमर्रा की आदत है।




ऐसी आदतें बनाने में समय लगता है, लेकिन उन्हें बदलने के लिए हमेशा बड़ा आर्थिक झटका जरूरी नहीं होता। इसलिए 96 प्रतिशत लेन-देन के अप्रभावित रहने का आंकड़ा महत्वपूर्ण होते हुए भी पूरी तस्वीर नहीं बताता। वह दायरा बताता है, लेकिन यह नहीं बताता कि प्रभावित कारोबार अपने व्यवहार में क्या बदलाव करेंगे। सरकार का तर्क है कि नई व्यवस्था से बैंकों, भुगतान सेवा प्रदाताओं और अन्य संबंधित संस्थाओं को यूपीआई के संचालन और विस्तार के लिए संसाधन मिलेंगे। यह तर्क व्यवस्था की वित्तीय जरूरत को सामने रखता है। लेकिन इसके साथ यह सवाल भी बना रहता है कि संसाधन जुटाने का रास्ता ऐसा हो सकता है या नहीं, जिसमें डिजिटल भुगतान को स्वीकार करने की लागत बढ़े बिना व्यवस्था को टिकाऊ बनाया जा सके। यही इस बदलाव की असली कसौटी है। 0.4 प्रतिशत की दर छोटी हो सकती है; लेकिन नीति का असर प्रतिशत में नहीं, व्यवहार में दिखाई देता है। जिस व्यवस्था ने नकदी से जुड़े कई खर्च और प्रक्रियाएं कम की हैं, उसकी लागत तय करते समय केवल वसूली नहीं, उससे पैदा होने वाले संभावित बदलाव को भी देखना होगा। छोटी कीमत से शुरू हुआ बदलाव कहीं भुगतान की पुरानी आदतों की वापसी का रास्ता न खोल दे–यूपीआई के अगले पड़ाव पर यही सवाल सबसे गंभीर है।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### अथ अष्टादशोऽध्यायः

(गतांक से आगे

यया तु धर्मकामार्थान्धृत्या धारयतेऽर्जुन । प्रसङ्गेन फलाकाङ्क्षी धृतिः सा पार्थ राजसी ।। 34।।

हे पार्थ ! फल की इच्छावाला मनुष्य अति आसक्ति से जिस धारणा के द्वारा केवल धर्म, अर्थ और काम को धारण करता है (मोक्ष को नहीं), वह धारणा राजसी है। इस धारणा में भी लक्ष्य वही है, केवल कामना करता है। जो कुछ करता है, उसके बदले में चाहता है। अब तामसी धारणा के लक्षण देखें-

शाह यया स्वप्नं भयं शोकं विषादं मदमेव च। न विमुञ्चति दुर्मेधा धृतिः सा पार्थ तामसी ।। 35।।

हे पार्थ ! दुष्ट बुद्धिवाला मनुष्य जिस धारणा के द्वारा निद्रा, भय, चिन्ता, दुःख और अभिमान को भी (नहीं छोड़ता इन सबको) धारण किये रहता है, वह धारणा तामसी है। यह प्रश्न पूरा हुआ। अगला प्रश्न है, सुख-

सुखं त्विदानीं त्रिविधं शृणु मे भरतर्षभ। अभ्यासाद्रमते यत्र दुःखान्तं च निगच्छति ।। 36 ।।

अर्जुन ! अब सुख भी तीन प्रकार का मुझसे सुन। उनमें से जिस सुख में साधक अभ्यास से रमण करता है अर्थात् चित्त को समेटकर इष्ट में रमण करता है और जो दुःखों का अन्त करनेवाला है तथा-

आयत्तदग्रे विषमिव परिणामेऽमृतोपमम् । तत्सुखं सात्त्विकं प्रोक्तमात्मबुद्धिप्रसादजम् ।। 37।।

उपर्युक्त सुख साधन के आरम्भकाल में यद्यपि विष के सदृश लगता है (प्रह्लाद को शूली पर चढ़ाया गया, मीरा को विष मिला। कबीर कहते हैं-'सुखिया सब संसार है, खाये अरु सोवै। दुखिया दास कबीर है, जागे अरु रोवै।' अतः आरम्भ में विष-जैसा भासता है) परन्तु परिणाम में अमृततुल्य है, अमृत-तत्त्व को दिलाने वाला है। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**अकृष्टफलमूलानि वनवासरति सदा।**
**कुरुतेहरहः श्राद्धमृषिर्विप्रः च उच्यते।।**

बिना जुती धरती से मिलने वाले फल-मूलादि का सेवन करने वाला तथा वन में निवास करने वाला और प्रतिदिन पितरों का श्राद्ध व तर्पण करने वाला ब्राह्मण ऋषि कहलाता है।

♦♦♦

# मरीज ग्राहक नहीं, कैदी है – अस्पताल में विकल्पहीनता का सच

अस्पताल के दरवाजे तक आदमी बीमारी लेकर पहुंचता है, लेकिन लौटते समय अक्सर भारी बिल का बोझ साथ होता है। हैरानी यह कि इलाज का सबसे महंगा हिस्सा हमेशा दवा या ऑपरेशन नहीं होता; कई बार



– डॉ. आर.के. जैन 'अरिजीत'

कुछ रुपये की मामूली प्लास्टिक ट्यूब ही जेब पर सबसे बड़ा वार कर जाती है। महाराष्ट्र एफडीए आयुक्त तुकाराम मुंडे की सर्वे रिपोर्ट ने मेडिकल उपभोग्य सामग्रियों पर भारी मार्कअप की यही चुभती हकीकत सामने रखी है। 11.05 रुपये का आईवी सेट 325 रुपये (2,841 प्रतिशत मार्कअप), 6.75 रुपये की सिरिंज 57.20 रुपये और 29.41 रुपये का कैथेटर 310 रुपये में मरीज तक पहुंच सकता है। यानी बीमारी का इलाज विज्ञान करता है, लेकिन बिल का हिसाब ऐसा है कि मरीज को हर कदम पर अपनी जेब का इलाज करना पड़ता है। 2,841 प्रतिशत का मार्कअप यानी खरीद कीमत का लगभग 29 गुना–मामूली आंकड़ा नहीं। 11.05 रुपये का आईवी सेट 325 रुपये में मरीज के बिल तक पहुंच सकता है, तो सवाल है कि कीमत इतनी क्यों बढ़ी? अस्पताल के अपने खर्च हैं–स्टाफ, मशीनें, बिजली-पानी और दूसरी व्यवस्थाएं। यह उचित है। लेकिन अस्पताल कोई धर्मशाला नहीं, तो मरीज भी बीमारी के नाम पर पैसा उगलने वाला एटीएम नहीं। दस-बीस प्रतिशत के सामान्य व्यापारिक मार्जिन और हजारों प्रतिशत के अंतर को एक तराजू में नहीं तौला जा सकता। 11.05 रुपये की वस्तु 325 रुपये में पहुंचे, तो सवाल सिर्फ मुनाफे का नहीं, पारदर्शिता का है। इलाज में कीमत का सच छिपेगा, तो भरोसा भी धीरे-धीरे भय में बदल जाएगा।

बाजार में ग्राहक के पास मोलभाव और विकल्प होते हैं; अस्पताल के बिस्तर पर पड़ा मरीज इनसे लगभग वंचित होता है। दुकान पर महंगी चीज छोड़कर दूसरी दुकान जा सकते हैं, लेकिन अस्पताल में बीमारी की तात्कालिकता, डॉक्टर की सलाह और परिवार की चिंता विकल्प सीमित कर देती है। वह चाहकर भी नहीं कह सकता–÷सिरिंज महंगी है, दूसरी जगह से ले आता हूं।÷ उस क्षण वह ग्राहक नहीं, अपनी मजबूरी के हवाले मरीज होता है। इसलिए मेडिकल आइटम की मनमानी कीमत केवल पैसे नहीं, अधिकार का सवाल है। मरीज को पता होना चाहिए कि वस्तु कितने में खरीदी गई, उसकी निर्धारित कीमत क्या है और उससे कितनी रकम ली जा रही है। इलाज में पारदर्शिता सुविधा नहीं, मरीज का अधिकार है। मरीज के हाथ में पहुंचा बिल कहानी का आखिरी पन्ना है; कीमत का खेल उससे बहुत पहले शुरू होता है। तुकाराम मुंडे की रिपोर्ट इसी परत को खोलती है। निर्माता से वितरक और आपूर्ति श्रृंखला के अलग-अलग पड़ावों तक कीमत बढ़ती है। मुंडे के अनुसार, एमआरपी अक्सर अस्पताल पहुंचने से पहले ही तय हो चुका होता है, जिसका अंतिम बोझ मरीज के बिल पर पड़ता है। दवाओं की कीमतों पर नियमन है, लेकिन अधिकांश मेडिकल उपभोग्य सामग्रियां लंबे समय तक ऐसी कठोर निगरानी से बाहर रहीं। नतीजा यह कि इलाज की जरूरी मामूली वस्तु भी कीमतों की ऐसी भूलभुलैया में पहुंच गई, जिसका रास्ता मरीज को दिखाई नहीं देता। अब उद्योग संगठन भी उचित मूल्य और पारदर्शिता की मांग कर रहे हैं। यानी सवाल किसी एक अस्पताल का नहीं, पूरी व्यवस्था की जवाबदेही का है। बीमारी घर में आती है तो सबसे पहले बजट टूटता है। मध्यमवर्ग सबसे अधिक पिसता है–न पूरी सरकारी मदद मिलती है, न निजी इलाज का भारी खर्च आसानी से उठता है। आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं ने इलाज की पहुंच बढ़ाई है, फिर भी निजी अस्पतालों में मेडिकल उपभोग्य सामग्रियों का खर्च बड़ा सवाल है। कई बार दवाओं से ज्यादा बिल उन छोटी चीजों का बनता है, जिन्हें मरीज बाजार में सस्ता समझता है। फिर परिवार सोचता है–कहां से उधार लें, क्या गिरवी रखें, कौन-सा खर्च रोकें। बीमारी मरीज को बिस्तर पर लिटाती है, भारी बिल पूरे परिवार की कमर तोड़ देता है। इसे सिर्फ व्यापार कहना इस पीड़ा को छोटा करना है। मरीज को इलाज चाहिए, सिफारिशों की फाइल नहीं। सरकार नेशनल फार्मास्यूटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी और संबंधित विभाग को सिफारिश भेज चुकी है, लेकिन जरूरत अब कागज से आगे बढ़ने की है। जरूरी मेडिकल उपकरणों और उपभोग्य सामग्रियों की कीमतों पर नियंत्रण हो, व्यापारिक मार्जिन की तार्किक सीमा तय हो और बिल में खरीद मूल्य व मरीज से वसूली गई रकम साफ लिखी जाए। मरीज को अपने इलाज का हिसाब समझने के लिए अर्थशास्त्र पढ़ने की जरूरत नहीं होनी चाहिए। उसे बस पता हो कि वस्तु कितने में आई और उससे कितने लिए गए। स्वास्थ्य सेवा में पारदर्शिता कोई सुविधा नहीं, भरोसे की पहली शर्त है।

यह समस्या महाराष्ट्र की सीमा पर खड़ी कोई अकेली दीवार नहीं है। निजी स्वास्थ्य व्यवस्था में अस्पताल का बिल, इलाज की कीमत और बीमा खर्च एक-दूसरे से जुड़े हैं। आज बढ़ा इलाज खर्च कल बीमा प्रीमियम के रूप में आम आदमी की जेब पर लौट सकता है। सवाल सीधा है–स्वास्थ्य सेवा का मकसद मरीज को स्वस्थ करना है या उसकी मजबूरी से कमाई करना? अस्पतालों को खर्च निकालने और उचित लाभ कमाने का अधिकार है, लेकिन मुनाफे की भी सीमा और मर्यादा होती है। जिस मरीज के पास बीमारी के समय सौदेबाजी का विकल्प नहीं, उसकी मजबूरी कमाई का आधार बन जाए तो स्वास्थ्य सेवा का भरोसा ही कटघरे में खड़ा हो जाता है।

अस्पताल में इलाज के साथ भरोसा भी दांव पर होता है। 11.05 रुपये का आईवी सेट 325 रुपये में बिकना इसी भरोसे पर सवाल है। बीमारी में परिवार डॉक्टर, अस्पताल और व्यवस्था पर विश्वास करता है कि उसकी मजबूरी समझी जाएगी, उसका फायदा नहीं उठाया जाएगा। लेकिन मामूली मेडिकल वस्तु पर हजारों प्रतिशत का अंतर सामने आए तो चोट जेब और विश्वास, दोनों पर पड़ती है।

इस मूल्य-अंधेरे को दूर करना सरकार, नियामक संस्थाओं, निर्माताओं, वितरकों और अस्पतालों–सभी की जिम्मेदारी है। स्वास्थ्य सेवा की पहचान महंगी मशीनों से नहीं, पारदर्शिता और ईमानदारी से होनी चाहिए। वरना सवाल रहेगा–बीमारी शरीर की थी, फिर इलाज के साथ मेरी जेब को सजा क्यों मिली?

## प्रेरक प्रसंग

### मन का पाप

एक साधु थे। जंगल में रहते थे। एक दिन घूमते हुए वह नदी के किनारे गये। बड़ा रमणीक स्थान था। चारों ओर प्रकृति का साम्राज्य फैला था। सघन वृक्षों पर पक्षी चहचहा रहे थे। संत ने देखा कि एकान्त स्थान पर एक पेड़ के नीचे एक युवक और युवती बैठे हैं। दोनों बड़े आनंदित थे। दोनों के हाथ में एक-एक गिलास था। संत ने सोचा कि इस निर्जन स्थान पर बैठकर ये लोग निश्चय ही मदिरापान कर रहे होंगे और गंदी बातें कर रहे होंगे। शराब पीकर आदमी का दिमाग फिर जाता है। वह बुरी बातें ही सोचता है, बुरे काम ही करता है। आदमी का कितना पतन हो गया है। वह यह सब सोच ही रहे थे कि सामने से एक नाव आती दिखाई दी। नदी की धारा बड़ी तीव्र थी। जोर की लहरें उठ रही थीं। अचानक नाव को लहरों का थपेड़ा लगा और वह उलट गई।

संत के मुंह से जोर की चीख निकली। उनकी आंखें बंद हो गई। जैसे ही आंखें खुलीं कि देखते क्या हैं कि जिस युवक को उन्होंने पापी समझ रखा था, वही युवक छलांग लगाकर पानी में कूदा और पांच आदमियों को निकालकर बाहर ले आया।

संत खड़े-खड़े देख रहे थे। युवक पास आकर बोला, महाराज,भगवान की कृपा से पांच आदमियों की तो जान बच गई। अब एक रह गया है। उसके प्राण आप बचा लीजिये।

संत को तैरना नहीं आता था। वह कूदने की हिम्मत कैसे कर सकते थे ? यह देखकर युवक ने कहा, स्वामीजी, इंसान के लिए इंसान से बढ़कर और कुछ नहीं है। इतना कहकर उसने एक छलांग फिर लगाई और अंतिम व्यक्ति को भी बचाकर बाहर ले आया।

साधु का लज्जा से सिर झुक गया। जिसे वह पापी समझ रहे थे, उससे बढ़कर पुण्यात्मा उन्होंने अपने जीवन में नहीं देखा था।

## आपका पत्र मिला

### बांग्लादेश की सामरिक दिशा के ठोस संकेत

पाकिस्तान की मुख्य भूमिका वाले समझौतों से जुड़ने की इच्छा और चीनी हथियार प्रणालियों को खरीदने का फैसला बांग्लादेश की नई सामरिक दिशा के ठोस संकेत हैं। भारत को इससे उचित संदेश ग्रहण करना चाहिए।

बांग्लादेश ने पुष्टि कर दी है कि वह चीन में बने 4.5वीं पीढ़ी के जे-10सीई लड़ाकू विमान खरीदने जा रहा है। इसके अलावा वह चीनी लड़ाकू हेलीकॉप्टर, वीआईपी ट्रांसपोर्ट हेलीकॉप्टर, और ड्रोन्स की खरीदारी भी करेगा। इसका अर्थ है कि अब बांग्लादेश चीन अस्त्र प्रणाली का हिस्सा बनने जा रहा है। कुछ ही रोज पहले बांग्लादेश ने मक्का सुरक्षा समझौते में शामिल होने की इच्छा जताई। हालांकि इस समझौते में शामिल देशों से बांग्लादेश को कोई न्योता नहीं मिला है, मगर संसद में विदेश मंत्री खलीलुर रहमान ने कहा कि अगर आमंत्रण मिलता है, तो उस पर बांग्लादेश सकारात्मक नजरिए से विचार करेगा। मक्का समझौता पाकिस्तान, सऊदी अरब, और तुर्किये के बीच हुआ है। ईरान युद्ध से पश्चिम एशिया में बदली सामरिक स्थितियों के बीच उस क्षेत्र में नई उभरती सुरक्षा व्यवस्था में पाकिस्तान की भूमिका ठोस ढंग से बढ़ रही है।

अगस्त 2024 में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद बांग्लादेश के पाकिस्तान से आम संबंध गहरे हुए हैं। इसी बीच पाकिस्तान की मुख्य भूमिका वाले समझौतों से जुड़ने की इच्छा और चीनी हथियार प्रणालियों को खरीदने का फैसला उसकी सामरिक दिशा के ठोस संकेत हैं। भारत को इससे उचित संदेश ग्रहण करना चाहिए।

**एक नागरिक**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।

संपादक,
स्वतंत्र भारत
1, जॉपलिंग रोड,
लखनऊ-226001
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com

# ब्रेन हेल्थ : उम्र बढ़ने पर भूलने की आदत सामान्य या डिमेंशिया का संकेत, कैसे करें पहचान

उम्र बढ़ने के साथ किसी का नाम याद न आना, सामान रखकर भूल जाना या किसी तारीख को याद करने में ज्यादा समय लगना आम बात है। 60 की उम्र होते-होते शरीर में कई तरह के बदलाव होने लगते हैं, दिमागी क्षमता भी उनमें से एक है। यही वजह है कि परिवार के लोग अक्सर बुजुर्गों की हर भूल को उम्र का असर मानकर नजरअंदाज कर देते हैं। पर क्या आप जानते हैं कि हर भूल सामान्य नहीं होती? 60 की उम्र के बाद अल्जाइर रोग और डिमेंशिया के मामले भी बढ़ जाते हैं, जिसको लेकर सभी लोगों को अलर्ट रहने की जरूरत है। डिमेंशिया में याददाश्त और सोचने-समझने की क्षमता इतनी प्रभावित हो जाती है कि इसका रोजमर्रा के कामों पर भी असर पड़ने लगता है। बार-बार एक ही सवाल पूछना, परिचित जगहों पर रास्ता भूल जाना, बिल या पैसों का हिसाब संभालने में परेशानी होना, बातचीत करने में दिक्कत होना ऐसे संकेत हैं जिन्हें गंभीरता से लेना चाहिए। लेकिन याददाश्त में कमी का मतलब हमेशा डिमेंशिया भी नहीं होता। इसके कई और भी कारण हो सकते हैं, जिनकी पहचान जरूरी है।




**याददाश्त की समस्या और डिमेंशिया–** स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, उम्र बढ़ने पर दिमाग की काम करने की गति कुछ धीमी हो जाती है। कभी किसी का नाम तुरंत याद न आना, कोई चीज रखकर भूल जाना या तारीख याद करने में थोड़ा समय लगना सामान्य उम्र से जुड़ी भूल हो सकती है। याददाश्त से संबंधित ऐसी दिक्कतों के बावजूद लोग आमतौर पर रोज के काम कर लेते हैं। अगर कोई व्यक्ति बार-बार एक ही सवाल पूछता है, रास्ते भूल जाता है, बातचीत के दौरान सामान्य शब्द नहीं मिलते तो इसे केवल उम्र का असर नहीं मानना चाहिए। कई बार ये डिमेंशिया का संकेत हो सकता है। डिमेंशिया में याददाश्त के अलावा सोचने, निर्णय लेने, भाषा और ध्यान जैसी क्षमताएं भी प्रभावित हो सकती हैं। व्यक्ति के व्यवहार या व्यक्तित्व में बदलाव भी दिखाई दे सकता है। ऐसे लक्षण लगातार दिखें तो डॉक्टर से जांच कराना जरूरी है।

**हर याददाश्त की समस्या डिमेंशिया नहीं–** याददाश्त कमजोर होने के पीछे कई ऐसे कारण हो सकते हैं जिनका इलाज संभव है। अध्ययनों में पाया गया है कि कई बार नींद की समस्या, तनाव, डिप्रेशन, थायरॉइड की बीमारी और विटामिन-बी12 जैसे जरूरी पोषक तत्वों की कमी भी याददाश्त को प्रभावित कर सकती है। इसलिए बुजुर्ग में अचानक याददाश्त की दिक्कत को तुरंत डिमेंशिया मान लेना सही नहीं है। याददाश्त की कई समस्याओं को दिनचर्या में बदलाव करके भी सुधारा जा सकता है।

**सामान्य याददाश्त की दिक्कत और डिमेंशिया में अंतर–** कभी-कभार चीजें भूल जाना सामान्य हो सकता है, लेकिन डिमेंशिया में भूलने की समस्या लगातार बढ़ती जाती है और रोजमर्रा के काम प्रभावित होने लगते हैं। डिमेंशिया के कारण बार-बार एक ही बात पूछने, रास्ते न याद आने और सामान्य काम करने में दिक्कत होने जैसी समस्याएं होने लगती हैं। सामान्य भूलने में व्यक्ति बाद में याद कर सकता है, जबकि डिमेंशिया में याददाश्त और सोचने-समझने की क्षमता धीरे-धीरे कमजोर होती जाती है।

# क्या आप सोते समय बोलते हैं, ऐसा होने के कारण

सोते समय बोलना एक आम समस्या है, जिसे अक्सर हल्के में लिया जाता है। हालांकि, यह समस्या कई लोगों के लिए शर्मिंदगी का कारण बन सकती है। इस लेख में हम आपको कुछ प्रमुख कारण बताएंगे, जिनकी वजह से सोते समय बोलने की आदत पड़ सकती है और इससे कैसे निपटा जा सकता है। इसके अलावा हम यह भी जानेंगे कि कैसे इस समस्या से निजात पाया जा सकता है और इससे जुड़े मिथकों को तोड़ सकते हैं।



**तनाव और चिंता–** तनाव और चिंता सोते समय बोलने का एक प्रमुख कारण हो सकता है। जब हम दिनभर किसी समस्या या चिंता में उलझे रहते हैं तो रात को हमारी नींद भी प्रभावित होती है। इस स्थिति में हमारा दिमाग शांत नहीं हो पाता और हम अनजाने में अपनी चिंताओं को बिस्तर पर व्यक्त कर देते हैं। इससे बचने के लिए दिनभर की चिंताओं को बिस्तर पर लाने से बचें और सोने से पहले कुछ देर ध्यान लगाएं।

**सपने देखना–** सपने देखना भी सोते समय बोलने का एक कारण हो सकता है। जब हम किसी सपने को बहुत गहराई से जीते हैं या उसका असर हमारे मन पर ज्यादा होता है तो हम अनजाने में उसे बिस्तर पर व्यक्त कर देते हैं। इससे बचने के लिए अपने सपनों को समझने की कोशिश करें और अगर जरूरत हो तो किसी विशेषज्ञ से सलाह लें, ताकि इस समस्या का समाधान हो सके।

**मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं–** कुछ मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं, जैसे उदासी और गहरे तनाव आदि भी सोते समय बोलने का कारण बन सकते हैं। इन समस्याओं का असर हमारे मन पर गहरा होता है, जिससे हम अनजाने में अपनी भावनाओं को बिस्तर पर व्यक्त कर देते हैं। इससे बचने के लिए मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दें, नियमित रूप से योग और ध्यान करें और जरूरत पड़ने पर विशेषज्ञ से सलाह लें, ताकि समस्या का समाधान हो सके।

**शारीरिक असुविधा–** शारीरिक असुविधाओं, जैसे दर्द या असुविधाजनक गद्दे का असर भी हमारी नींद पर पड़ता है, जिससे हम अनजाने में अपनी असहजता को बिस्तर पर व्यक्त कर देते हैं। इससे बचने के लिए अपनी शारीरिक स्थिति का ध्यान रखें, आरामदायक गद्दे का उपयोग करें और नियमित रूप से व्यायाम करें, ताकि शरीर स्वस्थ रहे। इसके अलावा दर्द होने पर चिकित्सक से संपर्क करें और उचित उपचार कराएं, ताकि समस्या का समाधान हो सके।

# कफ और खांसी से हैं परेशान तो अपनाएं ये घरेलू नुस्खे







मौसम बदलते ही कई लोगों को खांसी, गले में खराश और जुकाम जैसी परेशानियां होने लगती हैं। कभी-कभी हल्की खांसी कुछ दिनों में अपने आप ठीक हो जाती है, लेकिन लगातार खांसने से गले में दर्द, जलन और बेचैनी बढ़ सकती है। खासकर रात के समय खांसी होने पर नींद भी प्रभावित होती है।

ऐसे में लोग राहत के लिए घरेलू नुस्खों का सहारा लेते हैं। कुछ आसान उपाय गले को आराम देने और खांसी की तीव्रता कम करने में मदद कर सकते हैं। हालांकि, हर खांसी का कारण मौसम में बदलाव या सामान्य सर्दी-जुकाम नहीं होता। एलर्जी, संक्रमण, अस्थमा या दूसरी स्वास्थ्य समस्याएं भी इसके पीछे हो सकती हैं। इसलिए अगर खांसी लंबे समय तक बनी रहे, सांस लेने में दिक्कत हो या तेज बुखार जैसे लक्षण दिखाई दें, तो डॉक्टर से सलाह लेना जरूरी है। खांसी और कफ से राहत पाने के लिए दवाएं और सिरप उपलब्ध हैं लेकिन कुछ घरेलू नुस्खे अपनाकर भी खांसी से छुटकारा पाया जा सकता है। ये घरेलू नुस्खे काफी असरदार हो सकते हैं। हालांकि अगर समस्या तीन हफ्तों से अधिक समय तक बनी रहे तो डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए। इस लेख में कुछ घरेलू उपायों और प्राकृतिक औषधियों के बारे में बताया जा रहा है जिससे खांसी और कफ की समस्या से छुटकारा पा सकते हैं।

**गर्म पानी और नमक**

गुनगुने पानी से गरारे करना खांसी की शिकायत होने पर काफी असरदार हो सकता है। गरारा करने से गले की खराश और गले में जमा कफ दूर होता है। इसके लिए गर्म पानी में सेंधा नमक मिलाकर गरारे करना चाहिए। सुबह उठने पर गले में खराश की समस्या अधिक रहती है। इसलिए सुबह गरारे जरूर करें।

**अदरक का काढ़ा**

दादी-नानी के लोकप्रिय नुस्खों में से एक काढ़ा है जो सर्दी, खांसी और जुकाम में काफी असरदार होता है। खांसी से छुटकारा पाने के लिए अदरक का काढ़ा पीएं। इसके लिए अदरक को छोटे टुकड़ों में काटकर पानी के साथ उबाल लें। इसमें शहद मिलाएं और गर्म गर्म पीएं।

**भाप लें**

खांसी और जुकाम होने पर गर्म पानी की भाप भी ली जा सकती है। भाप लेने से नाक और गले की नलियां खुलती हैं और खांसी से राहत मिलती है।

**हल्दी दूध**

हल्दी बेहद फायदेमंद औषधीय गुणों से युक्त है। हल्दी में एंटीऑक्सीडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटीबैक्टीरियल, एंटीवायरल और एंटीफंगल गुण होते हैं। इसके सेवन से खांसी से राहत मिलती है। गर्म दूध में एक टीस्पून हल्दी पाउडर मिलाकर रात में सोने से पहले इसका सेवन करें। खांसी की शिकायत दूर हो सकती है।

**तुलसी के पत्ते**

तुलसी स्वास्थ्यवर्धक औषधि है, जिसका सेवन कई तरह से शरीर को लाभ पहुंचा सकता है। तुलसी में विटामिन सी, जिंक और आयरन जैसे खनिज होते हैं। ये प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करते हैं। अगर बहुत खांसी आ रही हो तो तुलसी की पत्तियों का रस निकालकर उसमें शहद की कुछ बूंदें मिलाएं। इसका सेवन करें। चाहे तो तुलसी की चाय बनाकर भी पी सकते हैं।

# 8 घंटे सोने के बाद भी सुबह रहती है थकान, क्या है इसके पीछे का कारण

सुबह आंख खुलते ही शरीर भारी-भारी सा लगता है, बिस्तर से उठने का मन नहीं करता और रातभर सोने के बाद भी ऐसा लगता है जैसे सही से आराम ही नहीं मिला? स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सुबह उठने के बाद अक्सर माना जाता है कि आप फ्रेश और ऊर्जावान होते हैं, पर इसके विपरीत थके-थके से उठना कई बार सेहत में गड़बड़ी का संकेत भी हो सकता है। कभी-कभी देर रात तक जागने, नींद पूरी न होने या फिर तनाव जैसी समस्याओं के कारण सुबह उठने पर आपको ऊर्जा में कमी और थकान महसूस हो सकती है। लेकिन अगर पर्याप्त नींद लेने के बाद भी अक्सर यही शिकायत बनी रहती है, तो इसके पीछे के कारणों को समझना बहुत जरूरी हो जाता है। आइए समझते हैं कि आखिर किन वजहों से आपको ऐसी समस्याएं हो सकती हैं और कब अलर्ट हो जाना चाहिए?



**सुबह होने वाली थकान की दिक्कत–** स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, शरीर में आयरन की कमी या एनीमिया के कारण थकान के साथ कमजोरी, सांस फूलने, दिल की धड़कन तेज होने जैसी दिक्कतें हो सकती हैं। वहीं कुछ लोगों में थायरॉइड हार्मोन कम बनने की वजह से भी थकान के साथ वजन बढ़ने, ठंड ज्यादा लगने जैसी दिक्कतें हो सकती हैं। डायबिटीज में भी लगातार थकान हो सकती है। इसलिए सुबह की थकान को सिर्फ उम्र, काम या नींद की कमी मानकर लंबे समय तक नजरअंदाज करना ठीक नहीं है।

**नींद पूरी होने के बाद भी थकान रहे तो ध्यान दें–** स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कभी-कभार थकान होना सामान्य है, लेकिन अगर रोज सुबह उठने के बाद शरीर में ऊर्जा नहीं रहती और यह समस्या लगातार बनी हुई है, तो इसके कारणों को समझना बहुत जरूरी है। आमतौर पर नींद की कमी, तनाव, खान-पान की गड़बड़ी और व्यायाम की कमी की वजह से ये दिक्कतें होती सकती हैं। इसी तरह स्लीप एपनिया जैसी समस्या के कारण सोते समय घुटन या हांफने के साथ बार-बार नींद टूटने की दिक्कत होती है। इस वजह से नींद पूरी नहीं हो पाती और आप थके-थके से लग सकते हैं।

**एनीमिया और थायरॉइड की समस्या–** सुबह ऊर्जा की कमी और थकान कई बार एनीमिया और थायरॉइड जैसी समस्याओं का संकेत हो सकती है। आयरन की कमी से होने वाली एनीमिया, शरीर में ऑक्सीजन पहुंचाने की क्षमता को प्रभावित कर सकती है। इसके कारण थकान, कमजोरी, सांस फूलने, दिल की धड़कन तेज महसूस होने जैसे लक्षण हो सकते हैं। इसी तरह, हाइपोथायरॉइडिज्म यानी थायरॉइड हार्मोन कम बनने की समस्या के कारण भी कई लोगों को ज्यादा थकान के साथ, ठंड लगने, कब्ज और ध्यान लगाने में परेशानी हो सकती है। मसलन अगर आपको भी अक्सर सुबह उठने के बाद थकान बनी रहती है तो डॉक्टर से मिलकर एक बार एनीमिया और थायरॉइड की जांच करा लें। **कहीं आपको डायबिटीज तो नहीं–** ब्लड शुगर का स्तर अक्सर बढ़े रहने के कारण भी लोगों को लगातार थकान की शिकायत हो सकती है। अगर सुबह की थकान के साथ बहुत ज्यादा प्यास लगती है, बार-बार पेशाब आता है या बिना कोशिश के वजन कम हो रहा है, तो ब्लड शुगर की जांच जरूर करा लें।

# साइलेंट किलर है हार्ट अटैक

हृदय रोग एक बेहद गंभीर स्वास्थ्य समस्या है जो के आज कल के समय में बहुत आम हो गई है। एक समय था जब इस बीमारी को बढ़ती उम्र के साथ होने वाली समस्याओं में गिना जाता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है क्योंकि अब छोटी उम्र के बच्चों में भी इसका खतरा देखा जा रहा है। कुछ हेल्थ रिपोर्ट्स के मुताबिक पता चला है कि पिछले कुछ सालों से ये हृदय से संबंधित बीमारियों का खतरा बढ़ा है। सभी लोगों को हृदय स्वास्थ्य की ओर विशेष तौर पर ध्यान देना चाहिए। इसी के साथ चलिए आज आपको इसके लक्षण और बचाव के तरीकों के बारे में बताते है। **हार्ट अटैक के लक्षण :-** ● हार्ट अटैक का पहला लक्षण है सीने में दर्द होना। इस से सीने में दबाव, हेवीनेस और टाइटनेस महसूस होने लगती है। इस से पेट के ऊपर दाएं, बाएं या बीच में दर्द होता है। भूलकर भी इन लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ● हार्ट अटैक आने से पहले उल्टी, इनडाइजेशन, सीने में जलन, पेट में दर्द या मतली जैसी परेशानियां आती है। जरुरी तो नहीं है कि ये समस्याएं आए तो हार्ट की बीमारी ही पर हां अगर ये संकेत बार-बार मिलें तो डॉक्टर से संपर्क करें। ● छाती के बीच में दर्द या दबाव महसूस होते समय अगर ये दर्द आपके गले या जबड़े तक फैल जाए तो ये दिल का दौरा पड़ने का लक्षण हो सकता है। ● हार्ट अटैक आने से पहले कई बार शरीर के बाई ओर दर्द होता है ये धीरे-धीरे फैलने लगता है। जिस वजह से कुछ लोगों को बांह में दर्द होता है, तो आपको यदि सीने से होकर बांह में दर्द महसूस हो रहा हो।

# चॉकलेट खाने के शौकीन हैं? इन चीजों के साथ इसका स्वाद लगता है बेहतरीन

चॉकलेट एक ऐसा फ्लेवर है, जो हर किसी को पसंद आता है। खासकर बच्चों में तो इसका क्रेज देखने लायक है। अगर आप भी चॉकलेट के शौकीन हैं और रोजाना इसका सेवन करते हैं तो आइए आज हम आपको 5 ऐसी चीजों के बारे में बताते हैं, जिनके साथ चॉकलेट का मेल खाने से इसका स्वाद और भी ज्यादा बढ़ जाता है। साथ ही ये कई सेहत से जुड़े फायदे भी दे सकती हैं।

**चॉकलेट और केले का मेल**

चॉकलेट और केले का मेल एक बढ़िया संयोजन है। केले में पोटेशियम और फाइबर होता है, जो पाचन के लिए अच्छा होता है। जब आप चॉकलेट के साथ केले को मिलाकर खाते हैं तो यह एक स्वादिष्ट और पोषक नाश्ता बन जाता है। केले की मिठास और चॉकलेट का हल्का कड़वा स्वाद एक साथ मिलकर एक खास अनुभव प्रदान करते हैं। इसे आप फलों के सलाद में भी शामिल कर सकते हैं और इसका आनंद ले सकते हैं।

**चॉकलेट और बादाम का मिश्रण**

चॉकलेट और बादाम का मेल भी एक बढ़िया विकल्प हो सकता है। बादाम में प्रोटीन, फाइबर और विटामिन होते हैं, जो त्वचा के लिए फायदेमंद होते हैं। जब आप चॉकलेट के साथ बादाम को मिलाकर खाते हैं तो यह न केवल स्वादिष्ट होता है, बल्कि सेहत के लिए भी अच्छा होता है। इसे आप नाश्ते के रूप में खा सकते हैं या इसे मिठाइयों में भी शामिल कर सकते हैं।


**चॉकलेट और स्ट्रॉबेरी–** चॉकलेट और स्ट्रॉबेरी का मेल किसी भी मौके को खास बना सकता है। स्ट्रॉबेरी में विटामिन होता है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में मदद करता है। जब आप चॉकलेट के साथ स्ट्रॉबेरी को मिलाकर खाते हैं तो यह एक अनोखा अनुभव प्रदान करता है। इसे आप मिठाई के रूप में भी खा सकते हैं या इसे किसी पार्टी में परोस सकते हैं। इस संयोजन का मजा लेना न भूलें।

**चॉकलेट और नारियल–** चॉकलेट और नारियल का मेल भी एक बढ़िया विकल्प हो सकता है। नारियल में फाइबर होता है, जो पाचन के लिए अच्छा होता है। जब आप चॉकलेट के साथ नारियल को मिलाकर खाते हैं तो यह न केवल स्वादिष्ट होता है, बल्कि सेहत के लिए भी लाभकारी होता है। इसे आप मिठाइयों में भी शामिल कर सकते हैं या इसे किसी पार्टी में परोस सकते हैं। इसका आनंद लें और अपने नाश्ते को खास बनाएं।

**चॉकलेट और कॉफी–** क्या आप जानते हैं कि कॉफी और चॉकलेट का मेल भी बहुत अच्छा होता है? कॉफी में कैफीन होता है, जो आपको ऊर्जा देता है और चॉकलेट का हल्का कड़वा स्वाद इसे खास बनाता है। इसे आप सुबह-सुबह नाश्ते में ले सकते हैं या शाम की चाय के साथ भी इसका आनंद ले सकते हैं।

# मानसिक तनाव लेने से शरीर में होते हैं नकारात्मक बदलाव

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में मानसिक तनाव एक सामान्य समस्या बन चुकी है। काम का दबाव, पारिवारिक समस्याएं या भविष्य की चिंता ये सब मिलकर हमें मानसिक रूप से थका देते हैं। लेकिन बहुत से लोग यह नहीं जानते कि मानसिक तनाव सिर्फ हमारे दिमाग को ही नहीं, बल्कि पूरे शरीर को प्रभावित करता है। जब हम तनाव में होते हैं तो हमारा शरीर %फाइट या फ्लाइट% मोड में चला जाता है, जिससे कुछ खास हार्मोन, जैसे कॉर्टिसोल और एड्रेनालाईन, रिलीज होते हैं। इन हार्मोनों के कारण दिल की धड़कन तेज हो जाती है, ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है और शरीर की ऊर्जा आपकी समस्या से लड़ने के लिए तैयार हो जाती है। अगर यह तनाव लंबे समय तक बना रहता है, तो यह हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हो सकता है। यह न केवल हमारे मूड को प्रभावित करता है, बल्कि हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डालता है। आइए इस लेख में इसी के बारे जानते हैं कि मानसिक तनाव से शरीर में क्या-क्या प्रमुख बदलाव होते हैं और इनसे कैसे बचा जा सकता है।



**पाचन तंत्र पर नकारात्मक असर**

तनाव का सीधा असर हमारे पाचन तंत्र पर पड़ता है। तनाव के दौरान कॉर्टिसोल जैसे हार्मोन पेट में एसिड का उत्पादन बढ़ाते हैं, जिससे एसिडिटी, पेट में जलन और अपच की समस्या हो सकती है। यह पाचन क्रिया को धीमा कर सकता है, जिससे कब्ज या दस्त जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं।

**ब्लड प्रेशर और हृदय पर प्रभाव**

लगातार तनाव में रहने से ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है, जिससे हृदय संबंधित रोगों का खतरा बढ़ जाता है। तनाव की वजह से हृदय को अधिक मेहनत करनी पड़ती है। इससे हृदय पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है, जो गंभीर हृदय रोगों का कारण बन सकता है।

**नींद की गुणवत्ता में कमी**

तनाव और नींद का गहरा संबंध है। जब हम तनाव में होते हैं, तो हमारा दिमाग लगातार सक्रिय रहता है, जिससे सोने में दिक्कत होती है। दरअसल तनाव की वजह से रात में भी कॉर्टिसोल हार्मोन का स्तर बढ़ा रह सकता है, जिससे नींद नहीं आती है और अगर आती भी है तो नींद की गुणवत्ता खराब होती है। पर्याप्त नींद न मिलने से शरीर और दिमाग दोनों थके रहते हैं, जिससे और भी कई बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

**इम्यून सिस्टम का कमजोर होना**

लंबे समय तक तनाव में रहने से इम्यून सिस्टम कमजोर हो जाती है। मानसिक तनाव की वजह से शरीर में बन रहा है कॉर्टिसोल हार्मोन संक्रमण से लड़ने की क्षमता को कम कर सकता है, जिससे आप आसानी से बीमार पड़ सकते हैं। कई बार अधिक तनाव लेने से इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है, जिसकी वजह से हमें बार-बार सर्दी-जुकाम या वायरल इंफेक्शन जैसी बीमारियां हो सकती हैं।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**शुक्रवार, 18 सितंबर 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके1948 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते शरद ऋतौ भाद्रपद मासोत्तमे शुक्ल पक्षे सप्तमी तिथौ शुक्र वासरे 13/02/ ज्येष्ठा नक्षत्रे 22/45/ प्रीति योग 13/35/ वणिज करणे 13/02/ धनु राशिगत चन्द्रमा 22 घं. 45 मि.पर।

व्रत एवं त्यौहार– भद्रा घं. 13 मि. 02 से घं. 26 मि. 15 तक। मंगल कर्क राशि में घं. 16 मि. 36 पर।

**मेष :** किसी उपलब्धि और परिणाम के संबंध में बेचैनी रहेगी। किसी के कारण विरोधियों से उलझना हो सकता है।

**वृष :** महत्वपूर्ण कार्यों में विघ्न पैदा हो सकते हैं। किसी कार्य और आय की चिंता से ग्रसित रहेंगे। स्वजनों का सहयोग मिलेगा।

**मिथुन :** आर्थिक कष्ट समाप्त होंगे अधिकारीयों की कृपा से राजकार्यों में सफलता प्राप्त होगी। किसी प्रकार की चिंता रहेंगी।

**कर्क :** नए कार्यों हेतु समय प्रतिकूल रहेगा। भ्रमण प्रियता बढ़ेगी। सामाजिक कार्यों में रुचि रहेगी। संपर्कों का लाभ लेंगे।

**सिंह :** अधिकारी वर्ग अनुकूल रहेगा। धन के दुरुपयोग से बचें। मानसिक अशांति का समय है। यात्राएं बाधा सहित होंगी।

**कन्या :** अभिलाषाओं की आंशिक पूर्ति होगी। परिश्रम से किया गया कार्य वांछित फल देगा। असमंजस पैदा होंगे। नये कार्य बनेंगे।

**तुला :** सत परामर्श से मार्ग प्रशस्त होगा। दांपत्य सुख उत्तम रहेगा। वृद्ध परिजन की चिंता रहेगी। संचित कोष में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** श्रस की अधिकता रहेगी। उदर या शिरो व्यथा रहेगी। व्यापार में उन्नति होगी। मित्रों का सहयोग रहेगा।

**धनु :** विरोधी परास्त्र होंगे। घरेलू व्यय भार बढ़ेगा। इच्छित वस्तु की प्राप्ति होगी। आकस्मिक यात्रा योग बनेगा।

**मकर :** घरेलू दायित्वों की पूर्ति। लाभ मार्ग प्रशस्त रहेगा। व्यय भार में कमी आएगी। दैनिक जीवन की विषमताएं कम होंगी।

**कुंभ :** जीवनसाथी के व्यवहार से असहमति होगी। किसी कार्य विशेष की सफलता से दांपत्य जीवन प्रभावित होगा।

**मीन :** कार्य क्षेत्र में प्रभाव होगा। नौकरी में उन्नति की संभावना है। व्यस्तता से दाम्पत्य जीवन प्रभावित होगा।

# शासन की मंशा के अनुरूप राजस्व वादों का गुण-दोष के आधार पर प्राथमिकता से करें निस्तारण : डीएम

## राजस्व वसूली में तेजी लाने तथा प्रवर्तन कार्यों में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश

**स्वतंत्र भारत बाराबंकी।** डीआरडीए स्थित गांधी सभागार में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कर एवं करेत्तर राजस्व प्राप्तियों, सीएम डैशबोर्ड के राजस्व संबंधी बिंदुओं, राजस्व वादों के निस्तारण, भूमि विवादों तथा विभिन्न विभागों की प्रवर्तन कार्रवाई की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने विभागवार प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति तथा राजस्व कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।राजस्व वादों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी राजस्व वादों का गुण-दोष के आधार पर प्राथमिकता से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि लंबित राजस्व वादों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए तथा प्रत्येक प्रकरण में संबंधित तथ्यों एवं अभिलेखों का समुचित परीक्षण करते हुए गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निर्णय लिया जाए। धारा-34, धारा-38(2), अंश सुधार तथा अन्य लंबित राजस्व वादों में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत वरासत, नामांतरण, खतौनी संशोधन एवं अन्य प्रमुख संकेतकों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा। भूमि विवादों की समीक्षा के दौरान उन्होंने आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का मौके पर सत्यापन कर गुणवत्तापूर्ण एवं स्थायी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आवश्यकता के अनुसार राजस्व एवं पुलिस विभाग के समन्वय से प्रभावी कार्रवाई करने को कहा।कर एवं करेत्तर राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को लक्ष्य के अनुरूप राजस्व प्राप्तियों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने बड़े बकायेदारों की सूची तैयार कर प्रभावी रूप से वसूली के लिए अभियान चलाने तथा लंबित देयों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि राजस्व वसूली में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।खाद्य सुरक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने खाद्य प्रतिष्ठानों एवं अन्य संबंधित स्थलों की नियमित जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने परिषदीय विद्यालयों एवं आवासीय सरकारी विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन (एमडीएम) की गुणवत्ता की नियमित जांच कराने तथा विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान देने को कहा। ऑनलाइन होम डिलीवरी सर्विस से जुड़ी एजेंसियों के भंडार गृहों की भी नियमित अंतराल पर जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।बैठक में अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) राजकुमार सिंह, समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, एआरटीओ, संबंधित विभागों के अधिकारी एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## विधि विधान से किया गया गणेश प्रतिमा का विसर्जन

**स्वतंत्रभारत, जैदपुर बाराबंकी।** गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग मसौली स्थित कल्याणी नदी के पड़रिया घाट पर गुरुवार को भगवान गणेश की प्रतिमा का श्रद्धा और आस्था के साथ विधि विधान से विसर्जन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने अबीर गुलाल उड़ाते हुए गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाए जिससे घाट का वातावरण भक्तिमय हो गया। बाराबंकी के मोहल्ला छोटी लाइन स्थित नवदुर्गा माता मंदिर परिसर में स्थापित भगवान गणेश की प्रतिमा को गुरुवार को ट्रैक्टर ट्राली पर रखकर धूमधाम के साथ मसौली चौराहा स्थित पड़रिया घाट लाया गया। रास्ते भर श्रद्धालु भक्ति गीतों और जयकारों के साथ गणपति की विदाई में शामिल रहे। घाट पर पहुंचने के बाद पूजा अर्चना कर विधि विधान से प्रतिमा का विसर्जन किया गया। प्रतिमा विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। गणपति बप्पा मोरया के जयघोष से पूरा घाट गूंज उठा।

# राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बनी है केसरीपुर रेलवे क्रॉसिंग



**स्वतंत्रभारत, रामनगर बाराबंकी।** लोधेश्वर महादेवा जाने वाले श्रद्धालुओं और राहगीरों के लिए केसरीपुर रेलवे क्रॉसिंग इन दिनों मुसीबत बनी हुई है। क्रॉसिंग पर रेलवे लाइन के आसपास सड़क उखड़े होने से वाहन फंस रहे हैं। बाइक सवार असंतुलित होकर गिरकर चोटिल हो रहे हैं। वहीं ऑटो और ई-रिक्शा के पहिये रेलवे लाइन के बीच फंस जाने से यात्रियों को धक्का लगाकर वाहन पार कराना पड़ रहा है।राहगीरों ने बताया कि करीब एक सप्ताह पहले रेलवे विभाग की ओर से क्रॉसिंग पर मरम्मत कार्य कराया गया था। रेलवे लाइन आदि की मरम्मत के बाद क्रॉसिंग पर बिना डामरीकरण कराए ही छोड़ दिया गया। इससे राहगीरों की परेशानी और बढ़ गई है। रामनगर से लोधेश्वर महादेवा, सूरतगंज समेत कई गांवों को जोड़ने वाला यह प्रमुख मार्ग होने के कारण यहां 24 घंटे आवागमन रहता है। लोधेश्वर महादेवा में आने वाले बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी इसी मार्ग से गुजरते हैं।गुरुवार को एक ई-रिक्शा क्रॉसिंग पार करते समय रेलवे लाइन पर फंस गया। पहिया फंसने के कारण रिक्शा आगे नहीं बढ़ सका। इस पर उसमें सवार महिला यात्रियों ने उतरकर धक्का लगाया, तब जाकर ई-रिक्शा क्रॉसिंग पार कर सका। राहगीरों का कहना है कि क्रॉसिंग पर फाटक बंद होने की समस्या के साथ अब उखड़ी सड़क आवागमन मुश्किल कर दिया है। रेलवे विभाग से कई बार समस्या दूर कराने की मांग की गई, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। लोगों ने क्रॉसिंग की सड़क का शीघ्र डामरीकरण कर गड्ढे दुरुस्त कराने की मांग की है।

# घर के पास मिला बंदर का शव, तेंदुए की दहशत से ग्रामीण परेशान

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़, बाराबंकी।** सुबेहा थाना क्षेत्र के शरीफाबाद गांव में करीब एक माह से ग्रामीणों के लिए आतंक का पर्याय बना तेंदुआ की गतिविधि दिखाई न देने से ग्रामीणों को कुछ राहत मिली थी कि गुरुवार की सुबह इंद्रसेन यादव के घर के पास बंदर का शव मिलने से ग्रामीणों में फिर दहशत फैल गई। मौके पर तेंदुए के पगचिह्न दिखाई देने की बात भी सामने आई है। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि बंदर पर तेंदुए ने हमला किया है । आबादी के नजदीक घटना सामने आने से ग्रामीणों की चिंता और बढ़ गई है।ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुआ अभी क्षेत्र से गया नहीं है और आसपास ही मंडरा रहा है। तेंदुए की आशंका के चलते लोग रात में घरों से बाहर निकलने और खेतों की ओर जाने से बच रहे हैं। बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी ग्रामीणों में डर बना



हुआ है। कई ग्रामीणों ने रात में खेतों की रखवाली करना बंद कर दिया है।स्थानीय निवासी रामबरन यादव ने आरोप लगाया कि वनविभाग कांबिंग के नाम पर महज औपचारिकता निभा रहा है और तेंदुए को पकड़ने के लिए प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिससे अभी तक तेंदुआ पकड़ से दूर है।वहीं, वन दरोगा अनुज सिंह ने बताया कि टीम तेंदुए को पकड़ने के लिए दिन-रात लगी हुई है। लगातार निगरानी की जा रही है और पिंजड़ा भी लगाया गया है। अभी तक तेंदुए की कोई गतिविधि दिखाई नहीं पड़ी है। बंदर का शव मिलने के बाद मामले की जांच-पड़ताल की जाएगी और तेंदुए को पकड़ने के प्रयास किए जाएंगे।ग्रामीणों के मुताबिक तेंदुए की दहशत के कारण लोग रात में ठीक से सो नहीं पा रहे हैं। जंगल की ओर मवेशी ले जाने से भी लोग बच रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में लगातार निगरानी बढ़ाने और तेंदुए को पकड़ने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की।

## नगर पंचायत रामनगर में मनाया गया भव्य दीपोत्सव

**स्वतंत्रभारत, रामनगर बाराबंकी।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस एवं सार्वजनिक जीवन में 25 वर्षों के निरंतर सेवा कल के अवसर पर शुरू किए गए सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर पंचायत रामनगर में आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम का आयोजन कर भव्य दीपोत्सव मनाया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष राम शरण पाठक ने अटल उद्यान से दीप प्रज्वलन की शुरुआत की। उसके बाद अधिशासी अधिकारी प्रवीण कुमार दुबे की अगवाई में कस्बे के महत्वपूर्ण स्थानों भुइयां माता मंदिर पार्क नगर पंचायत परिसर में दीप प्रज्ज्वलित किया गया। दीपोत्सव के मौके पर वरिष्ठ लिपिक रामकरन शर्मा संजय शुक्ला बंटी ओझा सत्यम सिंह रमेश जायसवाल आदि लोग मौजूद रहे।

# कोर्ट के आदेश पर दो माह बाद दर्ज हुई एफआईआर

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़, बाराबंकी।** कोतवाली हैदरगढ़ क्षेत्र के भिखरा गांव में घर में घुसकर महिला और उसके बेटे के साथ मारपीट के मामले में न्यायालय के आदेश पर करीब दो माह बाद पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।भिखरा गांव निवासी बडका पत्नी स्व. जगन्नाथ ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 17 जुलाई 2026 की सुबह करीब सात बजे वह अपने घर की सफाई कर रही थीं। आरोप है कि इसी दौरान गांव के बद्री पुत्र राम आसरे, उसके पुत्र मित्रसेन और बद्री की पत्नी घर में घुस आए। तीनों ने लाठी-डंडों से उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।महिला के अनुसार शोर सुनकर उसका बेटा विशम्भा उसे बचाने पहुंचा तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की और गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। शोरगुल सुनकर परिवार के अन्य सदस्यों और ग्रामीणों को आता देखकर आरोपी गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए।पीड़िता का आरोप है कि घटना के बाद उसने कोतवाली हैदरगढ़ में प्रार्थना पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराने और अपना तथा बेटे का चिकित्सकीय परीक्षण कराने की मांग की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद 21 जुलाई को सीओ हैदरगढ़ और 22 जुलाई को पुलिस अधीक्षक बाराबंकी को प्रार्थना पत्र दिया। वहां से भी कार्रवाई न होने पर पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली।न्यायालय के आदेश के बाद कोतवाली हैदरगढ़ पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## खबर एक नज़र

### साइबर ठगी से परेशान युवती ने की आत्महत्या

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** जनपद में साइबर ठगी से जुड़ा मामला सामने आया है। बुधवार रात करीब 9 बजे सोनी नाम की युवती की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि साइबर ठग ने उससे पहले 15 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कराए और इसके बाद लगातार और पैसे मांगते हुए धमकियां दे रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामला बदोसराय कोतवाली क्षेत्र के किंतूर गांव का है।परिजनों के मुताबिक, सोनी का शव उसके कमरे में दुपट्टे से लटका मिला। इसके बाद उसके बड़े भाई आशीष कुमार ने युवती का मोबाइल फोन देखा। उसमें साइबर ठग की कई व्हाट्सएप कॉल मिलीं।परिजनों ने बताया कि साइबर ठग की धमकियों से परेशान होकर सोनी ने गांव के एक जनसेवा केंद्र से घर में रखे 15 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर किए थे।आरोप है कि रकम मिलने के बाद भी ठग और पैसों की मांग करता रहा। लगातार आ रही धमकियों से युवती परेशान थी।परिजनों के अनुसार, सोनी की मौत के बाद भी उसके मोबाइल पर साइबर ठग की व्हाट्सएप कॉल आती रहीं।

### सूर्पनखा लक्ष्मण संवाद का सुनाया प्रसंग

**स्वतंत्र भारत जैदपुर बाराबंकी।** ग्राम पंचायत बांसा स्थित पंचवटी आश्रम काली माता मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचक रामहेत यादव ने सूर्पनखा लक्ष्मण संवाद का प्रसंग सुनाकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।कथावाचक ने कहा कि पंचवटी में भगवान राम को देखकर सूर्पनखा उन पर मोहित हो गई और सुंदर रूप धारण कर विवाह का प्रस्ताव लेकर उनके पास पहुंची। भगवान राम ने मुस्कुराते हुए माता सीता की ओर संकेत कर स्वयं को विवाहित बताते हुए उसे अपने छोटे भाई लक्ष्मण के पास भेज दिया। लक्ष्मण जी ने भी प्रभु की लीला को आगे बढ़ाते हुए सूर्पनखा से परिहास पूर्ण ढंग से कहा कि वह तो भगवान राम के सेवक हैं और उनके साथ रहने में उसे सुख नहीं मिलेगा। दोनों भाइयों द्वारा इस प्रकार परिहास किए जाने से सूर्पनखा क्रोधित होकर अपने वास्तविक राक्षसी रूप में आ गई और माता सीता की ओर झपटी। यह देखकर भगवान राम के संकेत पर लक्ष्मण जी ने उसकी नाक-कान काट दिए। कथा के दौरान श्रद्धालु भगवान श्रीराम के जयकारे लगाते रहे। इस मौके पर मंदिर के पुजारी ननकाऊ, अध्यक्ष पवन यादव, उपाध्यक्ष शेष कुमार रावत, कोषाध्यक्ष रामानंद यादव, उदय प्रताप सिंह, रोहित मौर्या, ठाकुर जगत नारायण सिंह, देवनारायण सिंह, संत राम, शुभम, लवकुश सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### धूमधाम से मनाई हुई भगवान विश्वकर्मा की जयंती

**स्वतंत्र भारत जैदपुर बाराबंकी।** देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती गुरुवार को पूरे क्षेत्र के बडी धुमधाम से मनायी गयी। ग्राम इन्धौलिया निवासी ब्राम्हप्रकाश विश्वकर्मा ने आपने आपने प्रतिष्ठानो पर सफदरगंज चौराहा सहाबलाल विश्वकर्मा व राकेश विश्वकर्मा, सफदरगंज कस्बे में शिवकुमार विश्वकर्मा, ग्राम पंचायत इचौलिया मजरे छुलिहापुरवा निवासी पवन कुमार वर्मा ने आपने आवास पर बवली चौराहा चन्द्ररेश वर्मा, उधौली संतोष कुमार विश्वकर्मा, मसौली चौरहा स्थित शर्मा फर्नीचर हाउस पर श्रद्धा एवं उल्लास के साथ भगवान विश्वकर्मा जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विधि विधान से हवन पूजन किया गया। इसके बाद भगवान विश्वकर्मा की आरती भजन कीर्तन कर श्रद्धालुओं ने सुख समृद्धि की कामना की। भगवान विश्वकर्मा को निर्माण शिल्प कला और तकनीकी कौशल का प्रतीक माना जाता है। विश्वकर्मा जयंती पर कारीगर शिल्पकार तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोग तथा व्यवसायी अपने औजारों और कार्यस्थल की पूजा कर बेहतर कार्य एवं उन्नति की कामना करते हैं। यह पर्व श्रम हुनर और कर्म के सम्मान का संदेश भी देता है। पूजन अर्चन के बाद उपस्थित लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में संजय शर्मा, इंद्रपाल शर्मा, विजयपाल शर्मा, रामानंद शर्मा, रामकिशुन वर्मा, देवी शंकर सोनी, मायाराम वर्मा, गुड्डू शर्मा और ललित शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### सांसद चंद्रशेखर रावण के गोंडा जाने की सूचना पर चौकन्ना रहा पुलिस प्रशासन

**स्वतंत्र भारत रामनगर बाराबंकी।** आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना सांसद चंद्रशेखर के बृहस्पतिवार को गोंडा में मृतक विनोद साहनी के स्वजन से मिलने जाने की सूचना को लेकर रामनगर क्षेत्र में पुलिस प्रशासन पूरे दिन सतर्क रहा। इससे पहले 13 सितंबर को भी चंद्रशेखर आजाद को गोंडा जाते समय रामनगर में पुलिस ने रोका था। चंद्रशेखर के काफिले की संभावित आवाजाही को देखते हुए लखनऊ-गोंडा हाईवे पर रामनगर थाना क्षेत्र में जगह-जगह पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई। फतेहपुर टिकैतनगर रामनगर बदोसराय देवा और मसौली थानों की पुलिस को भी विभिन्न स्थानों पर लगाया गया।रानीबाजार बुढ़वल सुगर मिल के पास स्टेशन मोड़ बस स्टॉप केसरीपुर और चौकाघाट समेत प्रमुख स्थानों पर उपनिरीक्षकों के साथ कांस्टेबल तैनात रहे। पुलिस के सरकारी वाहन भी लगातार हाईवे पर भ्रमण करते रहे और काफिले की गतिविधियों की जानकारी लेते रहे। पुलिस अधिकारियों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखी गई। गोंडा में विनोद साहनी की हत्या के बाद चंद्रशेखर आजाद के गोंडा जाने को लेकर पहले भी पुलिस प्रशासन सतर्कता बरत चुका है।

### अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान, दिया धरना

**स्वतंत्र भारत बाराबंकी।** जनपद के टिकैतनगर क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान हैं। बनगावा विद्युत उपकेंद्र से जुड़े सैकड़ों गांवों में लगातार बिजली कट रही है। इससे नाराज उपभोक्ताओं ने गुरुवार को बनगावा उपकेंद्र के सामने धरना दिया। उन्होंने नियमित बिजली सप्लाई की मांग की।ग्रामीणों का आरोप है कि तय शेड्यूल के बाद भी रातभर बिजली काटी जा रही है। कई बार लोकल फॉल्ट बताकर बिजली सप्लाई बंद कर दी जाती है।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर वितरित की मिठाई

**स्वतंत्र भारत जैदपुर बाराबंकी।** जैदपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सेवा कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान जैदपुर सीएचसी



पहुंचकर मरीजों और तीमारदारों को फल व मिठाई वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना भी की गई।जैदपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सीएचसी परिसर में मरीजों और उनके तीमारदारों को फल व मिठाई वितरित की।इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रेम प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर मरीजों की सेवा के उद्देश्य से फल वितरित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि शाम को मंदिरों में साफ-सफाई अभियान चलाने के साथ दीप प्रज्वलित किए जाएंगे।वहीं विधानसभा टिकट के दावेदार राजन बक्सोर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि जन्मदिन के अवसर पर शाम को मंदिरों में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम किया जाएगा। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सेवा और धार्मिक कार्यक्रमों के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया। इस मौके पर सीएचसी अधीक्षक डॉ जगदीश कुमार, नदीम जैदी, नामित सभासद विवेक मौर्य, रामदीन रावत, दशरथ लाल चौहान सहित अन्य भाजपा नेता मौजूद रहें।

# सेवा, संवेदना और जनभागीदारी के माध्यम से समाज के प्रति दायित्वों का हो निर्वाहन : राज्यमंत्री

**स्वतंत्र भारत बाराबंकी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिला अस्पताल, बाराबंकी में



रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्यमंत्री सतीश शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर राज्यमंत्री ने रक्तदान शिविर का उद्घाटन करने के साथ ही अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों को फल वितरित किए।श्री शर्मा ने कहा कि सेवा समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी, संवेदनशीलता और सामूहिक दायित्व का प्रतीक है। जरूरतमंदों की सहायता करना ही जनसेवा का मूल उद्देश्य है। सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से समाज में सेवा एवं करुणा की भावना को सुदृढ़ करने, विकसित भारत-2047 के संकल्प को जनभागीदारी के साथ आगे बढ़ाने तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र नागरिक तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि रक्तदान जैसे पुनीत कार्यों में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जानी चाहिए, जिससे जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने अभियान के उद्देश्यों को व्यापक स्तर पर जन-जन तक पहुंचाने तथा सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देने पर जोर दिया।कार्यक्रम में राज्य अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, एमएलसी इंजी अवनीश सिंह, एमएलसी अंगद सिंह, विधायक दिनेश रावत, जिला पंचायत प्रशासक श्रीमती राजरानी रावत, सीएमओ डॉ रंजन गौतम, क्षेत्रीय मंत्री भाजपा श्रीमती पूजा मिश्रा, जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवंगणमान्यजन उपस्थित रहे।

# दुनिया के पहले शिल्पकार, वास्तुकार या इंजीनियर थे भगवान विश्वकर्मा : गोप

**स्वतंत्र भारत बाराबंकी।** संपूर्ण सृष्टि पर जीवन के संचालन के लिए जो भी चीजें सृजनात्मक हैं, वह सब भगवान विश्वकर्मा की देन है इसीलिए भगवान विश्वकर्मा को सृजन का देवता माना गया है।उक्त विचार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने विधानसभा दरियाबाद के भिटरिया चौराहे पर रवि धर्म कांटे एवं न्यू मां वैष्णो इंटरप्राइजेज पर आयोजित विश्वकर्मा पूजा समारोह एवं हवन पूजन में उपस्थित होकर देव शिल्पी विश्वकर्मा भगवान का विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन कर भगवान विश्वकर्मा जी का आशीर्वाद प्राप्त कर पूजा समारोह में उपस्थित क्षेत्र वासियों को विश्वकर्मा जयंती की बधाई प्रेषित करते हुए व्यक्त किये।पूर्व मंत्री ने कहा हिंदू धर्म में मान्यता है की प्राचीन काल में जितनी भी राजधानियां थी सभी का निर्माण भगवान विश्वकर्मा जी के



द्वारा ही हुआ था यहां तक की सतयुग का स्वर्ग लोक त्रेता युग की लंका द्वापर की द्वारिका और कलयुग का हस्तिनापुर श्री भगवान विश्वकर्मा द्वारा ही रचित माना गया है इसलिए अगर भगवान विश्वकर्मा जी को दुनिया का पहला शिल्पकार, वास्तुकार या इंजीनियर कहें तो गलत नहीं होगा।इसी क्रम में समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता में देव शिल्पी जगतकर्ता भगवान विश्वकर्मा जयंती पर आयोजित विचार गोष्ठी मे जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद एवं रिंकू विश्वकर्मा ने भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण कर सभी के कल्याण की कामना करते हुए कहा भगवान विश्वकर्मा जी को सृष्टि सृजन का देवता मानते हुए आज के दिन सभी कामगार बड़ी धूमधाम से विश्वकर्मा जी की पूजा अर्चना करते हुए भगवान विश्वकर्मा जी से आशीर्वाद लेते हैं मान्यता है जिस काम पर भगवान विश्वकर्मा अपना हाथ रख देते हैं वह दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की करता। हवन पूजन एवं विचार गोष्ठी में मुख्य रूप से पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, हुमायूं नईम खान, पूर्व प्रमुख दिनेश सिंह, सुरेश चंद्र गौतम, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, रिंकू विश्वकर्मा, जिला कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा, जिला उपाध्यक्ष कामता प्रसाद यादव, नसीम कीर्ती, प्रदुमन यादव, यसवंत सिंह यादव, अजय प्रताप सिंह पप्पू, महिला सभा जिला अध्यक्ष श्रीमती पूनम यादव, बाबुल मिश्रा बिन्नू जायसवाल अनिल सिंह वेद प्रकाश तिवारी राममिलन यादव आजम मलिक धीरज यादव दीपक गुप्ता सोनू यादव पंकज सिंह रमापति यादव सोनी वर्मा धीरज यादव समोद यादव अभिषेक वर्मा प्रिंसू वर्मा सुमित यादव कार्यालय सचिव राजकुमार वर्मा आदि प्रमुख लोगो ने भगवान विश्वकर्मा जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर सृष्टि करता भगवान विश्वकर्मा जी का आशीर्वाद लिया।

## कवि डॉ ओपी वर्मा ओम को राजस्थान में मिली काव्य शिरोमणि की मानद उपाधि

**स्वतंत्र भारत बाराबंकी।** बाराबंकी की काव्य प्रतिभा का एक बार फिर हुआ भव्य सम्मान। जिले के वरिष्ठ साहित्यकार एवं ओज के प्रख्यात कवि डॉ ओ पी वर्मा ओम को अंतर्राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था साहित्य मंडल राजस्थान द्वारा काव्य शिरोमणि की मानद उपाधि देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान इनकी सुदीर्घ साहित्यिक सेवा,अपनी राष्ट्रवादी रचनाओं द्वारा निरंतर जनजागरण करने, प्रकाशित आधा दर्जन काव्य कृतियों एवं लगभग एक दर्जन शीघ्र प्रकाशित होने वाली कृतियों की महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए प्रदान किया गया। यह बाराबंकी जनपद के लिए अत्यंत गौरव की बात है।डॉ ओम की इस उपलब्धि पर समस्त साहित्यकारों में खुशी की लहर है। नगर के सभी साहित्यकारों ने डॉ ओम जी को अपनी बधाइयां एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## जिलाधिकारी ने ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश

**स्वतंत्र भारत बाराबंकी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशो के अनुक्रम में जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ईशान प्रताप सिंह ने आज ईवीएम एवं वीवी पैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ईवीएम एवं वीवीपैट के सुरक्षित भंडारण की व्यवस्था का जायजा लिया तथा स्ट्रांग रूम की सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता एवं कंट्रोल रूम की निगरानी व्यवस्था का गहन परीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह चाक-चौबंद रखा जाए तथा सभी उपकरणों का नियमित परीक्षण सुनिश्चित किया जाए।

# भारतीय जनता पार्टी अयोध्या विधानसभा से चुनाव के लिये नये चेहरे की कर रही है तलाश

स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)
मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी में आने वाले विधानसभा चुनाव के लिये अयोध्या विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी नये चेहरे की तलाश कर रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भारतीय जनता पार्टी लोकसभा सीट हार जाने के बाद से जिला अयोध्या विधानसभा के पांचों विधानसभाओं में कर्मठ नेता और नवयुवक चेहरे की तलाश में जुट गयी है, जबकि अयोध्या विधानसभा से अयोध्या नगर निगम के महापौर गिरीशपति त्रिपाठी का भी नाम आ रहा है। महापौर ने कहा कि अगर भारतीय जनता पार्टी टिकट देती है तो चुनाव लड़ने के लिये हम तैयार हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या विधानसभा के साठ वार्डों सहित सभी ग्रामीण क्षेत्रों में मैंने भारतीय जनता पार्टी का जनाधार बना लिया है और लगातार मैं मिल भी रहा हूं। वहीं दूसरी तरफ नवयुवक अमल गुप्ता जो कि इनके पिता वेदप्रकाश गुप्ता अयोध्या विधानसभा के विधायक हैं, यह भी चुनाव के मैदान में हैं। इनसे भी बातचीत के दौरान इन्होंने कहा था कि मैं चुनाव लड़ने का इच्छुक हूं। मैंने अपने पिता विधायक वेदप्रकाश गुप्ता से काफी कुछ सीखा है और उनके साथ-साथ मैं अयोध्या विधानसभा का पूरा काम भी देख रहा हूं। इसलिए मैं भी टिकट का दावेदार हूं। अगर भारतीय जनता पार्टी टिकट देती है तो चुनाव लड़ूंगा और जीतूंगा भी। उन्होंने कहा कि दो बार के विधायक मेरे पिता वेदप्रकाश गुप्ता रहे हैं। जनता इनको मानती भी है और क्षेत्र में काफी विकास का काम भी किया है। वह आने वाले समय में भी विकास का काम होगा। भारतीय जनता पार्टी इस समय पांचों विधानसभा में फूंक-फूंक कर कदम उठा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ-साथ इनके सभी संगठन के लोग पांचों विधानसभा में जनसम्पर्क करके यह पता लगा रही है कि चुनाव अयोध्या मण्डल का कैसा रहेगा और किसको टिकट मिले वो उम्मीदवार जीत जायेगा। समाजवादी पार्टी ने बीते दिनों अयोध्या विधानसभा से तेजतर्रार नेता तेजनारायण पाण्डेय उर्फ पवन पाण्डेय को उम्मीदवार बनाकर यह सभी पार्टियों को चौंका दिया है कि इनके मुकाबले किस उम्मीदवार को उतारा जाय। गौरतलब है कि श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा मंदिर में चढ़ावा चोरी से स्थानीय जनता तो नाराज ही है बल्कि पूरे देश की जनता नाराज हो गयी है। इसका कारण है कि छोटे लोगों को पकड़ कर जेल में डाल दिया गया है। बड़े लोगों को पकड़ा नहीं जा रहा है जिससे जनता नाराज है।

# महापौर ने स्वच्छता अभियान में झाड़ू लगाकर किया लोगों को जागरूक

स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)
सेवा दिवस के अवसर पर नगर निगम अयोध्या और जिला गंगा समिति के संयुक्त तत्वावधान में प्रसिद्ध लता मंगेशकर चौक पर एक विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य रामनगरी के प्रमुख स्थलों को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के साथ-साथ आम जनमानस को स्वच्छता और नदी संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में नगर निगम के महापौर (मेयर) महंत गिरीशपति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्षा रोली सिंह, नगर आयुक्त जयेन्द्र कुमार, मंडल अध्यक्ष मुकेश तिवारी, अपर नगर आयुक्त, श्वेता साहू, जिला परियोजना अधिकारी (जिला गंगा समिति), डब्ल्यूआईआई नमामि गंगे के असिस्टेंट कोऑर्डिनेटर नीरज कुमार, वन संरक्षक राजेश कुमार,



गंगा प्रहरी विशाल कुमार तथा बड़ी संख्या में स्वच्छता कर्मी उपस्थित रहे। उपस्थित जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, वन विभाग के अधिकारियों और गंगा प्रहरियों ने स्वयं हाथों में झाड़ू थामकर चौक परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों की सफाई की और श्रमदान दिया। इस अवसर पर महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी और वन संरक्षक राजेश कुमार ने कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। सेवा दिवस के माध्यम से समाज को यह संदेश देने का प्रयास किया गया है कि सामूहिक भागीदारी से ही शहर और पवित्र नदियों के तटीय क्षेत्रों को स्वच्छ, सुंदर और निर्मल बनाया जा सकता है। अभियान के अंत में नगर निगम के स्वच्छता कर्मियों और गंगा प्रहरियों के उत्कृष्ट योगदान की सराहना की गई तथा स्थानीय निवासियों व श्रद्धालुओं से अपने आसपास के वातावरण को साफ-सुथरा रखने की अपील की गई।

# राजघाट के पास विकसित हो रहा नया टूरिज्म हब, पूरे साल मिलेंगी सुविधाएं

स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)
दीपोत्सव में जब लाखों दीपों से अयोध्या जगमगाएगी, उसी दौरान सरयू किनारे एक नया पर्यटन आकर्षण भी पर्यटकों का स्वागत करने को तैयार होगा। राजघाट के पास 22.72 करोड़ रुपये की लागत से विकसित हो रहे इस टूरिज्म हब में एम्फीथिएटर, फूड प्लाजा, कैफे और हनुमान चालीसा की म्यूरल वॉल खास आकर्षण होंगी। श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास योजना के तहत चल रहे इस प्रोजेक्ट का करीब 90 फीसदी काम पूरा हो चुका है और अक्टूबर 2026 के अंत तक इसे पूरा करने का लक्ष्य है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने इस पर जानकारी देते हुए बताया कि, दीपोत्सव के दौरान अयोध्या में पर्यटकों की बढ़ती संख्या शहर के स्पिरिचुअल और कल्चरल टूरिज्म के बढ़ते महत्व को दर्शाती है। पिछले वर्ष अक्टूबर-नवंबर में हुए दीपोत्सव के दौरान करीब 2.85 करोड़ घरेलू और विदेशी पर्यटक अयोध्या पहुंचे थे। इस वर्ष यह संख्या



और बढ़ने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि राजघाट के पास तैयार हो रहा एम्फीथिएटर और फूड कोर्ट पर्यटकों को सांस्कृतिक कार्यक्रमों, स्थानीय खानपान और सरयू के खूबसूरत वातावरण का एक साथ अनुभव कराएगा। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि, यह सुविधा दीपोत्सव के साथ पूरे साल पर्यटकों के लिए उपयोगी होगी। प्रोजेक्ट में करीब 150 से 200 लोगों की क्षमता वाला एम्फीथिएटर बनाया जा रहा है, जहां विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा सकेंगे एवं इसके साथ ही हनुमान चालीसा की पूरी चौपाइयों को दर्शाती म्यूरल वॉल का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा कैफे, आठ दुकानों वाला फूड प्लाजा, सार्वजनिक सुविधाएं और अन्य पर्यटक सुविधाएं भी विकसित की जा रही हैं। अपर मुख्य सचिव एवं महानिदेशक पर्यटन, अमृत अभिजात ने बताया कि राजघाट के पास विकसित किया जा रहा यह प्रोजेक्ट केवल पर्यटकों की सुविधाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि सरयू किनारे उन्हें एक नया और यादगार अनुभव देने के उद्देश्य से विकसित किया जा रहा है।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, निर्मल खत्री की पत्नी के निधन पर शोक जताने पहुंचे उनके आवास



स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)
कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व सांसद डा. निर्मल खत्री की पत्नी बीना खत्री के निधन पर शोक जताने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय आज उनके निवास स्थान पर पहुंचे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने निर्मल खत्री के आवास पर शांति पाठ कार्यक्रम में शामिल होकर बीना खत्री को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस का पूरा परिवार इस दुख की घड़ी में निर्मल खत्री और उनके परिवार के साथ खड़ा रहा। अजय राय ने बताया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी फोन कर निर्मल खत्री से बात की और संवेदना व्यक्त की। उन्होंने बताया कि इस दुख की घड़ी में निर्मल खत्री के साथ कांग्रेस पार्टी का हर व्यक्ति खड़ा हुआ है। यह अलग बात है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी फोन करके निर्मल खत्री को संवेदना व सांत्वना व्यक्त किया कि हम आपके साथ हैं।

# सतत खाद्य प्रसंस्करण से मजबूत होगी ग्रामीण अर्थव्यवस्था : डीडीजी

स्वतंत्र भारत कुमारगंज (सं.)
आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में सतत खाद्य प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन उद्यमों की स्थापना विषय पर 10 दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम कुलपति डा. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह के दिशा-निर्देशन में आयोजित किया गया। सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उपकार के उप महानिदेशक डा. परमेंद्र सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद खाद्य प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन को कृषि आय बढ़ाने तथा ग्रामीण उद्यमिता को मजबूत करने के महत्वपूर्ण माध्यम के रूप में आगे बढ़ा रही है। कृषि विश्वविद्यालयों, संस्थानों, और अन्य संस्थाओं के सहयोग से प्रसंस्करण तकनीक, मूल्यवर्धित उत्पाद, कौशल प्रशिक्षण और उद्यमिता



विकास को प्रोत्साहित कर रही है। इससे कृषि उपज का बेहतर मूल्य प्राप्त होने के साथ-साथ रोजगार, ग्रामीण आय और सतत कृषि-आधारित उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। कृषि अधिष्ठाता डा. प्रतिभा सिंह ने कहा कि कृषि उपज का प्रसंस्करण एवं मूल्यवर्धन किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम है। देश के विभिन्न राज्यों जम्मू कश्मीर, महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात, तमिलनाडु व उत्तर प्रदेश सहित कुल छह राज्यों से शोधार्थियों ने प्रतिभाग किया। अधिष्ठाता डा. साधना सिंह के संयोजन में कार्यक्रम आयोजित हुआ। डा. अनीशा वर्मा ने सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डा. प्रज्ञा पांडेय ने किया। इस मौके पर समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# महंगाई के खिलाफ पीस पार्टी ने सौंपा ज्ञापन



स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)
बढ़ती महंगाई और आम जनता पर बढ़ते आर्थिक बोझ के विरोध में पीस पार्टी जिला इकाई-अयोध्या की ओर से गुरुवार को तहसील सदर के सामने स्थित तिकोनिया पार्क में जनहित का ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन नायब तहसीलदार सदर को सैकड़ों कार्यकर्ताओं एवं पत्रकारों की मौजूदगी में दिया गया। पीस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मुहम्मद अय्यूब 'सर्जन' के आह्वान पर आयोजित कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अजमुद्दीन ख़ाँ के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने महंगाई पर नियंत्रण की मांग को लेकर आवाज बुलंद की। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला अध्यक्ष अजमुद्दीन ख़ाँ, जिला महासचिव मुज़म्मिल फ़िदा मण्डल अध्यक्ष ताज मोहम्मद मुन्ना, ज़िला प्रभारी शाकिर वारसी, ज़मीर खान ज़िला उपाध्यक्ष, अशोक वर्मा विधान सभा बीकापुर प्रभारी, मो तौफ़ीक विधान सभा मिल्कीपुर, ज़ीशान युवा ज़िला अध्यक्ष, ज़िला महिला अध्यक्ष गुलनाज़ बानो, साहिबे आलम ब्लाक अध्यक्ष, मुस्तकीम सचिव, बिस्मिल्लाह बूथ अध्यक्ष, सुलेमान ग्राम सभा अध्यक्ष, जावेद खान, मो कदीर सहित पार्टी के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सपा कार्यालय पर सूर्यकांत पाण्डेय का हुआ स्वागत

स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)
समाजवादी पार्टी महानगर कार्यालय लोहिया भवन पर प्रदेश कार्यालय में माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के समक्ष दादा सूर्यकांत पांडे ने अपने बहुत से साथियों के साथ



समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने पर एवं मोहम्मद सोहेल को लोहिया वाहिनी का राष्ट्रीय महासचिव बनाए जाने पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव व महासचिव हामिद जाफर मीसम के नेतृत्व में महानगर पार्टी कार्यालय पर पार्टी पदाधिकारी फ्रंटल संगठन के नेताओं पार्षदों और कार्यकर्ताओं के साथ माला पहनाकर व एक दूसरे का मुंह मीठा कर जोरदार स्वागत किया पार्टी प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कहा दादा सूर्यकांत पांडे एवं उनके साथियों को पार्टी में शामिल होने से पार्टी और मजबूत हुई है। इस मौके पर नीओ महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव विधानसभा अध्यक्ष रक्षा राम यादव,महासचिव हामिद जाफर मीसम उपाध्याय चौधरी श्रीचंद यादव प्रदेश सचिव रामअचल यादव बलराम मौर्य, प्रवक्ता राकेश यादव राष्ट्रीय महासचिव अधिवक्ता सभा शावेज जाफरी , वरिष्ठ नेता छेदी सिंह, लड्डू लाल अधिवक्ता सभा महानगर, अध्यक्ष लाल बहादुर शुक्ला,जगताथ यादव, वीरेंद्र गौतम, चौधरी बलराम यादव दान बहादुर सिंह, महिला अध्यक्ष अपर्णा जायसवाल, रामबख्श यादव,जसवीर सिंह, पार्षद राम भवन यादव कृष्ण गोपाल यादव सुरेंद्र यादव, वसी हैदर गुड्डू, लल्लूर यादव राम अजोर यादव , शादाब खान, अंसार अहमद ,राजनाथ यादव, शिवांशु तिवारी, गोविंद यादव, पीके तिवारी,शमशेर यादव, अजय यादव चंदन यादव, बाबूलाल गौड़ नौशाद मामा, अमन सागर अंकित पांडे, सरिक, करण यादव, अजय यादव, संटी तिवारी ज्ञानेंद्र शुक्ला, अंशु सिंह, सुल्तान खान, काकू सिंह, सत्यम यादव रामदुलारे, राजेंद्र आदि लोग मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर भाजपाईयों ने किया फल वितरण

स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)
विधायक वेद प्रकाश गुप्ता और क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल की अगुवाई में पाटेश्वरी मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाने के साथ पौधरोपण किया गया। महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने लता चौक, पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने देवकाली मंदिर, जिला पंचायत प्रशासक रोली सिंह ने दशरथ समाधि तथा पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने सूर्यकुंड में स्वच्छता अभियान चलाया और पौधरोपण किया। जिले के अन्य धार्मिक एवं आध्यात्मिक स्थलों पर भी भाजपा पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने अभियान चलाया। जिला चिकित्सालय में भारतीय जनता युवा मोर्चा की जिला एवं महानगर इकाई की ओर से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। सेवा अभियान के तहत जिला चिकित्सालय में विधायक अयोध्या वेद प्रकाश गुप्ता, महिला



चिकित्सालय में जिला पंचायत प्रशासक रोली सिंह, मेडिकल कॉलेज में महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी तथा अंध विद्यालय, बाग बिजैसी अयोध्या में क्षेत्रीय अध्यक्ष अवधेश द्विवेदी और महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने फल वितरण किया गया। पूराबाजार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लॉक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह की अगुवाई में फल वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। रक्तदान शिविर में विधायक अमित सिंह चौहान, महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल, शक्ति सिंह, क्षेत्रीय मंत्री काशीराम, जिला पंचायत प्रशासक प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित, पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्र, विधायक प्रतिनिधि अमल गुप्ता, शैलेन्द्र कोरी, तिलकराम मौर्या, अरविंद सिंह, शशि प्रताप सिंह, प्रवीण दुबे, मुकेश तिवारी, रवि सोनकर, प्रांशु अग्रवाल, शकुंतला गौतम सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वाटर पंपिंग स्टेशन का हुआ सफल ट्रायल

स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.)
तराई क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए वर्षों पुरानी जलजमाव की समस्या के समाधान हो गया है। स्थानीय विधायक रामचंद्र यादव की पहल से क्षेत्र में तैयार कराया गया वाटर पंपिंग स्टेशन अब पूरी तरह बनकर



तैयार है। विश्वकर्मा पूजा के शुभ अवसर पर स्टेशन का सफल ट्रायल किया गया, जिसके बाद पानी की निकासी शुरू हो गई। लंबे समय से जलभराव की समस्या झेल रहे ग्रामीणों और किसानों में इससे खुशी का माहौल है।तराई क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक गांवों में बारिश के मौसम में जलभराव ग्रामीणों के लिए बड़ी परेशानी बना रहता था। खेतों में पानी भरने से किसानों की फसलों को लेकर चिंता रहती थी, वहीं आवागमन और दैनिक जीवन भी प्रभावित होता था। ग्रामीणों की इस समस्या को देखते हुए विधायक रामचंद्र यादव ने शासन स्तर पर पहल करते हुए वाटर पंपिंग स्टेशन की स्वीकृति और निर्माण की दिशा में प्रयास किए। अब यह परियोजना पूरी होकर संचालन के लिए तैयार है। विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर हुए ट्रायल के दौरान पंपिंग स्टेशन ने सफलतापूर्वक कार्य किया और जल निकासी शुरू हुई। पानी निकलता देख ग्रामीणों और किसानों ने राहत की सांस ली। किसानों का कहना है कि यदि जलभराव से समय रहते निजात मिलती है तो खेतों में फसल बचाने के साथ खेती-किसानी को भी काफी लाभ मिलेगा।विधायक रामचंद्र यादव आगामी 20 सितंबर को वाटर पंपिंग स्टेशन का औपचारिक शुभारंभ करेंगे।

# एनटीपीसी टांडा में विश्वकर्मा पूजा एवं विशाल भंडारे का भव्य आयोजन



स्वतंत्र भारत टांडा (सं.)
एनटीपीसी टांडा में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ गुरुवार, 17 सितम्बर 2026 को सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर फायर स्टेशन, स्टेज-1 परिसर में दोपहर 12:00 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में परियोजना प्रमुख राजीव कुमार सिन्हा, सभी महाप्रबंधकगण, वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी तथा संविदा श्रमिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। पूजा-अर्चना के उपरांत उपस्थित जनों ने प्रसाद एवं भंडारे का आनंद लिया। इस अवसर पर श्री सिन्हा ने सभी को विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएँ देते हुए कार्यस्थल पर सुरक्षा और उत्कृष्टता बनाए रखने का संदेश दिया।

# सजपा चलायेगी जनजागरण अभियान





स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)
समाजवादी जनता पार्टी चंद्रशेखर उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार अमर शहीद भगत सिंह के जन्मदिवस 28 सितंबर से आचार्य नरेन्द्र देव जयंती 31 अक्टूबर तक (मिशन 2027क अंतर्गत) जिसमें विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे जिसके अन्तर्गत अयोध्या जनपद में 28 सितम्बर 11बजे शहीद आज़म अमर शहीद भगत सिंह की जयंती पर संगोष्ठी एक अक्टूबर सायंकाल पाँच बजे से 1857 की क्रांति के अमर शहीद राजा जयलाल सिंह ये बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभा दो अक्टूबर पूर्वाह्न 10 बजे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर संगोष्ठी कैंप कार्यालय धारा मार्ग में होगी 11 अक्टूबर लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर संगोष्ठी 11 बजे से होगी 12 अक्टूबर को वाहन 11बजे से समाजवादी प्रणेता डॉ. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा कैम्प कार्यालय बछड़ा हाता एवं 31 अक्टूबर पूर्वाह्न 11 बजे से समाजवादी चिंतक आचार्य नरेन्द्र देव की जयंती एवं प्रदेश कार्य समिति की बैठक प्रेस क्लब सिविल लाइन अयोध्या में आयोजित होगी उक्त जानकारी पार्टी के। अशोक श्रीवास्तव एवं राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य मारूतकुमार सिंह सहित ज़िले के पदाधिकारी एवं महानगर के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

# विश्वकर्मा जयंती पर हुआ भंडारा



स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)
रामनगरी अयोध्या विधानसभा क्षेत्र के अयोध्या धाम में हाईवे सूर्य द्वार के पास कृष्णानंद फाउंडेशन ई-रिक्शा यूनियन की ओर से विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर पूजा-अर्चना के बाद भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश यादव शामिल हुए। मुकुंद माधव त्रिपाठी के आग्रह पर यहां पहुंचकर भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की और भंडारे का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक और सामाजिक आयोजनों से समाज में सेवा एवं एकजुटता की भावना मजबूत होती है वहीं, राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुंद माधव त्रिपाठी ने कहा कि उनके आग्रह पर समाजसेवी सुरेश यादव कार्यक्रम में पहुंचे और भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर भंडारे का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सुरेश यादव लगातार समाजसेवा के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि वह भगवान विश्वकर्मा से प्रार्थना करते हैं कि सुरेश यादव इसी तरह समाजसेवा के कार्यों में आगे बढ़ें।

# क्रिप्टो ट्रेडिंग में पैसा दोगुना करने का झांसा

## 22 लोगों ने गंवा दिए चार करोड़ रुपये

**मंडी।** थोड़े दिनों में पैसा दोगुना करने के चक्कर में कमांद के 20 से 22 लोग करीब चार करोड़ रुपये गंवा बैठे। क्रिप्टो ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर रकम लेने और बाद में वापस न करने का आरोप है। शिकायत के आधार पर पधर पुलिस ने जनवरी 2026 में प्राथमिकी दर्ज की थी। जांच आगे बढ़ी तो करीब चार करोड़ रुपये के निवेश और ठगी का मामला सामने आया। कई लोग बदनामी के डर से पुलिस के पास नहीं पहुंचे। कमांद में सिराफिना नाम से कंपनी चलाने वाले अनिल गौरव धोते निवासी महाराष्ट्र पर लोगों को क्रिप्टो ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर ठगी का आरोप है। कंपनी की ओर से कुछ ही दिनों में 100 प्रतिशत मुनाफा देने का दावा किया जाता था। इसी भरोसे में लोगों ने अपनी जमा पूंजी लगा दी। गांव टिकरी मुशैहरा निवासी सुरजीत ठाकुर ने शिकायत में बताया कि अक्तूबर 2025 में उसके संपर्क में एक व्यक्ति आया। उसे क्रिप्टो ट्रेडिंग में रकम लगाने पर अच्छा मुनाफा मिलने का भरोसा दिया गया। इसके बाद उसने अलग-अलग तिथियों में बताए गए बैंक खातों में 31.05 लाख रुपये ऑनलाइन जमा किए। शिकायत में चार लाख रुपये नकद देने की बात भी कही गई है। शिकायतकर्ता के अनुसार उसे बीटीसी, यूएसडी लाइव ट्रेडिंग के माध्यम से रकम बढ़ाकर वापस करने का भरोसा दिया गया। कंपनी के लेटरहेड पर दस्तावेज और सिक्योरिटी चेक भी दिए गए। शुरुआत में बातचीत होती रही और रकम लौटाने का भरोसा मिलता रहा, लेकिन जनवरी 2026 तक पैसा वापस नहीं मिला। आरोप है कि 10 जनवरी को वह कमांद स्थित कार्यालय में अपनी रकम मांगने पहुंचा तो उसके साथ गालीगलौज की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। इसके बाद उसने पुलिस में शिकायत दी।

# मणिपुर में हिंसा के बीच सात दिन से स्कूल-बाजार बंद



**इंफाल।** मणिपुर में कुकी और नगा समुदाय में तनाव के बीच पहाड़ी इलाकों में जनजीवन प्रभावित है। 7 दिन से कई जगह स्कूल और बाजार

**इस साल अब तक 40 मौतें**

बंद हैं। 7 पहाड़ी जिलों से संपर्क प्रभावित है। सड़कों और हाईवे पर नाकेबंदी के कारण सामान्य आवाजाही मुश्किल हो गई है। हिंसा के चलते जरूरी सामान की सप्लाई भी प्रभावित हुई है। कांगपोकपी के कुछ गांवों में चीनी ?400-450 किलो तक बिक रही है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, लोग डर के कारण घरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं। खेतों में जाना और मेडिकल इमरजेंसी में अस्पताल या एयरपोर्ट पहुंचना भी मुश्किल हो गया है। इधर, पिछले 4 दिनों में 4 महिलाओं समेत 6 कुकी लोगों की हत्या का आरोप है। कुकी संगठनों ने इन हत्याओं के लिए नगा समुदाय को जिम्मेदार ठहराया है। स्थानीय संगठनों के मुताबिक, फरवरी में शुरू हुई हिंसा के बाद इस साल अब तक 40 लोगों की मौत हो चुकी है। सड़कों पर नगा समुदाय की नाकेबंदी, बिना सुरक्षा लोग नहीं जा पा रहे उखरुल, सेनापति, तामेंगलोंग और चंदेल नगा बहुल जिले हैं, जबकि चूराचांदपुर, कांगपोकपी और फिरजॉल कुकी बहुल हैं। कांगपोकपी समेत 4 जिलों में दोनों समुदायों के लोग रहते हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, हाईवे और दूसरी प्रमुख सड़कों पर कई जगह नगा समुदाय के लोगों ने नाकेबंदी कर रखी है। चेक पॉइंट बनाए गए हैं। बिना सुरक्षा एस्कॉर्ट के निजी वाहन चलाना मुश्किल है।

# दिल्ली में 12.84 करोड़ रुपये की साइबर ठगी का भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की विशेष साइबर अपराध शाखा ने हीरो फिनकॉर्प लिमिटेड के कॉरपोरेट बैंक खाते से 12.84 करोड़ रुपये की साइबर ठगी का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में एक बैंक रिलेशनशिप मैनेजर सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से पांच मोबाइल

## बैंक मैनेजर समेत पांच गिरफ्तार

फोन, चेक बुक और प्रॉपर्टी गैलरी की रबर स्टांप बरामद की हैं। पुलिस उपायुक्त गौरव त्यागी ने बताया कि कंपनी को एचडीएफसी बैंक से मिले एक सिस्टम अलर्ट के जरिये अनधिकृत लेन-देन की जानकारी मिली थी। जांच में सामने आया कि 317 डिजिटल लेन-देन के माध्यम से कंपनी के खाते से 12.84 करोड़ रुपये 34 अलग-अलग बैंक खातों में भेजे गए। यह मामला 21 अगस्त को स्पेशल सेल थाने में दर्ज किया गया था। शाखा की तकनीकी जांच में बैंक खातों और मोबाइल रिकॉर्ड का विश्लेषण किया गया, जिसके आधार पर देश के विभिन्न हिस्सों में छापे मारकर पांचों आरोपियों को पकड़ा गया। गिरोह के सदस्य टेलीग्राम पर सक्रिय चीनी समूहों के संपर्क में थे और ठगी की रकम का एक हिस्सा यूएसडीटी (डिजिटल मुद्रा) में बदलकर विदेश भेजा गया। पुलिस ने अब तक 1.70 करोड़ रुपये की रकम पर रोक लगाई है। आरोपियों ने बैंक खातों और आपसी संपर्क के जरिये हीरो फिनकॉर्प के खाते से रकम निकालने का एक नेटवर्क बनाया। गिरफ्तार आरोपियों में बुलंदशहर निवासी अभय कुमार सोलंकी, कुरुक्षेत्र निवासी लवली (26), बीकानेर निवासी हरमन (24), जयपुर निवासी नमन कुमार और आरबीएल बैंक के रिलेशनशिप मैनेजर विकास (30) शामिल हैं। अभय कुमार सोलंकी के खाते में 60 हजार रुपये आए, जिन्हें एटीएम से निकाला गया। लवली के प्रॉपर्टी गैलरी खाते में 80 लाख रुपये पहुंचे, जबकि नमन कुमार के यस बैंक और इंडसइंड बैंक खातों में कुल 1.10 करोड़ रुपये आए। विकास ने नमन के बैंक खाते खुलवाने में मदद की और उसे हरमन से मिलवाया। देवेंद्र सिंह चौहान नामक एक अन्य व्यक्ति ठगी की रकम को यूएसडीटी में बदलकर विदेश में बैठे जालसाजों तक भेजता था।

# उत्तराखंड में होमस्टे संचालकों को मिलेगा इको-फ्लावर बैज, पर्यटन विभाग की पहल



**देहरादून।** उत्तराखंड में सतत और पर्यावरण-अनुकूल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन विभाग ने होम स्टे और बेड एंड ब्रेकफास्ट (बीएंडबी) संचालकों को ग्रीन मान्यता दिलाने की नई पहल की है। यूनाइटेड नेशन्स डेवलपमेंट प्रोग्राम (यूएनडीपी) के सहयोग से 10 मानकों पर तीन श्रेणी ग्रीन मान्यता परखा जाएगा। सचिव पर्यटन धीरज गर्ब्याल ने बताया कि 17 सितंबर से प्रदेश में सेवा सप्ताह पर शुरू हो रहा है। पर्यटन विकास परिषद प्रदेशभर के होमस्टे तथा बेड एंड ब्रेकफास्ट संचालकों को विभागीय योजनाओं से जुड़ने और अपनी इकाइयों को पंजीकृत के लिए गो ग्रीन विद उत्तराखंड टूरिज्म एक वैकल्पिक ग्रीन मान्यता कार्यक्रम संचालित करेगा। सेवा सप्ताह के दौरान राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों व पर्यटक आवास गृहों में विशेष स्वच्छता अभियान और योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि होमस्टे और बीएंडबी इकाइयां हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था और स्थानीय आतिथ्य की रीढ़ हैं। सेवा सप्ताह के दौरान अधिक से अधिक होमस्टे को पंजीकृत कर आधिकारिक पहचान दिलाने का लक्ष्य रखा गया है। जो होमस्टे सौर ऊर्जा, वर्षा जल संचयन, कचरा प्रबंधन तथा प्लास्टिक मुक्त प्रथाओं का पालन करेंगे, उन्हें विभाग की ओर से इको-फ्लावर बैज व विशेष सरकारी प्रोत्साहन दिया जाएगा। पर्यटन मंत्री ने कहा कि राज्य को हरित व सतत पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने प्रदेश के सभी होमस्टे संचालकों से अपील की कि वे अपनी इकाइयों का अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराएं और ग्रीन मान्यता अपनाकर राज्य के पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# आदिवासी युवक की गला दबाकर हत्या

**मैहर।** जिले के ताला थाना क्षेत्र के ग्राम बिगौड़ी में शराब पीने के दौरान हुए विवाद के बाद एक आदिवासी युवक की हत्या कर शव कुएं में फेंकने का मामला सामने आया है। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया और कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रित किया मृतक की पहचान भैयावन कोल (35) पिता रामाश्रय कोल, निवासी बिगौड़ी के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक भैयावन कोल देर शाम घर से बाहर निकला था। इसी दौरान गांव में शराब पीने के दौरान उसका अफसर खान और उसके अन्य साथियों के साथ विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया परिजनों का आरोप है कि विवाद के बाद आरोपियों ने युवक के साथ मारपीट की और उसका गला दबाकर, उसे कुएं में फेंक दिया।

# आदित्य को 500 करोड़ का मानहानि नोटिस



**मुंबई।** दिशा सालियान के पिता सतीश सालियान ने शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे और महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री एनसीपी (एसपी) नेता अनिल देशमुख को 500 करोड़

## दिशा सालियान के पिता बोले- 7 दिन में माफी मांगें

रुपए का मानहानि नोटिस भेजा है। बार एंड बेंच के मुताबिक, नोटिस में दोनों नेताओं से उनके बयानों को वापस लेने, सार्वजनिक रूप से माफी मांगने और 500 करोड़ का हर्जाना देने की मांग की गई है। दोनों को इसके लिए 7 दिन का समय दिया गया है। आदित्य ठाकरे ने जांच में उनका नाम आने पर कहा था कि ये राजनीति से प्रेरित है। वहीं, अनिल देशमुख ने कहा था कि आदित्य को बदनाम किया जा रहा है। दिशा के पिता ने कहा कि इन बयानों से निष्पक्ष जांच की मांग को गलत तरीके से पेश किया गया। 28 साल की दिशा एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर थीं। उनकी 8 जून 2020 को मुंबई की एक बिल्डिंग से गिरने के कारण मौत हुई थी। दिशा की मौत के 6 दिन बाद 14 जून एक्टर सुशांत सिंह की भी मौत हो गई थी। आदित्य ने कहा था- मैं दिशा सालियान से कभी नहीं मिला। उनसे कोई जान-पहचान नहीं थी। करीब 6 साल से राजनीतिक और निजी कारणों से उनका नाम इस मामले से जोड़ा जा रहा है। यह बिना सबूत के अभियान चलाने जैसा है। जांच एजेंसियों को बिना राजनीतिक हस्तक्षेप के मामले की जांच करनी चाहिए।

# एक नजर

## दिल्ली की सीएम ने दान किए शरीर के 14 अंग

### पीएम मोदी के जन्मदिन पर पेश की अनूठी मिसाल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मानवता और परोपकार की एक प्रेरणादायक मिसाल पेश की है। मुख्यमंत्री ने इस खास मौके पर अपने शरीर के विभिन्न अंगों और ऊतकों के महादान का संकल्प लिया है, जो चिकित्सा जगत और जरूरतमंदों के जीवन में एक नई उम्मीद की किरण जगाएगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जिन प्रमुख अंगों और ऊतकों को दान करने का संकल्प लिया है, उनमें मुख्य रूप से दिल, आंत, अग्नाशय, लीवर, किडनी, फेफड़े, हाथ और आंख की कॉर्निया शामिल हैं। इसके साथ ही उन्होंने हड्डियां, हार्ट वाल्व, त्वचा, कार्टिलेज/लिगामेंट/टेंडन, रक्त वाहिकाओं और एमनियन जैसे महत्वपूर्ण ऊतकों के दान की भी घोषणा की है। राजनीतिक गलियारों और सामाजिक क्षेत्रों में मुख्यमंत्री के इस कदम की चौतरफा सराहना हो रही है। जानकारों का मानना है कि प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर इस प्रकार का बड़ा और संवेदनशील संकल्प समाज में अंगदान के प्रति फैली भ्रांतियों को दूर करेगा और आम नागरिकों को इस नेक कार्य के लिए आगे आने के लिए प्रेरित करेगा।

## लव मैरिज से नाराज परिवार ने लड़की को किडनैप कराया

### कार से भागते समय छह लोगों को मारी टक्कर

**बेंगलुरु।** परिवार की मर्जी के खिलाफ 8-9 महीने पहले लव मैरिज करने वाली 21 साल की लड़की को उसके परिवार ने बेंगलुरु के अग्रहारा दसरहल्ली से बुधवार शाम को किडनैप करा लिया। इसके फुटेज और वीडियो आज सामने आए। परिवार ने 4 किडनैपर राजस्थान से भेजे थे। वे लड़की के घर पहुंचे और उसे जबरन कार में बैठाकर भागने लगे। स्थानीय लोगों ने पीछा किया तो आरोपियों की कार ने कई गाड़ियों को टक्कर मार दी। इस हादसे में 6 लोग घायल हो गए। लड़की राजस्थान की रहने वाली है। उसने करीब 8-9 महीने पहले राजस्थान के ही रहने वाले ओम प्रकाश से लव मैरिज की थी। शादी के बाद दोनों बेंगलुरु आकर रहने लगे थे। पूजा के परिवार ने 16 सितंबर की शाम उसे वापस ले जाने के लिए 4 लोगों को भेजा था। बेंगलुरु पुलिस के मुताबिक, चारों अग्रहारा दसरहल्ली स्थित पूजा और ओम प्रकाश के घर पहुंचे। उन्होंने जबरन पूजा को घर से बाहर निकाला और ह्युंडई वेन्यू कार में बैठाकर ले गए। आरोपी कार से भागते समय 6 लोगों को टक्कर मार दी।

## हेमकुंड साहिब में हुई सीजन की पहली बर्फबारी

### केदारनाथ घाटी में भारी बारिश और घना कोहरा छाया

**रुद्रप्रयाग।** हेमकुंड साहिब में सीजन की पहली बर्फबारी हुई है। ऊंचाई वाले क्षेत्र में हुई इस बर्फबारी के साथ मौसम ने करवट ली है। इधर, रुद्रप्रयाग जिले के कई हिस्सों में लगातार भारी बारिश हो रही है। केदारनाथ घाटी में भी बारिश का दौर जारी है। पहाड़ी इलाकों में घना कोहरा छाया हुआ है, जिससे दृश्यता कम हो गई है। खराब मौसम के कारण यात्रियों और स्थानीय लोगों को आवाजाही के दौरान परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन ने खराब मौसम को देखते हुए तीर्थयात्रियों से सावधानी बरतने की अपील की है। प्रशासन ने यात्रियों को यात्रा के दौरान विशेष सतर्कता बरतने और जोखिम वाले क्षेत्रों में अधिक सावधानी से आवाजाही करने को कहा है। लगातार बारिश और कम दृश्यता को देखते हुए पहाड़ी रास्तों पर सफर करने वालों को मौसम की स्थिति का ध्यान रखने की सलाह दी गई है। प्रशासन की ओर से यात्रियों से अपील की गई है कि खराब मौसम के दौरान जोखिम वाले स्थानों पर विशेष रूप से सतर्क रहें।

# फर्जी पासपोर्ट रैकेट, दो और को पकड़ा

**भोपाल।** राजधानी में सक्रिय फर्जी पासपोर्ट रैकेट के खिलाफ स्पेशल टास्क फोर्स की कार्रवाई लगातार तेज होती जा रही है।

## वेरिफिकेशन करने वाले पुलिसकर्मी भी रडार पर

फर्जी दस्तावेजों के आधार पर पासपोर्ट तैयार कराने वाले इस सिंडिकेट के मामले में एसटीएफ ने दो और आरोपियों को हिरासत में लिया है। इनमें एक स्थानीय कैफे संचालक और दूसरा मुख्य आरोपी रियाल चौधरी का केयरटेकर बताया जा रहा है। इस मामले में अब तक कुल 70 फर्जी पासपोर्ट बरामद किए जा चुके हैं। जांच एजेंसी को आशंका है कि यह संख्या बढ़कर 200 तक पहुंच सकती है। मुख्य आरोपी रियाल चौधरी भोपाल के अन्नानगर स्थित बौद्ध मठ के पास पिछले करीब डेढ़ साल से रह रहा था। स्थानीय लोगों के अनुसार उसकी गतिविधियां शुरू से ही संदिग्ध थीं। रियाल ज्यादातर समय मोबाइल पर व्यस्त रहता था और आसपास के लोगों से बहुत कम घुलता-मिलता था। बताया जा रहा है कि उसने विभिन्न सामाजिक गतिविधियों और बच्चों की मदद के नाम पर स्थानीय लोगों से 5 हजार से लेकर 1 लाख रुपए तक का चंदा भी जुटाया था। एसटीएफ अब इस बात की भी जांच कर रही है कि रियाल द्वारा जुटाई गई रकम के पीछे कहीं विदेशी फंडिंग या हवाला नेटवर्क तो सक्रिय नहीं था। जांच में भोपाल के अन्नानगर स्थित बौद्ध मठ से बने 40 पासपोर्ट समेत पांच जिलों से अब तक 70 फर्जी पासपोर्ट बरामद किए जा चुके हैं। जांच एजेंसी का अनुमान है कि यह आंकड़ा 200 तक पहुंच सकता है।

# जहरीली शराब : अब आंखों पर मंडराया खतरा

**सागर।** सागर के बंडा में हुए बहुचर्चित जहरीली शराब कांड के मामले में एक बेहद गंभीर सच्चाई सामने आई है। इस जहरीली त्रासदी में जान गंवाने वालों का आंकड़ा जहां 20 तक पहुंच चुका है, वहीं अब जीवित बचे लोगों के सामने गंभीर स्वास्थ्य संकट खड़ा हो गया है। मिथाइल एल्कोहल के घातक असर के कारण करीब 70 से 80 मरीजों की आंखों की रोशनी गंभीर रूप से प्रभावित हुई है, जिससे स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की चिंताएं काफी बढ़ गई हैं। मरीजों की आंखों में आ रही इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए सागर कलेक्टर प्रतिभा पाल ने तुरंत दिल्ली स्थित एम्स के वरिष्ठ विशेषज्ञों से संपर्क कर चिकित्सीय सलाह ली है। एम्स के डॉक्टरों ने इस स्थिति को टॉक्सिक इंड्यूस्ड ऑप्टिक बीमारी करार दिया है। हालांकि राहत की बात यह है कि डॉक्टरों ने आश्वासन दिया है कि उचित उपचार और लगातार देखरेख से प्रभावित मरीजों की आंखों की रोशनी 6 से 7 सप्ताह के भीतर धीरे-धीरे वापस लौटने की पूरी संभावना है।

# यूनिफॉर्म पहनकर न आने पर छात्रों को बेरहमी से पीटा

## टांगों पर पड़े लाल निशान, शिक्षक निलंबित

**राजोरी।** राजोरी में यूनिफॉर्म पहनकर नहीं आने पर सरकारी स्कूल के एक शिक्षक ने प्राइमरी कक्षाओं के तीन बच्चों को बेंत से इतना पीटा कि उनकी टांगों की चमड़ी उधड़ गई। सोशल मीडिया पर जब इस क्रूरता का वीडियो वायरल हुआ तो हंगामा मच गया। आनन-फानन में शिक्षा विभाग ने मामले का संज्ञान लिया और आरोपी शिक्षक को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया। यह मामला राजोरी जिले के हाई स्कूल कुंडल का है। आरोप है कि ड्रेस पहनकर नहीं आने पर यहां तैनात शिक्षक निसार अहमद ने मंगलवार को दो छात्राओं और एक छात्र को बेरहमी से शारीरिक दंड दिया। इस पूरे मामले का खुलासा तब हुआ जब सोशल मीडिया पर एक वीडियो क्लिप तेजी से वायरल होने लगा। इस वीडियो में स्कूली बच्चे शिक्षक निसार अहमद पर बेरहमी से पीटने के आरोप लगा रहे हैं। बच्चों ने कैमरे के सामने अपनी टांगों और शरीर के अन्य हिस्सों पर बेंत की पिटाई से बने लाल निशान (चकत्ते) भी दिखाए। पीठ पर भी मारा है। वीडियो सामने आते ही क्षेत्र के लोगों और पीड़ित बच्चों के अभिभावकों का गुस्सा फूट पड़ा। ग्रामीण और अभिभावक आरोपी शिक्षक के खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज कर और अधिक कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# मकान की दीवार गिरी चार महिलाओं की मौत

**इंदौर।** सांवेर के घनी आबादी वाले इलाके में बुधवार शाम जर्जर मकान तोड़ते समय दर्दनाक हादसा हो गया। मकान गिराते समय पास के एक पुराने मकान की दीवार मजदूरों पर भरभराकर गिर गई। उसके मलबे में 9 लोग दब गए, इनमें से चार महिलाओं की मौत हो गई, जबकि पांच गंभीर रूप से घायल हैं। उनका सांवेर व इंदौर के अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने लापरवाही के आरोप में मकान मालिक को हिरासत में ले लिया है। जिस पुराने व जर्जर मकान को गिराया जा रहा था वह सांवेर के टशन चौराहे के समीप था और 'नेताजी' के नाम से प्रसिद्ध था। सांवेर नगर परिषद के अधिकारियों ने उसे गिराने के लिए नोटिस भी दिया था। बुधवार को उसे तोड़ने के दौरान ही यह हादसा हो गया। मकान मालिक ने सुरक्षा प्रबंधों की अनदेखी करते हुए ठेकेदार को मजदूरों के जरिए मकान तोड़ने का जिम्मा दिया था। मकान तोड़ते समय पास के एक अन्य जर्जर मकान की दीवार वहां काम कर रहे मजदूरों पर गिर पड़ी।

# नौकरी के नाम पर फर्जीवाड़ा, भाई बहन समेत पांच पर प्राथमिकी




**ऋषिकेश।** एम्स के किच्छा स्थित निर्माणाधीन सेटेलाइट सेंटर में आउटसोर्स कंपनी के माध्यम से नौकरी दिलाने के नाम पर फर्जीवाड़े के आरोप में पुलिस ने भाई बहन और एम्स के आउटसोर्स कर्मचारी सहित पांच के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। एम्स प्रशासन के अनुसार आरोपी फर्जी नियुक्ति पत्र के जरिये युवाओं से रकम वसूल रहे थे। आरोपियों के कब्जे से नर्सिंग ऑफिसर और एमटीएस पद के दो फर्जी नियुक्तिपत्र और दो लाख रुपये नकद बरामद होने का दावा किया गया है। एम्स प्रशासन ने दावा किया कि उन्हें सूचना मिली थी कि किच्छा स्थित सेटेलाइट सेंटर में भर्ती के नाम पर फर्जी पंपलेट बांटे जा रहे हैं। इसके बाद सुरक्षा कर्मियों को सतर्क करते हुए संदिग्ध गतिविधियों की तत्काल सूचना देने के निर्देश दिए गए थे। बीते मंगलवार को सुरक्षा कर्मियों ने परिसर में एक व्यक्ति को ऐसे ही पंपलेट बांटते देखा। एम्स इंटेलीजेंस के एक कर्मचारी ने उससे संपर्क कर किच्छा में नौकरी की इच्छा जताई। आरोपी ने कर्मचारी को एम्स के गेट नंबर दो के बाहर बुलाया। कर्मचारी के वहां पहुंचने पर बैराज रोड पर कुछ लोग कार में बैठे मिले, जहां नौकरी के नाम पर अभ्यर्थियों से लेन-देन किया जा रहा था। सुरक्षा कर्मियों ने तीनों को घेरकर पूछताछ की। कार की तलाशी के दौरान नर्सिंग ऑफिसर और एमटीएस पद के दो फर्जी नियुक्ति पत्र और 2 लाख नकद बरामद हुए हैं। इस मामले में बुधवार शाम एम्स के सहायक प्रशासनिक अधिकारी विक्रम सिंह ने सुब्रत बछाऊ, दीपना मंडल, दीपांशु मंडल निवासी उधम सिंह नगर, गणेश निवासी नानकमत्ता उधम सिंह नगर व एम्स में आउटसोर्स कर्मचारी दीपक गुसाईं के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

# हरिद्वार अर्द्धकुंभ के लिए व्यापक तैयारियां



**हरिद्वार।** हरिद्वार में आयोजित होने वाले अर्धकुंभ को भव्य और दिव्य रूप में आयोजित करने की सराहना की जा रही है। इसे नासिक, प्रयाग और उज्जैन के आयोजनों से बेहतर प्रबंधन वाला बताया जा रहा है। इस पर मेरा भी समर्थन है क्योंकि, इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को जोड़ना है। इसका लक्ष्य सनातन धर्म की खोई अस्मिता को वापस लाना भी है। कुंभ के साथ स्नान पर्व और कांवड़ जैसी व्यवस्था के आयोजनों के अनुभव के कारण हरिद्वार को प्रबंधन में अग्रणी माना जा रहा है। यहां भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया है। पिछले आयोजनों से मिली सीख को इस बार लागू किया गया है। स्वच्छता और स्वास्थ्य सेवाओं को भी प्राथमिकता सूची में रखा गया है। वास्तव में हरिद्वार में कुंभ आयोजनों का एक लंबा इतिहास है। यह इतिहास प्रबंधन को और अधिक कुशल बनाने में सहायक रहा है। अर्धकुंभ को केवल एक धार्मिक अनुष्ठान के रूप में नहीं देखा जा रहा है। यह सनातन मूल्यों के पुनरुत्थान का एक महत्वपूर्ण मंच भी है। इस प्रयास से धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करने की उम्मीद है। हरिद्वार को कुंभ आयोजनों के लिए एक अनुभवी स्थल के रूप में जाना जाता है। यहां भीड़ प्रबंधन और बुनियादी ढांचे की व्यवस्थाएं अन्य कुंभ स्थलों से बेहतर मानी जाती हैं।

# कुल्लू-मनाली में दो माह बाद खुला रोमांच का रास्ता



**कुल्लू।** जब डोभी और सोलंगनाला के आसमां में सुबह 10 बजे पैराग्लाइडर उड़ने लगे और एक घंटे बाद पूर्वाह्न 11 बजे कुल्लू-मनाली के बीच राफ्टिंग साइट बबेली में पहली राफ्ट ब्यास में उतर गई तो पर्यटन कारोबार में भी जान लौट आई। दो माह की मानसूनी रोक के बाद कुल्लू-मनाली घाटी में साहसिक पर्यटन फिर रफ्तार में नजर आया। शाम 5 बजे तक ब्यास की धारा पर राफ्टिंग होती रही, जबकि दोपहर 2 बजे के बाद आसमान में नियमित रूप से पैराग्लाइडर उड़ते दिखाई दिए। पहले दिन ब्यास में करीब 60 राफ्टें उतरीं। मौसम साफ होने और ब्यास नदी का जलस्तर अनुकूल होने के बाद प्रशासन की अनुमति से रिवर राफ्टिंग और पैराग्लाइडिंग गतिविधियों को दोबारा शुरू किया गया। इसके साथ ही पैराग्लाइडिंग साइटों पर भी पर्यटकों की आवाजाही शुरू हो गई। सुबह से राफ्टिंग पॉइंटों पर संचालक सुरक्षा उपकरणों की

## राफ्टिंग व पैराग्लाइडिंग से पर्यटन कारोबार में रौनक

जांच और पर्यटकों को जरूरी निर्देश देते नजर आए। पर्यटकों को लाइफ जैकेट समेत निर्धारित सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। मानसून के दौरान ब्यास नदी में बढ़े जलस्तर और तेज बहाव को देखते हुए राफ्टिंग गतिविधियों पर रोक रहती है। परिस्थितियां अनुकूल होने के बाद अब राफ्टें दोबारा नदी में उतारी गई हैं। जिला पर्यटन विकास अधिकारी ने बताया कि बुधवार को साहसिक पर्यटन गतिविधियों पर लगी रोक हटा दी गई है। पैराग्लाइडिंग के लिए 3500 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। वहीं, रिवर राफ्टिंग के लिए 200 रुपये प्रति किलोमीटर के हिसाब से शुल्क लिया जाएगा। शुल्क में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है।

# बाजार में सतर्कता, सेंसेक्स 22 अंक टूटा, निफ्टी 23,270 पर



**नई दिल्ली।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दर में 25 आधार अंक की बढ़ोतरी और आगे मौद्रिक नीति में सख्ती के संकेतों के बीच भारतीय शेयर बाजार में गुरुवार को पूरे दिन उतार-चढ़ाव बना रहा। शुरुआती कारोबार में बाजार ने मजबूती दिखाई, लेकिन बाद में निवेशकों की सतर्कता बढ़ने से सेंसेक्स अपनी बढ़त गंवा बैठा। कारोबार के अंत में सेंसेक्स मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ, जबकि निफ्टी हल्की बढ़त बनाए रखने में सफल रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली और वैश्विक बाजारों के मिले-जुले रुख का भी घरेलू बाजार पर असर दिखाई दिया।

**सेंसेक्स की चाल-** 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 21.86 अंक यानी 0.03 फीसदी की मामूली गिरावट के साथ 74,314.59 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सूचकांक ने 341.11 अंक यानी 0.45 फीसदी की बढ़त दर्ज करते हुए 74,677.56 का ऊपरी स्तर छुआ था। हालांकि, बाद में ऊपरी स्तरों पर मुनाफावसूली और बिकवाली के कारण यह बढ़त कायम नहीं रह सकी। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में एचडीएफसी बैंक, टाइटन, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, भारती एयरटेल और एक्सिस बैंक प्रमुख रूप से दबाव में रहे।

**निफ्टी में बढ़त-** एनएसई का 50 शेयरों वाला निफ्टी 53 अंक यानी 0.23 फीसदी की बढ़त के साथ 23,270.60 पर बंद हुआ। चुनिंदा शेयरों में खरीदारी से निफ्टी को सहारा मिला। टाटा स्टील, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, इंटरग्लोब एविएशन, इटरनल, मारुति और एशियन पेंट्स बढ़त वाले प्रमुख शेयरों में शामिल रहे। दूसरी ओर निजी क्षेत्र के बैंकों और सूचना प्रौद्योगिकी से जुड़े कुछ शेयरों में कमजोरी देखी गई।

**एनएसई का आईपीओ-** गुरुवार को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया का 22,569 करोड़ रुपये का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम भी सदस्यता के लिए खुला। पहले कारोबारी दिन इश्यू को करीब 39 फीसदी तक सब्सक्रिप्शन मिला। बड़े आकार के इस आईपीओ पर निवेशकों की नजर रही। बाजार में एक ओर फेड के फैसले को लेकर सतर्कता रही, वहीं आईपीओ गतिविधियों ने भी निवेशकों का ध्यान आकर्षित किया।

**फेड का फैसला-** अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने ब्याज दर में 25 आधार अंक की वृद्धि की है। इसके साथ ही इस साल एक और दर वृद्धि का संकेत दिया गया है। बाजार विशेषज्ञों के मुताबिक फेड का फैसला पहले से काफी हद तक अपेक्षित था, इसलिए भारतीय बाजार में इसके बाद बड़ी बिकवाली नहीं देखने को मिली। हालांकि, भविष्य की मौद्रिक नीति को लेकर अनिश्चितता के कारण निवेशकों ने जोखिम लेने में सावधानी बरती।

**टर्म इंश्योरेंस बाजार-** लंबी अवधि की वित्तीय योजना के लिए टर्म इंश्योरेंस में प्रीमियम वापसी का विकल्प पेश किया गया है। नए प्लान में पॉलिसी अवधि पूरी होने तक जीवित रहने पर शर्तों के अनुसार चुकाए गए कुल प्रीमियम का 105 फीसदी वापस मिलेगा। अवीवा लाइफ इंश्योरेंस में इसमें 10 से 30 साल की अवधि और 5 से 50 लाख रुपये तक के जीवन बीमा कवर का विकल्प है। योजना में दुर्घटना मृत्यु और गंभीर बीमारी के लिए वैकल्पिक राइडर भी उपलब्ध हैं।

**विदेशी निवेशकों का दबाव-** घरेलू बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली भी चिंता का कारण बनी हुई है। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार बुधवार को विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 2,032.61 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। लगातार विदेशी निकासी से बाजार की तेजी पर दबाव बना हुआ है। इसके अलावा अमेरिकी 10 साल की ट्रेजरी यील्ड करीब 5 फीसदी के स्तर पर रहने से भी उभरते बाजारों में निवेश को लेकर सतर्कता बनी हुई है।

**कच्चे तेल में गिरावट-** वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में भी नरमी रही। ब्रेंट क्रूड 1.61 फीसदी गिरकर 104.1 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव का असर भारत जैसे बड़े आयातक देश की अर्थव्यवस्था और कंपनियों की लागत पर पड़ सकता है। इसी वजह से निवेशकों की नजर अंतरराष्ट्रीय कमोडिटी बाजार के रुख पर भी रही।

**वैश्विक बाजार-** एशियाई बाजारों में भी कारोबार का रुख एक जैसा नहीं रहा। जापान का निक्केई 225 बढ़त के साथ बंद हुआ, जबकि दक्षिण कोरिया का कोस्पी, शंघाई का एसएसई कंपोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट में रहे। यूरोपीय बाजार ऊपरी स्तरों पर कारोबार करते दिखाई दिए। इससे पहले बुधवार को अमेरिकी शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए थे।

**सर्विस नेटवर्क का आधार-** आफ्टर-सेल्स सेवा मजबूत करने के लिए स्मार्टफोन ने देशभर में सर्विस सेंटरों की संख्या 1,000 से अधिक करने की योजना बनाई है। मौजूदा 800+ केंद्रों में 200 से ज्यादा नए सेंटर जोड़े जाएंगे। दिल्ली में दिवाली तक पहला एक्सक्लूसिव सर्विस सेंटर शुरू करने के साथ एआई+ असिस्टेंस ऐप भी पेश किया जाएगा, जिससे सर्विस बुकिंग, टिकट ट्रैकिंग और डिवाइस सपोर्ट जैसी सुविधाएं एक प्लेटफॉर्म पर मिलेंगी।

**विशेषज्ञों की राय-** एचएसटी वेल्थ के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा रिसर्च एनालिस्ट हरिसेल्वन राधाकृष्णन ने कहा कि भारतीय शेयर बाजार सीमित दायरे में कारोबार के बाद मिले-जुले रुख के साथ बंद हुआ। निफ्टी मामूली बढ़त के साथ 23,270 और सेंसेक्स 74,314 के स्तर पर बंद हुआ। उनके अनुसार चुनिंदा शेयरों में खरीदारी ने निफ्टी को सहारा दिया, लेकिन निजी बैंकों और आईटी शेयरों में कमजोरी से बाजार की व्यापक तेजी सीमित रही।

**पिछले सत्र का रुख-** बुधवार को घरेलू बाजार में अच्छी तेजी देखने को मिली थी। सेंसेक्स 332.63 अंक यानी 0.45 फीसदी बढ़कर 74,336.45 पर बंद हुआ था, जबकि निफ्टी 99 अंक यानी 0.43 फीसदी की बढ़त के साथ 23,217.60 पर रहा था। गुरुवार को शुरुआती तेजी के बावजूद बाजार उस बढ़त को पूरी तरह बरकरार नहीं रख सका। निवेशकों की नजर अब वैश्विक ब्याज दरों, विदेशी निवेश प्रवाह और आगामी आर्थिक आंकड़ों पर रहेगी।

## इन्फ्रास्ट्रक्चर और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क रोजगार व विकास पर केंद्रित

**नई दिल्ली।** त्योहारों से पहले अपने ऑपरेशंस नेटवर्क के अब तक के सबसे बड़े विस्तार की घोषणा की गई है, जिसके तहत 20 नए फुलफिलमेंट सेंटर, 6 नए सॉर्ट सेंटर और 150 नए लास्ट-माइल डिलीवरी स्टेशन शुरू किए जा रहे हैं। 2,800 करोड़ रुपये करीब 30 करोड़ डॉलर से अधिक के इस भारी-भरकम निवेश से कुल स्टोरेज क्षमता 50प्रतिशत बढ़कर 64 मिलियन घन फुट हो गई है, जो लगभग 720 ओलंपिक आकार के स्विमिंग पूल के बराबर है। इस बुनियादी ढांचे के विस्तार का सबसे बड़ा फायदा देश के छोटे शहरों और कस्बों को मिलेगा। मेट्रो शहरों से परे जाते हुए रायपुर, रांची और वाराणसी में पहले फुलफिलमेंट सेंटर स्थापित किए गए हैं, जबकि चिक्कबल्लापुर, हासन, मेरठ, रामनगर, रायपुर और वाराणसी में नए सॉर्ट सेंटर खुलने से कुल सॉर्टेशन क्षेत्र 25प्रतिशत बढ़कर 30 लाख वर्ग फुट पहुंच गया है। इसके अलावा, 118 शहरों में 150 नए लास्ट-माइल डिलीवरी स्टेशन जोड़े गए हैं, जिससे भोजपुर, जालौन, जहानाबाद, उधमपुर, सेनापति और वोखा जैसे 12 नए इलाकों तक सीधी डिलीवरी सेवा पहली बार पहुंची है। नेटवर्क में किए गए इस लगातार निवेश के चलते बीते एक साल में सेम-डे डिलीवरी की सुविधा 30प्रतिशत अधिक शहरों तक फैल चुकी है। ऑपरेशंस के वीपी इंडिया, एपीएसी, मिडिल ईस्ट, तुर्किए और अफ्रीका अभिनव सिंह के मुताबिक, इस कदम का मुख्य लक्ष्य भारतीय बाजार में लॉजिस्टिक्स को बेहद सुरक्षित, तेज और भरोसेमंद बनाना है। भारत के ई-कॉमर्स और लॉजिस्टिक्स सेक्टर में प्रतिस्पर्धा को नई धार देने वाला यह रणनीतिक विस्तार अमेज़न द्वारा अंजाम दिया गया है। उन्होंने बताया कि यह निवेश न केवल तकनीक और एसोसिएट्स की सुरक्षा-भलाई को बढ़ावा देगा, बल्कि क्विक कॉमर्स से लेकर सेम-डे व नेक्स्ट-डे डिलीवरी विकल्पों को मजबूत करते हुए देश भर में दसियों हजार नए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा करेगा।

## भारतीय टेक और एआई बाजार में बढ़ता निवेश

**नई दिल्ली।** भारतीय उपयोगकर्ताओं के लिए जनरेटिव एआई तकनीक पर आधारित नया पर्सनल असिस्टेंट एलेक्साप्लस नया वर्जन भारतीय भाषाओं और बोलचाल की शैली को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जो यूजर्स के साथ अधिक स्वाभाविक तरीके से बातचीत करने में सक्षम है।

इस नए एआई असिस्टेंट के जरिए उपयोगकर्ता स्मार्ट होम डिवाइसेज को कंट्रोल करने, ऑनलाइन शॉपिंग, रेस्टोरेंट रिजर्वेशन, ट्रैवल प्लानिंग और म्यूजिक/एंटरटेनमेंट सर्च जैसे काम निपटा सकते हैं। यह सेवा अंग्रेजी के साथ-साथ हिंदी और हिंग्लिश भाषा में भी उपलब्ध कराई गई है। वर्तमान में यह फीचर चुनिंदा इको स्मार्ट स्पीकर, स्मार्ट डिस्प्ले, फायर टीवी डिवाइसेज और एलेक्सा मोबाइल ऐप पर अर्ली एक्सेस के तहत उपलब्ध है।अनुसार, जल्द ही इसे वेब ब्राउजर पर भी एक्सेस किया जा सकेगा। इसकी एक मुख्य विशेषता डिवाइसेज के बीच निरंतरता कंटिन्यूटी है, जिससे यूजर एक डिवाइस जैसे इको शो पर शुरू किए गए काम को बिना संदर्भ खोए दूसरे डिवाइस जैसे मोबाइल ऐप पर पूरा कर सकते हैं। एलेक्सा, अमेज़न इंडिया कंट्री मैनेजर टीना सिडाना के अनुसार, यह नया टूल भारतीय परिवारों की बहुभाषी आवश्यकताओं और विविध उपयोग पैटर्न को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है। स्मार्ट डिवाइस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बाजार में बढ़ते रुझान को देखते हुए अपडेट टेक व कंज्यूमर सेगमेंट में रुचि रखने वाले निवेशकों और वित्तीय विश्लेषकों के लिए भी एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है।

## सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट: इस महीने चांदी 8 हजार और सोना 4 हजार हुआ सस्ता

**नई दिल्ली।** भारतीय सर्राफा बाजारों में आज कीमती धातुओं की कीमतों में एक बार फिर जोरदार गिरावट दर्ज की गई है। वैश्विक बाजार के संकेतों और आर्थिक उतार-चढ़ाव के बीच घरेलू बाजार में सोना और चांदी दोनों ही दबाव में कारोबार कर रहे हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत में ?513 की कमी आई है, जिसके बाद इसका भाव घटकर 1.52 लाख पर आ गया है। वहीं दूसरी ओर, औद्योगिक मांग और वैश्विक बिकवाली के कारण चांदी की कीमतों में ज्यादा बड़ा झटका देखने को मिला है। चांदी का भाव 1,695 प्रति किलोग्राम गिरकर 2.30 लाख प्रति किलो के स्तर पर आ टिका है। अगर इस पूरे महीने यानी सितंबर के आंकड़ों का विश्लेषण करें, तो ग्राहकों और निवेशकों को कीमतों में काफी राहत मिली है। इस महीने में अब तक चांदी करीब 8 हजार प्रति किलो और सोना लगभग 4 हजार प्रति 10 ग्राम सस्ता हो चुका है। गौरतलब है कि 31 अगस्त को 10 ग्राम सोने का भाव करीब 1.56 लाख और एक किलो चांदी की कीमत 2.37 लाख दर्ज की गई थी। हालांकि, लंबे समय के ट्रेंड को देखें तो साल 2026 में सोना अब तक निवेशकों को मजबूत रिटर्न दे चुका है और इस साल इसमें 18 हजार से ज्यादा की तेजी आई है। 31 दिसंबर 2025 को जो 10 ग्राम सोना 1.33 लाख पर था, वह अब 1.52 लाख पर बना हुआ है। याद दिला दें कि इसी साल 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख और चांदी ने 3.86 लाख प्रति किलो का अपना ऑलटाइम हाई रिकॉर्ड स्तर भी छुआ था।

### कीमतों में गिरावट की मुख्य वजह और बाजार विशेषज्ञों का रुख

बाजार विश्लेषकों का मानना है कि सोने-चांदी के दामों में आ रही इस ताजा गिरावट के पीछे सबसे बड़ा कारण अंतरराष्ट्रीय मौद्रिक नीतियां हैं। अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा पिछले तीन वर्षों में पहली बार ब्याज दरों में बढ़ोतरी की गई है। ब्याज दरें बढ़ने से डॉलर मजबूत होता है और सरकारी बॉन्ड यील्ड में तेजी आती है, जिससे बिना ब्याज वाले सोने और चांदी जैसे एसेट क्लास पर दबाव बनता है और निवेशक मुनाफावसूली करने लगते हैं।

इसके बावजूद, कमोडिटी विशेषज्ञों का कहना है कि यह गिरावट बहुत लंबी नहीं खींच सकती। वैश्विक स्तर पर जारी भू-राजनीतिक तनाव, अंतरराष्ट्रीय सीमा विवाद और आर्थिक अनिश्चितता के चलते सोना हमेशा एक सेफ हेवन (सुरक्षित निवेश) के रूप में जाना जाता है। जब भी शेयर बाजारों में अस्थिरता बढ़ती है, निवेशक सुरक्षित विकल्प के तौर पर सोने का रुख करते हैं। एक्सपर्ट्स का सुझाव है कि मौजूदा बाजार में निवेशकों को थोड़ा सतर्क रहना चाहिए, लेकिन अगर कीमतों में और गिरावट आती है तो यह लंबी अवधि के लिए खरीदारी और पोर्टफोलियो रीबैलेंसिंग का एक बेहतरीन अवसर साबित हो सकता है।

### समय पर मिलेगा गोल्ड रिवार्ड

डीजेटी माइक्रोफाइनेंस क्षेत्र में समय पर ऋण चुकाने वाले ग्राहकों के लिए नई प्रोत्साहन योजना शुरू की गई है। इसके तहत पात्र जेएलजी ग्राहकों को बिना देरी के ऋण चुकाने पर भुगतान किए गए ब्याज की राशि के 2 फीसदी के बराबर गोल्ड रिवार्ड दिया जाएगा। यह पहल उत्तर प्रदेश समेत सात राज्यों में लागू होगी। पात्र ग्राहकों की ओर से सोना खरीदा जाएगा, जिसे वे भौतिक रूप या डीमैट खाते के जरिए ले सकेंगे।

### त्योहारों व शादियों के सीजन में ज्वेलरी खरीदते समय इन 3 बातों का रखें खास ध्यान

सोने-चांदी के दाम घटने के साथ ही अगर आप आने वाले त्योहारों या शादियों के लिए गहनों की खरीदारी की योजना बना रहे हैं, तो अपने पैसे को सुरक्षित रखने के लिए कुछ बुनियादी सावधानियां बरतना बेहद जरूरी है:

सर्टिफाइड और हॉलमार्क गोल्ड ही चुनें: खरीदारी करते समय यह सुनिश्चित करें कि ज्वेलरी पर ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हो। असली हॉलमार्क ज्वेलरी में 6 अंकों का एक अल्फान्यूमेरिक कोड (जैसे-ें4524) होता है। यह नंबर इस बात की गारंटी देता है कि सोना पूरी तरह शुद्ध है और उसमें दर्शाए गए कैरेट (22य, 18य या 14य) के मुताबिक ही धातु का इस्तेमाल हुआ है।

तारीख के हिसाब से रेट क्रॉस-चेक करें: सोने का भाव हर दिन बदलता है और यह 24 कैरेट, 22 कैरेट व 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है। दुकान पर जाने से पहले या खरीदारी के वक्त इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की आधिकारिक वेबसाइट या भरोसेमंद वित्तीय समाचार प्लेटफॉर्म से उस दिन का आधिकारिक रेट जरूर मिला लें।

मेकिंग चार्ज और लेबर कॉस्ट का ब्रेकअप मांगें: ज्वेलरी की कुल कीमत में मेकिंग चार्ज (गहना बनाने की मजदूरी) का बड़ा हिस्सा होता है। मेकिंग चार्ज कोई सरकारी या फिक्स शुल्क नहीं होता, बल्कि यह पूरी तरह ज्वेलर्स के अपने विवेक पर निर्भर करता है। इसलिए खरीदारी के वक्त ज्वेलर्स से मेकिंग चार्ज पर खुलकर मोलभाव करें। विशेषकर भारी या ज्यादा गहनों की खरीदारी पर ज्वेलर्स मेकिंग चार्ज घटाने को तैयार हो जाते हैं। पारदर्शी बिल के लिए हमेशा लेबर कॉस्ट, सोने की मूल कीमत और जीएसटी का अलग-अलग ब्रेकअप मांगें।

## भारत-ब्रिटेन एफटीए: शुल्क छूट वाले कोटे में 5,000 के मुकाबले सिर्फ 642 कारों के लिए आए



**नई दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापारिक संबंधों को नई मजबूती देने के लिए हुए मुक्त व्यापार समझौते के मोर्चे पर एक दिलचस्प तस्वीर सामने आई है। इस समझौते के तहत ब्रिटेन से शुल्क में छूट पर भारत आने वाली लग्जरी और अन्य कारों के लिए 5,000 कारों का बड़ा कोटा तय किया गया था, लेकिन इसके मुकाबले भारतीय बाजार में कंपनियों ने उतनी उत्सुकता नहीं दिखाई है। विदेश व्यापार महानिदेशालय के पास इस कोटे के तहत महज 642 कारों के आयात के लिए ही आवेदन पहुंचे हैं।

वाणिज्य मंत्रालय के अधीन आने वाले डीजीएफटी के आंकड़ों के अनुसार, इस विशेष कोटे के तहत अब तक कुल आठ कंपनियों ने ब्रिटेन से कारें आयात करने के लिए आवेदन किया था। डीजीएफटी ने आवश्यक कानूनी और कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद इनमें से सात कंपनियों को कुल 642 कारों के आयात की अनुमति दे दी है। एक कंपनी की ओर से जरूरी दस्तावेज और कागजी कार्रवाई पूरी न हो पाने के कारण उसके आवेदन को फिलहाल रोक दिया गया है।

### इलेक्ट्रिक वाहनों को नहीं मिली है जगह

इस समझौते और कोटे को लेकर सरकार की नीति बिल्कुल साफ है। भारत-ब्रिटेन एफटीए के तहत ब्रिटेन में बनने वाली चुनिंदा कारों को ही तय कोटे के भीतर कम शुल्क पर भारत लाने की छूट दी गई है। इसका मुख्य उद्देश्य दोनों देशों के बीच ऑटोमोबाइल सेक्टर में कारोबार को बढ़ावा देना है।

हालांकि, डीजीएफटी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि इस ड्यूटी-फ्री या रियायती कोटे के दायरे से इलेक्ट्रिक वाहनों को पूरी तरह बाहर रखा गया है। यानी इस कोटे के तहत कोई भी ईवी आयात नहीं की जा सकेगी। तय कोटे यानी 5,000 कारों के मुकाबले सिर्फ 642 कारों के आवेदन आने का मतलब साफ है कि कोटे का एक बहुत बड़ा हिस्सा अभी भी खाली पड़ा है। चूंकि इस कैलेंडर वर्ष को खत्म होने में अब केवल कुछ ही महीने बचे हैं, इसलिए जानकारों का मानना है कि इस साल के भीतर अब और अधिक संख्या में कारों के आयात की बड़ी संभावना नहीं है। आने वाले महीनों में देखना होगा कि ऑटोमोबाइल कंपनियां इस बचे हुए कोटे का लाभ उठाने के लिए नए सिरे से आवेदन करती हैं या नहीं।

## आरबीआई ने 2.40 लाख करोड़ की सरप्लस लिक्विडिटी नीलामी के जरिए अवशोषित की



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गुरुवार को बैंकिंग क्षेत्र से 2.40 लाख करोड़ रुपये की सरप्लस लिक्विडिटी (अधिशेष तरलता) को अवशोषित किया। यह कदम वेरिएबल रेट रिवर्स रेपो (वीआरआरआर) नीलामी के माध्यम से उठाया गया। बैंकिंग प्रणाली में भारी मात्रा में अतिरिक्त धन जमा होने के कारण केंद्रीय बैंक ने यह कार्रवाई की है। आरबीआई ने 2,39,959 करोड़ रुपये की बोलियां पूरी तरह स्वीकार कीं। यह नीलामी 5.24 फीसदी की कट-ऑफ और भारित औसत दर पर संपन्न हुई। आरबीआई पिछले महीने से लगातार वीआरआरआर नीलामियां आयोजित कर रहा है। इसका उद्देश्य बैंकिंग प्रणाली से अतिरिक्त तरलता को सोखना है। साथ ही, ओवरनाइट मनी बाजार दरों को रेपो दर के अनुरूप लाना भी इसका लक्ष्य है। 16 सितंबर तक बैंकिंग प्रणाली में तरलता का अनुमानित अधिशेष करीब 7.38 लाख करोड़ रुपये था। वीआरआरआर के अलावा, केंद्रीय बैंक ने पिछले सप्ताह एक लाख करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की ओपन मार्केट ऑपरेशन (ओएमओ) बिक्री की घोषणा की थी। यह बिक्री तीन किस्तों में की जाएगी। पहली किस्त 50,000 करोड़ रुपये की 17 सितंबर को हुई। शेष 25,000 करोड़ रुपये की दो किस्तें 21 और 28 सितंबर को होंगी।

### बैंकिंग प्रणाली में तरलता क्यों बढ़ी?

बैंकिंग प्रणाली में तरलता बढ़ने के कई कारण हैं। बैंकों द्वारा एफसीएनआर (बी) जमाओं का भारी संग्रह एक प्रमुख वजह है। इन जमाओं से प्रणाली में विदेशी मुद्रा आई। इसके बाद आरबीआई के साथ हुए स्वैप समझौतों ने बैंकों को रुपये की तरलता प्रदान की। इसके अतिरिक्त, महीने के अंत में होने वाला सरकारी खर्च भी तरलता में वृद्धि करता है। इसमें वेतन और पेंशन भुगतान जैसे मद शामिल हैं।

### आरबीआई तरलता को कैसे नियंत्रित करता है?

आरबीआई तरलता को नियंत्रित करने के लिए विभिन्न उपकरण उपयोग करता है। वीआरआरआर नीलामी इनमें से एक महत्वपूर्ण साधन है। इन नीलामियों के जरिये केंद्रीय बैंक बैंकों से अतिरिक्त धन उधार लेता है। इससे बाजार में उपलब्ध नकदी की मात्रा कम हो जाती है। ओएमओ के तहत सरकारी प्रतिभूतियों की बिक्री भी एक अन्य तरीका है। इन प्रतिभूतियों को बेचकर आरबीआई बाजार से रुपये सोखता है।

### इन कदमों का क्या असर पड़ेगा?

आरबीआई के इन कदमों से बैंकिंग प्रणाली में तरलता का स्तर संतुलित होगा। यह ओवरनाइट मनी बाजार दरों को रेपो दर के करीब लाने में मदद करेगा। अत्यधिक तरलता मुद्रास्फीति का दबाव बढ़ा सकती है। इसलिए, इसे नियंत्रित करना अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है।

## एनएसई का 22569 करोड़ रुपये का आईपीओ पहले दिन 43 फीसदी सब्सक्राइब हुआ



**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) की 22,569 करोड़ रुपये की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) गुरुवार को सब्सक्रिप्शन के लिए खुला। पहले दिन इस निर्गम को 43 फीसदी सब्सक्रिप्शन मिला है। यह भारत का दूसरा सबसे बड़ा सार्वजनिक निर्गम है, जो 2024 में आए हुंडई मोटर इंडिया के 27,870 करोड़ रुपये के आईपीओ के बाद है। एक्सचेंजों से मिले आंकड़ों के अनुसार, एनएसई के आईपीओ को पेश किए गए 8.86 करोड़ शेयरों के मुकाबले 3.83 करोड़ शेयरों के लिए बोलियां मिलीं। गैर-संस्थागत निवेशकों की श्रेणी को 72 फीसदी अभिदान प्राप्त हुआ। खुदरा हिस्से को 44 फीसदी अभिदान मिला। योग्य संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) के कोटे में 19 फीसदी अभिदान दर्ज किया गया। एनएसई ने बुधवार को एंकर निवेशकों से 6,746 करोड़ रुपये जुटाए थे। इनमें भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), गोल्डमैन सैक्स और फिडेलिटी शामिल थे। जीआईसी सिंगापुर, अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी (एडीआईए) और नॉर्जेस बैंक जैसे सरकारी संपत्ति कोष ने भी भाग लिया। ईस्टस्प्रिंग और एचएसबीसी ग्लोबल एसेट मैनेजमेंट भी इस एंकर दौर में शामिल हुए।

यह आईपीओ मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 12.64 करोड़ इक्विटी शेयरों तक की बिक्री पेशकश (ओएफएस) है। एक्सचेंज ने आईपीओ के लिए 1,700 रुपये से 1,785 रुपये प्रति इक्विटी शेयर का मूल्य बैंड तय किया है। ऊपरी मूल्य बैंड पर इसका मूल्यांकन 4.42 लाख करोड़ रुपये तक होगा। यह निर्गम 21 सितंबर को बंद होगा। ओएफएस के आकार में कमी से कुल निर्गम का आकार शुरुआती अनुमानित 30,000 करोड़ रुपये से कम हुआ है। इस पेशकश से प्राप्त राशि मौजूदा शेयरधारकों को मिलेगी, एनएसई को नहीं। यह सार्वजनिक निर्गम एन एस ई के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। नियामक बाधाओं और को-लोकेशन विवाद के कारण इसकी लिस्टिंग योजनाएं लगभग एक दशक से रुकी हुई थीं। एनएसई के 24 सितंबर को बाजार में अपनी शुरुआत करने की उम्मीद है।

## डिजिटल भुगतान, बॉन्ड टोकनाइजेशन और निवेश सुरक्षा से जुड़े मामलों पर सेबी ने नियामकीय रुख किया स्पष्ट

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति व विनिमय बोर्ड (सेबी) के अध्यक्ष तुहिन कांत पांडे ने पूंजी बाजार और डिजिटल भुगतानों से जुड़े कई प्रमुख विषयों पर नियामक का आधिकारिक रुख स्पष्ट किया है। मुंबई में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए सेबी प्रमुख ने यूपीआई मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) नियमों को लेकर स्टॉकब्रोकर्स और एसेट मैनेजमेंट कंपनियों (एएमसी) की परिचालन संबंधी चिंताओं को दूर करने का भरोसा दिलाया है। इसके साथ ही उन्होंने फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस (एफएंडओ) में खुदरा निवेशकों के लगातार हो रहे घाटे, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के आईपीओ, बॉन्ड टोकनाइजेशन और सशस्त्र बलों की वित्तीय सुरक्षा पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

सेबी के अध्यक्ष तुहिन कांत पांडे ने नेशनल बैंक फॉर फाइनेंसिंग इंफ्रास्टकचर एंड डेवलपमेंट के एक समारोह के दौरान कही। पांडे ने फंड रिफंड मैंडेट को लेकर उद्योग जगत की परेशानियों को चिंताओं को मानते हुए कहा, हमे लगता है कि इसमें कुछ महत्वपूर्ण मुद्दे हैं और हम इस पर निश्चित रूप से इस ध्यान देंगे और समस्याओं का समाधान भी करेंगे।

वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) और एक्सचेंज द्वारा अपने ही प्लेटफॉर्म पर स्वयं सूचीबद्ध होना और व्यापार करने की अनुमति मांगने के सवाल पर जवाब देते हुए उन्होंने साफ किया कि मौजूदा समय में ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है, और न ही ऐसा कोई पत्र आया है और न ही इसकी जरूरत है। फिलहाल मुझे लगता है कि इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती है, क्योंकि इस बारे में अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी।

नियामक ने कॉर्पोरेट बॉन्ड टोकनाइजेंशन पहल के सवाल पर उन्होंने कहा कि इसका शुरुआती चरण चल रहा है और इसका विस्तार किया जाएगा। ये एक पायलेट प्रोजेक्ट है, जो पिछले सप्ताह शुरू किया गया था। हमने पहले भी कहा था कि, इसका दूसरा चरण भी शुरू होगा, जब हम द्वितीयक बाजार में व्यापार करने की क्षमता का विस्तार करे लेंगे।

### अनियंत्रित सट्टेबाजी पर नियंत्रण लगाने पर क्या बोले सेबी अध्यक्ष

सेबी अध्यक्ष ने फ्यूचर्स एंड ऑप्शसं (एफ एंड ओ) के बारे में बोलते हुए कहा खुदरा निवेशकों लगातार हो रहा घाटा चिंता की बात है। इसमें हमने ट्रेडिंग व्यवहार पर शोध किए है और निष्कर्ष भी पेश किए हैं। जिसमें 3 से 4 वर्षों की ट्रेडिंग के बाद भी कई लोग लगातार घाटे में हैं। इसलिए हम लगातार कहते हैं, कि व्यक्तिगत व्यापारियों को डेरिवेटिव्स में निवेश करने से पहले अपनी जोखिम उठाने की क्षमता का मूल्यांकन करना जरूरी है। यदि वे उस बाजार के लिए तैयार नहीं है, तो उन्हें उस बाजार में निवेश नहीं करना चाहिए। क्योकि उन्हें इससे लगातार नुकसान हो रहा है। पांडे ने कहा नियामक लगातार उपाय कर रहा है और अनियंत्रित सट्टेबाजी पर नियंत्रण लगाने और सुरक्षा के उपायों को मजबूत करने पर सेबी लगातार काम कर रहा है।

### अनुशासन के साथ निवेश करने की अपील

मुंबई में ही एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया' (एमएमएफआई) द्वारा आयोजित 'इन्वेस्टर अवेयरनेस प्रोग्राम' में सेबी अध्यक्ष तुहिन कांत पांडे ने लेह, लद्दाख में सेना के जवानों से भी एक अपील की कि वे निवेश के मामले में भी उसी अनुशासन, तैयारी और सतर्कता का पालन करें, जिसके साथ वे देश की सेवा करते हैं। इस कार्यक्रम में कमीशन प्राप्त अधिकारियों और जवानों सहित सेना के लगभग 500 कर्मियों ने हिस्सा लिया। अपनी ड्यूटी की कठिन प्रकृति के कारण, सेना के जवानों के पास अक्सर अपने निजी फाइनेंस को मैनेज करने के लिए बहुत कम समय होता है। इस वजह से वे अनधिकृत निवेश योजनाओं, धोखाधड़ी वाले डिजिटल ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म, साइबर फ्रॉड और पक्का रिटर्न देने के भ्रामक वादों का आसानी से शिकार बन सकते हैं। सेबी अध्यक्ष सेना के अधिकारियों और जवानों कहा कि निवेश से जुड़े फैसले केवल अधिक रिटर्न की उम्मीद के आधार पर नहीं, बल्कि निवेशक की वित्तीय जरूरतों, पारिवारिक जिम्मेदारियों और जोखिम उठाने की क्षमता के हिसाब से लिए जाने चाहिए। इस कार्यक्रम में बोलते हुए, एमएमएफआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वेंकट एन. चलासानी ने कहा, एक विकसित भारत का निर्माण भारत की विकास यात्रा में हर नागरिक की सक्रिय भागीदारी से होता है। जहां हमारे सशस्त्र बलों के जवान देश की सीमाओं की रक्षा के लिए समर्पित रहते हैं, वहीं यह भी उतना ही जरूरी है कि 2047 की ओर बढ़ते हुए उन्हें देश की आर्थिक यात्रा में शामिल होने और उसका लाभ उठाने का हर मौका मिले। फाइनेंशियल लिटरेसी (वित्तीय साक्षरता) का मतलब केवल निवेश करना नहीं है; बल्कि इसका मतलब है जोखिम का प्रबंधन करना, लक्ष्यों के आधार पर योजना बनाना और अपनी मेहनत की कमाई को साइबर खतरों और अनधिकृत वित्तीय योजनाओं से बचाना।

# भारत ने अफगानिस्तान को किया क्लीन स्वीप

- भारत ने अफगानिस्तान को 127 रन से हराया
- सैमसन की फिफ्टी; नीतीश-बिश्नोई को 3-3 विकेट



**नई दिल्ली।** अभिषेक शर्मा के रिकॉर्डतोड़ शतक और भारतीय गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने अफगानिस्तान को तीसरे और आखिरी टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में 127 रन से हरा दिया। अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 221 रन बनाए और लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की टीम 14.1 ओवर में 94 रन पर सिमट गई। इस जीत के साथ भारत ने तीन मैचों की टी20 सीरीज में अफगानिस्तान का 3-0 से क्लीन स्वीप कर दिया। रनों के लिहाज से यह टी20 अंतरराष्ट्रीय में अफगानिस्तान की सबसे बड़ी हार रही।

अभिषेक ने 30 गेंद में जड़ा शतक

भारत की जीत के सबसे बड़े नायक अभिषेक शर्मा रहे। बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ने महज 34 गेंदों में 108 रन की विस्फोटक पारी खेली। उनकी पारी में नौ चौके और 11 छक्के शामिल रहे। अभिषेक ने 30 गेंदों में शतक पूरा कर इतिहास रच दिया। वह टी20 अंतरराष्ट्रीय में किसी भारतीय बल्लेबाज का सबसे तेज शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने रोहित शर्मा का 35 गेंदों में शतक का भारतीय रिकॉर्ड पांच गेंद से बेहतर किया। साथ ही वह किसी टेस्ट खेलने वाले देश के बल्लेबाज द्वारा सबसे तेज टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक लगाने वाले खिलाड़ी भी बने।

शुरुआत से ही गेंदबाजों पर टूट पड़े अभिषेक

अभिषेक ने पारी की शुरुआत से ही अफगानिस्तान के गेंदबाजों पर आक्रमण कर दिया। उन्होंने 16 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। पावरप्ले में उन्होंने 22 गेंदों पर 76 रन बनाए, जो पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय के पहले छह ओवर में किसी बल्लेबाज का सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर है। भारत ने पहले छह ओवर में बिना विकेट खोए 100 रन बना लिए। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत का सर्वश्रेष्ठ पावरप्ले स्कोर रहा।

सैमसन के साथ 142 रन की साझेदारी

अभिषेक को दूसरे छोर पर संजू सैमसन का शानदार साथ मिला। सैमसन ने 35 गेंदों में 50 रन बनाए, जिसमें दो चौके और चार छक्के शामिल रहे। दोनों ने पहले विकेट के लिए 142 रन की साझेदारी की। इस साझेदारी ने भारत को शुरुआती ओवरों में ही बड़े स्कोर की मजबूत नींव दे दी। अभिषेक दसवें ओवर में राशिद खान की गेंद पर 108 रन बनाकर आउट हुए। उनके आउट होने के बाद भारतीय पारी की रफ्तार कुछ कम हुई और अफगानिस्तान ने लगातार विकेट हासिल किए।

अभिषेक के आउट होने के बाद लड़खड़ाई पारी

अभिषेक के आउट होने के बाद तिलक वर्मा दो रन बनाकर रन आउट हो गए। संजू सैमसन ने लगातार दूसरे मैच में अर्धशतक लगाया, लेकिन वह 14वें ओवर में 50 रन बनाकर आउट हुए। शिवम दुबे ने 14 रन बनाए। नीतीश कुमार रेड्डी एक रन

और

ईशान

किशन

1 0

र न

बनाकर पवेलियन लौटे। कप्तान श्रेयस अय्यर ने 20 गेंदों में 20 रन बनाए और वह भी रन आउट हुए। अक्षर पटेल पांच रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने 20 ओवर में सात विकेट पर 221 रन बनाए।

अफगानिस्तान की शुरुआत ही खराब

222 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत भारतीय गेंदबाजों ने बिगाड़ दी। टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और बड़े लक्ष्य के दबाव से उबर नहीं सकी। कप्तान इब्राहिम जादरान ने 25 रन बनाकर टीम की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाए। अजमतुल्लाह उमरजई ने 17, रहमानुल्लाह गुरबाज ने 15 और नूर उल रहमान ने 11 रन बनाए। इनके अलावा कोई बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक नहीं पहुंच सका। अफगानिस्तान की पूरी टीम 14.1 ओवर में 94 रन पर ढेर हो गई।

नीतीश और बिश्नोई ने बरपाया कहर

भारत की ओर से नीतीश कुमार रेड्डी और रवि बिश्नोई ने गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन किया। दोनों ने तीन-तीन विकेट हासिल किए। नीतीश ने एक ही ओवर में तीन विकेट लेकर अफगानिस्तान की पारी को पूरी तरह दबाव में डाल दिया। अक्षर पटेल ने दो विकेट चटकाए, जबकि जसप्रीत बुमराह और यश ठाकुर को एक-एक सफलता मिली। अफगानिस्तान की बल्लेबाजी भारतीय गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी।

राशिद खान ने अभिषेक को रोका, लेकिन देर हो चुकी थी

अफगानिस्तान के स्टार लेग स्पिनर राशिद खान ने अभिषेक शर्मा की तूफानी पारी का अंत किया। अभिषेक 108 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद राशिद ने तिलक वर्मा को रन आउट करने में भी भूमिका निभाई और संजू सैमसन तथा शिवम दुबे के कैच लेकर भारतीय पारी को रोकने की कोशिश की। हालांकि तब तक भारत 220 रन के पार पहुंच चुका था और अफगानिस्तान के सामने लक्ष्य काफी बड़ा हो चुका था।

अभिषेक के नाम रिकॉर्ड की झड़ी

इस मुकाबले में अभिषेक ने कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। 30 गेंदों का शतक भारतीय टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज शतक है। टेस्ट खेलने वाले देशों के बल्लेबाजों में भी यह सबसे तेज टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक रहा। इसके अलावा पावरप्ले में 22 गेंदों पर 76 रन बनाकर उन्होंने पहले छह ओवर में सर्वाधिक व्यक्तिगत रन का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। अभिषेक का यह टी20 अंतरराष्ट्रीय में तीसरा शतक था।

टी20 में शतकों की संख्या 10

अभिषेक का यह टी20 क्रिकेट में 10वां शतक भी रहा। इस मामले में उन्होंने विराट कोहली के 10 टी20 शतकों की बराबरी कर ली। अफगानिस्तान के खिलाफ 108 रन की पारी में उन्होंने 11 छक्के लगाए। तीन मैचों की इस सीरीज में उनके छक्कों की संख्या 22 पहुंच गई, जो किसी भारतीय बल्लेबाज के लिए एक टी20 सीरीज में सर्वाधिक छक्कों के उनके अपने रिकॉर्ड की बराबरी है।

सीरीज में अभिषेक का लगातार शानदार प्रदर्शन

अभिषेक ने इस सीरीज के तीनों मुकाबलों में बल्ले से प्रभाव छोड़ा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लगातार आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने अंतिम मुकाबले में अपने प्रदर्शन को रिकॉर्ड शतक में बदल दिया। भारतीय टीम ने तीनों मुकाबलों में जीत दर्ज की और सीरीज में अफगानिस्तान को एक भी मैच जीतने का मौका नहीं दिया।

पहले छह ओवर में ही तय हो गई थी दिशा

भारत और अफगानिस्तान के बीच मुकाबले में पावरप्ले का चरण निर्णायक रहा। भारत ने छह ओवर में 100 रन बनाए और एक भी विकेट नहीं गंवाया। अभिषेक की आक्रामक बल्लेबाजी के साथ सैमसन ने भी तेजी से रन जुटाए। हालांकि अंतिम 10 ओवर में भारत ने 79 रन बनाए और अफगानिस्तान के गेंदबाजों ने कुछ हद तक वापसी की, लेकिन शुरुआती विस्फोटक बल्लेबाजी के कारण भारत 221 रन तक पहुंच गया।

भारत का 3-0 क्लीन स्वीप

तीसरे मैच में 127 रन की जीत के साथ भारत ने सीरीज 3-0 से अपने नाम की। सीरीज के पहले दो मुकाबलों में भी भारत ने जीत दर्ज की थी। तीसरे मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने बड़ा स्कोर खड़ा किया और फिर गेंदबाजों ने अफगानिस्तान को 94 रन पर समेट दिया। इस तरह भारत ने तीनों मुकाबलों में जीत दर्ज कर सीरीज का एकतरफा परिणाम अपने नाम किया।

| रन | बॉल | फोर | सिक्स |
|---|---|---|---|
| 108 | 34 | 9 | 11 |

अभिषेक शर्मा

## एक नज़र

### एशियाई खेल 2028 ओलंपिक की झलकः भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच अमोल मजूमदार

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने बृहस्पतिवार को आइची-नागोया एशियाई खेलों को 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक की तैयारियों की दिशा में अहम बताया जिसमें महिला क्रिकेट पहली बार शामिल होगा। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भी इस बात का समर्थन करते हुए कहा कि टीम एशियाई खेलों की तरह ही ओलंपिक में भी जीतने की मानसिकता के साथ उतरेगी। मौजूदा चैंपियन भारत शुक्रवार को यहां मेजबान जापान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। महिला स्पर्धा में सभी आठ टीम सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए खेलेंगी। महिला टी20 एशिया कप जीतने के बाद भारतीय टीम का मनोबल बढ़ा हुआ है और दुबई से नागोया पहुंची भारतीय टीम अपनी लय बरकरार रखते हुए एशियाई खेलों में दूसरे स्वर्ण पदक पर नजरें लगाए हुए है।

### पृथ्वी शॉ को छोड़कर गईं मंगेतर आकृति अग्रवाल

**नई दिल्ली।** क्रिकेटर पृथ्वी शॉ के रिश्तों को लेकर पहले से जो डाउट था वो आज खुद उनकी मंगेतर ने साफ कर दिया. पृथ्वी की मंगेतर आकृति अग्रवाल ने आज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करके रिश्ता खत्म करने की जानकारी दी. आकृति अग्रवाल की माने तो इस रिश्ते का कोई फ्यूचर नहीं था. दोनों की रिश्ते से डिमांड अलग-अलग थी और हालातों के मद्देनजर उन्होंने रिलेशनशिप को खत्म करने की ठानी है।

### अल्काराज ने दिखाया दम, पांचवीं बार लगातार किया क्वालीफाई

**नई दिल्ली।** स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने 2026 के सीजन के अंत में होने वाले निट्टो एटीपी फाइनल्स में अपनी जगह पक्की कर ली है। वह लगातार पांचवीं बार इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में खेलते नजर आएंगे। अल्काराज के क्वालीफाई करने के साथ ही टूर्नामेंट के लिए जगह बनाने वाले खिलाड़ियों में यानिक सिनर और अलेक्जेंडर ज्वेरेव भी शामिल हैं। अल्काराज के लिए 2026 का सीजन खास रहा है। उन्होंने मेलबर्न पार्क में ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीतकर करियर ग्रैंड स्लैम पूरा किया। इसके अलावा उन्होंने दोहा में भी खिताब अपने नाम किया और मोंटे-कार्लो में एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के फाइनल तक पहुंचे। एटीपी के मुताबिक, इस सीजन अल्काराज का जीत-हार का रिकॉर्ड 26-4 है। 26 वर्षीय इस खिलाड़ी ने अब तक 26 टूर-लेवल खिताब जीते हैं।

### टेकबॉल स्पर्धा में भारत को शुरुआती दिन मिली निराशा,

**नई दिल्ली।** भारत के डेकलान मार्शल गोंजाल्वेस और मोहम्मद अनस इमरान बेग गुरुवार को एशियाई खेलों की पुरुष युगल टेकबॉल स्पर्धा में अपने दोनों ग्रुप मैच हारकर पदक की दौड़ से बाहर हो गए। गोंजाल्वेस-बेग की जोड़ी को ग्रुप बी में दोनों मुकाबालों में 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जोड़ी को पहले वियतनाम के त्रुओंग जियांग बा और आन खोआ ले ने 12-10, 12-8 से हराया। इसके बाद दक्षिण कोरिया के जुनसुक ली और ताएबीन ली ने उन्हें 12-4, 12-7 से शिकस्त दी। टेकबॉल उन छह खेलों में शामिल है जो आइची-नागोया एशियाई खेलों में डेब्यू कर रहे हैं। अन्य खेलों में मिश्रित मार्शल आर्ट्स (एमएमए), पैडल, सर्फिंग, बीएमएक्स फ्रीस्टाइल और वर्चुअल ताइक्वांडो शामिल हैं। टेकबॉल फुटबॉल और टेबल टेनिस का मिश्रण वाला तेज गति का खेल है। इसे फुटबॉल के शौकीन गैबोर बोर्सान्यी, जॉर्जी गैट्यान और विक्टर हुसर ने 2014 में हंगरी में विकसित किया था।

### बांग्लादेश खेले बिना सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश महिला क्रिकेट टीम मैदान पर उतरे बिना ही एशियाई खेलों के सेमीफाइनल में पहुंच गई जबकि पाकिस्तान को थाईलैंड जैसी कमजोर टीम के खिलाफ जीत दर्ज करने में काफी पसीना बहाना पड़ा । बांग्लादेश अपनी ऊंची अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग के कारण अंतिम चार में पहुंचा जब चीन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मुकाबला बृहस्पतिवार को गीली आउटफील्ड के कारण रद्द हो गया।

## अगरकर के बाद कौन बनेगा बीसीसीआई का नया चीफ सेलेक्टर?



**नई दिल्ली।** बीसीसीआई ने मेंस की नेशनल सेलेक्शन कमिटी के नए अध्यक्ष की तलाश शुरू कर दी है. मौजूदा मुख्य चयनकर्ता और पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज अजीत आगरकर का अनुबंध 4 अक्टूबर को समाप्त हो रहा है और. उनके कार्यकाल को बढ़ाने की संभावना बेहद कम है. अगरकर को जुलाई 2023 में इस पद पर नियुक्त किया गया था. माना जा रहा था कि उन्हें 2027 के वनडे विश्व कप तक पद पर बनाए रखा जा सकता है, लेकिन हालिया घटनाओं और बोर्ड के साथ मतभेदों के बाद इस निर्णय में बदलाव आया है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, इस प्रशासनिक उथल-पुथल के बीच नए अध्यक्ष के रूप में दो प्रमुख नाम सामने आ रहे हैं. बीसीसीआई पूर्व भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज पार्थिव पटेल और पूर्व स्पिनर प्रज्ञान ओझा के नाम पर गंभीरता से विचार कर रहा है. प्रज्ञान ओझा फिलहाल मौजूदा चयन पैनल के सदस्य भी हैं. विवाद का मुख्य कारण भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा के भविष्य को लेकर बना गतिरोध है. रिपोर्टों के अनुसार, चयन समिति ने रोहित शर्मा से स्पष्ट कह दिया था कि वे भविष्य की योजनाओं में उन्हें शामिल नहीं देख रहे हैं. समिति का मुख्य लक्ष्य आगामी वनडे विश्व कप के लिए युवा खिलाड़ियों को लगातार अवसर देकर एक नई टीम तैयार करना है. हालांकि, चयनकर्ताओं ने टेस्ट और टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से पहले ही संन्यास ले चुके रोहित शर्मा पर छोड़ दिया था कि वे अपने वनडे करियर का अंतिम फैसला खुद लें। चयनकर्ताओं के इस रुख से क्रिकेट जगत में हड़कंप मच गया, जिसके बाद बीसीसीआई के सचिव देवाजीत सैकिया को सार्वजनिक रूप से सफाई देनी पड़ी. सैकिया ने स्पष्ट किया कि बोर्ड की रोहित शर्मा को संन्यास के लिए मजबूर करने की कोई योजना नहीं है और जब तक वे चयन मानदंडों में फिट बैठते हैं, उन्हें टीम में चुना जाएगा. बोर्ड सचिव के इस बयान ने चयनकर्ताओं को असहज स्थिति में डाल दिया. सूत्रों के मुताबिक, चयन समिति ने रोहित शर्मा से बात करने से पहले ही बोर्ड को अपने फैसले से अवगत करा दिया था. इस तरह बोर्ड के रुख में आए अचानक बदलाव और सार्वजनिक बयानबाजी से अजीत आगरकर नाराज बताए जा रहे हैं. इसी खींचतान के बीच, आगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू वनडे और टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान भी किया।

## एशियाई खेलों में खिलाड़ियों के आवास को लेकर अव्यवस्था

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के लिए यहां बहुचर्चित कोस्टा सेरेना क्रूज जहाज में ठहरे कुछ भारतीय खिलाड़ियों को दो लोगों के लिए बने कमरे में तीन खिलाड़ियों को साथ रहना पड़ रहा है। उद्घाटन समारोह से महज दो दिन पहले आवास व्यवस्था को लेकर मेजबान जापान के खिलाड़ियों को भी ऐसी ही समस्याओं का सामना करना पड़ा है। स्थानीय मीडिया की खबरों के मुताबिक कुछ जापानी खिलाड़ी वैकल्पिक आवास की तलाश कर रहे हैं।



ऐसे मामले भी सामने आए हैं जिनमें पुरुष और महिला खिलाड़ियों को साझा कमरे आवंटित किए गए हैं। जापान के उप मिशन प्रमुख हिसाशी मिजुतोरी ने यहां मीडिया से कहा, ''ऐसे मामले सामने आए हैं जहां कोच, टीम अधिकारियों और खिलाड़ियों को एक ही कमरे में रखा गया है। कुछ मामलों में केवल संख्या के आधार पर कमरे आवंटित किए गए, जैसे पांच पुरुषों और पांच महिलाओं के समूह को दो लोगों के पांच कमरे देना।'' 'जापान टाइम्स' के अनुसार उन्होंने कहा, ''कागज पर संख्या सही बैठती है लेकिन व्यावहारिक तौर पर इससे पुरुषों और महिलाओं को एक साथ रखने, कोच को खिलाड़ियों के साथ रखने या बड़ी मात्रा में चिकित्सा उपकरण रखने वाले ट्रेनर को एक साथ रखने जैसी मुश्किल स्थितियां पैदा होती हैं।'' भारत के रोइंग, वुशु और टेबल टेनिस दल के खिलाड़ी पहले ही इटली के क्रूज जहाज में पहुंच चुके हैं जो फिलहाल आवास व्यवस्था को लेकर चर्चा के केंद्र में है। करीब 300 मीटर लंबे इस जहाज में 1,500 केबिन हैं। भारतीय दल के एक सदस्य के अनुसार दो खिलाड़ियों के लिए बने कुछ कमरों में तीन खिलाड़ी रह रहे हैं। कमरे छोटे होने के कारण अतिरिक्त खिलाड़ी के रहने से असुविधा बढ़ गई है लेकिन वे औपचारिक रूप से शिकायत नहीं कर रहे हैं। भारतीय दल के एक सदस्य ने नाम नहीं बताने की शर्त पर पीटीआई से कहा, ''दो खिलाड़ियों के लिए बने कुछ कमरों में तीन खिलाड़ी रह रहे हैं। कमरे पहले ही छोटे हैं और एक अतिरिक्त खिलाड़ी के कारण असुविधा और बढ़ जाती है। खिलाड़ी इतनी बड़ी प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहते हैं लेकिन उन्हें इन परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन हम शिकायत नहीं कर रहे हैं और स्थिति के अनुसार खुद को ढाल रहे हैं। भोजन को लेकर कोई समस्या नहीं है।'' यह भी पता चला है कि कुछ भारतीय अधिकारियों को अपने रहने की व्यवस्था स्वयं करने को कहा गया है। भारतीय रोइंग टीम के सहयोगी स्टाफ के दो सदस्य क्रूज जहाज पर जगह नहीं मिलने के कारण बाहर ठहरे हुए हैं। कुछ भारतीय खिलाड़ियों, विशेषकर रोइंग खिलाड़ियों को बुधवार को 12 घंटे से अधिक इंतजार करना पड़ा और उन्हें आधी रात से कुछ पहले कमरे मिले। एक भारतीय खिलाड़ी ने कहा, ''हम बुधवार सुबह करीब नौ बजे क्रूज जहाज के पंजीकरण क्षेत्र में पहुंचे। इसके बाद इंतजार करते रहे और आखिरकार लगभग आधी रात को अपने कमरों में जा सके।'' भारतीय दल के मिशन प्रमुख सहदेव यादव ने कहा कि आयोजकों की ओर से 'कुप्रबंधन' हुआ है और भारतीय ओलंपिक संघ इन समस्याओं को सुलझाने की कोशिश कर रहा है।

## जापान के खिलाफ खिताब बचाने के अभियान की शुरुआत करेगी भारतीय महिला क्रिकेट टीम

**नई दिल्ली।** पिछले सप्ताह दुबई में रिकॉर्ड आठवीं बार महिला टी20 एशिया कप जीतने के बाद गत चैंपियन और प्रबल दावेदार भारतीय क्रिकेट टीम शुक्रवार को यहां एशियाई खेलों में अपने खिताब बचाने के अभियान की शुरुआत क्वार्टरफाइनल में मेजबान जापान के खिलाफ करेगी। दुबई में आठवां एशिया कप खिताब जीतने के बाद भारतीय टीम का आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है। लेकिन एशियाड के नॉकआउट प्रारूप में उनके पास गलतियों की गुंजाइश बहुत कम होगी। महिला स्पर्धा में आठ टीम हिस्सा ले रही हैं और प्रतियोगिता सीधे क्वार्टरफाइनल से शुरू होगी। इसका मतलब है कि किसी भी टीम को टूर्नामेंट में परिस्थितियों के अनुरूप ढलने के लिए ग्रुप चरण के मुकाबले नहीं मिलेंगे और एक हार अभियान को समाप्त करने के लिए काफी होगी। भारत के लिए शेफाली वर्मा अहम होंगी, उन्होंने एशिया कप में शानदार प्रदर्शन किया था, जिसमें वह टीम की सबसे अधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज और टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी रहीं। शीर्ष क्रम में उनकी निरंतरता ने भारत को संयुक्त अरब अमीरात में मजबूत शुरुआत दिलाई। हालांकि स्मृति मंधाना का अभियान उतार-चढ़ाव भरा रहा था। वह भी भारत के एक और खिताबी अभियान की शुरुआत के साथ अपनी पुरानी लय हासिल करने के लिए उत्सुक होंगी। भारत की गेंदबाजी काफी हद तक अनुभवी ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा और बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी के इर्द-गिर्द रहेगी। चरणी ने खुद को टीम के गेंदबाजी आक्रमण की अहम सदस्य के रूप में स्थापित किया है। एशिया कप में चरणी भारत की शानदार प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों में शामिल थीं। 22 वर्षीय चरणी ने अपने 30वें टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में ही 50 विकेट पूरे करने की उपलब्धि हासिल की और उनकी मध्य ओवरों में रन रोकने की क्षमता अहम साबित हो सकती है।

## मयंद उलटफेर के साथ एकल फाइनल में, अब खिताब के लिए सूरज से होगी टक्कर



**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** गैर वरीय खिलाड़ी पश्चिम बंगाल के मयंद तिवारी ने तृतीय डॉ. केएल गर्ग आल इंडिया पुरुष प्राइजमनी टेनिस टूर्नामेंट में लगातार शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में पांचवीं वरीय सुनील कुमार को हराकर फाइनल में जगह बनाई। अब खिताबी मुकाबले में उनकी टक्कर दूसरी वरीय कर्नाटक के सूरज से होगी। एसडीएस टेनिस अकादमी द्वारा लामार्टिनियर कॉलेज स्थित लामार्टिनियर लॉन टेनिस फैसिलिटी में आयोजित टूर्नामेंट में गुरुवार को एकल और युगल वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। पहले सेमीफाइनल में पश्चिम बंगाल के मयंद तिवारी ने उलटफेर करते हुए पांचवीं वरीय हरियाणा के सुनील कुमार को सीधे सेटों में 6-2, 6-4 से हराया। मयंद ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल के साथ सुनील पर दबाव बनाए रखा और दोनों सेट अपने नाम किए। मयंद इससे पहले क्वार्टर फाइनल में पंजाब के सातवीं वरीय आदित्य कुमार को हराकर अंतिम चार में पहुंचे थे। इससे पूर्व पहले दौर में उन्होंने तीसरी वरीयता प्राप्त आयुष शर्मा को हराकर उलटफेर किया था।

दूसरे सेमीफाइनल में दूसरी वरीय कर्नाटक के सूरज ने दिल्ली के रिकी चौधरी को 6-4, 6-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। पहले सेट में दोनों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली, लेकिन सूरज ने महत्वपूर्ण मौकों पर बेहतर प्रदर्शन करते हुए बढ़त हासिल की। दूसरे सेट में उन्होंने अपनी लय बरकरार रखते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। युगल वर्ग में भी फाइनल की तस्वीर साफ हो गई। दिल्ली के सागर और पश्चिम बंगाल के फरदीन की जोड़ी के सामने अब गुजरात के कनिष्क और दिल्ली के रिकी की चुनौती होगी। दोनों सेमीफाइनल मुकाबलों का फैसला सुपर टाईब्रेक में हुआ। पहले सेमीफाइनल में सागर व फरदीन ने हरियाणा के आदित्य मोर व असम के उदित गोगोई को 6-4, 4-6, 10-7 से हराया। सागर-फरदीन ने पहला सेट जीता, लेकिन आदित्य-उदित ने दूसरे सेट में वापसी करते हुए मैच को निर्णायक सुपर टाईब्रेक तक पहुंचा दिया। सुपर टाईब्रेक में सागर और फरदीन ने संयम बनाए रखते हुए 10-7 से जीत दर्ज की। दूसरे सेमीफाइनल में गुजरात के कनिष्क और दिल्ली के रिकी ने हरियाणा के जतिन नैन व गुजरात के मेघ भार्गव को 6-4, 3-6, 10-3 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इस मुकाबले में भी पहले दो सेट में दोनों जोड़ियों ने एक-एक सेट जीता, जिसके बाद सुपर टाईब्रेक में कनिष्क और रिकी ने बेहतर तालमेल के साथ लगातार अंक जुटाए और 10-3 से मुकाबला अपने नाम कर लिया।

## भारतीय निशानेबाजी दल ने एशियाई खेलों से पहले ट्रांसपोर्ट विलंब, लंबी यात्रा पर निराशा जताई

**नई दिल्ली।** भारत के 30 सदस्यीय निशानेबाजी दल के साथ आइची नागोया एशियाई खेलों में पहुंचे एक सीनियर कोच ने यहां व्यवस्था पर निराशा जताई है, खासकर निशानेबाजों को अभ्यास सह प्रतिस्पर्धा स्थल पर ले जाने और लाने में काफी लंबा समय लग रहा है । कोच ने कहा कि वह काफी अपेक्षाओं के साथ जापान पहुंचे थे लेकिन बंदोबस्त वैसे नहीं है, जैसी मेजबान देश की छवि है । भारतीय निशानेबाज रेंज से 50 किलोमीटर दूर अलग अलग होटलों में रूके हैं । भारतीय दल में दो ओलंपिक पदक जीत चुकी मनु भाकर, एशियाई खेलों की पदक विजेता ऐशा सिंह जैसे पदक के कई दावेदार हैं जिन्हें रेंज तक पहुंचने के लिये लंबा सफर तय करना पड़ रहा है । कई एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों में बतौर खिलाड़ी भाग ले चुके कोच ने कहा ,'' आवागमन बड़ी समस्या है । लेकिन हम क्या कर सकते हैं । निशानेबाजी रेंज के आसपास कोई होटल है ही नहीं । अगर होता तो हम पहले पहुंच जाते । उन्होंने हमें बड़ी दूर होटल दिया है।''

## शतरंज ओलंपियाडः भारतीय पुरुष टीम ने थाईलैंड को हराया


**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियन डी. गुकेश, निहाल सरीन और विदित गुजराती की शानदार जीत से भारतीय पुरुष टीम ने 46वें विश्व शतरंज ओलंपियाड में अपने अभियान का आगाज थाईलैंड पर 3-1 की जीत से किया। भारत के पास क्लीन स्वीप करने का मौका था, लेकिन अर्जुन एरिगेसी की अंतिम क्षणों में हुई चूक के कारण यह मौका हाथ से निकल गया। सरीन ने थानाडोन कुलप्रुएथानोन को हराकर भारत के लिए पहला अंक हासिल किया। इसके बाद गुकेश ने आक्रामक खेल का शानदार प्रदर्शन करते हुए फारिस राशिद अलरियामी को मात दी। गुजराती ने भी तुपफा खुम्नोरकाएव के खिलाफ आसान जीत दर्ज की। अर्जुन सफेद मोहरों से खेलते हुए प्रिन लाओहाविरापाप के खिलाफ अधिकांश समय मजबूत स्थिति में थे, लेकिन छह घंटे से अधिक चले मैराथन मुकाबले के अंतिम चरण में जीत का मौका गंवा बैठे।

# भागवत ने दिया देश-समाज के प्रति शिक्षा के सरोकार पर जोर

**नई दिल्ली, ब्यूरो।** शिक्षा का उद्देश्य केवल अच्छी नौकरी या करियर हासिल करना नहीं, बल्कि एक

### छात्रों के साथ संवाद में सरसंघचालक ने कहा- 'शिक्षा का उद्देश्य केवल करियर निर्माण नहीं बल्कि मनुष्य निर्माण'

बेहतर मनुष्य का निर्माण करना है क्योंकि मनुष्य निर्माण के माध्यम से ही राष्ट्र निर्माण का मार्ग प्रशस्त होता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने आईआईएलएम विश्वविद्यालय एवं बेनयान ट्री विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में कक्षा 10 से लेकर स्नातकोत्तर स्तर तक के



विद्यार्थियों से संवाद करते हुए यह बात कही। उन्होंने शिक्षा के व्यापक उद्देश्य को रेखांकित करते हुए कहा कि ऐसी शिक्षा आवश्यक है जो आधुनिक ज्ञान के साथ मनुष्य के भीतर मानवीय चेतना और श्रेष्ठ जीवन-मूल्यों को भी मजबूत करे। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि हाल में आई फिल्म 'हनुमान अंश' में 'नीब करोरी बाबा' का उल्लेख है जिनसे मिलने स्टीव जॉब्स भी आए थे। इसी प्रकार स्वामी विवेकानंद के गुरु रामकृष्ण परमहंस की भी नियमित स्कूली शिक्षा नहीं हुई थी। भारत में ऐसे अनेक संत हुए जिन्होंने औपचारिक शिक्षा प्राप्त नहीं की लेकिन अपने उच्च मानवीय स्तर और समाज के प्रति योगदान के कारण उन्होंने नेतृत्वकारी भूमिका निभाई। उनके उदाहरणों के माध्यम से डॉ. भागवत ने विद्यार्थियों को समझाया कि व्यक्ति की महानता केवल उसकी डिग्रियों या पेशेवर उपलब्धियों से निर्धारित नहीं होती बल्कि उसके चरित्र, मानवीय संवेदनाओं और समाज के लिए किए गए योगदान से भी होती है। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता ऐसी शिक्षा व्यवस्था की है जो आधुनिक ज्ञान-विज्ञान के साथ मानवता के गुणों को बढ़ाए और युवाओं को राष्ट्र तथा समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का बोध कराए। युवा छात्रों के साथ संवाद के इस कार्यक्रम में संघ प्रमुख डॉ. भागवत ने अपने व्यक्तिगत अनुभव से बताया कि पुरानी पीढ़ी की तुलना में नई पीढ़ी अधिक ईमानदार है और उसमें स्वाभाविक रूप से अधिक साहस भी है। उन्होंने विद्यार्थियों को केवल व्यक्तिगत सफलता को जीवन का अंतिम लक्ष्य न मानकर व्यापक सामाजिक सरोकारों से जुड़ने की अपील की। साथ ही प्रतिभा पलायन के सवाल पर उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि विदेशों में उपलब्ध सुविधाएं और अवसर बहुत कुछ दे सकते हैं लेकिन व्यक्ति की वास्तविक पहचान उसके देश से होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्व को समझने का आह्वान करते हुए कहा कि भारत के अन्न और जल से हमारा शरीर बना है इसलिए जीवन में जितना अपने लिए आवश्यक है उतना रखते हुए शेष समाज और देश के लिए समर्पित करने की भावना विकसित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही मनुष्य को पशु से अलग करती है। डॉ. भागवत की मानें तो आधुनिक शिक्षा व्यक्ति को ज्ञान और कौशल प्रदान करती है लेकिन उसके साथ मानवीय गुणों, संवेदनशीलता और समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने छात्रों को बताया कि भारत की विशिष्ट पहचान केवल उसकी आर्थिक या सैन्य शक्ति में नहीं बल्कि 'मनुष्यता के ज्ञान' में निहित है। लिहाजा भारत को विश्व की सैन्य अथवा आर्थिक महाशक्ति बनने के लक्ष्य के कहीं अधिक विश्वगुरु के सिंहासन पर पुनर्स्थापित होने की दिशा में आगे बढ़ना है। डॉ. भागवत ने स्पष्ट किया कि व्यक्तिगत सफलता और राष्ट्रीय-सामाजिक जिम्मेदारी को अलग-अलग नहीं देखा जा सकता बल्कि आधुनिक ज्ञान, कौशल और करियर की तैयारी के साथ व्यक्ति में संवेदनशीलता, जिम्मेदारी और समाज के प्रति योगदान की भावना विकसित करना भी शिक्षा का महत्वपूर्ण उद्देश्य है।

# पीएचसी बढ़नी में विधायक ने मनाया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 76वां जन्मदिन



**स्वतंत्र भारत बढ़नी, सिद्धार्थनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिवस के अवसर पर

### केक काटकर दी जन्मदिन की बधाई, उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना

बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) बढ़नी में जन्मदिन समारोह का आयोजन किया गया। शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में केक काटकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर विधायक विनय वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन सेवा, संवेदना और जनकल्याण के लिए समर्पित रहा है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों के साथ खड़ा होना, लोगों को भरोसा देना और पीड़ितों की मदद करना सेवा भाव का महत्वपूर्ण हिस्सा है। समारोह में उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और यशस्वी जीवन की कामना की। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत विकास के नए आयाम स्थापित करते हुए विकसित भारत के संकल्प की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस दौरान डॉ अविनाश चौधरी, दुर्गेश पांडे, विवेक गुप्ता सहित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर हलिया में दीपोत्सव, भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को हलिया मंडल में दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान ब्लॉक कार्यालय परिसर, हलिया थाना परिसर स्थित हनुमान मंदिर, अदवा पुल, गड़बड़ा शीतला धाम, कोटार शिवधाम सहित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, ग्राम पंचायत भवनों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर दीप प्रज्वलित किए गए।प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास के लाभार्थियों के घरों पर भी दीपोत्सव मनाया गया।पशु आश्रय स्थल, अमृत सरोवर पर भी सचिवों द्वारा दीप दान किया गया है हलिया भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश अग्रहरि ने कार्यकर्ताओं के साथ 551 दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री के दीर्घायु जीवन की कामना की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केक काटकर एक-दूसरे को मिठाई खिलाई। साथ ही प्रधानमंत्री के 25 वर्षों के सार्वजनिक सेवा काल पर चर्चा की।मंडल अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सेवा को शासन की संस्कृति बनाया है। 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा संकल्प अभियान के तहत मंडल में 13 कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कार्यक्रम में बीडीओ विमल प्रकाश पाण्डेय, प्रधान संघ अध्यक्ष शिवबाबू सेठ, दिनेश सिंह, अरुण मिश्रा, विजेंद्र पांडेय, गोविंद गौड़, राम आसरे बिंद, सुक्खी चंद सिंह, राजेश मौर्य, विनोद सिंह, पान कली गुप्ता, पवन तिवारी, शरला मिश्रा, विविध भारती, सचिव कौशलेंद्र राय, चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, मनोज गौड़, शिवशंकर पटेल, संतोष कनौजिया, गौरव राणा, बाल कृष्ण,सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बैरहर गांव में सरदार पटेल की प्रतिमा का अनावरण सिराथू विधायक डॉ. पल्लवी पटेल ने किया माल्यार्पण




**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज ब्लॉक के बैरहर गांव स्थित खेलकूद मैदान में गुरुवार को भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा का अनावरण समारोह आयोजित किया गया।प्रतिमा का अनावरण सिराथू विधायक डॉ. पल्लवी पटेल के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। अनावरण के बाद विधायक ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर लौह पुरुष को नमन किया। इस अवसर पर कीर्ति कोल, श्याम बहादुर पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और समर्थक मौजूद रहे।

# बढ़नी कस्बे में धूमधाम से मनाया गया विश्वकर्मा पूजा

**स्वतंत्र भारत बढ़नी सिद्धार्थनगर।** बढ़नी कस्बे में बुधवार को भगवान

### पूजन-अर्चन कर सुख-समृद्धि की कामना, जयकारों से गूंजा कस्बा

विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। विभिन्न प्रतिष्ठानों, दुकानों, कार्यशालाओं एवं व्यवसायिक संस्थानों में भगवान विश्वकर्मा की विधि-विधान से पूजा की गई।

इस दौरान लोगों ने भगवान विश्वकर्मा से सुख-समृद्धि और कारोबार में उन्नति की कामना की।

विश्वकर्मा पूजा को लेकर सुबह से ही कस्बे में उत्साह का माहौल रहा। लोगों ने अपने प्रतिष्ठानों और कार्यस्थलों की साफ-सफाई कर सजावट की। इसके बाद भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा व चित्र के समक्ष पूजा-अर्चना, हवन एवं आरती की गई। पूजन कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान विश्वकर्मा के जयकारे लगाए। पूजा के बाद प्रसाद का वितरण भी किया गया। कस्बे में दिनभर धार्मिक माहौल बना रहा और लोगों ने एक-दूसरे को विश्वकर्मा पूजा की शुभकामनाएं दीं।


## घर के सामने बंधी दो भैंस चोरी पशुपालक ने पुलिस से लगाई गुहार

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के सेमरा कलां गांव में बुधवार की देर रात घर के सामने बंधी दो भैंस चोरी हो गई।इस संबंध में पशुपालक रामकृष्ण मौर्य ने गुरुवार को थाने में अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।दी गई तहरीर में पशुपालक ने बताया कि घर के सामने सड़क किनारे खूंटे में दो भैंस बांधे हुए थे। सुबह चारा भूसा डालने के लिए उठा तो देखा कि घर के सामने बंधी दोनों भैंस गायब हैं। काफी खोजबीन के बाद भी दोनों भैंसों का कहीं पता नही चल सका। पशुपालक ने गायब हुई दोनों भैंसों को बरामद करने की पुलिस से गुहार लगाई है।प्रभारी निरीक्षक ड्रमंडगंज राजेश कुमार ने बताया कि पशुपालक ने भैंस चोरी की तहरीर दी है घटना की जांच की जा रही है।

# बरौंधा बांध की सरिया पर दिनदहाड़े डांका

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** बेलन नदी पर बरौंधा में बने बांध और उसके बीयर में लगी सरकारी सरिया की सुरक्षा व्यवस्था सवालों के घेरे में है। आरोप है कि बांध में लगी लाखों रुपये कीमत की सरिया को बेखौफ होकर काटा जा रहा है और सरकारी संपत्ति कबाड़ियों के हाथों खपाई जा रही है। हैरानी की बात यह है कि बांध की रखवाली के लिए तैनात विभागीय कर्मियों और स्थानीय पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। बुधवार को सरिया काटे जाने का वीडियो वायरल हुआ तो पुलिस की नींद टूटी और मौके पर पहुंचकर कुछ लोगों को सरिया काटते हुए पाया। बताया गया कि इस वर्ष अत्यधिक बारिश के कारण मेजा डैम के 12 और अदवा डैम के आठ गेट खोले गए। जिससे तेज धारा और पानी के दबाव से बांध में लगी सरिया बाहर निकल आई। आरोप है कि इसी का फायदा उठाकर सरिया काटने का सिलसिला शुरू हो गया। सवाल यह है कि जब सरकारी संपत्ति खुलेआम काटी जा रही थी तो उसकी निगरानी के लिए जिम्मेदार विभागीय अमला आखिर कहां था? वीडियो वायरल हुआ तो हरकत में आई पुलिस बुधवार को सरिया काटे जाने का वीडियो सामने आने के बाद बरौंधा पुलिस ने मामले को संज्ञान में लिया। चौकी प्रभारी नरेंद्र कुमार यादव के अनुसार पुलिस मौके पर पहुंची तो कुछ लोग सरिया काटते मिले। मौके पर मौजूद एक कर्मचारी ने बताया कि जेई के निर्देश पर सरिया कटवाई जा रही है और सरिया काटने वालों को मजदूरी के बदले सरिया दी जा रही है। यदि यह दावा सही है तो सरकारी संपत्ति को मजदूरी के बदले देने का अधिकार किसके निर्देश पर और किस नियम के तहत दिया गया? यह जांच का विषय है।स्थानीय लोगों में चर्चा है कि बरौंधा के एक कबाड़ी के यहां बांध की सरिया समेत सरकारी कार्यों में इस्तेमाल लोहे का बड़ी मात्रा में डंप किया गया है। लोगों का आरोप है कि बांध से काटी गई सरिया भी इसी कबाड़ी के यहां पहुंचाई जा रही है। यदि ऐसा है तो यह केवल सरिया चोरी का मामला नहीं, बल्कि सरकारी संपत्ति की निगरानी और उसके संरक्षण की पूरी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। बांध पर तैनात कर्मचारी रामप्रकाश ने बताया कि वह सरिया की रखवाली के लिए बांध के दूसरे छोर पर गया था।

## रात की कटौती पर उपभोक्ताओं में आक्रोश, उपकेंद्र पहुंचे सहायक अभियंता, कर्मचारियों को दिए कड़े निर्देश



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** विद्युत उपकेंद्र बरौंधा

### हंगामे के बाद बिजली व्यवस्था सुधारने की कवायद

में बुधवार की रात अघोषित बिजली कटौती को लेकर उपभोक्ताओं के हंगामे के बाद विभाग हरकत में आया। गुरुवार को सहायक अभियंता विद्युत दिलीप कुमार बरौंधा उपकेंद्र पहुंचे और कर्मचारियों के साथ बैठक कर विद्युत आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने रात में होने वाली कटौती को लेकर कर्मचारियों से गहन पूछताछ करते हुए आपूर्ति व्यवस्था में सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बुधवार की रात बिजली कटौती से नाराज उपभोक्ताओं ने उपकेंद्र पर पहुंचकर जमकर हंगामा किया था। करीब दो घंटे तक चले हंगामे के बाद पुलिस के हस्तक्षेप से मामला शांत हुआ था। उपभोक्ताओं का आरोप था कि रात में बार-बार बिजली गुल होने से उमस और गर्मी में उन्हें भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सहायक अभियंता ने गुरुवार को उपकेंद्र पहुंचकर कर्मचारियों से विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारणों की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि अनावश्यक रूप से बिजली आपूर्ति बाधित न हो। किसी तकनीकी खराबी के कारण आपूर्ति बाधित होती है तो उसे तत्काल दुरुस्त कराया जाए। विशेष रूप से रात के समय आपूर्ति व्यवस्था पर निगरानी रखने और उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करने को कहा।सहायक अभियंता ने उपभोक्ताओं से भी संयम बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि विद्युत आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने के लिए विभागीय स्तर पर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। समस्या आने पर उपभोक्ता विभागीय कर्मचारियों को सूचना दें, ताकि उसका समय से समाधान कराया जा सके।बैठक में अवर अभियंता सतीश कुमार, एसएसओ लालेश्वर सिंह, राजेश गौतम, लाइनमैन कन्हैया, राज कुमार, मथुरा प्रसाद मिश्र सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## खैरा गांव में वृद्ध महिला की पीटकर हत्या, दो घायल

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** जिगना थाना क्षेत्र के ग्राम खैरा में एक युवक ने डंडे से पीटकर 70 वर्षीय वृद्ध महिला की हत्या कर दी गई। बीच-बचाव करने आए दो परिजनों को भी आरोपी ने पीटकर घायल कर दिया।मृतका की पहचान निदयरा देवी पत्नी राजनरायण पाल 70 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी अंकित दूबे पुत्र अखिलेश दूबे निवासी खैरा ने वृद्ध महिला पर अचानक डंडे से हमला कर दिया। शोर सुनकर बचाने पहुंचे रमाकांत पाल और तेरसू के साथ भी आरोपी ने मारपीट की।परिजन घायल महिला को अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।सूचना मिलते ही थाना जिगना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर आलाकत्ल डंडा बरामद कर लिया है। सीओ लालगंज अमर बहादुर ने बताया की मामले में थाना जिगना पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।पुलिस के अनुसार गांव में शांति व्यवस्था सामान्य है।

## ग्राम चौपाल का हुआ आयोजन, ग्रामीणों को योजनाओं की दी जानकारी

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत अहुगी खुर्द में गुरुवार को सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्राम विकास एवं पंचायतीराज विभाग द्वारा ग्राम चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया।चौपाल के दौरान ग्रामीणों को जनपद में आशीर्वाद का दिया कार्यक्रम, सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं, स्वच्छता, आवास, पेंशन, राशन सहित अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।कार्यक्रम में ग्राम



पंचायत अधिकारी चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव व रोजगार सेवक अनोज कुमारी द्वारा उपस्थित ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई और योजनाओं से वंचित पात्र लाभार्थियों को लाभ दिलाने का आश्वासन दिया गया। इस मौके पर ग्राम प्रशासक सुनील पाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत में फैली गंदगी, सफाई कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के देवहट ग्राम पंचायत के ग्राम प्रशासक व सचिव सौरभ यादव ने कार्य में लापरवाही बरतने पर सफाई कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए डीपीआरओ व एडीओ पंचायत को पत्र भेजा है। डीपीआरओ को दिए गए पत्रक में ग्राम प्रशासक ने बताया कि ग्राम पंचायत में साफ सफाई के लिए नियुक्त सफाईकर्मी दीपक कुमार व निर्मला देवी द्वारा कार्य में लगातार लापरवाही बरती जा रही है। दोनों सफाई कर्मियों द्वारा साफ सफाई नही किए जाने से ग्राम पंचायत में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। ग्राम पंचायत के ड्रमंडगंज बाजार में साफ सफाई नही होने से सड़क किनारे जगह-जगह कूड़ा करकट बिखरा पड़ा है। ग्राम पंचायत नियमित रूप से साफ सफाई नही किए जाने पर कूड़ा निस्तारण केंद्र का संचालन नही हो पा रहा है। नियुक्त सफाईकर्मियों द्वारा ग्राम पंचायत के विद्यालयों तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी साफ सफाई नही किए जाने से गंदगी के कारण संक्रामक रोगों के फैलने खतरा बना हुआ है। ग्राम प्रशासक व सचिव ने मनमानी ढंग से कार्य करने वाले दोनों सफाई कर्मियों के विरुद्ध डीपीआरओ से कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम प्रशासक कौशलेंद्र कुमार ने बताया कि ग्राम पंचायत में नियुक्त दोनों सफाई कर्मियों द्वारा कार्य में लगातार लापरवाही बरती जा रही है। स्वच्छता के अभाव में ग्राम पंचायत के सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैली हुई है। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।दोनों सफाई कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए डीपीआरओ व एडीओ पंचायत को पत्र भेजा गया है। एडीओ पंचायत हलिया रूपेश श्रीवास्तव ने बताया कि कार्य में लापरवाही की शिकायत मिलने पर सफाई कर्मी दीपक कुमार व निर्मला देवी को हटाने के लिए डीपीआरओ को पत्र भेजा गया है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## मच्छर रोधी छिड़काव अभियान शुरू, संक्रामक रोगों से बचाव को लेकर ग्राम पंचायत सतर्क

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत बबुरा रघुनाथ सिंह में गुरुवार को संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए एंटी लार्वा छिड़काव व फॉगिंग का कार्य शुरू कराया गया।गांव में बरसात के मौसम में जलभराव वाले स्थानों, नालियों और हैंडपंप के आसपास लार्वा रोधी दवा का छिड़काव किया गया ताकि मच्छर जनित रोगों डेंगू, मलेरिया से बचाव हो सके। इस दौरान ग्रामीणों को अपने घरों के आसपास पानी न जमा होने देने और साफ-सफाई बनाए रखने के लिए भी जागरूक किया गया।

इस मौके पर ग्राम पंचायत के कर्मचारी व ग्रामीण मौजूद रहे।इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की ग्राम पंचायत बबुरा रघुनाथ सिंह में मच्छर रोधी दवा का छिड़काव कराया गया है।

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

# दस सूत्रीय मांगों को लेकर खेत मजदूर यूनियन ने किया रूट मार्च

**स्वतंत्र भारत राजगढ़ (मिर्जापुर)।** विकासखंड राजगढ़ के ब्लॉक मुख्यालय परिसर में उत्तर प्रदेश खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन मिर्जापुर के जिलाध्यक्ष राम कुमार वर्मा के नेतृत्व में गुरुवार को खेत मजदूर यूनियन कार्यकर्ताओं ने रूट मार्च निकालकर राजगढ़ ब्लाक मुख्यालय पहुंचकर धरना करते हुए, मुख्यमंत्री को संबोधित दस सूत्री मांगों को लेकर राजगढ़ खंड विकास अधिकारी वीरेंद्र प्रताप वर्मा को सौंपा।




मांग की गई कि मनरेगा को बहाल करने, ग्रामीण मजदूरों को वर्ष में 200 दिन रोजगार देने, मजदूरी की दर 700 रुपये प्रतिदिन घोषित करने और साप्ताहिक मजदूरी भुगतान की व्यवस्था करने की मांग की गई। भूमिहीनों को आवास एवं खेती के लिए भूमि आवंटित करने, सभी गरीबों को आवास देने तथा वृद्ध, विधवा और दिव्यांगों को पांच हजार रुपये मासिक पेंशन देने की मांग भी शामिल रही।इसके अलावा भूमिहीन ग्रामीण मजदूरों की दुर्घटना में मृत्यु पर 25 लाख और घायल होने पर 10 लाख रुपये मुआवजा, राशन कार्ड धारकों को प्रति यूनिट 10 किलो खाद्यान्न के साथ चीनी, दाल, साबुन व नमक उपलब्ध कराने, ग्रामीण गरीबों को प्रतिमाह 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने तथा बिजली के निजीकरण और स्मार्ट मीटर पर रोक लगाने की मांग की गई।कार्यकर्ताओं ने समायोजन के बाद बंद किए गए प्राथमिक विद्यालयों को पुनः खोलने और शिक्षकों की भर्ती, ग्रामीण मजदूरों को निशुल्क इलाज व शिक्षा की गारंटी, दलितों, महिलाओं और कमजोर वर्गो के विरुद्ध अपराधों पर रोक तथा वनाधिकार कानून के तहत पात्र लोगों को पट्टा देने की मांग उठाई। आदिवासियों को जंगल से विस्थापित किए जाने पर रोक लगाने की भी मांग की गई। जिलाध्यक्ष राम कुमार वर्मा ने मांगों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का आग्रह किया। खंड विकास अधिकारी वीरेंद्र प्रताप वर्मा ने मांग पत्र को उच्चाधिकारियों तक भेजने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर संगठन मंत्री सुभाष विन्द, राजनाथ यादव, शिवकुमार, मुन्नी लाल, सोनी देवी, मन्जू देवी अन्य रहे।

## वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, विद्युत उपकेंद्र व गैराज में धूमधाम से मनाई गई विश्वकर्मा पूजा

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर गुरुवार को बरहुला स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (डब्लूटीपी), विद्युत उपकेंद्र हलिया और हलिया बाजार स्थित बेल्डिंग मशीन की दुकान व गैराज परिसर में विश्वकर्मा पूजा धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान कर्मचारियों ने मशीनों व उपकरणों की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की।विद्युत उपकेंद्र पर आयोजित पूजन कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी दिलीप कुमार और अवर अभियंता रमाशंकर मौजूद रहे। वहीं वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पर सहायक अभियंता प्रशांत तिवारी की उपस्थिति में विधि-विधान से पूजा संपन्न हुई।पूजा के बाद प्रसाद वितरण किया गया और सभी कर्मियों ने कार्यस्थल की सुरक्षा व सफल संचालन के लिए भगवान विश्वकर्मा से आशीर्वाद लिया।

स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

आरएनआई रजि. नं 2012/57 डाक पंजीयन सं. एस.एस.पी./एल.डब्ल्यू./एन.पी./313/2012-14

लखनऊ, शुक्रवार, 18 सितंबर, 2026

# रूस पर शिकंजा कसने वाला बिल अमेरिकी संसद से पास

भारत-चीन पर 100% तक टैरिफ का खतरा

वॉशिंगटन। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने बुधवार को रूस और ईरान पर नए प्रतिबंध लगाने वाले एक बड़े विधेयक को मंजूरी दे दी। 262 सांसदों ने इसके पक्ष में और 159 ने विरोध में मतदान किया। 61 पन्नों वाले इस विधेयक को अब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पास हस्ताक्षर के लिए भेजा गया है। यह विधेयक पिछले महीने अमेरिकी सीनेट में भी 86-11 वोटों से पारित हो चुका है। इसका नाम लिंडसे ओ. ग्राहम सैंक्शनिंग रूस एंड ईरान एक्ट ऑफ 2026 रखा गया है। यह नाम जुलाई में अप्रत्याशित रूप से दिवंगत हुए सीनेटर लिंडसे ग्राहम के सम्मान में रखा गया है, जो रूस के खिलाफ प्रतिबंधों के प्रमुख समर्थकों में रहे थे। विधेयक का सबसे अहम निशाना रूस का ऊर्जा क्षेत्र है। इसका मकसद रूस से तेल और गैस खरीदने वाले बड़े देशों पर आर्थिक दबाव बनाकर उसकी ऊर्जा से होने वाली कमाई घटाना है। इस कानून के तहत राष्ट्रपति को रूस से बड़ी मात्रा में तेल और गैस खरीदने वाले तीसरे देशों के सामान पर शुल्क लगाने का अधिकार मिल सकता है। इनमें चीन और भारत जैसे देश भी प्रभावित हो सकते हैं। अमेरिकी प्रतिबंधों का घोषित उद्देश्य रूस की उन आय के स्रोतों को कम करना है, जिनसे यूक्रेन के खिलाफ 2022 से जारी युद्ध को फंड किया जा रहा है। राष्ट्रपति को रूस से बड़ी मात्रा में ऊर्जा खरीदने वाले तीसरे देशों पर 100 फीसदी तक शुल्क लगाने का अधिकार मिल सकता है। सेंटर फॉर स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज के अनुसार, यह प्रावधान 2025 के विधेयक में प्रस्तावित 500 फीसदी शुल्क के मुकाबले अधिक सीमित है। रूस के प्राकृतिक गैस निर्यात का 15 फीसदी से कम आयात करने वाले और रूसी ऊर्जा पर निर्भरता घटाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाने वाले देशों के लिए छूट का प्रावधान है। अटलांटिक काउंसिल के अनुसार, चीन अगर रूसी तेल खरीदना जारी रखता है तो उसके सामान पर राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर 100 फीसदी तक शुल्क लगाया जा सकता है।




भारत पर असर : रूस से लगातार डिस्काउंटेड क्रूड ऑयल खरीद रहे भारत के निर्यात पर इस फैसले से बड़ा संकट आ सकता हैं

## अब श्रद्धांजलि भी देने लगा एआई, डिजिटल शोक से अकेलेपन का खतरा

# 'मां को एआई से बनाया है, उनसे बात करता हूं'



लंदन। पिछले महीने मशहूर गायिका डॉली पार्टन के निधन के बाद दुनिया भर से उन्हें श्रद्धांजलि देने का तांता लग गया था। जैक व्हाइट ने लंदन के एक संगीत कार्यक्रम में उनका प्रसिद्ध गाना जोलिन गाया। लेकिन, सबसे अजीब और वायरल होने वाली श्रद्धांजलि किसी सेलिब्रिटी ने नहीं दी, बल्कि वह किसी इंसान द्वारा दी ही नहीं गई थी। रन जोलिन नाम का लगभग पांच मिनट का यह गाना देश-दुनिया के संगीत का एक अनूठा उदाहरण है। वीडियो में डॉली पार्टन स्वर्ग में उन मशहूर हस्तियों के बीच दिखाई देती हैं जो इस दृश्य को देखकर हैरान या आनंदित हो रहे हैं। वीडियो में दिवंगत माइकल जैक्सन, व्हिटनी ह्यूस्टन केनी जैसे सितारे नजर आते हैं।

टकटॉक, यूट्यूब, स्पॉटिफाई पर गाना 'कंट्री माइल' नाम से एक क्रिएटर ने जारी किया है। रॉबिन विलियम्स, एल्विस प्रेस्ली, कोबे ब्रायंट और मार्टिन लूथर किंग जैसे कई दिवंगत दिग्गजों को इस 'डेथस्लॉप' का सामना करना पड़ा है, जिससे उनके परिवार अक्सर सहम जाते हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ कोलोराडो बोल्डर के छात्र जैक मैनिंग कहते हैं, जो एआई-आधारित जनरेटिव घोस्ट पर शोध कर रहे हैं। मैनिंग ने जब अपनी बहन को खोया था, तब जनरेटिव एआई का दौर नहीं था।

यही वजह है कि आज वह इस बात का अध्ययन करते हैं कि लोग कैसे डिजिटल रूप से शोक मना रहे हैं, जिसमें अब एआई ग्रीफबॉट्स भी शामिल हो चुके हैं। ग्रीफबॉट्स की मदद से यूजर्स अपने दिवंगत प्रियजनों की तस्वीरें और वीडियो अपलोड करते हैं, साथ ही उनके व्यक्तित्व और मूल्यों का विवरण देते हैं ताकि वे उनके साथ एक वर्चुअल और जीवित उपस्थिति महसूस कर सकें। सेएंस, री-मेमोरी वर्सोना जैसी कंपनियां इसके लिए भारी फीस वसूलती हैं। इसके अलावा लोग चैटजीपीटी या अन्य भाषा मॉडल का उपयोग करके भी अपने किसी मृत दादा-दादी या दोस्त की नकल करने के लिए कह सकते हैं। मैं मज़ाक में कहता हूं कि मेरी मां का वर्सोना बॉट मुझे वह बुरा बेटा बनने की अनुमति देता है, जो जीवित रहते हुए मैं कभी नहीं बन सका, वर्सोना के संस्थापक जस्टिन हैरिसन कहते हैं, जिन्होंने अपनी मां के कैंसर से पीड़ित होने के दौरान उनका एआई प्रतिकृति तैयार किया था।

## रिपोर्ट : ट्रम्प सरकार ने हूती विद्रोहियों से सीक्रेट डील की, अमेरिकी जहाजों पर हमला नहीं करेंगे हूती लड़ाके

वॉशिंगटन। अमेरिका ने यमन के हूती विद्रोहियों के साथ सीक्रेट डील की है। एक्सिओस की रिपोर्ट के मुताबिक इस डील के तहत हूतियों ने अमेरिका को भरोसा दिया है कि वे लाल सागर में अमेरिकी और अंतरराष्ट्रीय जहाजों को निशाना नहीं बनाएंगे। इसके बदले में अमेरिका यमन में हूतियों के खिलाफ सऊदी अरब की सैन्य मदद नहीं करेगा। अमेरिकी अधिकारियों और हूती नेताओं के बीच यह बातचीत पिछले हफ्ते ओमान की राजधानी मस्कट के अमेरिकी दूतावास में हुई थी। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने सोमवार को पुष्टि की कि अमेरिका हूतियों के सीधे संपर्क में है। हूतियों ने कहा है कि लाल सागर में सऊदी के जहाजों और सऊदी का तेल ले जाने वाले जहाजों को वे अब भी टारगेट करेंगे। हूतियों की दलील है कि यमन पर सऊदी अरब की नाकेबंदी और सैन्य कार्रवाई के चलते उसके जहाजों को निशाना बनाना उनका अधिकार है। मामले से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक, 2025 में अमेरिका और हूतियों के बीच हुआ सीजफायर कायम है।

# फलस्तीनी नेताओं पर ट्रंप प्रशासन की सख्ती जारी

■ वीजा देने से किया इनकार

वाशिंगटन। ट्रंप प्रशासन ने लगातार दूसरे वर्ष संयुक्त राष्ट्र में विश्व नेताओं की वार्षिक बैठक में भाग लेने के लिए एक उच्च स्तरीय फलस्तीनी प्रतिनिधिमंडल को वीजा देने से इनकार कर दिया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने बुधवार को कहा कि फलस्तीनी प्राधिकरण के राष्ट्रपति महमूद अब्बास सहित फलस्तीनी अधिकारी, इस्राइल के साथ शांति स्थापित करने के लिए पिछले समझौतों के तहत अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में विफल रहे हैं। विभाग ने कहा कि फलस्तीनी प्राधिकरण ने अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय और अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय में इस्राइल के खिलाफ कानूनी कार्रवाई जारी रखी है। इसके साथ ही इस्राइलियों पर हमलों के दोषी कैदियों के परिवारों को भत्ता देना जारी रखा है। इसमें फलिस्तीन मुक्ति संगठन (पीएलओ) से जुड़े अधिकारियों का भी जिक्र किया गया है। विभाग ने कहा, 'अमेरिका से किए गए वादों के बावजूद सुधार न करने और शांति की संभावनाओं को कमजोर करने वाली गतिविधियों के कारण, अमेरिका पीएलओ सदस्यों और पीए अधिकारियों को वीजा न देने वाले प्रतिबंधों को आगे भी जारी रखेगा।' जो मौजूदा अमेरिकी कानून के अनुसार है।

# अफगानों के साथ जबरदस्ती पर भारत ने उठाई आवाज

■ यूएन में लश्कर-जैश पर भी चेताया

यूएन। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अफगानिस्तान पर तिमाही बैठक में भारत ने अफगान लौटने वालों की मानवीय स्थिति पर चिंता जताई। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पर्वतानेनी हरीश ने कहा कि 30 लाख से अधिक लोगों की ऐसी जबरन वापसी गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में बड़े स्तर पर मानवीय मदद और लोगों के बेहतर पुनर्वास के प्रयास होने चाहिए। भारत ने कहा कि अफगान लोगों की वापसी स्वैच्छिक, सुरक्षित और सम्मानजनक होनी चाहिए।

हरीश ने कहा कि वापस लौटने वालों के पुनर्वास और समाज में दोबारा शामिल होने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार मदद मिलनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जिस तरह की प्रतिक्रिया ऐसी स्थिति में अपेक्षित थी, वह नहीं दिखना मौजूदा समय की चिंताजनक तस्वीर है।

राजदूत पर्वतानेनी हरीश ने कहा कि अलकायदा ने अफगानिस्तान से बाहर भी अपने सहयोगी संगठनों के जरिए आतंक का नेटवर्क फैलाया। उन्होंने 9/11 हमलों का जिक्र करते हुए कहा कि इन हमलों की योजना बनाने और उन्हें निर्देशित करने वाले अलकायदा नेताओं को किसी दूर-दराज के, बिना शासन वाले इलाके में छिपे लोग समझना सही नहीं होगा। उनके मुताबिक इन लोगों ने लंबे समय तक अपनी पहचान और गतिविधियों को छिपाए रखा था। हरीश ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को ऐसे सुरक्षित ठिकानों की निरंतरता से निपटने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। भारत ने कहा कि 9/11 के साजिशकर्ताओं को जिस माहौल में काम करने का अवसर मिला था, उसी तरह का वातावरण बाद के वर्षों में अलका यदा से जुड़े संगठनों के लिए भी जगह और समर्थन देता रहा है। हरीश ने लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद का नाम लेते हुए कहा कि ऐसे संगठन अलग-अलग पहचान अपनाकर सुरक्षा परिषद की प्रतिबंध व्यवस्था से बचने की कोशिश करते रहे हैं।

## जन्मदिन पर पुतिन ने पीएम मोदी को भेजा बधाई संदेश

नई दिल्ली। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके 76वें जन्मदिन पर बधाई देते हुए शुभकामनाएं भेजीं। उन्होंने दोनों देशों के बीच आपसी संबंधों और हाल ही में दोनों नेताओं के बीच हुई उच्च-स्तरीय मुलाकातों का भी जिक्र किया। इस संदेश में आपसी संबंधों को आगे बढ़ाने में प्रधानमंत्री की सीधी भूमिका का जिक्र किया गया। इसके साथ ही नई दिल्ली और मॉस्को के बीच औपचारिक संबंधों की गहराई को रेखांकित किया गया। राष्ट्रपति पुतिन ने कहा, 'आपको अपने देशवासियों से गहरा सम्मान और वैश्विक मंच पर बड़ा रुतबा हासिल है। यह बिल्कुल सही भी है।

# 'ईरान के हितों की रक्षा के लिए चीन तैयार'

## अराघची ने अपने बीजिंग दौरे को बताया सफल

तेहरान। चीन के दौरे पर पहुंचे ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बताए शांति के चार सिद्धांतों को बहुत ही अहम बताया। अपनी चीन यात्रा के दौरान उन्होंने वहां के सहयोगियों के साथ हुई बातचीत को भी सफल बताया। अराघची ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'चीन में हमारे सहयोगियों के साथ सफल बातचीत हुई। ईरान उस रणनीतिक साझेदारी को अहमियत देता है जो हमने समय के साथ बनाई है। आज लिए गए फैसले इस क्षेत्र में भविष्य के रणनीतिक संतुलन को तय करेंगे और इनके दूरगामी असर होंगे। राष्ट्रपति शी की ओर से शांति के लिए बताए गए चार सिद्धांत बहुत अहम हैं।' इससे पहले चीन के विदेश मंत्री और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) की सेंट्रल कमेटी के पॉलिटिकल ब्यूरो सदस्य वांग यी ने बुधवार को अराघची से मुलाकात की। चीनी विदेश मंत्रालय के हवाले से ईरानी न्यूज एजेंसी मेहर ने बताया कि चीन की राजधानी में अराघची से मुलाकात के दौरान वांग ने कहा, 'ईरान के साथ बातचीत और सहयोग को मजबूत करने और ईरान के जायज अधिकारों और हितों की रक्षा करने को चीन तैयार है।'

# 'खुद कानून तोड़ने वाली ताकतें सुरक्षा परिषद में'

■ यूएन में सुधार पर बोले गुटेरेस- बिना सजा नियम तोड़ रहे देश



न्यूयॉर्क। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस ने कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि जो वैश्विक शक्तियां खुद अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करती हैं। वे ही सुरक्षा परिषद में बैठी हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि 15 देशों वाले इस वैश्विक संगठन में सुधार सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए।

महासचिव गुटेरेस ने सत्ता के पुनर्वितरण की जरूरत पर भी जोर दिया। गुटेरेस ने बुधवार को पत्रकारों से कहा, 'साफ बात यह है कि हमारे बीच भू-राजनीतिक मतभेद हैं। इन मतभेदों के बीच ऐसी ताकतें हैं जो खुद अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन करती हैं और सुरक्षा परिषद में शामिल हैं। जैसा कि हम जानते हैं, इसी वजह से सुरक्षा परिषद ठप पड़ी है। यही कारण है कि सुरक्षा परिषद में सुधार को सबसे ज्यादा प्राथमिकता दी जानी चाहिए। ऐसी सुरक्षा परिषद को स्वीकार नहीं किया जा सकता जिसका स्वरूप आज की दुनिया के बजाय कई दशक पुरानी दुनिया को दर्शाता हो।' यूएन प्रमुख ने यूएम जनरल असेंबली के 81वें सेशन के हाई-लेवल वीक की शुरुआत से पहले वर्ल्ड हेडक्वार्टर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा, 'और यह एक तरह का 'पैरालिसिस' (ठहराव या बेअसर होने की स्थिति) है।' गुटेरेस ने कहा कि यूएन सुरक्षा परिषद के ठप पड़ने से ऐसी स्थिति बन गई है कि दुनिया भर के हर देश को लगता है कि उन्हें अपनी मर्जी का कुछ भी करने का हक है।' क्योंकि सबसे बड़ी ताकतों का उदाहरण अच्छा नहीं है। वे जानते हैं कि वे बिना किसी सजा के ऐसा कर सकते हैं क्योंकि सिक्योरिटी काउंसिल खुद बेअसर हो चुकी है।

# यूरोपीय संघ : 13 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया इस्तेमाल पर लगे रोक

## सख्त नियमों का रखा प्रस्ताव

ब्रुसेल्स। यूरोपीय संघ (ईयू) 13 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी में है। 27 सदस्यीय देशों के संघ ईयू की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन बुधवार को स्ट्रासबर्ग में स्टेट ऑफ द यूरोपियन यूनियन पर अपने सालाना भाषण के दौरान 13 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया, ऑनलाइन गेम और चैटबॉट इस्तेमाल करने पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव रखा। इससे बड़ी उम्र के किशोरों के लिए भी कड़े नियम प्रस्तावित किए हैं। लेयेन ने कहा कि कई लोग बड़ी टेक कंपनियों की ताकत को बहुत अधिक मानते हुए उसे कम करना नामुमकिन मानते हैं, लेकिन हम इससे सहमत नहीं है। उन्होंने कहा कि कि बच्चों को लत लगाने वाले फीचर्स, अत्यधिक उग्र सामग्री, लड़कियों की फोटो का इस्तेमाल, एआई से बनाई गई यौन तस्वीरों के खतरे से बचाया जाना चाहिए। उन्होंने इस तरह के प्रतिबंधों का चरणबद्ध खाका पेश किया।

उन्होंने कहा कि 13 से 15 साल के बच्चों को समय-सीमा के साथ अभिभावकों की देखरेख वाले मिनी अकाउंट्स दिए जाएंगे, जबकि 15 से 18 साल के किशोरों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को सुरक्षित डिजाइन उपलब्ध कराना होगा। इस प्रस्ताव को लेकर अधिक जानकारी गुरुवार को आने की उम्मीद है।

# गोरों के खिलाफ भेदभाव के आरोपों पर होगा एक्शन

■ ट्रंप प्रशासन ने दक्षिण अफ्रीकी अफसरों पर लगाया बैन



केप टाउन। ट्रंप प्रशासन ने मंगलवार को एक नई घोषणा की। प्रशासन का कहना है कि वे उन अधिकारियों के यात्रा पर प्रतिबंध लगाएगा, जिनके बारे में यह दावा है कि वे दक्षिण अफ्रीका में गोरों और अन्य अल्पसंख्यक समूहों के खिलाफ भेदभाव के लिए जिम्मेदार हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने मंगलवार को कहा कि वह उन विदेशी नागरिकों के अमेरिकी वीजा रद्द कर देंगे या वीजा आवेदनों को अस्वीकार कर देंगे, जो दक्षिण अफ्रीका में अल्पसंख्यक जातीय और नस्लीय समूहों के खिलाफ बिना मुआवजे के भूमि अधिग्रहण, नस्ल-आधारित भेदभाव और हिंसा भड़काने की अनुमति देने वाले कानूनों और नीतियों को लागू करने या उनका पालन करने के लिए जिम्मेदार या इसमें शामिल पाए जाते हैं। रुबियो ने कहा, 'अमेरिका इस तरह के व्यवहार को बेरोकटोक नहीं चलने देगा। ये कार्रवाइयां सीधे तौर पर शांति, आर्थिक स्थिरता और कानून के शासन को कमजोर करती हैं। ये अमेरिका की विदेश नीति के मूल सिद्धांतों के विपरीत हैं।' दक्षिण अफ्रीकी सरकार ने श्वेत लोगों के खिलाफ भेदभाव के अमेरिकी आरोपों को दृढ़ता से खारिज कर दिया है। इसके साथ ही कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पिछले साल सत्ता में लौटने के बाद से प्रशासन की ओर से किए गए दावे निराधार और गलत सूचना का परिणाम हैं।

रुबियो ने उन अधिकारियों की पहचान नहीं की जिन्हें यात्रा प्रतिबंधों के तहत निशाना बनाया जाएगा। हालांकि दक्षिण अफ्रीका में अल्पसंख्यक श्वेतों के एक लॉबी समूह ने पहले अमेरिका से अफ्रीकी नेशनल कांग्रेस पार्टी के अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाने का आह्वान किया था, जो दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा की पार्टी है और दक्षिण अफ्रीका की संसद में सबसे बड़ी पार्टी है।

बदलाव

## ईरान में हिजाब नियमों पर क्यों थम रही सख्ती?

# बिना सिर ढके निकल रहीं महिलाएं, कट्टरपंथी चाह रहे कार्रवाई




दुबई। ईरान की राजधानी तेहरान में महिलाएं बिना सिर ढके खुले कैफे में बैठ रही हैं और छोटे टॉप पहन रही हैं। पार्कों में पुरुष शॉर्ट्स और महिलाएं लेगिंग पहनकर साथ में व्यायाम कर रही हैं। सड़क किनारे होने वाले संगीत कार्यक्रमों में महिलाएं नाचती दिखाई दे रही हैं और खुले बालों के साथ नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर सामने आए तेहरान के इन दृश्यों से पता चलता है कि इस्लामी गणराज्य में सामाजिक पाबंदियों को लागू करने में हाल के वर्षों में काफी ढील आई है। इस बदलाव की एक बड़ी वजह 16 सितंबर 2022 को 22 वर्षीय महसा अमीनी की मौत के बाद भड़के बड़े पैमाने के विरोध प्रदर्शन हैं। अमीनी को कथित तौर पर सही तरीके से सिर पर स्कार्फ नहीं पहनने के आरोप में नैतिकता पुलिस ने हिरासत में लिया था। सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनों को सख्ती से दबाया था। इस कार्रवाई में 500 से अधिक लोग मारे गए और हजारों को गिरफ्तार किया गया। हालांकि, शांति बनाए रखने के लिए अधिकारियों ने महिलाओं के हिजाब और शालीन कपड़ों से जुड़े नियमों को लागू करने में पीछे हटना शुरू कर दिया। अब सवाल यह है कि क्या इस ढील को फिर से खत्म किया जा सकता है। ईरान के सत्ता प्रतिष्ठान में कट्टरपंथी नेता महिलाओं के पहनावे पर फिर सख्ती की मांग कर रहे हैं। लेकिन शीर्ष नेता ऐसे समय में जनता की नाराजगी भड़काने से बचने की चेतावनी दे रहे हैं, जब युद्ध, अमेरिका के हमलों, प्रतिबंधों और नौसैनिक नाकाबंदी के कारण पहले से कमजोर अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ रहा है।

सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई के ससुर और राजनेता गुलाम अली हद्दाद आदेल ने पिछले सप्ताह हिजाब को लेकर सार्वजनिक टिप्पणी में कहा, 'युद्ध की परिस्थितियों के कारण हम उस मोर्चे में उस तरह प्रवेश नहीं कर सकते, जिस तरह हमें करना चाहिए।' तेहरान में रहने वाली कार्यकर्ता और पूर्व राजनीतिक कैदी पूरन नाजेमी ने कहा कि युद्ध शुरू होने के बाद हिजाब को लेकर मतभेद और गंभीर हो गए हैं। उन्होंने फोन पर कहा, 'वे प्रदर्शनों से डरते हैं।' राजधानी के एक समृद्ध उत्तरी इलाके में रहने वाली 20 साल के शुरुआती दशक की एक विश्वविद्यालय छात्रा ने बताया कि वह सिर पर स्कार्फ नहीं पहनती, लेकिन ऐसे कपड़े पहनती है जो उसके हाथ और पैर का अधिकांश हिस्सा ढकते हैं।

उसने कहा, मुझे लगता है कि मैंने बहुत ज्यादा कपड़े पहन रखे हैं। उसने बताया कि उसकी सहेलियां ऐसे टॉप पहनकर बाहर जाती हैं जिनमें उनके कंधे खुले रहते हैं और घुटने तक के शॉर्ट्स पहनती हैं। सुरक्षा कारणों से उसने अपनी पहचान उजागर नहीं करने की शर्त पर एपी से बात की। ईरान में सबसे सख्त स्थिति में महिलाओं के लिए बाल ढकने वाला स्कार्फ और पूरे शरीर को छिपाने वाले ढीले कपड़े पहनना जरूरी है। सड़कों पर धार्मिक पुलिस इन नियमों का उल्लंघन करने वाली महिलाओं पर जुर्माना लगा सकती है, उन्हें परेशान कर सकती है या गिरफ्तार कर सकती है।पिछले एक दशक में कई महिलाओं ने इन सीमाओं को चुनौती दी है। उन्होंने स्कार्फ को पीछे खिसकाकर अधिक बाल दिखाने शुरू किए और शरीर से चिपके कपड़े पहनने लगीं। 2022 के बाद कई महिलाओं ने पूरी तरह सिर ढकना बंद कर दिया। हाल के समय में तेहरान के कुछ हिस्सों में महिलाएं हाथ, पैर और यहां तक कि पेट भी खुला रखती दिखाई दी हैं।

बाजार दर्पण



उत्सव लॉन्स गोरखपुर में

शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनो हेतु।

अलहदादपुर, गोरखपुर

फोनः- 0551-2338099 +918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा नेत्र सर्जन

मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध

विराम खण्ड, राम भवन के सामने गोमती नगर लखनऊ

मोबाइलः 9415016089